UNIVERSAL
LIBRARY
OU_186065
UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H 398.8 | T 82 B Accession No. H 2544

Author त्रिगुणायत, जगदीश

Title कॉसरी बज रही | 1957

This book should be returned on or before the date last marked below.

प्रकीर्णक पुस्तकमाला का प्रथम पुष्प

बाँसरी बज रही

[रुतु सड़ितना]

मुण्डा-लोक-गीत

श्रीजगदीश त्रिगुणायत, साहित्यरत्न

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना-३

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना—३

बिहार सरकार के जन-कल्याण विभाग के आर्थिक अनुदान से प्रकाशित

प्रथम संस्करण, वि० सं० २०१३, सन् १९५७ ई०

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

मूल्य— ६·७५) : सजिल्द— ८)

मुद्रक
हिन्दुस्तानी प्रेस
पटना-४

वक्तव्य

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् की ओर से प्रकाशित होनेवाली प्रकीर्णक पुस्तक-माला का यह प्रथम पुष्प है। लोक-साहित्य के विकासशील क्षेत्र में इसका नवीन रंग और सौरभ विशेष आकर्षक सिद्ध होगा।

इस पुस्तक के प्रकाशन के लिए बिहार-सरकार के जन-कल्याण-विभाग से परिषद् को अतिरिक्त धनराशि मिली थी। अतः प्रकीर्णक-पुस्तकमाला में यह गुम्फित हुई। इस पुस्तकमाला को आगे और भी पुस्तक-स्तवक सुशोभित करेंगे।

इसमें आदिवासी-क्षेत्र के विशेषतः मुण्डा-लोकगीतों का सानुवाद संग्रह है। साथ ही, अनुसन्धान-परायण लेखक ने अपने व्यापक अनुशीलन के आधार पर, मुण्डा-भाषा और उसके साहित्य का जो अध्ययन उपस्थित किया है, वह हिन्दीपाठकों के लिए एक नई दिशा का संकेत देता है।

'बाँसरी बज रही' के रचयिता पण्डित जगदीश त्रिगुणायत, साहित्यरत्न उत्तर-प्रदेश के देवरिया-जिले के निवासी हैं। आप बहुत दिनों से बिहार-राज्य के राँची-जिले में हाईस्कूल के अध्यापक हैं। राँची-जिला-हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन के प्रचार मंत्री के रूप में आप वहाँ साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजनों के सफल बनाने में निरन्तर तत्पर रहे हैं। आदिवासी क्षेत्र के लोक-साहित्य-संकलन और उसके स्वाध्याय में लीन रहकर अपने समय का सदुपयोग करने में ही आपकी अभिरुचि रही। आपकी लगन सार्थक भी हुई। मुण्डा-लोकगीतों पर आपने जो पुस्तक लिखी, उसपर बिहार-सरकार ने आपको ढाई हजार रुपये से पुरस्कृत भी किया।

आदिवासी-क्षेत्र में राष्ट्रभाषा हिन्दी का प्रचार और उस जनपद के लोकसाहित्य का उद्धार ही आपके जीवन का मुख्य व्रत एवं दृढ संकल्प है। आप हिन्दी के कवि भी हैं, तथा अँगरेजी और बँगला की कविताओं का हिन्दी-पद्यानुवाद भी किया है। 'अरुणोदय' और 'छायागान' नामक पुस्तकों में मौलिक और अनूदित कविताएँ प्रकाशित हैं। आदिवासी-लोकसाहित्य-सम्बन्धी आपकी रचनाएँ प्रायः पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं और तद्विषयक कई पुस्तकें भी आपने तैयार की हैं, जो प्रकाशित होने पर हिन्दी के लोकसाहित्य को समृद्ध करेंगी।

सन्तोष का विषय है कि आप बरसों से वही काम कर रहे हैं जो पहले विदेशी विद्वान् किया करते थे। ऐसी प्रवृत्ति के लेखक ही हिन्दी के अभावों की पूर्त्ति कर सकते हैं। आपके उत्साह और अध्यवसाय को भगवान् सफल करें।

रंगभरी एकादशी
फाल्गुन संवत् २०१३ वि०

शिवपूजन सहाय
(परिषद्-संचालक)



लेखक

पूर्वाभास

भारत के विशाल जन-समुदाय में आदिवासियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने भारत के जंगलों और पहाड़ों में जितनी बड़ी संख्या में अपने मूल अस्तित्व की रक्षा की है, उससे भी बड़ी संख्या में, हिन्दू-वर्ण-व्यवस्था में सम्मिलित होकर उसे, प्राग्वैदिक युग से लेकर आजतक, अनेक रूपों में प्रभावित किया है। कृषि, आविष्कार, वस्तुओं के नाम, देव-कल्पना, भावना, विचार आदि सभी क्षेत्रों में, भारतीय संस्कृति पर आदिवासियों के प्रभाव की खोज हो चुकी है। वे मान्यताएँ कल्पना के आकाश से अब धरती पर उतरती आ रही हैं, जिनकी धारणा है कि भारत का महान् अभिजात-साहित्य जिस-जिस लोक-साहित्य का विकसित, संस्कृत और परिष्कृत रूप है, उसके सृजन में निस्सन्देह उनलोगों का भी हाथ है जो मूलरूप में आदिम परिवार के हैं और जिनकी धाराएँ कालान्तर में भारत के विशाल जन-महासागर में समाकर विलीन हो चुकी हैं।

आदिवासियों की जिन शाखाओं ने राजगद्दी के लिए लड़ने की अपेक्षा वनवास पसन्द किया, उन्होंने जंगलों और पहाड़ों की पंचवटी में अपनी पर्णकुटी बसा ली। उनके जीवन में सरलता और निश्छलता थी। उनका जीवन विकेन्द्रित और स्वावलम्बी था और उसमें एक प्रकार का प्रारंभिक साम्ययोग था। सीमित साधनों के भीतर आवश्यकताएँ भी सीमित थीं और उनमें थोड़ा-सा खा-पीकर अधिक सन्तुष्ट रहने की वृत्ति थी। आदिवासी अपनी उसी सांस्कृतिक परम्परा का आजतक निरन्तर निर्वाह करते आ रहे हैं। गीत और नृत्य उनकी संस्कृति के मूल तत्त्व हैं।

इस वन-वासी शाखा के ढाई करोड़ आदिवासियों में मुण्डा-जाति का महत्त्वपूर्ण और विशिष्ट स्थान है। इस जाति की शक्ति-सामर्थ्य और सांस्कृतिक महत्ता का एक प्रमाण यह है कि विश्व-भाषाओं के विशाल 'आस्ट्रिक' परिवार की जो भाषाएँ भारत की विभिन्न आदिम जातियों द्वारा बोली जाती हैं, वे सब-की-सब 'मुण्डा-भाषाएँ' कहलाती हैं।

उस बहादुर और जीवन्त जाति के लोक-गीतों के इस प्रारंभिक अध्ययन को अपने पाठकों के सम्मुख रखते हुए हमें बड़ी प्रसन्नता हो रही है। इस संग्रह के द्वारा मुण्डा-जीवन के सौन्दर्य और आनन्द को समझने का प्रयास किया गया है।

यह पुस्तक यदि जन-जीवन के अध्येताओं को मुण्डाओं के जीवन से कुछ भी परिचित करा सकी और शिक्षा तथा विभिन्न सम्पर्कों से प्रभावित हो रहे मुण्डा युवकों के हृदय में अपनी कला, कविता और संस्कृति के प्रति तनिक भी अभिरुचि पैदा कर सकी तो मैं अपना प्रयास सफल समझूँगा।

यह संग्रह केवल प्रारंभिक प्रयत्न है। मैं अपने साधनों की कमी को भली-भाँति जानता हूँ और अनुमान कर सकता हूँ कि इस कार्य के लिए कितनी कठिन साधना और आस्था की आवश्यकता है। युग आ रहा है, जब उपेक्षा के दिन समाप्त होंगे। आदिम

जातियों के जीवन और उनकी आकांक्षाओं को भली-भाँति समझने के लिए विद्वानों द्वारा बड़े-बड़े शोध किये जायेंगे। भ्रमात्मक मतवाद बदलेंगे और जो दृष्टिकोण ठीक होंगे, उनके भी विश्लेषण (Interpretation) की सीमाएँ अधिक व्यापक और विस्तृत बनेंगी।

लोक-वार्त्ता-शास्त्र के महान् विद्वान् 'जेम्स फ्रेजर' ने एक जगह लिखा है कि "एक प्रमाण के विरुद्ध दूसरे प्रमाण के मिलने पर मैंने सदैव अपनी सम्मतियों को बदला है और भविष्य में भी ऐसा ही करने का निश्चय कर लिया है।"

जन-जीवन के शोध-कार्य में लगा हुआ प्रत्येक व्यक्ति इस विकासोन्मुख लोकवार्त्ता-शास्त्र के बारे में, उस महान् लेखक के उपर्युक्त कथन में, जिस सच्चाई का अनुभव करेगा, उसके प्रति मैं भी अपना हार्दिक विश्वास प्रकट करता हूँ।

गीतों के संग्रह के सिलसिले में, मुझे अनेक बार मुण्डा-क्षेत्र के जंगलों के झुरमुट में छिपे और पहाड़ों की छाया में बसे हुए गाँवों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं इस विषय में भाग्यशाली रहा हूँ कि इन गीत-पुष्पों को प्रकृत-रूप में जीवन की डालों पर झूमते हुए देख सका हूँ। इस क्षेत्र के प्रायः सभी सार्वजनिक कार्यकर्त्ता मेरे मित्र हैं। अपने कार्यक्षेत्र में पारिवारिकता का इतना प्रसार होना किसी भी अध्येता के लिए सौभाग्य की बात है।

इस स्थिति के कारण मेरे अध्ययन-क्रम में एक विशेष बात उपस्थित होती रही है। मेरे लिए यह सम्भव नहीं रहा है कि इस क्षेत्र से केवल गीतों को लेकर और जीवन की अन्य समस्याओं से अपनेको अप्रभावित रखकर अपने अध्ययन-कक्ष में वापस आ जाऊँ।

इससे मैं एक विशेष खतरे से भी बचा हूँ। सभ्यता और शिक्षा की बाढ़ में बह जाने से बचाने के लिए आदिवासियों के सांस्कृतिक उपकरणों—गीतों, कहानियों आदि—को ले भागने की प्रवृत्ति मेरे मन में कभी नहीं आई। मुझे लगता है कि यदि आदिवासियों के हृदय में अपने सांस्कृतिक उपकरणों के प्रति मिली हुई आस्था को बचाया नहीं जा सका, तो केवल उन उपकरणों को मृतक की भाँति स्पिरिट की बोतलों में बन्द कर रखने का कोई विशेष महत्त्व नहीं है। इसलिए, केवल अनुलेखन की अपेक्षा उन्हें समुचित ढंग से प्रस्तुत कर सकने की प्रवृत्ति ने मुझे अधिक प्रेरित किया है। अनेक नृतत्त्वशास्त्रियों का यह मनोभाव कि जो हो रहा है, वह होकर रहेगा ; सशक्तता का चिह्न नहीं है। कठिनाइयों के साथ समझौता करके मानव-विज्ञान की विद्याएँ मानवता का अधिक उपकार नहीं कर पायेंगी। यदि इन विद्याओं का काम वस्तुओं की यथातथ्य विवेचना-मात्र कर देना है, तो फिर मानव के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विश्वास और बेचैनी लेकर जीवन के उन मूलभूत तत्त्वों की रक्षा करना किसका काम है, जिनके जीवित रहने पर जंगलों में फूल खिलते हैं, डालों पर कोयल कूकती है, बाँसुरी से स्वर फूटता है, मनुष्यों में प्रेम जगता है और जिसके मिट जाने पर धरती बाँझ हो जाती है तथा उसके स्तनों का दूध सूख जाता है।

पुस्तक के अन्त में गीतों में सामान्यतः व्यवहृत विभिन्न प्रकार के मुण्डा-शब्दों की एक सूची भी दे दी गई है, जिससे भाषा-शास्त्र आदि की दृष्टि से अध्ययन करनेवाले भी कुछ लाभ उठा सकें।

बिहार राज्य के महामहिम राज्यपाल श्री रंगनाथ-रामचन्द्र दिवाकर जी ने मुझे आज्ञा दी थी कि इसमें संगृहीत गीतों की स्वर-लिपि मैं बना दूँ। यही सम्मति प्रसिद्ध नृतत्त्व-शास्त्री श्री निर्मलकुमार बोस की भी थी। किन्तु खेद है, संगीत-शास्त्र की अनभिज्ञता के कारण यह आवश्यक काम मैं नहीं कर सका। उन अमूल्य सुझावों को मैं अपनेसे अधिक समर्थ अध्येता बन्धुओं की ओर नम्रता के साथ बढ़ा दे रहा हूँ।

इसके संग्रह, अनुवाद आदि में जिन मित्रों का सहयोग मिला है, उनके प्रति मैं कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। मेरे अनन्य मित्र श्री भइयाराम मुण्डा ने अपनी सहृदयता और जागरूक प्रतिभा से इसे तैयार करने में मुझे हर प्रकार की सहायता दी है। उनके अतिरिक्त वैसे ही स्नेही श्री मुचिराय मुण्डा बी० ए०, बी० एल्०, श्री मानकी सिंह, राज सिंह, श्री बिरसा मुण्डा, श्री बलदेव सिंह मुण्डा आदि मित्रों तथा श्री चमरा मुण्डा बी० ए०, श्री सोहराई भगत, श्री लेमसा टुटी, श्री लोहर सिंह टुटी, श्री लेदो नाग, श्री विनय सिंह मुण्डा, श्री कुंजल सिंह टुटी, श्री चन्दा मुण्डा, श्री बिसू लकड़ा, श्री करम सिंह सोय, श्री बड़ाय नाग, श्री लखन सिंह मुण्डा, श्री वालीनाग, श्री नेहमिया मुण्डू, श्री जाने सुरीन, श्री मदनलाल कुण्डू, श्री महेन्द्र माझी, श्री लक्ष्मीकान्त मिश्र आदि छात्रों ने संग्रह, अनुवाद और इस मोटी पुस्तक की तीन-तीन पाण्डु-लिपियाँ तैयार करने में एवं श्री रामदयाल मुण्डा और श्री साऊ मुण्डरी ने प्रूफ-संशोधन में जो सहायता प्रदान की है, उसके लिए मैं उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। इस पुस्तक में प्रकाशित कुछ चित्र मुझे राँचीस्थित जैफिर स्टुडियो के सौजन्य से प्राप्त हुए हैं। मैं उनका भी अत्यंत आभारी हूँ।

इस पुस्तक को तैयार करने में जिन महान् लेखकों की कृतियों से सहायता ली गई है, उनके प्रति मैं कृतज्ञता ज्ञापन करता हूँ।

अपनी अकिंचन कृतज्ञता का कोष खाली हो जाने पर क्या लेकर बिहार-सरकार के कल्याण-विभाग और बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् की सेवा में जाऊँ, जिनमें से प्रथम पारस के स्पर्श के बिना मेरी मिट्टी सोना नहीं बनती और दूसरी की जादुई माया के बिना उसमें सुगन्ध नहीं आती।

खूँटी
वसन्त-पंचमी—२०१३

जगदीश त्रिगुणायत

महाकवि श्री सुमित्रानन्दन पन्त की सम्मति—

श्री 'त्रिगुणायत जी' का मुण्डा-लोक गीतों का संग्रह और उनकी लिखी हुई उसकी विस्तृत भूमिका को मैंने ध्यानपूर्वक इधर-उधर पढ़ा है। श्री त्रिगुणायत जी ने अत्यन्त अध्यवसाय के साथ इस कार्य का सम्पादन किया है। ऐसे प्रयत्नों का महत्त्व आज के युग में किसी से छिपा नहीं है। मैं लेखक को उनके इस सत्प्रयत्न के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। बिहार-सरकार या वहाँ की स्थानीय कोई साहित्यिक संस्था इस अमूल्य संकलन का प्रकाशन कर देश और साहित्य का बड़ा उपकार करेगी। इन लोक-गीतों को पढ़ने से अवश्य ही एक नई प्रेरणा का स्रोत आज के काव्य-जगत् में प्रवाहित हो सकता है, जिससे हिन्दी की काव्य-चेतना में नवीन स्फूर्त्ति, हार्दिकता, माधुर्य तथा स्वाभाविकता आ जायगी। मुझे आशा है, त्रिगुणायत जी का यह संग्रह शीघ्र ही प्रकाश में आ सकेगा।

महाकवि श्रीसूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की सम्मति—

मैंने 'जगदीश त्रिगुणायत' जी का संग्रह राँची के इर्दगिर्द के आदिम निवासियों के गीतों को देखा। कुछ उनसे सुना। अनुवाद से भाषा समझ में आ जाती है। भाव बड़े हृदयहारी हैं। इतने परिश्रम का पुरस्कार पूर्वपर्वानुरूप होना चाहिए। पाठक-पाठिकाओं का बड़ा मनोरंजन होगा। मैं संग्राहक की श्रमसारिता से सन्तुष्ट हूँ। इसका हिन्दी में प्रचार और आदर हो, मैं हृदय से कामना करता हूँ।

बिरसा भगवान

विषय-सूची

प्रथम खण्ड

१. आदिवासी लोक-साहित्य का अध्ययन— १—३२

(१) विश्व-नृतत्त्व शास्त्र में लोक-वार्त्ता १
(२) आदिवासी लोकगीत का अध्ययन ४
(३) अध्ययन के भिन्न-भिन्न उद्देश्य ५
(४) भारतीय लोकगीतों की अध्ययन-प्रणाली ७
(५) अध्ययन का शुद्ध उद्देश्य १०
(६) मुण्डा भाषा १२
(७) संग्रह की आवश्यकता २०
(८) गीत-संग्रह के प्रयत्न २२
(९) मुण्डाओं की संगीत-प्रियता के रहस्य २५
(१०) गीतों के भेद २९

२. मुण्डा लोक-गीतों का अध्ययन— ३३—४१

(१) प्रकृति-प्रेम, देश-प्रेम, सन्तान-प्रेम, पर्व, दुःख-विपत्ति, नृत्य-गान, बाँसुरी, बिरसा भगवान, गान्धीजी ३३—३८
(२) प्रतीक-उपमान-आलम्बन— ३८
फूल, लताएँ, वृक्ष, पक्षी, अन्य प्राकृतिक तत्त्व ३८—४१

३. काव्य-कला— ४१—६२

उपमा और रूपक, आलम्बन और उद्दीपन, चित्र-विधान, अत्युक्ति, अभिव्यंजना, युवती, युवक, बिम्बग्राहिता या गुणात्मकता, दृश्य के लिए, स्पर्श के लिए, गंध के लिए, स्वभाव के लिए, क्रिया के लिए पुनरावृत्ति, कथनोपकथन, प्रधान विशेषता, छन्द-विधान, गीतकार, बाह्य प्रभाव, प्रभाव और उपयोगिता, अध्येताओं के लिए, उपसंहार। ४१-६२

द्वितीय खण्ड

(गीत, सानुवाद)

१. जदुर गीत ६४
२. ओर जदुर १७२
३. गेना १८२
४. करमा २१३
५. जरगा ३३०
६. जायी ३८०
७. जतरा ३८६
८. अड़न्दी ३९६

परिशिष्ट भाग

१. गीत-अनुक्रमणिका ४०७

२. मुण्डारी के कुछ शब्द ४१३

३. ध्वन्यात्मक और गुणात्मक शब्द ४२१

४. सहायक पुस्तकें ४२२

बाँसुरी बज रही

आदिवासी लोक-साहित्य का अध्ययन

विश्व-नृतत्त्व-शास्त्र में लोक-वार्ता

इतिहास के राज-सिंहासन पर जन-देवता के बैठ जाने के बाद भी विज्ञान ने जितनी उसकी शव-परीक्षा की है, उतनी उसके जीवन की परीक्षा नहीं की। नृतत्त्व-शास्त्र के विद्वानों ने जन-जीवन के खण्डहर को बहुत खोदा, उसके गड़े मुर्दों को बहुत उखाड़ा, मानुषमिति के पैमानों से उसकी बहुत नाप-जोख की, उसके रक्त की रासायनिक परीक्षा की, उसकी ध्वनियों, भाषाओं और साँसों का ताश के पत्तों की तरह वर्गीकरण किया और अपने शिविर के पर्दे उठा-उठाकर मनुष्य की लाश के रंगमंच से विद्या-विलासी दर्शकों को अपने जादू के खेल दिखाते रहे। समाज ने चकित होकर इन खेलों को देखा, विस्मय-विमुग्ध होकर ताली बजाई और फिर सारे तमाशे जादूगरों की झोली में बन्द हो गये।

वास्तव में नृतत्त्व-शास्त्र की आत्मा अभी तक पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, डाक-बंगलों और शिविरों के तरु-कोटर में भूत के कलेजे की तरह बन्द रही। उसने लोक-जीवन की साँसों को छूकर और उसके संगीत में अपना स्वर मिलाकर चलने का प्रयास नहीं किया। सत्यं-शिवं-सुन्दरम् की खोज की, ये विद्याएँ सरकारों की प्रेरणा से चलने लगीं तथा विशेषकर शासन की सुविधा के लिए नहीं तो फिर विद्या-विलासी पाठकों के बुद्धिविलास के लिए तटस्थ और नीरस 'अध्ययन' की सामग्री प्रस्तुत करने लगीं।

इसीलिए लोक-जीवन के कलात्मक और सरस पक्ष की ओर उतना ध्यान नहीं दिया गया। विश्वास और प्रेरणा के जिन रेशमी हिंडोलों पर लोक-जीवन झूलता है और मान्यता के जिन सावन-घनों की छाँव में जीवन की कजरी गाता है, उनसे जन-विज्ञान के विद्वान् बहुधा अनजान रहे। उन हिंडोलों पर बैठकर उन्होंने उस आनन्द को नहीं समझा और उन गीतों के स्वर में स्वर मिलाकर लोक-जीवन की धड़कनों को पहचानने का प्रयत्न नहीं किया।

यों तो लोक-वार्ताओं के अध्ययन की नींव १८१२ ईसवी में ही 'जैकब ग्रिम' नामक एक जर्मन विद्वान् ने डाल दी थी और यूरोप के सभी देशों में इस अध्ययन के लिए समितियाँ बन गई थीं, ऐण्ड्रयू लैंग, ग्राण्ड एलेन, मैक्समूलर, हर्बर्ट स्पेन्सर, वेस्टर मार्क, और गोमे जैसे विद्वानों ने महत्त्वपूर्ण काम किये, तथा जे० जी० फ्रेजर ने अपनी वह प्रसिद्ध पुस्तक 'गोल्डेन-बाउ' बारह जिल्दों में प्रस्तुत की, जो लोकवार्त्ता-शास्त्र की बाइबिल समझी जाती है। फिर भी नृ-शास्त्र, समाज-शास्त्र, भाषा-शास्त्र, इतिहास, पुरातत्त्व-जैसे अन्य शास्त्रों की तुलना में लोक-साहित्य के अध्ययन का विकास यूरोप में भी अभी तक

बाल्यावस्था में ही रह गया। इसका कारण शायद यह है कि जहाँ अन्य शास्त्रों के अध्ययन के लिए सूक्ष्म-बुद्धि, वैज्ञानिक-दृष्टि और विश्लेषण-शक्ति की आवश्यकता है, यहाँ लोक-साहित्य के अध्ययन के लिए—विशेषकर लोक-वार्ता के उस अंश के लिए जो जीवन की रागात्मक-वृत्तियों से सम्बन्ध रखता है, सच्चे प्रेम और सहानुभूति की आवश्यकता है। यह अध्ययन का रस पीकर शान्त हो जानेवाली कौतूहल वृत्ति नहीं, सदा प्रज्वलित रहनेवाली भक्ति-वृत्ति है। यह धर्मवृत्ति मस्तिष्क से अधिक हृदय की वस्तु है। यद्यपि लोक-साहित्य के अध्ययन में सहृदय अध्येता के लिए वैज्ञानिक दृष्टि अपेक्षित है। तथापि कोरे बुद्धिवादी वैज्ञानिक की दृष्टि से यह काम नहीं हो सकता। मगर कौतूहल और जिज्ञासा-वृत्तिवाले बुद्धि-विलासी विद्वानों की तुलना में जन-जीवन से सच्चा प्रेम रखनेवाले व्यक्ति दुर्भाग्यवश संसार में कम हैं।

नृ-तत्त्व शास्त्र के विद्वानों द्वारा लोक-गीतों की उपेक्षा की चर्चा करते हुए 'आर्थर वेली' ने लिखा था[1] —"नृ-तत्त्व शास्त्र-सम्बन्धी अध्ययन की अभिरुचि लहरों में प्रकट होती है। कभी खोपड़ी, तो कभी पारिवारिक शब्दावली, तो कभी विशिष्ट आकृति-वाले मनुष्यों के अध्ययन की धूम रहती है। पर अभी तक गीतों के अध्ययन की परम्परा नहीं चली। इस धारणा को प्रमाणित करना सहज है। उदाहरणतः अभी हाल में बोआस ने आदिम-जीवन पर जो अपना व्यापक-अध्ययन 'जनरल-इन्थ्रोपोलोजी' प्रस्तुत किया है, उसमें गीतों पर केवल चार-पाँच पृष्ठ ही हैं, जबकि आर्थिक व्यवस्था पर एक सौ पृष्ठ हैं। विश्व के विभिन्न भागों में प्रचलित काव्य-प्रणाली का या तो वर्णन ही नहीं किया गया है या फिर गलत किया गया है। इसी तरह लोक-गीतों की उपेक्षा का दूसरा प्रमाण १९३४ में लंदन में होनेवाले नृ-तत्त्व-शास्त्र के अन्तरराष्ट्रीय काँग्रेस के अधिवेशन में वर्त्तमान है जिसमें लगभग १०० निबन्ध पढ़े गये; किन्तु उनमें से एक भी गीत के सम्बन्ध में नहीं था। यह अवश्य कहा जा सकता है कि गीत स्वयमेव पृथक् और स्वतन्त्र सत्ता नहीं रखते और संगीत-नृत्य तथा अन्य क्रियाओं से सम्बन्धित हैं; किन्तु उस काँग्रेस में ऐसे बीसों निबन्ध पढ़े गये थे, जिनमें उससे भी सीमित विषयों का विवेचन था। यथा—'दाँत उठने सम्बन्धी विचारों के विभिन्न पहलू।'

"एक तीसरा प्रमाण लीजिए - मेरे पास नृ-तत्त्व-शास्त्र पर प्रायः डेढ़ सौ पुस्तकें हैं, उनमें से केवल तीन या चार में ही गीतों की कुछ चर्चा है; किन्तु एक भी ऐसी नहीं, जिसमें गीतों की पूर्ण विवेचना की गई हो।"

भारत में—जब यूरोप के स्वतंत्र और उन्नत देशों का यह हाल था तब भारत-जैसे परतंत्र देश में यह उपेक्षा स्वाभाविक ही थी। यहाँ तो सारे ज्ञान-विज्ञान शासन के ही साधन बने रहे और शासकों की सुविधा के लिए गजेटियर छापते रहे। टेम्पेल महोदय ने सन् १८८४ में अपने प्रसिद्ध ग्रंन्थ 'लीजेण्डस आफ दी पंजाब' में लिखा था[2] —"किन्तु गत पचास वर्षों में—अर्थात् जब से कि टाड ने अबतक प्रामाणिक माना जाने-वाला ग्रंथ राजस्थान पर लिखा, स्लेवों के गीतों और लोक-वार्त्ताओं का बृहत् अनुलेखन

---

१. डब्ल्यू० जी० आर्चर—दी ब्लू-प्रोव-भूमिका, पृष्ठ—१।

२. डाक्टर सत्यन—ब्रजलोक साहित्य का अध्ययन, पृष्ठ—४३।

लेखकों के बाद लेखकों ने कर डाला है। रूसी, पोली, श्वेत, क्रोशीय, सर्वी, मोरावी, वैडी, रूथेनी तथा अन्यों पर पूरा-पूरा काम हुआ है। भारत में—जहाँ के शासक अपनी ऊँची बुद्धि पर, अपने भेजे हुए प्रतिनिधियों की ऊँची शिक्षा पर तथा शासन के ऊँचे लक्ष्यों पर गर्व करते हैं, वहाँ—यह कार्य अभी आरम्भ ही हुआ है।"—यों तो भारतीय लोकवार्त्ता के संग्रह का आरम्भ कर्नल टाड का 'एनल्स एंड एंटिक्विटीज ऑफ राजस्थान' से ही होता है।··· ··किन्तु, सच पूछिए तो टेम्पेल महोदय ने ही लोक साहित्य के वैज्ञानिक अध्ययन की नींव भारत में डाली। पीछे वह काम बढ़ा। विद्वानों ने यहाँ शास्त्रीय और वार्त्ता विषयक खोज और अनुसन्धान के बहुत काम किये ; फिर भी उनमें लोकगीतों की उपेक्षा ही रही। वैरियर एलविन ने आचर के नाम एक अपील में लिखा था[1]—"पुरानी कविता में एक भी लोकगीत का विश्लेषण नहीं किया गया। मैंने थर्स्टन, रिज़ले, इन्थोमेन, अनन्तकृष्ण ऐयर, रसल और हीरालाल की समाज-शास्त्र-सम्बन्धी बड़ी-बड़ी पुस्तकों के हजारों पृष्ठ उलट डाले। ये कृष्णपक्ष के अन्धकार की पुस्तकें हैं। इनके द्वारा छंद और लय की चाँदनी उद्भासित नहीं होती।"

वास्तव में इन विद्वानों की साधना का पानी अंगरेजी राज की जड़ों के पोषण के लिए था, लोक-जीवन को हरा-भरा बनाने के लिए नहीं था। यद्यपि भारतवासियों की सेवा के लिए इन विद्वानों के भी आदर्श उतने ही ऊँचे थे, जितने अँगरेजी राज के आदर्श !

तो भी यहाँ लोकवार्त्ताओं और लोकगीतों का जो अध्ययन हुआ है, उसे हमें महत्त्व देना चाहिए। इससे कम-से-कम भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। भारत के विभिन्न भागों में लोक-गीतों के क्षेत्र में जी० सी० गोवर की 'फॉक सांग्स आफ सदर्न इण्डिया'; टेम्पेल की 'लीजेण्डस आफ दी पंजाब'; सन्तराम बी० ए की 'पंजाबी लोकगीत'; क्षितिमोहन सेन की 'दारामणि'; झवेरचन्द्र मेघाणी की 'रढ़ियाली रात' आदि के अतिरिक्त मारवाड़ी, राजस्थानी, कश्मीरी आदि में भी बहुत-से गीत-संग्रह निकल चुके हैं। अब तो भारतीय भाषाओं में बहुत-से लेखक इस विषय में काम कर रहे हैं। हिन्दी में लोक-साहित्य के संग्रह का आरम्भ श्रीमन्नन द्विवेदी ने ही १९१३ में किया था। किन्तु, श्री रामनरेश त्रिपाठी ने सबसे महत्त्वपूर्ण काम किया है। उनकी 'कविता-कौमुदी' (पाँचवाँ भाग) और 'ग्राम-साहित्य'; श्री रामइकबाल सिंह 'राकेश' के 'मैथिली लोकगीत', श्री श्यामाचरण दूबे के 'छत्तीसगढ़ी लोकगीत' आदि के अतिरिक्त अन्य जन-पदीय लोकगीतों का अध्ययन भी अब राष्ट्र-भाषा में आरम्भ हो चुका है। डाक्टर सत्येन्द्र को 'ब्रज-लोक साहित्य का अध्ययन' नामक खोज और विवेचनापूर्ण पुस्तक पर आगरा-विश्व-विद्यालय ने डाक्टरेट दिया है। हिन्दी में आज लोक-गीतों के सबसे बड़े साधक श्री देवेन्द्र सत्यार्थी हैं, जिन्होंने भारत भर में घूम-घूमकर इसी साधना में अलख जगाया है। और हिन्दी संसार को न केवल अनेक जातियों के मानस से परिचित कराया है, बरन् नये लेखकों के लिए सजीव प्रेरणा-प्रदान किया है।

---

१. डाक्टर वैरियर एलविन—अपीलग—टू डब्ल्यू जी आर्थर (मैन-इन-इण्डिया—जिल्द-२३—मार्च ४३-अंक १।

आदिवासी लोकगीत का अध्ययन

यों तो सारे भारत में नृ-तत्त्व शास्त्र की इस शाखा का जिसे लोक-वार्त्ता कहते हैं, उतना विकास नहीं हुआ ; किन्तु आदिवासियों में यह विषय और भी उपेक्षित रहा। जहाँ आदिवासियों के खँड़हर को पुराना और जंगल-झाड़ से ढँका हुआ पाकर नृ-तत्त्व-शास्त्रियों ने इसपर सबसे अधिक धावा बोला, वहीं इनकी अशिक्षा पिछड़ेपन और विकट परिस्थितियों के कारण इनकी वार्त्ताएँ अपेक्षाकृत अधिक रहस्यमयी बनी रहीं।

आदिवासी कविता—जब आदिवासियों के क्षेत्र में जाति, परिवार, रक्त, भाषा, स्वभाव आदि बहुत-से रहस्यों का उद्‌घाटन हो चुका था, तब भी उनकी अन्य-वार्त्ताओं की तरह आदिवासी कविता भी रहस्यमय और अछूती ही बनी रही। श्री डब्ल्यू० जी० आर्चर ने १९४३ में लिखा था कि—"दस[1] वर्ष पहिले तक भारतीय जन-जातियों की कविता सभी जिज्ञासुओं के लिए एक वर्जित प्रदेश थी। 'बौडिंग' बहुत-सी संथाल कविताओं को खालिस बकवास समझता था। 'ब्राउन' को विश्वास था कि तांगखुल (आसाम) की नागा जाति अपने अधिकांश उन गीतों को, जिसे वह गाती थी, समझती नहीं थी। और 'ग्रिनगार्ड' ने उराँव गीतों के सम्बन्ध में अपनी धारणा प्रकट की थी कि किसी भी उराँव गीत के विभिन्न पदों में जो विचार चलते हैं, उनको पकड़ सकना कठिन है। प्रथम दर्शन में ही आँख प्रकाशों एवं रंगों के प्रदर्शनों से चौंधिया-सी जाती है, कान वार्त्तालाप के असम्बद्ध टुकड़ों का वस्तुतः सिर-पैर नहीं ढूँढ पाता। पाश्चात्य पाठक कुछ क्षुब्ध हो जाता है।"

और हेमन्डोर्फ[2] ने आसाम के 'कोयोंक नागाओं' के गीतों के सम्बन्ध में लिखा था—"बहुत-से गीत एक अत्यन्त सीमित क्षेत्र में ही पूर्णतया समझे जाते हैं। यहाँ तक कि गायक भी बहुधा प्रत्येक शब्द का अर्थ नहीं बता पाता। गायक कहता है कि हम योंही गाते हैं ; किन्तु साधारण बातचीत में इन शब्दों का प्रयोग कभी नहीं करते और नहीं कह सकते कि इनका ठीक-ठीक अर्थ क्या है ?"

वास्तव में जहाँ मनुष्य ने मनुष्य को ही नहीं समझा, और संसार के बहुत-से देशों में आदिवासी जब सामान्य मानव की जगह 'अलिफलैला की कहानी समझे गये, विचित्र लोक के जीव माने गये, जिनके सिर नीचे और पैर ऊपर हैं, जो हवा में उड़ते और आग खाते हैं, ऐसी दुनिया में उनके गीतों के सम्बन्ध में उपर्युक्त धारणाएँ कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

लेकिन, अध्ययन और सम्पर्क से इन धारणाओं में परिवर्त्तन हुआ। श्री बैरियर-एलविन और शामराव हिवाले के सम्मिलित प्रयत्नों ने मध्य प्रदेश की जन-जातियों के मानस में प्रवेश करके उनकी कलाओं और गीतों के विस्तृत अध्ययन का द्वार पहली बार खोला। आदिवासी गीतों के सम्बन्ध में इस महत्त्वपूर्ण युग-परिवर्त्तन की चर्चा करते हुए आर्चर ने

---

१. श्री डब्ल्यू० जी० आर्चर—वैगा-पोयट्री (मैन इन इण्डिया—जिल्द-२३, मार्च १९४३ पृष्ठ ४७)।

२. फ्यूरर हेमन्डोर्फ—"दी रुल आफ सांग्स इन कोयोंक-कल्चर" (मैन इन इण्डिया—जिल्द २३—मार्च १९४३ नं० १)।

लिखा है—"लेकिन[1] सन् १९३५ में 'सांग्स आफ दि फारेस्ट'[2] के प्रकाशन ने स्थिति को बिलकुल बदल दिया ; क्योंकि उसमें गोंड कविताओं को पारदर्शी और भाव-मूलक बताया गया था । चार वर्षों के बाद 'दि वैगा'[3] ने अन्तिम रूप से रहस्यात्मक तत्त्वों को पूर्णतया हटा डाला, क्योंकि इसमें न केवल आदिवासी कविता को विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया गया था, वरन् उसमें जातीय-जीवन के आधार-भूत तत्त्वों को भी प्रकट किया गया था। जहाँ आदिवासी कविता आदिवासी जीवन की सारी मनोवृत्तियों और विचारों की कुंजी के रूप में दिखाई गई, वहीं उनके जीवन से इनकी सारी कविताओं का समाधान और उत्तर मिल गया। 'दि वैगा' के प्रकाशन के बाद ही यह समझना सम्भव हो सका कि एक जाति को कविता से क्या लाभ है एवं कविता के प्रति उसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति क्या है ?"

जन-जातियों की कविता के अध्येताओं में एलविन के समान ही शामराव हिवाले, डब्ल्यू० जी० आर्चर और फ्यूरर हेमण्डोर्फ के नाम भी महत्त्वपूर्ण हैं। 'सांग्स ऑफ दि फारेस्ट' एलविन और हिवाले की सम्मिलित रचना है। 'दि ब्लू ग्रोव' उराँव गीतों पर आर्चर की महत्त्वपूर्ण पुस्तक है। और 'सांग्स आफ दि फारेस्ट' तथा 'दि वैगा' के विषय में जो आर्चर की सम्मति है, वह स्वयं उनकी पुस्तक पर भी उतनी ही चरितार्थ होती है। आर्चर ने मुण्डा, उराँव, खड़िया, हो, सन्थाल आदि जातियों के हजारों-हजार गीतों का मोटी-मोटी जिल्दों में संग्रह भी किया है, यद्यपि वह कोरा संग्रह ही है।

अध्ययन के भिन्न-भिन्न उद्देश्य

लेकिन आदिवासी लोक-गीतों के अध्ययन के दृष्टिकोण भिन्न-भिन्न रहे हैं। बहुधा इनमें विशुद्ध मानवी दृष्टिकोण का प्रयोग कम किया गया है और वैसा ही परिणाम भी कम निकला है। जैसे बहुत-से नृ-तत्त्व-शास्त्री जन-जातियों को अपनी उसी आरम्भिक दशा में इसलिए रहने देना चाहते हैं, जिससे वे उनके और उनके उत्तराधिकारियों के अध्ययन और शोध की सामग्री बनी रहें।[4] वैसे ही बहुत-से लेखक इनकी लोकवार्त्ताओं का केवल मनोरंजन के लिए उपयोग करते रहे हैं। उन्होंने इनकी सारी कलाओं और गीतों को म्यूजियम की सामग्री समझा है, जिन्हें पढ़-सुनकर विद्या-विलासी पाठकों को कौतूहल हो और फुरसत की घड़ियों में उनका मन बहले। आर्चर ने आदिवासियों के समाज से कई हजार गीतों को बटोरकर रख लेना इसलिए आवश्यक समझा; जिससे वे सभ्यता और शिक्षा की बाढ़ में बह न जायँ और नृ-वंश तथा पुरातत्त्व की विद्याएँ अपने अध्ययन के लिए इस महत्त्वपूर्ण सामग्री से वंचित न हो जायँ। हालाँकि आर्चर के आदर्श ऊँचे थे और उसके पास ऐसी उच्चकोटि की प्रतिभा थी कि यदि उसने इन संगृहीत गीतों अध्ययन भी प्रस्तुत कर दिया होता, तो लोकगीतों के क्षेत्र में उसके पद-चिह्न बहुत महत्त्वपूर्ण हुए होते।

---

१. डब्ल्यू० जी० आर्चर—वैगा पोयट्री (मैन इन इन्डिया) जिल्द २३ मार्च, १९४३।

२. प्रस्तुत कर्त्ता —वैरियर एलविन और शामराव दिवाले।

३. लेखक एलविन।

४. यह ग्रियर्सन और हटन का विचार है।

दूसरा दृष्टिकोण सुधारवादी था। इनमें से एक वर्ग-विशेष ने, इसका भेद-बुद्धि द्वारा, सुधार की दृष्टि से अध्ययन किया। इन्साइक्लोपिडिया की खोज है :—

"वर्तमानकाल में हो, मुण्डा, उराँव, भूमिज आदि कई जातियाँ ही कोल कहलाती हैं। उनमें 'हो' या 'लड़का कोल' प्रकृति-कोल जैसे जान पड़ते हैं।

× × ×

"सम्भवत: अतिपूर्व काल में मुण्डा, उराँव और हो तीन श्रेणियाँ एकत्र और एक परिवार युक्त होकर रहती थीं।.....

"मालूम पड़ता है, छोटानागपुर में कोलों के संस्कृत 'मुण्डा' नाम ग्रहण करने से पहिले ही 'हो' लोग पृथक् हो गये। मुण्डा आदि श्रेणियों का आचार-विचार कितना भ्रष्ट होते हुए भी लड़का कोल प्राचीन रीति-नीति बराबर समान भाव से पालन करते आ रहे हैं।"

स्पष्टत: ही मुण्डाओं पर इस नाराजी का कारण उनके "संस्कृत 'मुण्डा' नाम ग्रहण करने" के अतिरिक्त अन्य कोई तथ्य नहीं है।

फिर इन्साइक्लोपीडिया ऐसे ही किसी 'सुधारक' द्वारा प्रस्तुत की हुई एक लोक-कथा का उद्घाटन करती है।

"लड़का कोलों का कहना है कि सिंगबोंगा ने एक बालक और एक बालिका को बनाया। उनमें काम की प्रवृत्ति न देखकर धान की शराब बनाना सिखाया। कामेच्छा हुई और वंशवृद्धि होने लगी। प्रथम नर-नारी से बारह पुत्रों और बारह कन्याओं ने जन्म लिया। सिंगबोंगा ने तरह-तरह का मांस और शाक-भाजी पकाकर उन्हें भोज दिया। एक एक भाई-बहन को मिथुन कराकर एक-एक चीज खिलाई थी। प्रथम और द्वितीय भाई-बहन ने बैल और महिष का मांस लिया। उन्हीं से कोल और भूमिज जाति की उत्पत्ति है। शाक-भाजी खानेवालों से ब्राह्मण-क्षत्रिय और छाग-मांसाहारियों से शूद्र जाति की उत्पत्ति है। उसी समय एक जोड़ा सूअर-माँस खाने से संथाल हो गया। कोल अपनी भाँति यूरोपियों को भी प्रथम मिथुन से उत्पन्न बताते हैं।"[1]

यूरोपियनों से इनका अलौकिक सम्बन्ध स्थापित करना ही इस अभिनव कथा का उद्देश्य है।

उपर्युक्त मनोवृत्तियों को छोड़ देने से जो कुछ मानवीय समवेदना की दृष्टि शेष रह जाती है, उस दृष्टि से आदिवासियों के लोक-साहित्य के लिए काम लगभग नहीं हुआ है। लेकिन बैरियर एलविन का नाम इसका अपवाद है। उसने मानवीय समवेदना की आत्मीय दृष्टि से मध्यप्रदेश के आदिवासियों की जीवन-कलाओं के समझने का सच्चा प्रयत्न किया है और गोंड, बैगा आदि जातियों के साहित्य-संगीत आदि के बारे में अपने महत्त्व पूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किये हैं। हाँ, एलविन का यह मानवतावाद कुछ पृथक्करण की ओर झुका हुआ है! ठीक वैसे ही, जैसे बहुत-से भारतीय सेवकों और सुधारकों का मानवता-वाद अन्धाधुन्ध सम्पर्क का समर्थक है। भीलों, संथालों, सवरियों आदि में और भी कुछ सच्चे कार्यकर्त्ता छिटफुट प्रयत्न कर रहे हैं; किन्तु उनका परिणाम सामने आना अभी शेष है।

---

१. इन्साइक्लोपिडिया इण्डिका, ५—४५७।

भारतीय लोकगीतों की अध्ययन-प्रणाली

लोक-गीतों के अध्ययन के सम्बन्ध में एक प्रकार की और भी कठिनाई रही और यह अध्ययन बहुत दिनों तक प्रयोग की भूल-भुलैयों में चक्कर काटता रहा। विद्वानों की अपनी सीमाओं और मर्यादाओं ने लोक-गीतों की समुचित मर्यादाओं का निर्धारण नहीं होने दिया। संग्रह, लिपि, अनुवाद सभी बहुत दिनों तक विवाद के विषय बने रहे।

बहुत-से विद्वानों ने मौलिक गीतों के संग्रह की उपयोगिता पर सन्देह प्रकट किया और उनके अनुवादों का ही संग्रह सम्पूर्ण अध्ययन के लिए पर्याप्त समझा। जी० सी० गोवर ने—'फॉक-सांग्स आफ् सदर्न इण्डिया' (१८७१ में प्रकाशित) में मौलिक गीतों को छोड़ दिया। उसका कहना था कि बहुत कम पाठक इन्हें समझ सकते हैं और इससे बहुत अधिक कागज बरबाद होता है। तथा एक मुख्य साहित्य को थोड़े से उदाहरणों द्वारा प्रस्तुत करने की जगह अच्छा यही होगा कि उसके पूरे गीतों को ही उपस्थित किया जाय। अगर इस हालत में गीतों का मूल भी उपस्थित किया जाय[1] तब तो इससे कागज की बरबादी और बढ़ जायगी।

स्पष्ट है कि यह प्रयत्न पाश्चात्य तथा अँगरेजी पढ़े-लिखे पाठकों की ही दृष्टि से किया गया था। इस कारण इसका यह अर्थ हुआ कि यदि अपनी सीमाओं में बँधे हुए विद्वान् उन्हें समझ न सकें तो एक जाति के हृदय की सारी भावनाओं की और कोई उपयोगिता ही नहीं है!

अनुवाद के विषय में कुछ पूर्ववर्त्ती विद्वानों का आग्रह रहा कि छन्द का अनुवाद छन्द में ही होना चाहिए। सो भी अँगरेजी के छन्द में। इसमें भी गीतों की ठीक अभिव्यक्ति से अधिक पाठकों का ही खयाल था। अँगरेजी छन्द प्रणाली में कहीं संकुचित और कहीं विस्तृत होकर भारत के लोक-गीत न केवल अपना सरल सौन्दर्य खोते रहे, वरन् अपने भाव और अर्थ भी खोते रहे। ऐसे प्रयत्नों में भारतीय लोक-गीत कहीं विकृत हो गये और कहीं अनुवादकों के अपने संस्कारों के आवरण में संस्कृत होकर अपना प्रकृत रूप खो बैठे। रूप और अर्थ दोनों में लोक-गीत या तो कम हो गये या अधिक हो गये; किन्तु कम-से-कम वैसे नहीं रह पाये, जैसे पहिले थे। ऐसे अनुवादक दुर्भाग्य वश इस तथ्य को भूल गये कि लोक-गीतों का सौन्दर्य उनकी सरल अभिव्यक्ति में है, उनकी निरीह निःसंकोचता में है, और उनके भोलेपन में है। किन्तु महान् अनर्थ तो तब हुआ, जब उन्होंने अपनी विद्वत्ता पर लांछन लगने के डर से, जिनमें रुखड़ापन मिला, उनपर पालिश लगाई और गीतों के (अपनी समझ में) रिक्त कलेवर को नवीन अर्थों से जबरदस्ती भर दिया। श्री शरत्चन्द्र राय ने 'मुण्डाज एण्ड देयर कंट्री' के एथनाग्रोफी खण्ड में लगभग बीस-बाईस गीत मूल और छन्दोबद्ध अनुवाद-सहित प्रस्तुत किये हैं। उनमें से केवल दो-तीन को छोड़कर प्रायः सभी उपर्युक्त कथन के ज्वलन्त प्रमाण हैं। एक उदाहरण पर्याप्त होगा—

बोतमा रिसा रिसा
सुपिद केदम रांगा नाचा

---

१. वैरियर एलविन—अपीलग टू डब्ल्यू० जी० आर्चर—(मैन इन इण्डिया—जिल्द ३३, मार्च ४३—नं० १)।

निदा सिंगी बागेम गुतूतना
नामा नांगेन जीगे लो-तना !
आन्दू तदम, सकोम तदम,
होटो रेदो हिसिर मेना,
पोला तदम दो चिलका सड़ीतना,
नामा नांगेन जीगे लो-तन।

अनुवाद :—

How lovely thy head with wealth o? waving hair,
It looks with red twine tied in round knot fair !
O ! day and night, thou wrealthes of flowers dost, weave,
For thee my heart doth burn and bosom heave,
How braceletes and armlets those fair arms bedeck,
And neck lace bright adorns thy beauteous neck !
Sweet sounds the jingling pola on they feet,
For thee my heart, doth burn and anxious beat.

मूल का अर्थ :—तुम्हारे सिर के बाल रुखड़े बिखरे हैं। लाल फीते से तुमने चोटी बनाई है। तुम रात-दिन फूल गूँथा करती हो। तुम्हारे लिए (हमारा) हृदय जल रहा है। तुम्हारे (पैर में) पैरी और (हाथ में) पहुँची है (और), गले में माला है। तुम्हारी (पैर की) अंगूठी कैसी बज रही है। तुम्हारे लिए हृदय जल रहा है।

अनुवाद का अर्थ :—

"घुंघराले बालों से भरा हुआ तुम्हरा सिर कितना सुन्दर है ! उसका खोंपा लाल सुतली से बँधा हुआ बड़ा सुन्दर है। तुम रात-दिन फूलों की माला गूँथा करती हो। तुम्हारे लिए मेरा हृदय जलता है और गहरी साँस लेता है। चूड़ियों से और भुजबन्दों (बाजू) से तुम्हारा हाथ कितना सुशोभित लगता है। तुम्हारे सुन्दर गले में तुम्हारा 'नेकलेस' चमकता हुआ सुशोभित हो रहा है। तुम्हारे पैरों में बजती हुई 'पोला' (पैर की अंगूठी) कितनी मधुर आवाज कर रही है। तुम्हारे लिए मेरा हृदय जल रहा है और दुख से धड़क रहा है।"

मूल और अनुवाद दोनों पाठकों के सामने हैं। रुखड़े-बिखरे बालों की जगह घुंघराले लहराते बाल लाये गये हैं। हृदय जलने के साथ 'गहरी साँस लेना' ऊपर से लाया गया है। पैरी (पैर में पायल के स्थान पर पहना जानेवाला गहना) की जगह चूड़ियाँ और पहुँची की जगह (कलाई में) बाजू (बाँह का गहना) पहनाया गया है। गले और माला दोनों शब्दों के लिए ऊपर से विशेषण लगाये हैं और मुण्डा प्रेमी की सरल अभिव्यक्ति को कृत्रिम विशेषणों में परिवर्त्तित कर दिया गया है। और अन्तिम पंक्ति में जहाँ मुण्डा का हृदय केवल जलता है, वहाँ शरत राय के अनुसार हृदय धड़कता भी है।

लेकिन, प्रयोगों ने पीछे सिद्ध कर दिया कि यह प्रणाली दोषपूर्ण है और प्रत्येक पंक्ति के अलग-अलग गद्यात्मक और सरल अनुवाद की वैज्ञानिक प्रणाली प्रचलित हुई।

---

१. श्री शरतचन्द्र राय—मुण्डाज् एण्ड देयर कंट्री—पृष्ठ ५११-५१२।

संग्रह-कर्त्ताओं ने उस समय हद कर दिया जिस समय गीतों के विषयों का सूँघ-सूँघकर चुनाव किया। एलविन लिखता है कि "वैज्ञानिकों और साहित्यिकों के द्वारा भारतीय लोकगीतों की उपेक्षा आश्चर्य की बात है। बहुत दिनों तक उपदेशात्मक और धार्मिक गीतों का ही संग्रह होता रहा। 'गोवर' ने स्वीकार किया है कि उसे यौन-भावात्मक गीतों के अनुवाद का साहस नहीं हुआ, क्योंकि उसने एक प्रतिष्ठित और विद्वान् पादरी को सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत होते देखा था, जिसपर एक गीत के—जिसमें नारी के स्तन की उपमा अनार से दी गई थी, सच्चाई और ईमानदारी से अनुवाद करने के लिए अभियोग लगाया गया था[1]।"

लिपि के सम्बन्ध में भी ऐसे ही विवाद रहे। अँगरेज विद्वानों ने रोमन लिपि में इनका संग्रह किया, जो भारतीय ध्वनियों की अभिव्यक्ति में स्वाभाविक रूप में असमर्थ रही। किन्तु, अँगरेजी भाषा के कारण वे ऐसा करने को लाचार थे। उन्होंने रोमनलिपियों की असमर्थता को समझा; किन्तु इसका समाधान ढूँढ़ने के बदले मौलिक गीतों को पाठकों की समझ से परे होने के कारण अनुपयोगी कहकर प्रायः उन्हें छोड़ दिया और उनके अनुवादों से ही काम चला लिया। नागरी लिपियों से वे या तो अपरिचित थे, या उसकी उन्होंने उपेक्षा की, इससे उसकी परीक्षा नहीं हो सकी और वे सम्भावनाएँ रहस्य ही बनी रह गईं जो इन लिपियों में भारतीय लोक-कविता के लिपिबद्ध होने से प्रकट होतीं। और, अंगरेज विद्वानों पर इसकी उपयोगिता के परदे नहीं खुल पाये। केवल इतना ही हुआ कि रोमन लिपियों में भारतीय गीतों के लिपिबद्ध करने की कोशिश से उस लिपि की अशक्तता समझ में आ गई।

मगर अब भारत के अन्य लोकगीतों का संकट भारतीय विद्वानों की जागरूकता से—देर से ही सही—दूर हो रहा है। फिर भी आदिवासी लोकगीतों का भाग्य उलझन में ही है। जितना कुछ अध्ययन हुआ है, उससे बहुत अधिक अछूता पड़ा है। इस विषय के सबसे बड़े आचार्य एलविन और आर्चर भी निश्चित राह नहीं बना सके हैं। दोनों की विश्लेषण प्रणाली अभी रास्ते में है। शुद्ध वैज्ञानिक पद्धति की मंजिल उनसे भी दूर है। सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात है कि वे आपस में भी बहुत बातों में भिन्न हैं। विशेषकर मौलिक गीतों के संग्रह, अनुवाद और विश्लेषण जहाँ तीनों के सन्तुलन की आवश्यकता है, इन विद्वानों का महान प्रयत्न भी अधूरा ही रह जाता है। एलविन ने अपने संग्रहों में गीतों के अनुवादों को ही स्थान देना पर्याप्त समझा है और सिद्धान्ततः मौलिक गीतों के संग्रह की आवश्यकता स्वीकार करके भी उनका वैज्ञानिक पीछे पड़ गया है। उधर आर्चर ने मुण्डा, उराँव, हो, सन्थाल आदि के हजारों-हजार गीतों के मूल रूप का संग्रह किया और नागरी लिपियों में किया; मगर अनुवाद और व्याख्या से उन मोटी जिल्दों को वंचित रक्खा। केवल उराँव गीतों के लिए उनकी एक अलग पुस्तक 'दि ब्लू ग्रोव' है, जिसमें थोड़े से गीतों का अनुवाद है और सुन्दर विश्लेषण है; मगर वहाँ गीतों का मूल ही गायब है। आदिवासी गीतों के ये सबसे बड़े दो आचार्य राहु और केतु के समान

---

१. वैरियर एलविन—अपीलिंग टू डब्ल्यू० जी० आर्चर (मैन इन इण्डिया—जिल्द २३ मार्च। ४३ अंक १)

दो टुकड़ों में बँटे हुए हैं और इनमें प्रत्येक इस प्रकार अधूरा है जो आपस में मिलकर भी पूर्ण नहीं हो सकते। आश्चर्य तो तब होता है जब हम देखते हैं कि ये दोनों वैज्ञानिक भी हैं और कलाकार भी। मगर विदेशी होने के कारण इनके हृदय और मस्तिष्क का भारतीय लोक-मानस के साथ उचित सन्तुलन नहीं स्थापित हो पाता और उस दृष्टिकोण का अभाव रह जाता है, जिसके होने से एक अध्येता, गीत, अर्थ और जीवन—तीनों में समान सौन्दर्य देखता है और तीनों को समान महिमा प्रदान करता है।

फिर भी ये आदिवासी गीतों के निश्चित रूप से सब से बड़े आचार्य हैं और इनका पथ-प्रदर्शन अमूल्य है। हमें सच्चे हृदय से इनका कृतज्ञ होना चाहिए। यह तो भारतीय विद्वानों का काम है कि वे न केवल इनके अधूरे काम को पूरा करें, वरन् इनकी अपूर्ण प्रणाली को भी पूर्णता प्रदान कर उसे पूर्ण कलात्मक, वैज्ञानिक तथा जीवनानुकूल बनावें।

अध्ययन का शुद्ध उद्देश्य

वास्तव में लोक-जीवन को समझने के लिए लोक-वार्त्ताओं का बड़ा महत्व है। विशेषकर आदिवासियों के विषय में तो सबसे पहली आवश्यकता यही है कि उन्हें ठीक से समझा जाय। अब तक आदिम जातियों की दुनिया में जो भी सेवक, सुधारक या लेखक गये, एक बँधी हुई धारणा लेकर गये और अपने-आपको कुछ भिन्न और कभी-कभी विकृत संस्कारों में लपेटकर गये और सबसे बड़ा अनर्थ तो तब हुआ, जब वे कोई अपना विशेष उद्देश्य लेकर गये। स्पष्ट है कि उन्होने अपने रंगीन चश्मों से आदिवासी जीवन को देखा और यह दर्शन सत्य से कभी कभी बहुत दूर रहा।

जन-जातियों के बीच जानेवालों को चाहे वे सेवा के लिए जायं या अध्ययन के लिए, उनके प्रति प्रेम और सहानुभूति का भाव लेकर जाना चाहिए। मन में उनकी सभी बातों के प्रति आत्मीयता का भाव होना चाहिए। हमारी दृष्टि ऐसी हो कि हम शहरी संस्कारों के ऊँचे कोठे पर चढ़कर दूर से उनके जीवन की अबघट घाटियों पर दृष्टि न डालें, वरन् उनकी विशेष परिस्थितियों के निकट जाकर उन्हीं की परिस्थितियों में उनके जीवन का अध्ययन करें। आदिम जातियाँ समाज की अविकसित अवस्था में मानी जाती हैं। यदि यह बात सच हो, तो भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शिशु का विकास धूल के घरौंदों और काठ के घोड़ों पर ही होता है। जो अभिभावक शिशु की अभिरुचियों और ममताओं को सहानुभूतिपूर्वक नहीं समझता और केवल अपनी ही इच्छाओं को सर्वदा शिशु के सिर पर लादा करता है, वह मूर्ख उसके साथ अत्याचार करता है। हमें अपने आदर्शों को उन्हें समझाने और उसी कसौटी पर उनके जीवन को कसने के बदले उनके आदर्शों को समझने का प्रयत्न करना चाहिए। आदिम जातियों की बहुत-सी बातों को बुरी, निरर्थक और हीन समझनेवाले बुद्धिमानों को इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि ये पिछड़े कहलानेवाले लोग भी वैसे ही उन सभ्यों की भी बहुत-सी बातों को हीन और निरर्थक समझते हैं जो सब-की-सब केवल ऊँची और महत्त्वपूर्ण ही नहीं हैं।

लोक-वार्त्ताओं में जनता के प्राण बसे रहते हैं। विशिष्ट वर्गों के साहित्य और

कलाएँ अधिक संस्कृत होती हैं। उनमें आडम्बर, कृत्रिमता और सजावट होती है, इसलिए मन-बहलाव और फैशन में ही उनकी अधिक उपयोगिता है। किन्तु जनता और विशेषकर पिछड़ी जातियों की वार्त्ताएँ केवल मन-बहलाव और फैशन की ही सामग्री नहीं होतीं; वरन् वे साँसों की तरह महत्त्वपूर्ण होती हैं। उनके दुखी और पिछड़े जीवन के सारे रस और आनन्द उन्हीं में बिखरे होते हैं।

लोक-वार्त्ताएँ और लोक-कविताएँ आदिम-जीवन के पंछी के लिए जंगल की डाल हैं, जिसके रसमय और उन्मुक्त वातावरण में उनके पंख स्पन्दित होते हैं और स्वर फूटते हैं। आदिम-प्राणों की मछली के लिए निर्मल धारा है जिसमें उनके प्राण गतिशील होते हैं। गीत और नृत्य उनके प्राणों की सूखती हुई खेती के लिए सावन की काली घटा हैं और उनकी मुरझाई हुई कलियों के लिए वसन्त की ठंढी हवा हैं। जैसे पंछी की मस्ती को वन से हटाकर और मछली की जिन्दगी को पानी से अलग करके नहीं देखा जा सकता, वैसे ही गीत नृत्य से हटा लेने पर आदिवासी-जीवन टूटी हुई टहनी की तरह मुरझा जाता है। वन-पर्वत, नृत्य-संगीत तथा उमंग और मस्ती की पृष्ठभूमि के बिना आदिवासी जीवन का चित्र भरपूर नहीं उभरता और सफेद दीवार पर उजली रेखाओं के समान निर्जीव जान पड़ता है।

प्रकृति से संस्कृति की ओर विकासशील आदिम जातियों के जीवन की हर अवस्था के लिए उनकी कलाओं और कविताओं का समान महत्त्व है। परिवर्त्तन की जिस अवस्था में उनका सम्बन्ध इन कलाओं से टूट जाता है, वह या तो उनके ह्रास की अवस्था है अथवा तथाकथित 'संस्कृति' के नाम पर उनमें विकृति आ रही है। प्रकृति को ही विकसित, संयमित, मर्यादित और उपयोगी बनाने का नाम संस्कृति है। जो विकास प्रकृति को मिटाकर या उसका गला घोंटकर किया जाता है, उस पीछे हटी हुई ऋण-प्रकृति का नाम विकृति है। इनके सेवकों, शुभ-चिन्तकों और लेखकों को इस विषय में भी सावधान होना है और इस खतरे को समझना है। खतरा इसलिए जैसा कि एलविन ने लिखा है—"सारी दुनिया में यह बात पाई गई है कि जब आदिम जातियाँ किसी दूसरी सभ्यता के सम्पर्क में आती हैं तब वे इस नई सभ्यता की बुरी बातें अपना लेती हैं और अच्छी बातों की ओर ध्यान नहीं देतीं। इससे भी अधिक बुरी बात यह होती है कि ऐसे सम्पर्क से उनमें एक ऐसी मनोवैज्ञानिक स्थिति पैदा हो जाती है कि वे अपनी पुरानी और सुन्दर बातों को छोड़ देती हैं। आज भारत के आदिवासियों में भी यही हो रहा है और इनमें अपनी कला और संस्कृति की उपेक्षा करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।[1]"

एलविन इसी स्थिति के लिए उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 'दि ट्राइबल आर्ट ऑफ मिडिल इण्डिया' की भूमिका में कलात्मक वस्तुओं के अपने संग्रह के प्रसंग में लिखता है—"मुझे भय है कि अब संग्रह करने योग्य अधिक नहीं बचा है। हम बहुत देर से काम शुरू कर पाये। भारतीय आदिवासी का स्वर्ण युग बीत चुका है। अब तो

---

१. डा० वैरियट एलविन—आदिवासियों की कला ('आजकल'—आदिवासी अंक—जून १९५२—पृ० २१)।

हम मलवे में से प्रेरणा और सौन्दर्य खण्डित अंश ही ढूँढ़ सकते हैं।[1]" और आर्चर ने भी 'मुण्डा-सांग्स' की भूमिका में यही स्थिति स्पष्ट की है—"ट्राइबल समाज में ऐसी भी परिस्थिति उपस्थित होती है जब उस जाति की मौखिक कविताओं का संग्रह आवश्यक हो जाता है। सबसे स्पष्ट परिस्थिति उस समय आती है जब शिक्षा उनके जातीय जीवन को नष्ट कर रही हो तथा उनके विश्वास जातीय जीवन के स्तर को दुर्बल बना रहे हों।"[2]

वास्तव में भारतीय आदिवासियों की विकास प्रणाली में ऐसे विरोधाभास आये हैं और ऐसे मौलिक दोष रहे हैं, जिनसे विकृति के ही खतरे अधिक उपस्थित हुए हैं। सम्पर्क की जिस वैज्ञानिक स्थिति की चर्चा एलविन ने की है, वह तो उसके लिए उत्तरदायी है ही; किन्तु अपनी कला के प्रति उपेक्षा—भाव को प्रोत्साहन देनेवाले ईसाई मिशन और अपने शोषण के द्वारा इनके जीवन का ह्रास करनेवाले विभिन्न प्रकार के शोषक भी कम जिम्मेवार नहीं हैं।

लेखक, सेवक और सुधारक सभी प्रकार के शुभ-चिन्तकों को इस स्थिति को समझ लेना आवश्यक है। आदिवासियों का विकास इस ढंग से हो कि उनके प्राणों के फूल जिस मिट्टी की सोंधी गन्ध में विकसित हुए हैं, उनसे इन पृथ्वी पुत्रों का सम्पर्क न टूटे। कला और संगीत की अपनी प्राकृतिक अभिरुचियों को ये परिमार्जित करें, उनमें इनकी लगन और गहरी हो और मानव की नैसर्गिक प्रवृत्तियाँ ही इनके विकास की आधार-शिला बनी रहे। आदिवासियों के सेवकों और उनके गीतों के व्याख्याकारों की यह जिम्मेवारी है कि वे अपने सरल संस्कारों से दूर न होने पावें, उनके जीवन की वीणा के तारों में उनके चिर-परिचित संगीत बन्द न हों, उनके प्राणों की बाँसुरी अपने मधुर स्वरों को भूल न जाय, और वे अपनी प्रकृति के कोमल प्रसूनों को विकृत सभ्यता के बाजार में कागजी फूलों से बदल लेने का प्रयास न करें।

इसके लिए ऐसा सहानुभूतिपूर्ण हृदय होना चाहिए, जिसकी आँखें इनकी कला की मनोहरता को देख सकें, जिसके कान इनकी कविता के रागों की मिठास सुन सकें और जिसके कंठ से आदिम गीतों की वह स्वर-लहरी उठे जो वन-जीवन को झंकृत करती हुई इनके सूखे प्राणों पर बरस कर उन्हें नई हरियाली से लहलहा दे!

मुण्डा-भाषा

नृतत्त्व-शास्त्रियों के मतानुसार मुण्डा जाति प्रोटोआस्ट्रेलाइड परिवार की भारतीय शाखा से सम्बन्धित है। डाक्टर गुहा ने भारत के निवासियों को छः मानव-वंशों में बाँटा है[3]—

१. निग्रिटो, २. प्रोटो आस्ट्रेलाइड, ३. मंगोलाइड, ४. भूमध्य सागरीय (मेडिटेरेनियन), ५. पश्चिमी वृत्त कपालक (वेस्टर्न ब्रेसीशिफाल्स), ६ नार्डिक।

इनमें भारत की आदिम जातियाँ निग्रिटो, प्रोटो-आस्ट्रेलाइड और मंगोलाइड, तीन बड़े आदिम परिवारों से सम्बन्ध रखती हैं, जिनमें सबसे प्राचीन 'निग्रिटो' जातियाँ

---

१. एलविन-ट्राइबल आर्ट ऑफ मिडिल इंडिया—भूमिका।

२. डब्ल्यू जी आर्चर—मुण्डा-सांग्स,—भूमिका—पृ० १।

३. डाक्टर गुहा—रेस एलिमेन्ट्स इन दि इण्डियन पापुलेशन।

अब भारत में बहुत कम रह गई हैं। त्रावणकोर की 'कादन' और 'पलियन' तथा राजमहल पहाड़ियों की 'वागड़ी' जातियाँ विशाल निग्रिटो परिवार का समाप्त-प्राय अवशेष हैं। दक्षिण भारत की कुछ अन्य जातियों में भी निग्रिटो विशेषताएँ मिलती हैं। अण्डमन-नीकोवार के आदिवासियों का सम्बन्ध विद्वान् इसी वर्ग से जोड़ते हैं।

मंगोलाइड वर्ग की जातियाँ भारत के उत्तरी-पूर्वी भागों में, विशेषकर आसाम में बसी हैं। वैसे तो मध्य भारत में भी उनके रक्त के कुछ अंश पाये जाते हैं।

शेष तीसरी प्रोटो-आस्ट्रेलाइड वर्ग की जातियाँ भारत में सबसे अधिक हैं। डाक्टर गुहा ने लिखा है—"मध्य और दक्षिण भारत की सभी जन-जातियाँ निश्चित रूप से इसी परिवार से सम्बन्ध रखती हैं। यद्यपि इनकी भाषाओं का विभिन्न भाषा-परिवारों से सम्बन्ध है। पच्छिम भारत की सभी जातियाँ; गंगा के मैदान की वे जातियाँ जो हिन्दू-समाज का वाह्य अंग बन गई हैं, मध्य भारत के पहाड़ों में रहनेवाली भील, कोल, वडगा, कोरवा, खरवार, मुण्डा, भूमिज, माल पहाड़िया जातियाँ; दक्षिण भारत के चेंचू, कुरम्बा, मलय, येरू आदि भी इसी जाति की प्रतिनिधि समझी जा सकती हैं। यद्यपि उनमें अन्य परिवारों का सम्मिश्रण विशेषत: निग्रिटों का एक ही समान नहीं है, तथापि यह निश्चित है कि दक्षिण भारत की जातियों में मध्य भारत की अपेक्षा यह सम्मिश्रण अधिक है।"[1] यह वर्गीकरण जातिगत है।

भाषा की दृष्टि से भारत के इस परिवार के आदिवासियों ने विभिन्न आदिवासी भाषाओं के अतिरिक्त—अन्य भाषा परिवारों की भाषाओं को भी अपनाया है।

मुण्डा भाषाएँ आस्ट्रिक परिवार की भाषाएँ हैं। मुण्डाओं के लिए यह गौरव की बात है कि आस्ट्रिक परिवार की जो भाषाएँ भारत की विभिन्न जातियों द्वारा बोली जाती हैं, वे सब-की-सब मुण्डा-भाषाएँ कहलाती हैं। भाषाओं का आस्ट्रिक परिवार एक बहुत विशाल परिवार है, जो मध्य भारत से लेकर आस्ट्रेलिया तक फैला हुआ है। "मुण्डाओं की भाषा, छोटानागपुर पहाड़ियों की संथाल, हो तथा अन्य जातियों द्वारा बोली जानेवाली भाषाओं के साथ भाषाओं के उस परिवार से सम्बन्ध रखती हैं जिसे आस्ट्रो-एशियाटिक कहते हैं और जिसमें मोन-ख्मेर, वा; पालंग, निकोवारी, खासी और मलक्का की आदिवासी भाषाएँ सम्मिलित हैं। भाषाओं का एक दूसरा परिवार भी है जिसे आस्ट्रोनेशियन कहते हैं, जिसमें इन्डोनेशियन, मालेनेशियन और पालेनेशियन सम्मिलित हैं। ये दोनों परिवार—आस्ट्रो एशियाटिक और आस्ट्रो-नेशियन एक बड़े परिवार में सम्मिलित हो जाते हैं, जिसे आस्ट्रिक कहते हैं।[2]

भारतीय विद्वानों ने इन दोनों परिवारों का नाम "आग्नेय-देशी और आग्नेय द्वीपी दिया है।"[3]

---

१. डाक्टर वी० एस० गुहा—ऐन आउट लाइन आफ दी रेसियल एकनालोजी आफ इण्डिया—१३१।

२. ई० ए० गेट – इण्ट्रोडक्शन (मुण्डाज एन्ड देयर कंट्री) पृष्ठ ४।

३. श्यामसुन्दर दास—भाषा-विज्ञान।

मुण्डा भाषाओं के मूल और परिवार के बारे में श्री शरत्चन्द्र राय लिखते हैं—"प्रसिद्ध पाश्चात्य भाषा-वैज्ञानिकों ने अनुसन्धान करके इस बात का पता लगाने में सफलता प्राप्त की है कि बृहत्तर-भारत, कोचीन चाइना, मलाया-प्रायद्वीप, निकोबार, फिलीपाइन द्वीप-समूह, मलक्का और आस्ट्रेलिया में जो असभ्य जातियाँ (Rude Tribes) बसती हैं, उनकी भाषाओं में प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। क्या शब्दकोष, क्या व्याकरण के नियम, क्या भाषा की रचना के तत्त्व—सभी बातों में, भारत की कोलेरियन, मुण्डारी, संथाली, भूमिज, हो, विरहोर, कोडा, तूरी, असुरी, कोरवा, कुरकू खड़िया, जुवांग, सबर, गड़वा आदि भाषाएँ, मलाया प्रायद्वीप की सकई और सेमंग; अनामी बरसीसी, मोन-ख्मेर तथा खासी; मलक्का द्वीप समूह के आदिवासियों की भाषाएँ; आस्ट्रेलिया की दिग्पिल, तुरुवल, कमिलरोय, ओडी-ओडी, किंकी वैलुवन, तोंगुरोग तथा अन्य भाषाएँ और निकोबार की कार-निकोबार, चोवरा, तेरेसा, शोम्पेन आदि भाषाएँ आपस में बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध रखती हैं।"[1]

प्रोटो-आस्ट्रेलाइड परिवार की कुछ जातियों ने अपने से अधिक उन्नत मेडिटरेनियन भूमध्यसागरीय) परिवार की द्राविड़-जातियों के सम्पर्क में आने से अपनी मौलिक भाषाओं को भूलकर द्राविड़ भाषाओं को ही अपना लिया है। जिसमें छोटानागपुर के उराँव प्रमुख हैं। इन बातों के कारण विद्वान् बहुत दिन तक जातियों के वर्गीकरण के सम्बन्ध में भ्रम में पड़े रहे; क्योंकि तब तक भाषाएँ ही वर्गीकरण का सबसे मुख्य आधार थीं। किन्तु जब नृतत्व-वेत्ताओं ने वैज्ञानिक मापदंड—१. मनुष्य के शरीर-वर्ण के भेद, केशों के प्रकार, नेत्रों का रंग; २. सिर का आकार-प्रकार; ३. मानव-शास्त्र की सहायता से विभिन्न समूहों की जातिगत योग्यता, स्वभाव, का अध्ययन; ४. रक्त-वर्गों का विश्लेषण आदि—निर्धारित कर लिये, तब भाषाओं का आधार महत्त्वपूर्ण नहीं रह गया और रक्तवर्गों का विश्लेषण सबसे प्रमुख बन गया।

उपर्युक्त भ्रम में पड़कर विद्वान् उराँव आदि जातियों को द्रविडियन मानते रहे। एक ही प्रोटो आस्ट्रेलाइड जातियों को दो समझकर उनका 'कोलेरियन' और 'द्रविडियन' परिवारों में वर्गीकरण किया। श्री शरतचन्द्र राय का भी यही मत था; किन्तु इससे भी आश्चर्यजनक भ्रम इन्साइक्लोपीडिया का था, जिसने पता नहीं किस आधार पर स्वयं मुण्डाओं को द्रविड़ परिवार का माना है। उसने लिखा है—"मुण्डा = छोटानागपुर अंचल में रहनेवाली द्रविड़-असभ्य जाति विशेष।"[2]

डाक्टर गुहा ने इस महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त की स्थापना करके कि जब कोई जाति अपने से अपेक्षाकृत अधिक सभ्य जाति के सम्पर्क में बहुत दिनों तक रहती है तब वह प्रायः अपनी भाषा को भूलकर सभ्य जाति की भाषा को अपना लेती है। इस भ्रम का निराकरण कर दिया है। दुनिया की बहुत-सी जातियों में यह बात हुई है। छोटानागपुर के उराँव और मुण्डा स्वयं इसके उदाहरण हैं। मुण्डा क्षेत्र में जो दो-चार घर उराँव जहाँ-तहाँ आ बसे हैं। वे मुण्डा भाषा और उराँव क्षेत्र के मुण्डा उराँव भाषा बोलते हैं।

---

१. श्री शरत्चन्द्र राय—मुंडाज एण्ड देयर कन्ट्री, पृ० १८-२१।

२. इन्साइक्लोपीडिया-इंडियका, भा० १८—पृ० १।

आस्ट्रिक परिवार की जो भाषाएँ भारत के आदिवासियों द्वारा बोली जाती हैं उनका नाम ग्रियर्सन ने कोलेरियन (या कोल भाषा परिवार) दिया है।[1] ग्रियर्सन ने इस नाम को प्रचारित करना चाहा ; परन्तु पीछे चलकर फेडरिक मिलर ने इन भाषाओं को 'मुण्डा भाषाओं' की संज्ञा दी।[2] इन मुण्डा भाषाओं का प्रचार भारत की आदिम जातियों में बहुत पहिले से था और इन्हीं जातियों के द्वारा भारत में पाषाण-युग की सभ्यता का निर्माण हुआ था।

इन मुण्डा भाषा भाषी जातियों के नाम बहुत दिनों से अलग-अलग हो गये हैं, रस्म-रिवाज बदल गये हैं और उनकी भाषाओं में काफी अन्तर पड़ गया है। उनमें कहीं-कहीं तो इतना अन्तर पड़ गया है कि भाषा शास्त्र की सूक्ष्म और वैज्ञानिक दृष्टि से देखे बिना उनमें एकता नहीं मालूम हो सकती। हम इस अन्तर के कारणों को समझने का प्रयत्न करें। बहुत दिनों से ये जातियाँ काल की आँधियों में पड़कर बिखर गई हैं। और एक-दूसरी से इतनी दूर पड़ गई हैं कि उनमें आपस में कोई सम्बन्ध नहीं रह गया है। जैसे आज ज्ञान, विज्ञान और सम्पर्क बड़ी-बड़ी दूरियों को भी निकट बना रहे हैं। वैसे ही अज्ञानता और असम्पर्कता ने इनकी निकटता में भी लाखों कोस की दूरी भर दी है। पहले इनमें शिक्षा की वह सूक्ष्मदर्शी और दूर-दर्शी दृष्टि भी नहीं रही है, जिससे ये भूतकाल में प्रवेश करके अपनी एकता को समझते। इसलिए एक ही जाति की एक-एक शाखा को अलग-अलग जाति मान लेना इनके लिए स्वाभाविक था।

दूसरी बात यह है कि जातियों का वर्गीकरण दो प्रकार से होता है। एक तो कोई जाति स्वयं अपना नाम रखती है, जिसमें औरों से अपनी विशेषता सूचित करती है। दूसरे, अन्य लोग किस जाति का नाम रखते हैं, जिसमें इस जाति के बारे में अपने विचारों को ध्वनित करते हैं और उनके बारे में अपनी हीनता या उच्चता की भावना प्रकट करते हैं। बहुधा ऐसे नामों में जातीय घृणा और तिरस्कार के कारण हीनता की भावना ही प्रकट होती है। पीछे ये दोनों प्रकार के नाम रूढ़ि बन जाते हैं। मुण्डा जातियों ने बहुधा अपना नाम मनुष्यवाची रक्खा है। जैसे संथाल—'होड़', मुण्डा—'होड़ो को', हो—'हो' और यह स्पष्ट है कि वे जितनी बार बिखरीं उतनी बार अपना नाम रक्खा। हर शाखा ने अपना और एक ने अपने निकट सम्पर्क की दूसरी शाखा का भी नाम रखा। बहुत-से पुराने नाम लुप्त हो गये और नये प्रकट हुए। संथाल, हो, जुवांग खड़िया, आदि नाम हाल के रक्खे हुए नाम हैं। मुण्डा का अर्थ है सिर या प्रमुख! गाँव के प्रधान को पहिले मुण्डा कहा जाता था। पीछे और जातियों से अपनी प्रमुखता दिखाने के लिए यह जाति का नाम बन गया और फेडरिक मिलर के द्वारा पूरे परिवार की भाषाओं के लिए अपनाया गया।

शब्द साँप के केंचुल की तरह अपने पुराने अर्थ छोड़कर नये अर्थ ग्रहण कर लिया करते हैं। 'हो' जाति ने मुण्डाओं से अलग होने पर अपना नाम 'हो' रक्खा। 'हो' 'होड़ो' का संक्षिप्त रूप है जिसका अर्थ है मनुष्य। ये 'ड़' का उच्चारण नहीं कर सकने के कारण हो जातिवाले उसे छोड़ देते हैं। जैसे-'ओड़ा' को 'ओवा' (घर) 'पिड़ी' को 'पी'

---

१. सर जार्ज ग्रियर्सन-लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इन्डिया, भाग ४, पृष्ठ—५।

२. डाक्टर वी० एस० गुहा—आजकल (आदिवासी अंक), पृष्ठ—६।

(मैदान) और 'कुड़ी' को 'कुई' (स्त्री) कहते हैं। संताल अपनेको 'होड़ो-को' कहते हैं। दूसरे लोग उन्हें संथाल या संताल कहते हैं।

इससे पहिले इन जातियों का 'कोल' और 'शबर' नाम मिलता है। 'शबर' कोई घृणा सूचक शब्द नहीं है। यह शब्द संस्कृत ग्रन्थों में प्रायः वहाँ आया है जहाँ इन जातियों से अच्छे सम्बन्ध के प्रसंग में चर्चा है। विंध्य प्रदेश की 'सहरिया', बिहार की 'सौरिया', और उड़ीसा, मध्य-प्रदेश, मद्रास तथा बिहार की 'सावरा' आदि जातियों के नाम इसी शब्द से सम्बन्धित हैं। इन्हीं शब्दों को संस्कृत में 'शबर' रूप प्रदान किया गया है।

इस प्रकार 'मुण्डा' आस्ट्रिक परिवार की सारी भारतीय भाषाओं का नाम होने के साथ ही अपनी एक स्वतंत्र उपजाति और उसकी भाषा का नाम भी है। सारी मुण्डा भाषा-भाषी जातियों की कुल जनसंख्या चालीस लाख है। और खास मुण्डा जाति जो मध्यप्रदेश, उड़ीसा, बिहार और बंगाल में बसी; है उसकी जन-संख्या १९४१ की जन-गणना के अनुसार—बिहार—५१९७४३, बंगाल—१०३१४८, उड़ीसा—७१५४१, मध्यप्रदेश—६३३८ कुल है।

प्रस्तुत पुस्तक का जिनसे सम्बन्ध है, वे बिहार के राँची जिले में बसे हुए 'मुण्डा' है, जो मुण्डा भाषा बोलते हैं।

मुण्डा जाति के बहुत दिनों से अन्य भारतीय जातियों के सम्पर्क में रहने के कारण उनकी भाषा पर उच्चारण, शब्दों के आदान-प्रदान आदि के रूप में अन्य भारतीय भषाओं का काफी प्रभाव पड़ा है। मुण्डा भाषा में बहुत-से शब्द संस्कृत, प्राकृत तथा अरबी-फारसी के भी सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने मुण्डा उच्चारण के अनुरूप अपना रूप बदल लिया है। उदाहरणार्थ कुछ शब्द यहाँ दिये जाते हैं—

संस्कृत	मुण्डा	हिन्दी
दारू	दारू	लकड़ी
तुला	तुला	तराजू
अंजली	अंजली	अंजली
दात्रोम	दात्रोम	हंसुवा
पालंक	पालंक	पलंक
पाण्डुर	पाण्डू	पीला
शर	सार	तीर
कदली	कदल	केला
स्वर्ण	समड़ोम	सोना
काष्ठफल	कन्टड़ा	कटहल
कोम्पाट	कुम्पाट	श्रेष्ट
फारसी	मुण्डा	हिन्दी
जोर	जोर	शक्ति
खूब	खूब	पूरा
जुहार	जोहार	नमस्कार

मुण्डा भाषा की मौलिक शब्दावली में वन-पर्वत-सम्बन्धी वस्तुओं के शब्दों की भरमार है, पशु-पालन, ग्राम व्यवस्था तथा खेती-बारी-सम्बन्धी मौलिक शब्द इस जाति की मूल संस्कृति पर प्रकाश डालते हैं। धातु के बर्त्तन, कपास के वस्त्र, वाणिज्य-व्यवसाय, कर्ज, सूद, महाजन, आदि सम्बन्धी शब्द मुण्डा भाषा के अपने नहीं है। मुण्डारी में इन बातों के लिए आर्य भाषाओं के शब्दों को देखकर पता चलता है कि मुण्डाओं की मूल संस्कृति में ये बातें विद्यमान नहीं थीं; किन्तु नृत्य, गान, वाद्य, बाँसुरी आदि के उनके अपने शब्द हैं।

शिक्षा के प्रचार के साथ ये नयी वस्तुओं, नये विचारों, नये भावों और नयी विद्याओं के सम्पर्क में आते जा रहे हैं, जिससे मुण्डा भाषा में बहुत-से नये शब्दों की वृद्धि होती जा रही है। पढ़े-लिखे लोग मुण्डा व्याकरण-क्रियापदों, प्रत्ययों और विभक्तियों आदि को छोड़कर अपनी बोल-चाल में हजारों अन्य शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। और अपनी भाषा की शक्ति को बढ़ा रहे हैं। यह एक जीवित भाषा का लक्षण है। आज इस भाषा में हर प्रकार के भाव और विचार व्यक्त करने की शक्ति पैदा होती जा रही है। और सच पूछा जाय तो किसी भाषा की मौलिकता उसके क्रियापदों, विभक्तियों और प्रत्ययों आदि में ही है। आप जिन नयी वस्तुओं को अपनाते जा रहे हैं उनके रूपक शब्दों को तो अपनाना ही पड़ेगा। जिस दिन साबुन की बट्टी आपके काम में आयी उस दिन 'साबुन' आपका शब्द हो गया और जिस दिन आपकी जाति ने लालटेन का व्यवहार करना प्रारम्भ किया 'लालटेन' आपके शब्द-कोष में सम्मिलित हो गया। क्या जिस लालटेन को आपने खरीदा है उसे दूसरे की चीज समझते हैं? यदि नहीं, तो फिर वह शब्द दूसरे का कैसे है? लेकिन मुण्डा भाषा इस विषय में काफी उदार है, यह शुभ लक्षण है।

शब्दों की ही भाँति उच्चारण पर भी अन्य भाषाओं के उच्चारण का प्रभाव पड़ा है। पहले मुण्डा परिवार की जातियों के मानुष्यमिति के सिद्धान्तों के अनुसार, स्वर-यन्त्रों की बनावट में कुछ ऐसी विभिन्नता थी कि वे महाप्राण अक्षरों का उच्चारण नहीं करती थीं। धीरे-धीरे वह कठिनाई अब मिट रही है। 'हो' जाति के लोग अब भी सभी महाप्राण वर्णों के लिए अल्पप्राण वर्णों का ही प्रयोग करते हैं।

शब्द		हो-उच्चारण
दूध	—	दुद
छड़ी	—	चड़ी
मिठाई	—	मिट्टई
झगड़ा	—	जगड़ा
भात	—	बात—इत्यादि।

इस भाषा में विसर्गों की प्रधानता है; किन्तु शहरों के सम्पर्क में रहनेवाले मुण्डा विसर्गों को छोड़ते जा रहे हैं और उच्चारण को सीधा-सपाट बनाते जा रहे हैं। जैसे 'दअ:' (पानी) को सीधे 'दा' कह देते हैं। 'सेत:' (विहान) को 'सेता' और 'कोत:' (कहाँ) को 'कोता' कह देते हैं। मुण्डा भाषा पर बँगला के उच्चारण का भी प्रभाव पड़ा है। जैसे 'रोकोम-रोकोम' (तरह-तरह), 'ओनेक' (अनेक) इत्यादि।

मुण्डा भाषा का व्याकरण बहुत महत्त्वपूर्ण है। संस्कृत व्याकरण की ही भाँति इसके

नियम इतने कठोर हैं कि कोई भी व्यक्ति व्याकरण के नियमों से एक इंच भी बाहर नहीं जा सकता। छोटे बच्चे भी शुद्ध भाषा ही बोलते हैं। बिना किसी पाणिनि-पतंजलि के किसी भाषा का इतना नियमित और संयमित होना आश्चर्य की बात है और उससे भी बढ़कर आश्चर्य की बात यह है कि मुण्डारी का व्याकरण संस्कृत व्याकरण से मिलता-जुलता है।

१. संस्कृत की ही भाँति मुण्डा में भी तीन वचन होते हैं। एकवचन, द्विवचन और बहुवचन।

२. तीन लिंग होते हैं। प्राणीवाचक शब्दों के लिए पुंलिंग तथा स्त्रीलिंग और अप्राणीवाचक शब्दों के लिए क्लीब लिंग व्यवहृत होता है।

३. लिंग और वचन के कारण क्रिया का रूप नहीं बदलता।

४. मुण्डा में भी समास होते हैं। जैसे—केचो:-ओड़ा, राजा-होन (राज-पुत्र) मेरोम-होन (बकरी का बच्चा)।

५. कारक आठ होते हैं।

६. मुण्डा भाषा की एक प्रधान विशेषता यह है कि जो सर्वनाम शब्द कर्त्ताकारक के रूप में आते हैं वे प्रायः वाक्य के प्रधान शब्द क्रिया, कर्म, क्रिया-विशेषण आदि शब्दों के अन्त में जोड़ दिये जाते हैं। बहुधा उनका रूप संक्षिप्त बना लिया जाता है। (कुछ अंश तक ऐसा संस्कृत में भी होता है।) जैसे—

(क) आइं सेनो तना—सेनोतनाइं—(क्रिया में)

(ख) अइं ओड़ाः ते सेनोतना—ओड़ाःतेइं सेनोतना—(अपादान कारक में)

(ग) ओड़ाःते गपाइं सेना आः।

(घ) मांडी जोम-ए सेनोःतना।

मुण्डा में शब्द-भंडार कम होने के कारण प्रत्यय लगाकर बहुत से शब्द बना लिये जाते हैं। इस प्रकार इस भाषा में एक धातु के सैकड़ों रूपों का व्यवहार होता है। और, संज्ञा शब्द भी प्रत्ययों की मदद से क्रिया, विशेषण, क्रिया-विशेषण आदि के रूप में व्यवहृत होते हैं।

७. प्राणीवाचक और अप्राणीवाचक सर्वनामों के रूप में (पुरुषवाचक को छोड़कर) अन्तर होता है—ओकोए (कौन) प्राणीवाचक, ओकोवा (क्या) अप्राणीवाचक।

८. प्राणीवाचक और अप्राणीवाचक के लिए क्रिया के मौलिक धातु एक ही होते हैं। पर उनके रूपान्तर में थोड़ा अन्तर हो जाता है।

फल गिरा है—जो उयु—अकना।

बैल गिरा है—उरीः उयु—अकना-ए।

९. 'मुण्डा' में आदर प्रकट करने के लिए बड़ों, बराबरवालों और छोटों के लिए सम्बोधन अलग-अलग होते हैं। बड़ों में स्त्री-पुरुष के लिए एक ही किन्तु बराबरवालों और छोटों के लिए स्त्री और पुरुष के लिए भी अलग-अलग सम्बोधन होते हैं।

१. बड़ों के लिए—पुरुष स्त्री दोनों के लिए—दुबमेगा—बैठिये

२. बराबरवालों के लिए—पुरुष के लिए—दुबमेहो

दुबमे-हले

स्त्री के लिए—दुबमेगो

३. छोटों के लिए—पुरुष—दुबमेया
स्त्री—देबमेना

१०. श्रोता को अलग करके बोलने में सर्वनाम का रूप पृथक् और उसे सम्मिलित करके बोलने में रूप पृथक् होता है। जैसे—

द्विवचन—श्रोता को छोड़कर—अलिं सेनो: तना (हम दोनों जाते हैं)
श्रोता को सम्मिलित करके—अलं सेनो: तना। हम दोनों जाते हैं।
बहुवचन—श्रोता को छोड़कर—अले सेनो: तना
श्रोता को सम्मिलित करके—अबु: सेनो तना

मुण्डा में खतरनाक या अशुभ चीजों के लिए कभी-कभी दूसरा नाम बोला जाताहै। जैसे—जंगल में यदि कोई हाथी मौजूद हो तो उसे 'हती' के बदले 'मरंहोड़ो' बोलते हैं।

चित्रात्मक, गुणात्मक और अनुकरणात्मक शब्दों की मुण्डा-भाषा में भरमार है, जो इनकी अभिव्यक्तियों को सरल, सुबोध और प्रभावशाली बना देते हैं।

साहित्य--मुण्डा भाषा में लिखित साहित्य बहुत कम है। इधर मिशनरियों के प्रयत्न से कुछ रचना हो रही है। आर० सी० मिशन की ओर से मुण्डा भाषा का एक व्याकरण बनवाया गया है। बहुत-सी कमियों के होते हुए भी वह प्रयत्न सराहनीय है। आर० सी० मिशनवालों ने ही० मुण्डारिका-इन्साइक्लोपिडिया का प्रकाशन कराया है, जो एक बहुत बड़ा काम है।

श्री डब्ल्यू जी० आर्चर ने १९४१ मुण्डा-गीतों का एक संग्रह किया है, जिसकी चर्चा—'गीत-संग्रह के प्रयत्न' शीर्षक के अन्तर्गत की जायगी। उसमें बहुत से गीत खण्डित और अधूरे हैं, फिर भी यह महान् कार्य है। मौखिक परम्परा के कोष से हजारों गीतों को एकत्र कर लेना बहुत बड़ी बात है।

मुण्डा भाषा में ईसाइयों की धर्मपुस्तक 'बाइबिल' का अनुवाद किया गया है, जिससे मिशनरियों को धर्मप्रचार में काफी सफलता मिली है। मिशनरियों ने नये राग और नये लय में बहुत से धार्मिक और बाइबिलकल भजन मुण्डा भाषा में तैयार कराये हैं।

१९३६-३८ की मिनिष्टरी में प्रोफेसर हेवर्ड द्वारा प्रौढ़-शिक्षा-समिति, बिहार (एडल्ट एडुकेशन बोर्ड) को बहुत से पैम्फलेट मुण्डा भाषा में दिये गये थे।

इधर हाल में लूथरन मिशन द्वारा 'जगर-साड़ा' नामक एक मासिक पत्रिका प्रकाशित हो रही थी, जिसके सम्पादक श्री एस० के० बागे थे।

सरकार की ओर से भी जंगल-कानून आदि की एक-आध पुस्तिकाएँ प्रकाशित कराई गई हैं। बिहार-सरकार के आदिमजाति-कल्याण-विभाग की ओर से विभिन्न आदिम-जातियों के लिए सांस्कृतियाँ-समितिक (कल्याण-बोर्ड्स) बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य उनके लोक-गीतों, लोक-कथाओं, रस्म-रिवाजों, कला, साहित्य, संस्कृति आदि का संग्रह, शोध तथा प्रकाशन है। कुछ संग्रह हुए भी हैं ; किन्तु उनके प्रकाशन की प्रतीक्षा की जा रही है।

समाज-शिक्षा-बोर्ड की ओर से भी आदिम-जातियों के लोक-साहित्य के प्रकाशन तथा उनकी भाषाओं में बाल-साहित्य के निर्माण कराने का विचार किया जा रहा है। क्या ये योजनाएँ कार्यरूप में भी परिणत होंगी ?

संग्रह की आवश्यकता

सचमुच मुण्डा-भाषा के मौखिक परम्परा के कोष में पड़े हुए सारे साहित्य के संग्रह और प्रकाशन की बड़ी आवश्यकता है। लोक-वार्त्ताएँ जन-जीवन के वास्तविक रूप को प्रकट करनेवाली होती हैं। अभिजात साहित्य के समान चमक-दमक नहीं होने पर भी जीवन-शक्ति उसी में अधिक होती है। उसके द्वारा जन-जीवन का सच्चा रूप प्रकट होता है। इसलिए, आज सारे संसार में लोक-साहित्य और लोक-वार्त्ताओं की ओर लोगों का ध्यान बड़ी तेजी से जा रहा है। और, उनके अध्ययन, प्रकाशन और उनके द्वारा निकाले हुए निष्कर्षों के माध्यम से लोक-जीवन के पुनर्निर्माण का काफी प्रयत्न किया जा रहा है।

किन्तु, आदिवासियों में जहाँ कोई विशिष्ट या अभिजात-वर्ग नहीं है, वहाँ तो लोक-वार्त्ताओं का और भी महत्त्व है। उनके यहाँ तो जो कुछ है, मौखिक है। और, उसीमें उनकी सारी अभिव्यक्तियाँ बिखरी हैं। ऐसी दशा में इनकी ओर ध्यान देना तो और भी आवश्यक है। इनके गीतों, कहानियों, लोकोक्तियों, पहेलियों, सामाजिक और धार्मिक कृत्यों और अनुष्ठानों आदि सभी बातों के संग्रह की आवश्यकता है। इनके संसार में पाये जानेवाले पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, वनस्पतियाँ इत्यादि सभी के शब्दों का संग्रह होना चाहिए। इससे इनके जीवन के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश पड़ेगा। इससे पता चलेगा कि इनके जीवन का आकाश कितना विस्तृत है। जगत्, जीवन और प्रकृति से इनका क्या सम्बन्ध है। इनकी कहानियों और वार्त्ताओं से पता चलेगा कि उनमें इनका क्या विश्वास है तथा किन विश्वासों, आस्थाओं तथा मान्यताओं पर ये अपना जीवन बिताते जा रहे हैं। इनके गीतों से पता चलेगा कि कौन-सी प्रेरणाएँ इनके प्राणों को जीवन की धारा में बहाती आ रही हैं। और सब कुछ जान लेने पर पता चलेगा कि इनके विकास की इमारत किस धरती पर, किस आधारशिला पर और कौन-से उपादानों से खड़ी की जाय!

इसी प्रकार 'मुण्डा' में तथा इस प्रकार की सभी भाषाओं में इन जातियों के लिए सरल साहित्य के निर्माण की आवश्यकता है। समाज को शिक्षित करने के लिए जीवन-सम्बन्धी सारा साहित्य जन-भाषाओं में ही रचा जाना चाहिए। कृषि, जंगल, सहयोग-समिति, ग्राम-पंचायत, आदमी और जानवर की बीमारी, कथा-कहानी आदि के बारे में मुण्डा भाषा में छोटी-छोटी पुस्तिकाओं का प्रकाशन नितान्त आवश्यक है।

इसी सिलसिले में एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न बच्चों की शिक्षा का और उनके लिए पाठ्य पुस्तकों का है। आज सारे संसार के शिक्षा-शास्त्री यह स्वीकार कर रहे हैं कि छोटे बच्चों की शिक्षा उनकी मातृभाषा में ही होनी चाहिए। यदि शिक्षा को अनिवार्य बनाना है और उसकी किरणों को जंगल, पहाड़, मैदान और रेगिस्तान के जन-जन तक पहुँचाना है तो इसके अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं है। बच्चे प्रारम्भिक ज्ञान की बातों को माँ की गोद में सीखी हुई तुतली बोली में जिस सरलता से सीख सकते हैं, वैसी किसी साहित्यिक भाषा में नहीं। अन्य साहित्यिक भाषा में तो उन्हें विषय और भाषा दोनों का दुहरा भार ढोना पड़ता है। निश्चय ही देश के प्रत्येक बच्चे के लिए राष्ट्र-भाषा की शिक्षा भी आवश्यक है और उन्हें माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के साथ राष्ट्र-भाषा भी सिखाई जानी चाहिए। किन्तु, प्रारम्भिक वर्गों में तो उन्हें

अपनी मातृभाषा में ही शिक्षा मिलनी चाहिए। कुछ आगे बढ़ने पर उन्हें राष्ट्र-भाषा भी सिखाई जाय तथा और आगे जाने पर वही सारी शिक्षा का माध्यम बना दी जाय। इसलिए आवश्यक है कि मुण्डा भाषा में बाल-साहित्य की रचना हो। इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, स्वास्थ्य, सामान्य-विज्ञान, गणित, किस्से-कहानियों, रामायण, महाभारत की कहानियों, देश-प्रेम, सच्चरित्रता और नैतिकता की कहानियों आदि की मुण्डा भाषा में रचना होनी चाहिए और इस विषय में मुण्डा नवयुवकों को आगे आना चाहिए।

एक प्रश्न शेष रह जाता है कि मुण्डा साहित्य की लिपि क्या हो? यह प्रश्न सभी आदिम भाषाओं के सम्बन्ध में है। आदिम भाषाओं के पास कोई लिपि नहीं और उनका कोई लिखित साहित्य नहीं है। यदि उनकी कोई लिपि होती तब तो यह प्रश्न ही नहीं उठता। लेकिन जैसी परिस्थिति है यह स्पष्ट बात है कि उनका सारा साहित्य राष्ट्रलिपि या उनके क्षेत्र की प्रान्तीय लिपियों में लिखा जाय। लेकिन, कुछ लोग सारी बातों की तरह इसमें भी झमेला खड़ा करते रहे हैं। कुछ लोग नागरी लिपि से चिढ़ते हैं। और, इन भाषाओं के लिए रोमन-लिपि का सुझाव पेश करते हैं। अन्य आदिम जातियों की तरह ही मुण्डा लोगों को हिन्दी में अपनी सारी शिक्षा प्राप्त करनी है और राज्य के सारे कार्यों से जो सम्बन्ध स्थापित करना है वह राष्ट्र-भाषा और राष्ट्र-लिपि के द्वारा ही करना है। यह कितनी उपयोगी बात होगी कि वे बाल-वर्गों में मुण्डा भाषा में साहित्य पढ़ते हुए उस नागरीलिपि को भी सीखते रहें, जिसके द्वारा आगे उन्हें बहुत दूर तक शिक्षा प्राप्त करनी है। जो लिपि-विहीन जातियाँ नागरी के अतिरिक्त अन्य—जैसे बँगला, गुजराती, तमिल, तेलुगु आदि लिपियों के क्षेत्र में रहती हैं वे उन्हीं लिपियों में अपने साहित्य को लिपिबद्ध करें।

आदिवासी भाषाएँ भारत के उसी जलवायु में उच्चरित होती हैं, जिस जलवायु ने भारतीय उच्चारणों के अनुकूल वर्णमाला और स्वर-संकेतों की रचना की है। यद्यपि मुण्डा या अन्य भाषाओं के लिपिबद्ध नहीं होने से यह परीक्षा नहीं हो पायी है कि नागरी वर्ण-माला कहाँ तक उनके लिए उपयुक्त है; (हाँ, सथाली की कुछ पुस्तकें नागरी में प्रकाशित की गई हैं और उनके अच्छे नतीजे निकले हैं।) फिर भी यह निश्चित है कि नागरी लिपि हर प्रकार से उन उच्चारणों को लिखने के लिए उपयुक्त होगी। नागरी लिपियों की वैज्ञानिकता सारे संसार ने स्वीकार की है। संसार में एक मात्र यही लिपि है, जिसमें कोई भी भाषा यथा उच्चारण लिखी जा सकती है और फिर वैसी ही पढ़ ली जा सकती है। वैदिक साहित्य से बढ़कर 'स्वराघात' संसार में और कहीं नहीं मिलेगा। मनुष्य के उच्चारण-अवयव जितनी कलाबाजी दिखा सकते हैं नागरी वर्णमाला सबसे परिचित है और मुण्डा भाषा तो भारत भूमि की ही बेटी है। हिन्दी ध्वनियों ने जिन आभूषणों को छोड़ दिया वे कोष में सुरक्षित रखे गये हैं। उसी की बहन मुण्डारी यदि चाहे तो उनका सहर्ष उपयोग कर सकती है। मुण्डारी के उच्चारण में कहीं-कहीं विशेषता है। नागरी वर्णमाला में उसके लिए ह्रस्व-दीर्घ तथा प्लुत के संकेत निश्चित कर लिये जा सकते हैं। मुण्डारी में 'ए' और 'ओ' दीर्घ 'ए' और 'ओ' भी होते हैं। उनके लिए संकेत निश्चित करना कोई कठिन काम नहीं है। इस प्रकार हम देखते हैं कि मुण्डा भाषा के लिए नागरीलिपि हर प्रकार से उपयुक्त है। और इसी में 'मुण्डा' का सारा साहित्य लिपिबद्ध होना चाहिए।

मुण्डा भाषा और साहित्य भारतीय-संस्कृति के महान् कोष की एक अमूल्य पेटिका है। नवीन जीवन और नवीन जागरण के लिए प्रयत्नशील इस प्राणमयी जाति की अमर भारती की रक्षा होनी चाहिए और उसे फूलने-फलने का अवसर दिया जाना चाहिए।

गीत-संग्रह के प्रयत्न

मुण्डाओं की सभी प्रकार की वार्त्ताओं में स्वभावतः ही गीतों की संख्या सबसे अधिक है, जो मौखिक परम्परा में पता नहीं, कब से चले आ रहे हैं। किसी-किसी मुण्डा युवक को सैकड़ों गीत याद हैं, और ऐसा कोई नहीं होगा जो थोड़े-बहुत गीत नहीं जानता हो। फिल्मी गीतों के बड़े-बड़े शौकीनों और कालेजों के प्रतिभाशाली स्नातकों से भी अधिक गीतों को इनके द्वारा याद रखा जाना आश्चर्य की बात है।

किन्तु, गीतों के विषय में स्मृति के समान ही विस्मृति की भी परम्परा है। मुण्डा अपने गीतों को किसी पाठशाला में नहीं सीखते। नृत्य के अखाड़ों के मस्त वातावरण में ही नये-नये गीत सीखे जाते हैं। कभी-कभी अखाड़ों में विभिन्न गाँवों के नवयुवक सम्मिलित होते हैं। और किसी के द्वारा यदि कोई नया गीत गाया जाता है तो दूसरे नौजवान उसे तुरन्त सीख लेते हैं। फिर मस्ती तथा नशे के वातावरण में वहाँ से अलग होने पर गीत के कुछ अंशों को भूल भी जाते हैं। किन्तु, इसकी उनको कोई चिन्ता नहीं।

आप यदि मुण्डा-युवक और मुण्डा गीतों की प्रकृति को समझ जायँगे तो पता चल जायगा कि उन टूटी हुई कड़ियों को फिर से जोड़ लेना उनके लिए कितनी आसान बात है। एक तो यह जाति ही कवितामय है, प्रत्येक व्यक्ति भावुक और स्वर-पूर्ण है; दूसरे उनकी काव्यकला इतनी सरल और सुपरिचित है जिसके संस्कार प्रत्येक व्यक्ति पर पड़े हुए हैं। ऐसी दशा में किसी नये गीत की सम्पूर्ण रूप-रेखा की कल्पना भले ही प्रत्येक व्यक्ति न कर सके; किन्तु कुछ भूली हुई पंक्तियों को मिला लेना थोड़ी-सी भी प्रतिभावाले गायकों के लिए कठिन नहीं होता।

इस प्रकार सारे गीत कुछ न्यूनाधिक रूपान्तर के साथ मुण्डा के कंठ में बिखरे हुए हैं। कठिनाई से एक गीत भी ऐसा नहीं मिलेगा जो अगर तीन-चार जगहों से लिया जाय तो उसके रूप में कहीं न कहीं अन्तर न हो। गीत वही है, स्वर और लय वही है; किन्तु कहीं-कहीं दो-चार पंक्तियाँ बदल गई हैं।

मुण्डा गीत साधारणतः तीन पदों के होते हैं[1]। तीन पदों में से कभी-कभी दो और कभी-कभी एक पद पूरे के पूरे बदल जाते हैं। ऐसे परिवर्तन बहुधा अर्थों में भी मोड़ पैदा कर देते हैं।

एक-आध पंक्तियाँ इतनी लोकप्रिय हो गई हैं, जिनका कई गीतों में प्रयोग हुआ है और वे श्रोता को कभी-कभी भ्रम में डाल देती हैं।

संग्रहकर्त्ता की समस्याओं को समझने के लिए मुण्डा-गीतों की इस प्रकृति को जान लेना आवश्यक है। वैसे भी मुण्डा-गीतों की संख्या बहुत अधिक है; किन्तु इस तथ्य को जान लेना चाहिए कि इस रूपान्तरित वेश में उनकी संख्या और भी अधिक हो गई है।

---

१. देखिए—'छंद-विधान' शीर्षक।

इनके संग्रह का प्रयत्न, जहाँ तक पता है, सबसे पहले फादर-हाफ मन ने किया। उन्होंने २०० गीतों का संग्रह किया था और 'दी मेमोरीज आफ दी एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल' में मुण्डा-गीतों की विशेषताओं पर प्रकाश भी डाला था।

श्री शरत्चन्द्र राय की पुस्तक 'दी मुण्डाज एड देयर कट्री' में यों तो प्रमाण और उद्धरण के लिए जगह-जगह बहुत-से गीत आये हैं; किन्तु गीतों की व्याख्या के लिए लगभग २०-२२ गीत प्रस्तुत किये हैं। विद्वान् लेखक ने उनका अँगरेजी छन्दों में अनुवाद किया है जहाँ अधिकांश मुण्डागीतों का कायाकल्प हो गया है। उनमें मुंडा-गीतों के सरल सौन्दर्य से अधिक शरत् बाबू की विद्वत्ता प्रकट होती है। उन अनुवादों में शरत् बाबू ने अपनी ओर से नये भाव, नये प्रयोग और नये अर्थ जोड़े हैं और अँगरेजी के बड़े-बड़े कवियों—फ्रांसिस सैम्पेल, जेम्स रसल लावेल, टेनिसन और वड्सवर्थ आदि की कविता से मुण्डागीतों की भावभूमि की तुलना की है।

विद्वान् लेखक ने उनके विश्लेषण का भी प्रयत्न किया है और जबरदस्ती खींच-तान कर उनमें ऐसे भोंड़े और बेहूदे[1] अर्थ पैदा किए हैं, जिनका उन गीतों में कहीं भी अस्तित्व नहीं है।

व्याख्या के लिए देखिए—इसी पुस्तक का प्रथम अध्याय (अध्ययन-प्रणाली)।

शरत् बाबू ने किस भावना से और कैसा अर्थ निकाला है इसकी बानगी एक गीत में देखिए—

वे गीत का प्रसग उपस्थित कर रहे हैं।

अनुवाद—जहाँ मुण्डा अपने सगे-सम्बन्धियों से मिलने पर उदार और संतुष्ट होता है वहाँ अपने उत्पीड़कों और शत्रुओं को देखकर अकथनीय घृणा और नफरत से आगबबूला हो जाता है। उसके गाँव में आनेवाले हिन्दू और मुसलमान व्यापारिक और महाजन तथा बाहरी ठीकेदार, जागीरदार या नीलामदार मुण्डाओं की आँख में अत्यधिक खटकनेवाले हैं। व्यापारी और साहू-महाजन अपने स्वास्थ्य के लिए उनका सिर मूड़ा करते हैं और बाहरी 'दिकू' उनको अपने गाँव की जमीन की मिलकियत से पदच्युत करके उन्हें केवल लकड़हारा और पनभरा बना छोड़ते हैं। जैसा कि हम देख चुके हैं मुण्डा-गीतकार घृणापूर्वक उनकी तुलना 'खून चूसनेवाले बाज', 'लोभी गृद्ध', 'गोपश-कुनी कौवे', 'हठी जिद्दी उल्लू' और छद्मवेश वाले मोर से करते हैं।

मूल— नाकु नाकुजा दारोमदा[2]
कुड़िद को लपालुडिया गा
नाकु बाकुजा आगामारी को
गेयोन गेयोना।
उदूबाकोपे जोजो को जुम्बलाए

---

१. श्री शरत् राय—मुंडाज एण्ड देयर कण्ट्री—२३३।

२. श्री शरत् राय—मुण्डाज एण्ड देयर कण्ट्री—२३३।

उदूबा कोपेगा ।
चुण्डूलाकोपे उली को अम्बरांए
चुण्डूलाकोपेगा ।
काको सुकु जान
जो जो को जुम्वलाए
काको सुकुजान गो ।
उली को अम्बरांए

अनुवाद—

These kites have hither wing'd Their way
A thirst for water clear,
The greedy geese with graceful swing,
Thus wend their way up hear
Oh ! take them where yon tam'find tope
Doth stand—do take them theer;
Point out to them you mango grove,
O let them there repair
The tam'rind tope they do not like
It does not please them so
Yon mango grove these geese mislike,
Ill-pleas'd are they, I trow.

मूल का अर्थ—देखो, देखो, पानी का स्वागत करनेवाले चील पंख हिला रहे हैं। देखो देखो, घाँटों के दल उड़े जा रहे हैं। इमली का झुंड बता दो (जहाँ जाकर बैठें)। आम का बाग दिखा दो (जहाँ जाकर उतरें)। उन्होंने पसन्द नहीं किया। इमली का झुंड उन्होंने पसन्द नहीं किया।

अनुवाद का अर्थ—ये चील यहाँ पर अपने रास्ते से उड़कर आये हैं। साफ है कि पानी के लिए प्यासे हैं। ये लोभी हंस सुन्दर उड़ान के साथ ऊपर चक्कर काट रहे हैं। उन्हें वहाँ पर जहाँ इमली का पेड़ खड़ा है, ले जाओ वहाँ उन्हें पहुँचा दो। उन्हें उस अमराई को बता दो जहाँ वे आश्रय प्राप्त करें। इमली का सिरा उन्हें पसन्द नहीं आया, वह उन्हें प्रसन्न नहीं कर सका। उस अमराई को इन हंसों ने नापसन्द किया। मुझे विश्वास है कि वे अप्रसन्न हैं।

वास्तविकता यह है कि इस गीत का शरत् बाबू की व्याख्या से कोई सम्बन्ध नहीं है। यह एक साधारण प्रकृति का वर्णन मात्र है और है, उन पक्षियों के स्वभाव का



मुण्डा-लड़कियाँ—जदुर नृत्य की भावमयी मुद्रा में



मुण्डा-युवक—जदुर-नृत्य का प्रसन्न मुद्रा म

चित्रण ! चील के बारे में मुण्डाओं की कोई बुरी भावना नहीं और घाँटो तो सारी मानवजाति की तरह उन्हें भी प्रसन्न करनेवाले पक्षी हैं।

पहली पंक्ति में 'दोरोम-दा' का अर्थ है पानी की अगवानी करनेवाले। चील का उड़ना पानी आने की सूचना समझा जाता है। लेकिन, श्री राय लिखते हैं—'साफ है कि वे पानी के लिए प्यासे हैं!' आगे की पंक्ति में सीधे घाँटों पक्षियों की सीधी उड़ान का वर्णन है; किन्तु श्रीराय घाँटो को हंस बनाते हैं, उनके साथ लोभी का विशेषण लगाते हैं और 'चक्कर काटने' की क्रिया प्रदान करते हैं। मजा यह कि 'हंस' मुण्डाओं की किसी नफरत का पक्षी नहीं है।

इस संकेतों के बाद पाठकों को अपना निर्णय करने में कठिनाई नहीं होगी।

कुछ पढ़े-लिखे व्यक्तियों ने विशेषकर बुदू बाबू के गीतों और कुछ दूसरे गीतों को अपने व्यक्तिगत उद्देश्यों की पूर्त्ति के लिए संगृहीत कर रखा है।

सबसे बड़ा प्रयत्न डब्ल्यू० जी० आर्चर का है। उन्होंने १९४३ में मुण्डा भाषा के १६४१ गीतों का संग्रह और प्रकाशन कराया। कलेवर के हिसाब से निस्सन्देह वह मोटी पुस्तक है और उन बहुसंख्यक बिखरे हुए गीतों को बचाकर लिख रखने का प्रयत्न सराहनीय भी है; किन्तु इसके अतिरिक्त और किसी उद्देश्य की पूर्त्ति उससे नहीं होती। उस विद्वान् और प्रतिभाशाली लेखक के लिए दो पृष्ठ की छोटी-सी भूमिका पर सन्तोष कर लेना। उचित प्रतीत नहीं होता।

अधिकांश गीत टूटे-फूटे हैं। बहुधा तीन पदों के ही गीतों की रचना करनेवाले मुण्डाओं के गीतों के एक या डेढ़ पद हरप्पा की खुदाई में मिले हुए ठीकरों के संग्रह के समान जान पड़ते हैं। निस्सन्देह यह बड़ा काम हुआ; किन्तु यदि इतना महत्त्वपूर्ण काम केवल उन कर्मचारियों के भरोसे ही नहीं छोड़ दिया गया होता तो, सम्भवतः कुछ और अच्छे परिणाम सामने आये होते!

इन प्रयत्नों के सिवा मुण्डा-गीतों पर पत्र-पत्रिकाओं में कुछ छिटफुट लेख आदि निकलते रहे हैं जो कभी तो केवल गीतों की बानगी पर ही सन्तोष करते थे और कभी-कभी थोड़ा-बहुत विश्लेषण भी प्रस्तुत कर दिया करते थे।

मुण्डाओं की संगीत-प्रियता के रहस्य

मुण्डा जाति बहादुर परिश्रमी और स्वतंत्रताप्रेमी तो है ही। साथ ही बहुत-सी आदिम-जातियों की तरह इनके जीवन में हम कला, सुरुचि और सौन्दर्य का भाव ओत-प्रोत पाते हैं। यह कला-प्रियता और मस्ती आदिवासियों को प्राकृतिक जीवन की देन है। इसी वरदान को पाकर वे जातियाँ अपने को दुखों-अभावों की प्रखर-धारा में बहाती और संघर्ष की भीषण ज्वाला में जलने से बचाती रही हैं। यह मस्ती वह काली घटा है जिसने इनके विपत्तियों से झुलसे हुए मन को सींचा है और अपने प्यार की थपकी से इनके थके मन को शान्ति की गोद में सुलाया है। मुण्डाओं के सौन्दर्य-बोध और संगीत-प्रियता का रहस्य समझने के लिए उनके प्राकृतिक जीवन का तात्पर्य समझना आवश्यक है।

प्रकृति की रंगस्थली—सबसे पहली बात यह है कि ये प्रकृति की मनोहर रंगस्थली में निवास करते हैं। राँची जिले के जिस अंचल में ये निवास करते हैं वह पहाड़ों और

जंगलों से भरा हुआ है। इसी उन्मुक्त रंगीन और रसमय वातावरण में उनका जीवन व्यतीत होता है। हरियाली और फूलों से भरे हुए जंगल, रहस्यमय गुफाओं से भरे हुए पहाड़, कलकल गाते हुए निर्झर, प्राणों में उन्माद भरनेवाली हवाएँ और मधुरस्वरों से जंगल को गुंजित रखनेवाले पंछी, यही मनोहर चित्रसारी मुण्डाओं की दुनिया है।

किसान हल जोतने गया है और उसकी आँखों के सामने घाटी फैलती जा रही है। एक लड़की धान की निकाई कर रही है और उधर पहाड़ों की ओट में मेघ की परियाँ अपना शृंगार कर रही हैं। एक छोकरा गाय चराने गया है और वहाँ साखू की मंजरियाँ अपने रूप और गन्ध से उसके मन को बेचैन कर देती हैं, और एक लड़की को माँ ने पत्तियाँ तोड़ लाने के लिए जंगल में भेजा है और वहाँ कोयल कूक-कूक कर उसके प्राणों में उन्माद भर देती है। इस आफत से कोई अपने को कैसे बचावे? आदिवासी अपनी सारी इन्द्रियों से प्रकृति के इस मधुर सौन्दर्य का उपभोग करते हैं और उनकी चेतना इस अमर तृप्ति से सदा अभिभूत रहती है। इसीलिए वे सौन्दर्य और संगीत के प्रेमी हैं।

एकान्त और सूनापन—रूप और छवि के ये मनोहर दृश्य मुण्डाओं के सदा के संगी हैं। इन दृश्यों के साथ इनका आत्मीय भाव स्थापित हो चुका है। जंगल के एकान्त और सूनापन में भी ये अपने को कभी अकेला नहीं पाते। उनके मन की लहरें कहीं भी किनारा पा जाती हैं। चाहे सुख हो या दुख, किसी भी अवस्था में ये मनोहर दृश्य आकाश से वह शून्यता नहीं बरसने देते जो जीवन को नीरस और निस्पन्द कर देनेवाला विधाता का सबसे निष्ठुर अभिशाप है। सुख और दुख भाव और अभाव, क्रीड़ा और पीड़ा हर परिस्थिति इनके मन में हिलोर उठाती है और अपनी उँगलियों से छूकर इनके हृदय के तारों को झंकृत करती रहती है।

सच पूछिए तो जो सूनापन जीवन का अभिशाप समझा जाता है वह मुण्डाओं के लिए वरदान बन जाता है। उस एकान्त में दुश्चिन्ताओं के छिद्र उनके प्राणों के पात्र को जितना रिक्त करते हैं, छटाएँ उसमें अधिक भर देती हैं। जंगल के वातावरण का सूना एकान्त मुण्डाओं के लिए भावों का उद्दीपक बन जाता है। जैसे एकान्त की सूनी राह में राही के लिए गीत ही सहारा बनते हैं वैसे ही एकान्त मुण्डा के कंठों में स्वर का सृजन करता है। निर्झर का किनारा, कोई सूनी चट्टान, एकान्त खेत, सुनसान रास्ता ये ऐसे वातावरण प्रस्तुत कर देते हैं, जिनसे गीतों का फूट पड़ना स्वाभाविक है।

स्वतंत्रता—इनके कला और संगीत-प्रेम का तीसरा कारण इनकी स्वतंत्रता है। ये अपने मन की प्रत्येक लहर के साथ बहने के लिए स्वतंत्र हैं। अपने अन्तर्लोक में उठनेवाली किसी भी लहर को वे दम घोंटकर मार नहीं डालते। वे सुखी होनेपर जी खोलकर हँसते हैं और दुखी होने पर सारा भार हलका होने तक रोते हैं। अपने ही बनाये माया-जाल में इन्होंने अपने पंखों को फाँस नहीं रखा। और अपने पैरों में अपनी ही बनाई हुई गुलामी की बेड़ी नहीं डाल ली है। आज की सभ्यता का 'सभ्य' मनुष्य इस विषय में कितना लाचार है। 'ड्यूटी' और 'रूटीन' की जड़ मशीन का गुलाम होने के कारण उसे न तो किसी को प्यार करने का अवकाश है न किसी की स्मृतियों से मन बहलाने की फुरसत है। वह न जी खोलकर हँस सकता है, न भारी से भारी विपत्ति में आँसू बहा सकता है; किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि वह जितेन्द्रिय हो गया है और उसे वह आत्म-

ज्ञान प्राप्त हो गया है, जिसे पाकर मनुष्य सुख-दुख की अनुभूतियों से परे हो जाता है। इसका कारण तो सभ्यता की जड़ता और गुलामी है; किन्तु प्रकृति के ये पुत्र मानव प्रकृति की इन आवश्यकताओं के लिए उन्मुक्त हैं। इसी स्वतंत्रता के कारण ये मनुष्य के अन्तर्लोक के सौन्दर्य को पहचानते हैं, जी खोलकर उसका उपभोग करते हैं और इस अक्षय निधि को उन्मुक्त हाथों लुटाते हैं।

परिश्रम—इनकी मस्ती का चौथा कारण इनका सरल और सच्चा परिश्रम है। इनके कठोर परिश्रम में कोई छल-प्रपंच नहीं, वरन् ईमानदारी है। वह परिश्रम जीवन की स्वाभाविक आवश्यकताओं की पूर्त्ति के लिए बड़े स्वाभाविक ढंग से किया जाता है। उनके परिश्रम में किसी को ठगने की धूर्त्तता नहीं, किसी के शोषण की दुर्वृत्ति नहीं और किसी का सर्वस्व हरण कर लेने की स्पृहा नहीं है। उनका परिश्रम सरल हृदय का वह उद्वेग है, जो प्रकृति की निर्झरी में अपनी अंजलि से दो चुल्लू जल पीकर तृप्त हो जाता है। वहाँ परिग्रह और अपहरण की वासना लेकर नरपशु परेशान नहीं रहता। उनका परिश्रम हवा में मिलकर उसे विषक्त कर देनेवाला जहरीला और काला धुँआ नहीं, उसमें मिलकर उसे शीतल कर देनेवाला पवित्र स्वेदकण है। उस शीतल वायु की लहरें उन्हें भी छूती हैं और उनके समाज के दूसरे व्यक्तियों के प्राणों को भी छूकर आनन्द और मस्ती का एक वातावरण बनाती हैं। अवकाश और सद्भाव के यही स्रोत जंगल की ठंडी हवाओं में मिलकर समाज के लिए, गीत और मस्ती की लहर बन जाते हैं।

विकास का शैशव—पाँचवीं बात यह है कि यह जाति विकास की शैशवावस्था में रही है। और एक व्यक्ति तथा समाज के विकास की प्रक्रिया एक ही प्रकार की है। जिस प्रकार एक व्यक्ति की प्रौढ़ावस्था में जब उसके ज्ञान और अनुभव परिपक्व हो जाते हैं तब भावनाओं की लहर सूखने लगती है और कल्पना के पंख झड़ जाते हैं; किन्तु बचपन और जवानी ऐसी अवस्थाएँ हैं जब उसके भाव प्रबल होते हैं, मन के आकाश में सतरंगी घटाएँ घिरती हैं और उमंगों की धारा में स्वप्नों के फूल खिलते हैं। यही दशा जातियों के विकास की भी है।

सभ्यता के विकास के साथ मनुष्य की बुद्धि क्रमशः विकसित हुई है और उसकी अभिव्यक्ति अधिक रंगीली, चिंतनपूर्ण, और आडम्बरपूर्ण बनती गयी है; किन्तु मनुष्य की भावना की दशा इसके प्रतिकूल है। जब मनुष्य की सभ्यता का पूरा विकास नहीं हुआ था तब उसका हृदय अधिक समवेदन-शील था और उसमें स्पन्दन अधिक था। जीवन सुख-दुख के पालने पर उसे अधिक झुलाता, जवानी उसके हृदयाकाश में स्वप्नों के अधिक फूल खिलाती और प्रकृति अपने सौन्दर्य की किरणों से उसके मन को अधिक रंगती थी। बाहर का रूप मानव के हृदय में आज से अधिक रागों का सृजन करता और वे रागविह्वल स्वरों में फूट-फूटकर वायु की लहरों को आज से अधिक झंकृत किया करते थे।

आदिवासियों की प्रकृति को समझने के लिए मानव-विकास की उस प्रक्रिया को समझना आवश्यक है। सभी आदिम जातियों की तरह मुण्डा जाति भी ज्ञान विज्ञान की प्रारंभिक अवस्था में रही है जिससे उसके जीवन की आवश्यकताएँ सरल और सीमित बनी रहीं। उसके कन्धे पर बड़े-बड़े उत्तरदायित्व नहीं आये और अपने प्रकृत-भावों से उसके

आदिम सम्बन्ध नहीं टूटे। अस्तु, स्वभावतः ही उसके हृदय में बचपन की अल्हड़ भावनाओं और जवानी की उमंगों की अठखेलियाँ होती रहीं। मुंडा जाति की क्रीड़ा और संगीतप्रियता का सबसे बड़ा रहस्य यही है।

मुण्डाओं की प्रकृत भावना, सरलता, सौन्दर्यप्रियता और स्वतंत्रता ने मिल-जुलकर उसके सारे जीवन को सुरुचिपूर्ण और कला-पूर्ण बना दिया है। अस्तु वे अपने साधन और सामर्थ्य की सीमा में जीवन को सुन्दर-से सुन्दर बनाकर जीना पसन्द करते हैं और पूरी तन्मयता के साथ जीवन का उपभोग करते हैं।

उनकी संगीतप्रियता इसी सुरुचि और तन्मयता की स्वरित अभिव्यक्ति है। इसे हम उनके शेष जीवन से अलग करके नहीं देख सकते। उनका सारा जीवन ही संगीतमय है। वह संगीत जब मौन होता है, तब भी उनके प्राणों की गत बजाता है। वह उनके कर्मों में सुरुचि और लगन भरता है, उनके जीवन की प्रत्येक साँस को अपनी सुरभि से संवारता है, और उनकी संतानों के लिए अनुराग बनकर उन्हें विह्वल बनाये रखता है। वह संगीत उनके मेलों और 'जतराओं' (यात्राओं) के लिए आतुर प्रतीक्षा बनकर उनके मन में उमंग भरता है, तन्मयता बनकर एक-एक अनुष्ठान को पूर्ण कराता है और वही संगीत ताल बनकर उनके नृत्यों की शिंजिनी बजाता है। और जब मुखर होता है तब आकाश में काली घटाएँ छा जाती हैं, वसन्त की ठंडी हवा में पत्तियों के पायल बज उठते हैं, वृक्षों की सूखी डालपर कलियाँ फूट पड़ती हैं और उसके स्वर की धारा में दुखों के पहाड़ डूब जाते हैं। मुण्डा का संगीत उसका जीवन-संगीत है और उसकी जीवन कला की डालपर खिला हुआ सबसे मनोहर फूल है।

आदिवासी के प्राणों में स्वर भरने में पर्वों ने भी योग दिया है। पर्व आदिवासी के जीवन के कर्म कोलाहल में रसमय क्षणों का नाम है। ये उसके जीवन के मरुस्थल में 'ओयसिस' की तरह होते हैं। आदिवासी बेचैन होकर पर्वों की प्रतीक्षा करते हैं और पर्व के आने पर अपने हृदय की सारी उमंग उसमें उड़ेल देते हैं। पर्व के अभिनन्दन में इनका रोम रोम गा उठता है।

मुण्डाओं के विह्वल संगीत के सारे रहस्य 'हड़िया' की महिमा बताये बिना अधूरे रह जायेंगे। 'हड़िया' इनका मादक पेय है जिसे वे प्रत्येक पर्व, आनन्द, और थकान के अवसर पर पीते हैं। कहा जाता है कि ये नशीले पदार्थ आदिवासियों के पिछड़ेपन के प्रधान कारण हैं। यह बात सच है। किन्तु, यह भी सच है कि इसी ने इनके महान् विपत्तियों से झुलसे हुए मन को सदा सींचा है, और जीवन के भीषण संघर्षों में इन्हें अपने प्यार की मादक थपकी से सुलाकर सान्त्वना दी है। कौन कह सकता है कि इसके अभाव में इन्होंने सभ्यता की दौड़ में अपने को आगे बढ़ाया होता या इतिहास से मिट जानेवाली अनेक जातियों की तरह ये भी मिट गये होते?

आदिवासियों के पैरों में गति तथा कंठों में लय भरने में हड़िया का स्थान महत्त्वपूर्ण है। इसकी मादकता उस मस्ती को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योग देती है, जिसके बिना मनुष्य जीवन भर की सारी चिन्ताओं को क्षणभर में भूलकर नाचने नहीं लग जाता। आदिवासियों के नृत्य और संगीत एक दूसरे के परिपूरक, प्रेरक और उद्दीपक होते हैं। यह विह्वलता की एक ही लहर का पगों और कंठों के बीच कलापूर्ण विभाजन है।

आदिवासियों की संगीतप्रियता में उनकी सामाजिक व्यवस्था का भी हाथ है। पुरुष और नारी की, जीवन में सहयोगिता और कर्मक्षेत्र में समानता भी उनके मन में आकर्षण अनुराग और मधुर भाव भरती रही है—जो गीतों के उद्दीपक बने हैं। नारी की स्वतंत्रता और पुरुष के साथ नृत्य स्वभावतः ही दोनों के मन के तारों में झंकार पैदा करनेवाले हैं। इस अनुराग की विह्वल पुकारों से मुण्डा गीत भरे पड़े हैं।

इस मस्ती और तन्मयता ने उनके जीवन की प्रत्येक सांस को ही कविता बना दिया है। जहाँ तक कि बकरी चराने से लेकर पत्ती तोड़ने तक सभी इनके गाने के विषय हैं।

गीतों के भेद—

मौसम के अनुसार मुण्डा-गीतों के बहुत से भेद हो गये हैं। और सब के लय ताल आदि अलग-अलग हैं। सभी गीत अपने ही मौसम-विशेष में गाये जाते हैं। एक मौसम का गीत दूसरे मौसम में गाया जाना वर्जित है और मुण्डा इस नियम का पालन बड़े अनुशासन के साथ करते हैं। मौसम के अनुसार ही उन गीतों से सम्बन्धित बाजों के ताल और नृत्य भी अलग-अलग हो गये हैं। गीतों के ये भेद निम्नलिखित हैं—१. जदुर, २. गेना, ३. ओर-जदुर, ४. करमा, ५. जरगा, ६ जापी, ७. जतरा, ८ शादी। और प्रायः प्रत्येक प्रकार का गीत किसी-न-किसी प्रमुख पर्व से सम्बन्धित है।

जदुर—मुण्डाओं का सबसे प्रमुख और प्राचीन गीत जदुर है, जो वसन्त गीत है। और इनका सबसे प्रमुख पर्व सरहुल है, जो वसन्तोत्सव है। इनके जीवन की चिर-सहचरी प्रकृति जब अपना अभिनव-शृंगार करती है और जब जंगलों में वसन्त को छटा छा जाती है तब ये भी प्रकृति के स्वर में स्वर मिलाकर गा उठते हैं। इनके मस्ती-भरे मन पर छाया हुआ सारा वातावरण ही पर्व बन जाता है। ये एक-एक फूल के पास जाकर उसकी निराली मुसकान का रहस्य पूछते हैं और पक्षियों के राग में अपने विह्वल मन की पुकार सुनते हैं। सरहुल वन-देवता के प्रति इनके कृतज्ञ हृदय का विनम्र अभिनन्दन है और इनके जदुर गीत प्रकृति की अर्चना में इनके विह्वल प्राणों का मधुर संकीर्त्तन हैं।

जब पलाश के फूलों और कुसुम की नयी कोपलों से सारा वन लाल हो जाता है और नये पल्लवों और फूलों से जंगल भर जाता है उस मोहक वातावरण में आप जाकर जदुर के गीत सुनिए। जैसे कोयल की मोटी बोली वसन्त के सरस वातावरण में रसीली और मीठी हो जाती है वैसे ही उस समय मुण्डा के स्वरों में भी एक दर्द भरी मधुर टेर समा जाती है। उसका हृदय आकुल आमंत्रण से विह्वल हो जाता है और वाणी करुण पुकार से भर जाती है। वन में छाये हुए रूप, रस, गन्ध और ध्वनि के मधुर वातावरण मुण्डा-प्राणों को मिलन की बेचैनी से भर देते हैं और विरह की व्यथा को और भी गहरी बना देते हैं। ऐसे वातावरण में दूर से सुनाई देनेवाले जदुर के छोटे-छोटे बोल ऐसे जान पड़ते हैं जैसे कोयल की दर्दभरी टेर रह-रहकर टूट टूट जाती हो या बरसात की काली घटाओं के नीचे पपीहे की पी-पी की रटन थककर हार-हार जाती हो। एकान्त में गाये हुए

मुण्डाओं के इन 'जदुर गीतों' पर कविवर पन्त का यह कथन पूर्णरूप से चरितार्थ होता है—

वियोगी होगा पहला कवि,
आह से निकला होगा गान !
निकल कर आँखों से चुपचाप,
बही होगी कविता अनजान !

या प्रसिद्ध अँगरेज कवि शेली की यह उक्ति—

'Our sweetest songs are those that tell of saddest thought'

यदि वन में आपका मन लग सके तो आप अनुभव करेंगे कि इन सारे प्रकृति-पुत्रों, पक्षियों और मनुष्यों के स्वर एकान्त वातावरण में आपस में मिलकर और एक दूसरे के पूरक होकर इतने एकाकार हो जाते हैं जैसे वे एक ही अर्थ के विभिन्न शब्द हों, एक ही भाव के विभिन्न छंद हों, जैसे वे एक ही गीत के विभिन्न लय हों। दरअसल, फूलों से भरी हुई झाड़ियों में भौरों की गूँज का, वृक्षों की नयी कोंपलों में कोयल की कूक का और वसन्त की रंगीन छटाओं में मुण्डा की करुण पुकार का एक ही अर्थ है।

माघ में मनाये जानेवाले 'मागे' पर्व के बाद जदुर का मौसम प्रारम्भ होता है और वृक्षों की नयी कोपलों के साथ ही इस गीत की कलियाँ भी फूटने लगती हैं। और और फिर सरहुल मना लेने के बाद जदुर के भावमय गीत अगले वर्ष की प्रतीक्षा के लिए बन्द कर दिये जाते हैं।

इनके जदुर गीतों की संख्या सबसे अधिक है और मौसम के विस्तार भर में फैले होने पर भी इनका पर्व से अन्य सारे गीतों की अपेक्षा अधिक सम्बन्ध है।

गेना—गेना-गीत जदुर गीतों के ही पूरक हैं जो नृत्य की सुविधा के लिए बनाये गये हैं। बहुधा दो जदुर गीतों के बाद गेना गाया जाता है जो जदुर नृत्य की ताल को थोड़ी देर के लिए बदल देता है।

जदुर के कठिन आरोह-अवरोह के बाद गेना के सरल नृत्य में थोड़ा आराम मिलता है और वातावरण की एकरूपता में थोड़ा परिवर्त्तन आ जाता है, जो रात-रात भर चलनेवाले इन नृत्यों के लिए आवश्यक है। गेना-गीतों की संख्या जदुर-गीतों की अपेक्षा बहुत कम है और उनके आकार भी अपेक्षाकृत छोटे होते हैं। नृत्य की लहरों को लघुतर बनाने के लिऐ गेना गीतों की पंक्तियाँ भी छोटी छोटी रखी गई हैं।

ओर-जदुर—ये भी जदुर के पूरक हैं और जदुर के विशाल वृक्ष की बाहर निकली हुई टहनी के समान जान पड़ते हैं। इनके लय और छंद जदुर से कुछ भिन्न होते हैं, किन्तु गाने का समय, मौसम और उपयोग वही है।

करमा—जदुर के बाद सबसे प्रमुख स्थान करमा गीतों का है जो भाव, लय और लोक-प्रियता की दृष्टि से जदुर गीतों से भी आगे बढ़े हुए हैं। सरहुल की समाप्ति में से ही करमा गीतों का प्रारम्भ होता है। मुण्डा लोग सरहुल की अन्तिम सन्ध्या आने के पहले ही उसी दिन के धुँधले प्रभात में दो-चार करमा गीत गाकर करमा के महान् मौसम का स्वागत करते हैं। और फिर, इन गीतों का क्रम नित्य बदलते रहनेवाले वातावरण में अपना रूप बदलता हुआ आश्विन के अन्त तक चलता है। भादो की एकादशी को करमा-पर्व

मनाया जाता है और उस पर्व से भी सम्बन्धित बहुत-से गीत हैं; किन्तु दरअसल, करमागीत पर्व की सीमाओं में बंधे हुए नहीं हैं। अपने प्रकृत-रूप में वे एकान्त-संगीत हैं, जो गर्मी में वन वृक्षों की शीतल-छाया में, असाढ़ की काली घटाओं में, बरसात के एकान्त खेतों में और भादों की सूनी राहों में समान रूप से गाये जाते हैं। वास्तव में बरसात के दृश्य इन पहाड़ी भागों में बड़े मोहक हो जाते हैं। पृथ्वी पर छायी हुई हरियाली, बादलों के गंगा-जल से धुले हुए जंगल, घास और झुरमुटों की चादर ओढ़े पहाड़, खेतों में कुलकुलाता हुआ पानी, रात की निस्तब्धता, झींगुरों की झनकार, पक्षियों की चहचह, धरती से आकाश तक के सारे दृश्य और क्षण-क्षण परिवर्त्तित प्रकृत के रूप बड़े प्रभावशाली होते हैं जो मुण्डाओं के मस्त-स्वभाव को छेड़े बिना नहीं रह सकते। यह तो संयोग कहिए कि बरसात का दिन गरीबी, परिश्रम और कार्य में व्यस्त रहने का दिन होता है नहीं तो प्रकृति की सारी रंगीनियाँ इनकी मस्ती से क्या आँखें मिला पातीं?

एकान्त के क्षणों में उन्हीं क्षणों के लिए बने होने के कारण करमा गीतों का प्रभाव बड़ा गहरा होता है। और उनके कम्पित स्वर तथा लय की लहरों का बड़ा मधुर-विकास हुआ है। सूनेपन की टेर उनके स्वरों को ऊँचा उठाती है और दर्द उनमें कम्पन पैदा करता है। वन के किसी एकान्त से खुलकर गाये हुए करमा गीत प्रकृति के चरणों में पुरुष की चिरन्तन पुकार के समान जान पड़ते हैं। मानो प्रणयातुर धरती, आकाश को अपने मिलन का विह्वल सन्देश सुना रही हो। करमा गीतों का अर्थ वही है जो दूर क्षितिज के ऊपर उठती हुई काली-घटाओं में बगुलों की पंक्ति का अर्थ है; जो ठंडी हवा के साथ खुली खिड़की से आकर बदन को सिहरा देनेवाली भाप की फुहारों का अर्थ है; जो असाढ़ के पहिले पानी को पाकर धरती से उठनेवाली सोंधी-सोंधी गन्ध का अर्थ है और जो सूनी रात के बेचैन कानों में दूर से आनेवाली बाँसुरी की करुण-पुकार का अर्थ है।

करमा-पर्व मुण्डाओं का बहुत पुराना पर्व नहीं है। इसे उन्होंने दूसरों से सीखा है। किन्तु, उसमें अपना रंग मिलाकर उसे और भी रसमय बना लिया है। अस्तु, पर्व के लिए भी बहुत से गीत बने हैं। करमा के अलग नृत्य हैं और बाजों के अलग लय-ताल हैं।

करमा-गीतों में कृष्ण-काव्य और रामायण की भी बहुत सी कथाएँ गाई जाती हैं। मुण्डा का कृष्ण-काव्य प्रीत-पला के नाम से और रामकथा रामायण के नाम से प्रसिद्ध हैं। ऐसे गीतों में पूर्णता है और भावों की अभिव्यंजना अधिक मार्मिक और कलापूर्ण है। ये शिक्षित गीतकारों द्वारा सिरजे हुए हैं। इन्हें 'बुदूबाबू' नामक एक पाँच-परगना[1] निवासी कवि ने बनाया है। इनमें चैतन्य महाप्रभु के कीर्त्तनों का प्रभाव, और बँगला गीतों की रसमयता है।

इन गीतों में जो 'लीरिक' (प्रगीत) हैं और जिनका एकान्त से अधिक सम्बन्ध है तथा असाढ़ तक गाये जाते हैं, 'चिटिद् करमा' कहलाते हैं। उनका नृत्य से सम्बन्ध प्रायः नहीं है। शेष करमा-गीतों का सम्बन्ध नृत्य से है जिनमें झूमर, लहसुआ आदि प्रमुख हैं।

---

१. खूँटी सब-डिवीजन का पूर्वी भाग पाँच परगना कहलाता है; बुदूबाबू का परिचय गीतकार शीर्षक के अन्तर्गत दिया जायगा।

अधिकांश करमा-गीतों की पंक्तियाँ लम्बी होती हैं जो गाते समय खींचकर और भी बढ़ा ली जाती हैं। उनके स्वरों का आरोह, अवरोह और कम्पन करमा-गीतों की सबसे बड़ी विशेषता है जो इन्हें अन्य गीतों से प्रमुखता प्रदान करती है।

जरगा—करमा के बाद जरगा गीतों का मौसम आता है जो कार्त्तिक से लेकर 'मागे' पर्व की सीमा तक गाये जाते हैं। 'मागे' फसली पर्व है। यह खेतीबारी के सारे काम समाप्त हो जाने के बाद—जब अनाज घर में आ जाता है और जब ये लोग काम-धाम से थोड़े दिनों के लिए छुट्टी पा जाते हैं तब मनाया जाता है। मागे पर्व अन्न की प्रसन्नता में तृप्ति का पर्व है और जरगा गीत अपने मौसम के अनुसार शान्त भावों के गीत हैं। उनके लय, ताल और नृत्य में एक शान्ति और सन्तोष की भावना पायी जाती है। स्वभावतः यह मुण्डा के जीवन की उमंगों का सबसे सुनहला समय है, पर दुर्भाग्यवश दर्द-भरे गीत ही मानव के सबसे मीठे गीत होते आये हैं और गीत के सबसे मनोहर फूल आँसू के खारे जल में ही खिला करते हैं, इसलिए जरगा-गीत दुख-दर्द के अभाव में मिठास के सौभाग्य से वंचित हैं और सूने दिनों को काट ले जाने के सिवा इनका और कोई महत्त्व नहीं है। इनकी संख्या जदुर और करमा-गीतों से बहुत कम है।

जापी—ये शिकार के गीत हैं और मुण्डा गीतों में इनकी संख्या सबसे कम है। ये उन शिकार के आयोजनों में, जो होली और सरहुल पर्वों के उपलक्ष में होते हैं, गाये जाते हैं। इन थोड़े से ही गीतों में प्रयाण की गतिशीलता, युद्ध की ललकार और सफलता की उमंगें तीनों भरी हुई हैं। इनके वाद्य और नृत्य भी तदनुकूल ललकार की ध्वनियों से भरे होते हैं। इन गीतों में अपनी कलाप्रियता को सम्मिलित करके मुण्डाओं ने शिकार को भी उत्सव बना लिया है। जापी-गीतों की पंक्तियाँ प्रायः लम्बी होती हैं। नृत्य जोरदार चक्र के कारण घुड़दौड़ के समान जान पड़ते हैं। लगता है, मानो स्वर द्रुतगामी कदमों का पीछा कर रहे हों।

जतरा[1]—प्रत्येक पर्व और आनन्द के अवसर पर इन नृत्यप्रेमियों के बहुत से गाँवों का जो सम्मेलन हुआ करता है उसे 'जतरा' कहते हैं। उन 'जतराओं' में ये बड़े उल्लास से दलबल के साथ—प्रायः अपनी नृत्य-मंडलियों के साथ जाते हैं। मानों कर्म-कोलाहल के बन्धनों से छूटकर ये मुक्त उमंगों के राज-महल पर धावा बोल रहे हों। युवक-युवतियों के लिए ये जतराएँ महापर्व हैं। जतराओं के लिए ये भी गीत बने हुए हैं। इनमें कभी-कभी नृत्यमंडलियाँ बाजे-गाजे के साथ जाती हैं और कभी-कभी विना बाजे के ही उनके दल मुक्त रागों की लय पर नाचते हुए प्रयाण करते हैं। जतराओं के गीत रास्ते की थकान को भुलाने के लिए और पैरों में उमंग भरने के लिए बनाये गये हैं। इनकी संख्या अधिक नहीं है।

और, अब तो इनकी संख्या और भी कम होती जा रही है। जतरा के अवसर के लिए भी—चाहे रास्ते में या मेले में मौसिमी गीत ही अब प्रायः गाये जाने लगे हैं और जतरा के गीत स्वतंत्र गीतों का स्थान लेने लगे हैं।

---

१. मेले या नृत्य के सम्मेलन 'जतरा' कहलाते हैं। इसका सम्बन्ध बँगला के 'यात्रा' शब्द से है। बंगाल में पचासों तरह के सांस्कृतिक आयोजन को 'यात्रा' कहा जाता है। इन्साइक्लोपीडिया इंडिका में उनकी एक लम्बी सूची प्रस्तुत की गई है।

विवाह के गीत—विवाह के गीतों में, सारे भारत में विवाह के अवसर पर गाये जानेवाले गीतों की तरह गाली भरी हुई है। दो कुटुम्बों के मधुर-मिलन के अवसर पर यह व्यंग्य-विनोद मीठा ही जान पड़ता है। लेकिन इन गीतों की संख्या बहुत कम है। कुछ गीत दूल्हा-दुलहिन के लिए आशीर्वाद स्वरूप भी हैं और कुछ सम्बन्धियों के स्वागत के प्रसंग में भी!

मुण्डा लोक-गीतों का अध्ययन

इनकी जिन्दगी को छूकर चलनेवाला कोई भी विषय इनके संगीत से अछूता नहीं है। जो भी बात इनकी भावना में तनिक भी लहर उठा देती है, उसी पर इनका कंठ फूट पड़ता है। मुण्डा भावुक होते हैं, इसलिए इनके मन की प्रत्येक बात इनकी मस्ती को छूकर गीत बन जाती है। इन्होंने विषयों का चुनाव करके तैयारी के साथ कविता की रचना नहीं की है। अपनी आँखों को खोदकर पानी नहीं बहाया है, वरन् इनकी अनुभूति के सारे विषय गीत बनकर ही इनके प्राणों में समाते हैं और फिर स्वर बनकर इनके कंठों से फूट पड़ते हैं।

प्रकृति-प्रेम—अपनी चिर-संगिनी प्रकृति की आत्मीयता इनके गीतों में सब जगह दिखाई देती है। फूल और पंछी, वृक्ष और लता, पहाड़ और घाटियाँ तथा नदी और निर्झर इनके रात-दिन के साथी हैं। इनके साथ मुण्डा का आत्मीय भाव है, ये उसके सहचर हैं। इन्हीं से हँस-बोलकर उसका जीवन विकसित होता है। इसलिए उन्नत भाषाओं में प्रकृति-वर्णन का जो तात्पर्य समझा जाता है, वैसा प्रकृति-वर्णन आदिवासी कविता में नहीं है। दोनों में बड़ा स्पष्ट अन्तर है। उन्नत भाषाएँ बोलनेवालों का जीवन प्रकृति से दूर हो गया है। उनकी अपनी संस्कृति कहिए या विकृति, ह्रास कहिए या विकास, इस परिवर्त्तित दशा में उन्होंने अपनेको प्राकृतिक जीवन से हटा लिया है। इसलिए प्रकृति उनके लिए अपरिचिता हो गई है। वे कभी-कभी अपने वास्तविक जीवन से दूर हटकर प्रकृति को प्यार करने जाते हैं, उसकी छटाओं से मुग्ध होते हैं। किंतु इस अभियान में उनके प्राण अपनी सभ्यता के ऊँचे कोठे पर ही छूट गये होते हैं। वे प्रकृति के साथ घुल-मिलकर एक नहीं हो पाते। इसलिए वे प्रकृति के जिस रूप का चित्रण करते हैं, वह शहर के पार्क के बीच मन-बहलाव के लिए लगाई हुई जंगली-झाड़ी के समान जान पड़ता है। अभिजात वर्ग के कवियों का प्रकृति-प्रेम श्रीनगर के निशात-बाग का बनावटी निर्झर है; दिल्ली के बिड़ला-मन्दिर में बनी हुई मिट्टी की पहाड़ी है और जयपुर के कृत्रिम-नगर में चिड़ियाघर के लिए बना हुआ जंगल है। जो स्पष्टतः ही पाठकों के मन-बहलाव की वस्तु है। कालिदास चित्रकूट के पर्वत-शिखर पर से मेघ के द्वारा अलकापुरी सन्देशा भेज चुकने के बाद फिर उज्जयिनी के राजमहलों में लौट जाता है। वर्ड्सवर्थ पहाड़ी के नीचे धान के खेतों में गाती हुई लड़की की टेर से थोड़ी देर मन बहलाकर फिर क्लब की ओर चला जाता है। और अन्धासूर अपनी बन्द आँखों से वृन्दावन के करील-कुंजों में रास-लीला के दृश्य देखकर फिर अपने तानपूरे के स्वरों में खो जाता है।

किन्तु मुण्डा प्रकृति के आँगन में कहीं से चलकर नहीं आता और वहाँ से चलकर उसे अन्यत्र कहीं नहीं जाना है।

मुण्डा का प्रकृति-प्रेम रेशम के पर्दे पर जरी के तारों से बनाया हुआ गुलाब का फूल नहीं है। इसलिए उसमें कोई फैशन नहीं। अभिजात कविताओं में जीवन के रंगमंच पर जो व्यापार दिखाये जाते हैं, उनकी पृष्ठभूमि में ऐसे पर्दे होने चाहिए, जिनमें प्रकृति के चित्र उतारे गये हों। नकली जंगल और पहाड़; रंगों से बने हुए नदी-निर्झर और रेखाओं से बने हुए फूल-पत्ती। किन्तु मुण्डा-जीवन के रंगमंच पर इन छटाओं को कहीं से जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। जिन छवियों के लिए अभिजात-कलाकार परेशान होते रहते हैं, वे मुण्डा-जीवन की पृष्ठभूमि में नैसर्गिक रूप से विद्यमान हैं।

मुण्डा कवि को प्रकृति के अंग-अंग के वर्णन की आवश्यकता नहीं। उसका फोटो खींचकर या चित्र बनाकर उसे कहीं ले नहीं जाना है। वह छवि तो उसके प्राणों में बसी हुई है। इसलिए उसका नाम भर ले लेना मुण्डा के सारे प्रकृति-प्रेम का परिचायक है। मुण्डा कविता में फूल या पक्षी का नाम ही उनकी सारी मनोहरता का प्रतिनिधि और प्रतीक है। इसलिए आदिवासी कविता में प्रकृति की छटा देखने के लिए आपको यह रहस्य समझ लेना पड़ेगा।

कहीं-कहीं रंग में आकर मुण्डा कवि ने प्रकृति के स्वतंत्र रूप का वर्णन भी कर दिया है। निम्नलिखित गीत वसंत के स्वागत में गाया गया है—

राबं तयोमेतेम-हिजाकना
राजा रानी लेकाम समपोड़ाकना
इसु दिनातेइं उड़ुकेना
मेन्दोम् मुलुः लेना बा चण्डु।

पुरना पण्डु सकम नोचोकेते
नवा सुड़ा सड़िम ओमेतदा,
बिरते दारुकोईं लेलउकेना
मोए-तना, बा-तना, जोहोतना।

हरोयली अरः सुड़ा पीड़िः लेका
चिकन सुनमेगोम गोसोः वा कदा
विरकोरे बा-बुगिन-सुगड़ा सोअन
कुड़म वितारेरे गुमुराव तना।

बिर-दारु सुबारे राम सोम्बदा कना
सिरीमारे सिमवोगा-ए जोवर तना
बाएले मेन्ते गोड़े रासिका तना
तरा कोतो सराजोम-बा असीतना ।

"जाड़े के बीत जाने पर तुम आये हो। तुम राजा-रानी के समान सजे हो। मैं बहुत दिनों से (तुम्हारी) चिन्ता कर रहा था ; मगर आज (जाकर) चैत का चाँद उगा।

"पुरानी-पीली पत्तियाँ झाड़कर (तुमने) नई कोंपलों की साड़ी को पहन लिया। मैंने जंगल के वृक्ष को कली लगते, फूलते और फलते देखा।

"(तुम्हारी) हरी और लाल कोंपलें चमक रही हैं, तुमने कौन-सा तेल लगा लिया है ? जंगल के सुन्दर फूलों की सुगन्ध—मेरी छाती में घूम रही है।

"राम वन-वृक्ष के नीचे झुका हुआ है (और) आकाश के प्रभु को प्रणाम कर रहा है। सरहुल मनायेगा यह सोचकर प्रसन्न हो रहा है (और) साखू के फूलों की एक डाली माँग रहा है।"

मुण्डा गीतों में सैकड़ों प्रकार के फूल और पक्षी कभी उपमान, कभी उद्दीपन और कभी प्रतीक बनकर आये हैं, जिनका प्रतीक शीर्षक के अन्तर्गत परिचय दिया गया है।

इनके अतिरिक्त वन-भूमि के बहुत-से वृक्ष, लता-गुल्म, कोंपलें, चींटी, मधुमक्खी, पहाड़, नदी, झरना, कन्दरा, घाटी, बेड़ा, पीड़ी (टाँड़), जोबेला (दलदल), बादल, सूरज, चाँद, आँधी, कुहासा, घने जंगल, झाड़ी, बरसात, शीत, धूप, रात, सन्ध्या, प्रभात आदि मुण्डा के जीवन, यौवन और प्रेम के रंगमंच पर आकर उसकी कविता की शोभा बढ़ाते हैं।

प्रेम—सौन्दर्य और प्रेम ये दो मानव-मात्र के मौलिक भाव हैं जो उसकी सारी कला के प्रेरक हैं। संसार की अन्य सारी कविताओं में जीवन की समस्याओं, चिन्ताओं और उलझनों ने स्थान बना लिया है ; किन्तु मुण्डा कविता अपने मौलिक भावों से दूर नहीं हो पाई है। मुण्डा-गीत, सच पूछिए तो प्रेम की ही साधना है। उसमें 'गतिम्' और 'संगम्' (प्रिया-प्रियतम) हैं ; विरह की वेदना है, मिलन की उत्सुकता है। मुण्डा गीतों में प्रेम की वह मधुर व्यंजना है जो प्रकृति के उपादानों—वृक्षों, फूलों और पक्षियों आदि—में भी इसी विरह-मिलन के भावों का आरोप करती चलती है। मुण्डा का हृदय अपने और प्रकृति के जीवन में इसी प्रेम के विम्ब-प्रतिविम्ब भाव का दर्शन करता है। वहाँ निश्छल-प्रेम नाना रूपों में अपनी छटा दिखाता है ; किन्तु उस प्रेम का जीवन से सम्बन्ध है। मुण्डा-प्रेम की कोयल जीवन की ही डाल पर कूकती है। मुण्डा युवक की प्रेमिका बंगले में रहनेवाली वह फुलझरी नहीं जो केवल बाल सँवारती है, उपन्यास पढ़ती है और प्रेम करती है। जवानी की बहारों से भरी वह लड़की है, जिसके सिर पर मिट्टी

का घड़ा और होठों पर फूल की बहार है, जिसके हाथों में घास काटने का हँसुवा और कंठों में मिलन की पुकार है। मुण्डा युवती का प्रेमी भी वह मजनू नहीं जिसकी कमर नदारद है, जो सूखकर मृत्यु के बिस्तर से सटा जा रहा है और जो प्रेम के दर्द से पीड़ित होकर इटकी के सेनोटोरियम में स्वास्थ्य सुधार रहा है। वह जीवन-शक्तियों से भरा ऐसा आकर्षक जवान है, जिसके हाथों में बलुवा (फरसा) और अधरों पर वंशी की टेर है; पुष्ट कन्धों पर कुदाल और आँखों में, धान के खेतों की ओर, किसी की खोज है, मुण्डा गीतों के इस प्रसंग को, जिसमें जीवन प्रेम-मय और प्रेम जीवन-युक्त होता है, समझे रहने के बाद ही उनके प्रेम की पुकारों की मनोहरता समझी जा सकती है। आदिवासियों की कविता में सब कुछ नहीं कहा जाता; किन्तु उस कथन की मौन-पृष्ठ-भूमि को समझे रहने पर जो कुछ भी कहा जाता है, उसका बड़ा गहरा अर्थ निकलता है।

देश-प्रेम—इनके गीतों में देश-प्रेम की भावना भी है। यद्यपि ये राष्ट्रीयता की राजनीतिक और व्यापक परिभाषा जानकर गीत नहीं गाते; किन्तु देश प्रेम का जो मौलिक अर्थ है, वह इनके गीतों में बड़े सरल रूप में व्यंजित हुआ है। वह स्थान जहाँ ये रहते हैं और जिसकी मिट्टी ने इन्हें पैदा किया है, इन्हें बहुत प्यारा है। उसकी एक-एक वस्तु के प्रति इनके मन में आत्मीय भाव है। इन्हें दूसरों के धन-दौलत और समृद्धि से कोई प्रयोजन नहीं; पर अपने अधिकारों का हरण इन्हें दुखी बनाता है। उनकी यह सन्तुष्टि और उनका यह दर्द गीतों में स्पष्ट रूप से प्रकट हुआ है :—

नेते दुड़ा नेते जिलीमिलिया
दिसुमेदो लेसे-लेसेया
नेते दुड़ा नेते जिलिमिलिया
गमय दो जिरपी जलङ्

"यहाँ की धूल चमकीली है, यह देश बड़ा सुन्दर है। यहाँ की मिट्टी चमकीली है, यह इलाका बड़ा मनोहर है।"

सन्तान-प्रेम—मुण्डाओं का प्रेम व्यापक है जो यौन-सम्बन्धों तक ही सीमित नहीं होता। उनकी कविता में सन्तान के प्रति बड़ा निर्मल-प्रेम प्रकट हुआ है। इनके जीवन को निकट से जाननेवाले जानते हैं कि ये अपनी सन्तान को कितना प्यार करते हैं। विशेषकर बेटी जो अपने बचपन की मधुर-क्रीड़ाओं से इनके आँगन को रसमय बनाती है और फिर उसे सूना करके ससुराल चल देती है, इनकी भावनाओं का स्रोत है। पिता के घर लड़की को बड़ा प्यार और बड़ी स्वतंत्रता मिलती है। इसके अतिरिक्त इनकी सामाजिक व्यवस्था में भी कुमारी लड़की को नाच-गान मनोरंजन आदि की पूरी स्वतंत्रता दी गई है; किन्तु विवाह के बाद ससुराल में उसके जीवन पर बड़े संयम हैं और ससुराल के उत्तरदायित्वों में उसे अपने को कठोर बना लेना पड़ता है। यह स्थिति अपनी कोमल सन्तान के प्रति माता-पिता की ममता को और भी बढ़ा देती है। ममता और स्नेह के इन मधुर-भावों का चित्र मुण्डा गीतों में आप सर्वत्र देखेंगे। मुण्डा-जीवन से अपरिचित

पाठक भी, केवल गीतों में इनके जीवन के इस मनोहर पक्ष का दृश्य स्पष्ट रूप में देख सकता है। ससुराल के लिए विदा होनेवाली लड़की यों तो सारी दुनिया में करुणा का स्रोत है ; किन्तु मुण्डा-गीतों की यह करुण ममता भूलने की वस्तु नहीं है।

छोटे-छोटे बालकों के प्रति भी इनके गीतों में ममता के भाव भरे हैं।

पर्व – मुण्डाओं के दुख और अभाव भरे जीवन में पर्व का बहुत महत्त्व है। समय-समय पर आनेवाले पर्व इनके जीवन के सूखते सोते को रसमय कर देते हैं। इनके अधिकांश गीत पर्वों से सम्बन्धित होते हैं और उनके केन्द्र में कोई-न-कोई पर्व होता है। इनके पर्व भी काल्पनिक और ऊपर से लदे हुए नहीं होते, वे जीवन की धरती में ही फूटते हैं। पर्वों के गीत भी जीवन के गीत होते हैं। मुण्डा गीतों में पर्वों के उल्लास समय पक्ष प्रतिध्वनित हुए हैं। पर्व की आतुर-जिज्ञासा, उसकी तैयारी, जीवन के मरुस्थल में पर्व की हरियाली, उल्लास के साथ पर्व का अभिनन्दन, गीत और नृत्य के रूप में पर्व के वरदान आदि विषयों में मुण्डा का स्वर मुखरित होता है। जैसा कि 'जदुर' गीतों के वर्णन के प्रसंग में कहा गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से पर्व का वर्णन नहीं होता, उन 'जदुर' गीतों का अधिकांश भी पर्व के ही उपलक्ष में गाये हुए गीत हैं।

दुःख-विपत्ति—यद्यपि उल्लास और मस्ती ने इनके दुःखों को बहुत कुछ भुलाया है; किन्तु दुःखों को भूलने की भी एक सीमा है। गीतों के प्यार की थपकी से जो दुःख सो नहीं सके, वे गीतों में ही फूट पड़े हैं। जैसे पहाड़ी नदियों की उमड़ती हुई धारा में नदी के पेट के सारे पत्थर-टीले डूब जाते हैं ; किन्तु बाढ़ उतर जाने पर वे उन धाराओं में दिखाई देने लगते हैं, वैसे ही मुण्डाओं के जीवन के दुःख-कष्ट जो उमंग की धाराओं में डूब जाते हैं—नशा उतरने पर अपना रूप प्रकट करते हैं।

ऐसे गीतों में गरीबी, भूख, ठंड आदि विकट परिस्थितियों का बड़ा करुण वर्णन है जो थोड़े ही शब्दों में यह भीषण तथ्य कह जाता है कि ऐसी मस्त रहनेवाली और जीवन के जहर को पी-पीकर भी सदा मुसकाती रहनेवाली जाति के मुँह से 'आह' का निकल जाना साधारण बात नहीं है।

नृत्य-गान—पर्वों के उपलक्ष्य में या उन अवसरों पर गाये जानेवाले गीतों में नृत्यों की भी बड़ी चर्चा है। उनमें नृत्य की उमंग, साथी को नाचने का निमंत्रण, अन्य गाँवों में चलने की तैयारी, वादकों और नाचनेवाले संगी साथियों के व्यवहार नृत्य की थकान और परेशानी, छोकरियों के प्रति मधुर उपालम्भ आदि बहुत-सी बातों का वर्णन है।

बाँसुरी—बाँसुरी के प्रभाव की मधुर चर्चाएँ भी इनके गीतों में हैं। वन के एकान्त में सबसे अधिक प्रभाव डालनेवाली, और सोई हुई पीर को जगानेवाली इस रसीली मोहिनी के जादू को भला मुण्डा-गीतकार कैसे भूल सकता है? बाँसुरी की करुण-टेर, बजानेवाले के हृदय की पुकार और सुननेवाले की तड़पन वंशी-गीतों के विषय हैं।

बिरसा भगवान—मुण्डा-गीतकार अपने अमर क्रान्तिकारी और पथ-प्रदर्शक नेता बिरसा भगवान को कैसे भूल सकता है? बिरसा भगवान इनकी स्वतंत्रता के उज्ज्वल प्रतीक हो गये हैं तथा उनके त्याग, संघर्ष और बलिदान की कहानी से सारी मुण्डा जाति अपने को आज भी गौरवान्वित समझती है। बिरसा भगवान के आन्दोलन, उनकी प्रचण्ड शक्ति, उनकी युद्ध-भूमि डुम्बारी पहाड़ उनका अमर बलिदान इन गीतों के विषय हैं।

गान्धी जी—कुछ गीतों में राष्ट्र-पिता की याद में भी मुण्डा-गीतकारों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है और भारतमाता के मन्दिर में अपनी जाति की वन्दना भी स्वरित की है।

इन महत्त्वपूर्ण विषयों के अतिरिक्त समय की महिमा, जीवन का आदर्श, अतिथि-सत्कार, घटनाओं में परोक्ष रूप से भाग लेनेवाले देवता, परदे के पीछे छिपा हुआ भाग्य, सिगबोंगा (सूर्य), माता, पृथ्वी आदि विषयों पर भी छिटफुट गीत हैं।

कुछ गीत उन अन्य देशी-विदेशी लोगों के सम्बन्ध में भी हैं जिनका सम्पर्क इनसे होता रहा है और जिनके कारण इनके शान्त जीवन में हलचल और परेशानी आती रही है।

प्रतीक-उपमान-आलम्बन

मुण्डा-गीतों के भावों को ठीक से समझने के लिए प्रकृति के उन उपादानों का अर्थ समझ लेना आवश्यक है जिनके झुरमुटों में उनके भाव-पुष्प खिला करते हैं।

इन फूलों, पक्षियों और पर्वत-घाटियों के वातावरण से परिचित हुए बिना हम गीत की भावना नहीं समझ सकते और गीतकार की अनुभूतियाँ हम से दूर रह जायेंगी। होना तो यह चाहिए कि इन उपादानों से हमारा भी मुण्डा के सदृश ही घनिष्ठ परिचय और आत्म-भाव हो ; किन्तु यदि यह अपने आप सहज सम्पर्क से न हुआ हो तो कागजी विवरण से इसका होना असम्भव है। फिर भी आशा है, इस सूची से पाठकों को इस वातावरण का कुछ अनुमान हो सकेगा।

इनका प्रयोग मुण्डा-गीतों में कई तरह से किया गया है। कहीं-कहीं ये प्रतीक बनकर आये हैं। प्रेम के गुप्त संकेतों को खोलना जहाँ शिष्टता नहीं मालूम हुई, वहाँ इस रूप में इन्होंने गीतकार की सहायता की है। प्रकृति की मनोहर उपमाओं से तो मुण्डा-गीत भरे पड़े हैं। यत्र-तत्र से प्रेम-विरह या मिलन के भावों के उद्दीपन रूप में आकर गीत की पीर को बढ़ा देते हैं।

फूल—

साराजोम-बा (साखू) - लम्बा वृक्ष, आम की मंजरियों की तरह फूलों का गुच्छा होता है। बसन्त की बहारों में खिलकर बहार को बढ़ा देता है। धीमी-धीमी गन्धवाला यह फूल मुण्डा जाति का प्रिय और पवित्र फूल है। 'सरहुल' में वनदेवता की पूजा इसी फूल से होती है।

ईचा बा (धवई फूल)—छोटा झाड़ीदार पौधा, पतली लम्बी पत्तियाँ, लाल छोटा-छोटा फूल. फागुन में पौधा फूलों से लाल हो जाता है। फूल में मीठा रस, जिसे लोग चूसते हैं।

तोवा-बा (दुधी फूल)—मझले कद का वृक्ष, बड़ी लम्बी लम्बी नुकीली पत्तियाँ, छोटे-छोटे सफेद फूलों का गुच्छा, जेठ में फूलता है, मीठी-मीठी गन्ध !

अटल-बा—यह दो प्रकार का होता है, एक लता—चमेली जैसा। दूसरा बड़ा-बड़ा पौधा—सफेद गुलाब जैसा गन्धहीन फूल, पत्ती लम्बी थोड़ी नुकीली, सदा फूलनेवाला।

मुरुद-बा—पलाश या टेसू का लाल फूल। गन्धहीन, वनस्थली को रंगीन बनाने वाला, वसन्त में खिलता है।

गुलइची-बा—गुलाइची का प्रसिद्ध फूल।

चम्पा-बा—चम्पक का प्रसिद्ध फूल।

केवड़ा-बा—केवड़ा का फूल।

सुकु-बा—कद्दू का फूल।

हुन्दी-बा—वृक्षों में लिपटी हुई लता, चमेली से जरा बड़ी पत्तियाँ, सफेद सुगन्धित फूल, गुच्छेदार फूलता है। पतझड़ के बाद चैत से जेठ तक फूलता है। गन्ध के लिए जगल का प्रिय फूल!

जम्बीरा—नीबू विशेष।

हरि-बा—वृक्ष, छोटी-छोटी गोल नुकीली पत्तियाँ, फूल झब्बेदार लटकता हुआ, पीला, वृक्ष को ढके हुए। गन्धहीन, चैत से जेठ तक फूलता है। हिन्दी में इसे बन्दरलोरी और संस्कृत में अमलतास कहते हैं।

सिसि-बा—वृक्ष, २×३ लम्बी नुकीली पत्तियाँ, वसन्त में पत्र-हीन वृक्ष फूलों से भरा हुआ। फूल लाल, छोटे-छोटे गुच्छेदार, मीठी सुगन्ध, वृक्ष जंगल में दूर से ही दिखाई देता है।

गुड़लू-बा—पेड़, लम्बी नुकीली पत्ती, फूल आम की मंजरी के समान झीना-झीना, थोड़ी-थोड़ी गन्ध, बसन्त में साखू के साथ ही फूलता है। सरहुल की पूजा के लिए साखू के साथ ही यह भी काम में लाया जाता है और उतना ही महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

बुड़जू—(कचनार) वृक्ष, घनी हरी दो दलवाली पत्ती, फूल-किनारे-किनारे सफेद और बीच में बैगनी, फागुन में फूलता है, कचनार का फूल साग के रूप में खाया जाता है। लोग बीज को भी खाते हैं।

बांगुर-बा—झाड़ीदार बड़ा-बड़ा पौधा, लम्बे-लम्बे कांटे, पीला, गोल-गोल रेशेदार फूल।

कुटी-बा—वृक्ष, पत्ती लम्बी, नुकीली, फूल भूरा-भूरा गन्धहीन—मंजरी जैसा झब्बेदार!

लूदम-बा—पौधा, पत्ती-तेजपात के समान, फूल—सफेद सुगन्ध-युक्त।

बरांगू—बबूल जाति का, छोटे-छोटे कांटोवाला पौधा, पत्ती और फूल बबूल के समान।

वचल—कनेर की जाति का पौधा, जो पथरीली नदियों में पाया जाता है, लाल और सफेद फूल।

तुलसी—तुलसी का प्रसिद्ध पौधा।

काड़े—कास नामक प्रसिद्ध घास, शरद् ऋतु में सफेद फूलों से धरती भर जाती है।

लतायें—सुकू—कद्दू।

लताएँ—

तायर—खीरा

अटल—चमेली

सांगा—शकरकन्द

सेयाड़ी—लम्बी लता, छोटी-छोटी पत्तियाँ।

प्लाएडू—जंगली लता, बड़ी-बड़ी पलाश की पत्ती के समान पत्तियाँ।

लामा—वृक्ष में लिपटी हुई मोटी लता, पत्तियाँ मजबूत रेशोंवाली बड़ी-बड़ी। पत्तियों से आदिवासी अपनी प्रसिद्ध और उपयोगी कलाकृति गुंगू—(पत्तियों की ओढ़नी-छाता) बनाते हैं।

राजा-वा—लता, फूल छोटे-छोटे, अगहन में फूलती है। (राजा-वा नामक एक पक्षी भी होता है)

कुन्दरू—जंगली लता, काँटे, छोटी पत्तियाँ।

वृक्ष—

साराजोम—साखू।

मुरुद—पलाश।

कदल—केला।

बाड़े—बरगद।

हेसा—पीपल।

पपड़ा—एक उपयोगी लकड़ीवाला वृक्ष।

बारू—कुसुम का वृक्ष जिसमें लाह लगता है, बड़ा सुन्दर वृक्ष।

पक्षी—

लं-चेड़े—भुजंग पक्षी से जरा छोटा, लम्बी पूँछ नर के पूँछ का रंग सफेद, रंग हरा, च्वोंय-च्वोंय, की रुक-रुककर बोली। पूँछ के लिए प्रसिद्ध, पहकी नाच नाचनेवाले पूँछ को सिर पर खोंसते हैं।

बोचो-चेंड़े—मैना से जरा छोटा, हल्का पीला रंग, अपनी सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध।

लिपी—(लवा—Sky-lark) गोरैया के बराबर भूरा-भूरा रंग, जमीन पर कुंबा (खलिहान की झोपड़ी) के समान खोंता बनाता है। लिप-लिप-लिप-लिप की जल्दी जल्दी बोली। ऊपर उड़ने के बाद नीचे उतरते समय आवाज करता है।

पूतमू—पंडुक।

मीरू—बड़ा सुग्गा, हरा रंग, ठोर लाल, चोंच और बोली के लिए प्रसिद्ध।

कारे—मीरू का पर्यायवाची।

केयाद्—(पतसुग्गी) सुग्गा की जाति का गौरैया के बराबर छोटा पक्षी।

लिटिया—छोटा भूरे रंग का पक्षी, टिक-टिक की आवाज, इसके बारे में विश्वास है कि यह गिद्ध से बाजी जीत गया था।

आसाकल—तीतर से बड़ा, लम्बा पक्षी। बोली उसी के समान, अपनी जोरदार आवाज के लिए प्रसिद्ध। जाड़े में जोर-जोर से सुबह-शाम बोलता है।

कुइली—कोयल।

दीदी—गिद्ध।

मर—मोर।

कोकोर—उल्लू।

केरकेटा—गौरैया से बड़ा लाल पक्षी, खिट-खिट की आवाज में बोलता है।

डिंचुवा—भुजंगा काला, कोयल से छोटा, बड़े पक्षी भी इससे घबराते हैं। 'ढंचू-ढंचू' की आवाज में बोलता है। बड़े सबेरे बोलना शुरू कर देता है।

जानवर—

जिकी—जिसे सेही कहते हैं, काँटोंवाला छोटा जानवर।

हरम्—रात को निकलनेवाला छोटा जानवर कछुए जैसा कड़ा चमड़ा, इसे सूर्यमुखी भी कहते हैं।

अन्य प्राकृतिक तत्त्व—

जोबेला—(जोभी) जहाँ हरदम पानी रहता है।

जीर या जिरकी—(दलदल) जहाँ हरदम कीचड़ रहे।

बेड़ा—(उपत्यका) पहाड़ के किनारे की ढाल या समतल स्थान।

पीड़ी—टाँड़—दोन के ऊपर के खेत या मैदान।

बूरू—पहाड़।

काव्य-कला

मुण्डा-गीतों की काव्य-कला की परीक्षा उन्नत कविताओं की मान्यताओं और निश्चित धारणाओं की कसौटी पर नहीं हो सकती। हमें अपने कृत्रिम आदर्शों के संस्कार से अलग हटकर प्रकृत-भाव से इनमें कला की खोज करनी होगी। विशाल और विस्तृत लोक-मानस की अनुभूतियों को अगर आधार बनाया जाय और कला की कसौटी माना जाय तो हमारी अभिजात कला की श्रेष्ठता स्वयं संकट में पड़ जायेगी और उसे अपनी कृत्रिमता तथा जीवन-भिन्नता के लिए जवाब देना पड़ जायेगा। कला का उद्देश्य अगर रूप-विधान के द्वारा आनन्द प्रदान करना है तो लोक-कविता में जन मानस श्रेष्ठ-साहित्यों की अपेक्षा अधिक आनन्द प्राप्त करता है और अगर कला का सम्बन्ध जीवन से है तब तो, जीवन-शक्तियों से ओत-प्रोत लोक-कविता अभिजात कविता को बहुत पीछे छोड़ देती है।

अभिजात-कविताओं में रस, छंद, अलंकार आदि की कृत्रिम मर्यादाएँ निश्चित की गई हैं ; किन्तु लोक-कविता में इनका सरल सौन्दर्य होते हुए भी कोई निर्धारित मर्यादा नहीं है, लोक-जीवन ही उसकी मर्यादा है। जैसे बच्चे की तुतली बोली में 'फार्म', शिष्टता और कृत्रिमता नहीं होने पर भी सरल हृदय का सहज आनन्द कम नहीं होता वैसे ही लोक-कविता अपने सहज उद्गारों में रसमय और प्रभावपूर्ण होती है और जैसे कृत्रिम शिष्टाचार आडम्बर आदि होने पर भी बड़े लोगों के वक्तव्यों में कभी-कभी हार्दिकता के अभाव में कोई प्रभाव नहीं होता, वैसे ही अभिजात कविता अपने कृत्रिम वेश-विन्यास में भी कभी-कभी कुरूप लगती है।

मुण्डा-गीतों में ऐसे सरल और स्वाभाविक उद्गार हैं जो इनके हृदय के सारे रस और आनन्द को खोलकर रख देते हैं। कलाकार की अभिव्यक्तियाँ परिभाषाओं की घोड़ी पर चढ़कर नहीं चलतीं, वे अपने-आप स्वाभाविक रूप में प्रकट होती हैं। अभिव्यक्तियों

का कलामय होना किसी समाज के कलामय होने पर निर्भर है। जब जाति के जीवन से कला और शक्ति का ह्रास हो जाता है, तब उसकी अभिव्यक्तियाँ भी झूठी मर्यादाओं के ढाँचे में खोखली और निर्जीव बन कर रह जाती हैं।

मुण्डा जाति का जीवन कलामय है। उसमें सौन्दर्य का प्रेम और रस की प्यास है। अस्तु उसकी प्रत्येक अभिव्यक्ति के समान उसकी कविता भी कलामय है। मुण्डा की सुकुमार अभिरुचियों ने अपनी कविता के लिए छंद, अलंकार, रस, ध्वनि आदि के ऐसे अलिखित विधानों के संस्कार लोक-मानस में बैठा दिये हैं जिनकी सहायता से गीतकार रस की सृष्टि करता है, गायक और श्रोता रस का आस्वादन करते हैं, और पाठक तथा समीक्षक के लिए भी जिनको समझ लेना उतना ही आवश्यक है।

मुण्डा-गीतों में प्रतीकों, उपमाओं और आलम्बनों-उद्दीपनों का महत्त्वपूर्ण स्थान है। बहुत-से फूलों और पक्षियों का प्रतीक के रूप में प्रयोग हुआ है। मुण्डाओं के ये चिरसहचर जो कभी इनसे अलग नहीं होते, कविताओं में भी इनके पास आकर इनकी सहायता करते हैं। 'हरि-बा' और 'सिसि-बा' (दो फूल) जदुर खेलने जाते हैं। 'कारे' और 'मीरू' (दो पक्षी) पुरानी, कोंपलों के सूख जाने पर विलख-विलख कर रोते हैं। (दो मित्र अपनी हमजोलियों से बिछुड़ जाने पर रो रहे हैं)। 'सालू' और "सुग्गा" (दो पक्षी—दो मित्र) नाचने जाते हैं। तराई और टाँड़ के रहनेवाले 'दोवा' और 'आसाकल' पक्षी लासा लगाकर पकड़े जाते हैं। (दो युवतियाँ प्रलोभनों से फँसा ली जाती हैं।) मनुष्यों की एक कुरूप लगनेवाली जोड़ी एक बच्चे के लिए 'बंडा कुत्ता' और 'नटरी सूअर' बन जाती है। 'निशी' और 'चाहू' नाच देखने जाते हैं। लेकिन घर के पीछे 'बाज' और 'सिकरा' बैठे हुए हैं। दो लड़कियाँ नाचने जाना चाहती हैं; पर घर के पीछे माँ बाप बैठे हुए हैं।

उपमा और रूपक—

मुण्डा-गीतों में बड़ी सुन्दर उपमाओं का प्रयोग किया गया है और वैसे ही मनोहर रूपकों का भी, जो दृश्य के रूप-विधान में चार चाँद लगा देते हैं।

१. आलाकन-बा लेकन डिंडा-सोमय।
जवानी का समय खिले हुए फूल के समान है।

२. मरं-गाडा चिरपी लेका मइनम् विजिर-विजिरा।
बड़ी नदी की चिरपी (मछली-विशेष) के समान बेटी तुम फुदकती फिरती हो।

३. पुतम् लेका होलं जुड़ी-जना।
पण्डुक के समान हमारी जोड़ी हुई।

४. हेसा-सकम लेका सालू वियुरेन में हो।
हे सालू (सुग्गा) पीपल की पत्ती की तरह घूम-घूमकर नाचो।

५. हाय गति सोना हुन्दी-बा·····।
हे प्रिय (यह) सोना के समान हुन्दी फूल।

६. समड़ोम लेका गेको जोगाव लेद मेया ।
तुमको सोना के समान छुपाकर रक्खा ।

७. मैना लोकाते बाबुरे कजी इतुन में ।
हे बाबू मैना के समान (बोल-बोलकर) बोली सीख लो ।

८. चिलका कड़े-बा बातना एनका पुंजी हिजुतना ।
चिलका कड़े-बा उरुदतना एनका पुंजी सेनोतना ।
जिस प्रकार कास फूलता है, उसी प्रकार धन आता है और जिस प्रकार कास झड़ जाता है, उसी प्रकार धन चला जाता है ।

९. सुगड़ा मिरू-मोचारे चोवो-लेमा ।
(आओ) तुम्हारे मिरू के समान सुन्दरमुख को चूम लूँ ।

आलम्बन और उद्दीपन

वसन्त और प्रकृति के शृंगारों का वर्णन आलम्बन और उद्दीपन के रूप में किया गया है जो विरह-मिलन की अनुभूतियों को बढ़ाते हैं, रात-दिन नाचने को प्रोत्साहित करते हैं और अपने आकर्षण वातावरण में अटल-प्रेम की सौगन्ध दिलाते हैं ।

चित्र-विधान

कुछ गीतों में मधुर उपमाओं की सहायता से सुन्दर दृश्य अंकित किये गये हैं और समूचा गीत ही एक मधुर-चित्र के समान जान पड़ता है ।

एक युवक पानी भरने जाती हुई एक लड़की की छवि पर मुग्ध हो रहा है—

डिंडा सोमय तइकेना
फूलइ तेगेम चवाजना
पोलातम दो - ना
मइना निरल सड़ितन
मइनम् लन्दातन-गे ।

बो-रेदो सुतम् बिन्डा,
बिन्डा चेतन हसा-चटु,
से न त द म ना—
मइना जिड़िब जिड़िबतन
मइनम् लन्दातन गे ।

मयं रेदो नीले साड़ी
साड़ी तदम ओरे तनगे
लेलो: तनम - ना,

मइना कदल दारू लेका,
मइनम् लन्दातन - गे ।

"(तुम्हारा) कुंवारा समय है ।
तुम (रूप के) घमण्ड में फूल रही हो,
तुम्हारे पैर की अंगूठी बज रही है,
लड़की, तुम मुसका रही हो,
"(तुम्हारे) सिर पर सूत का विन्डा है
और विन्डा पर मिट्टी का घड़ा
तुम चलो जा रही हो ।
(तुम्हारे पैर की अंगूठी) जिड़िब-जिड़िब बज रही है । लड़की तुम मुसका रही हो ।
"तुम्हारी कमर में नीली साड़ी है,
तुम केले के वृक्ष के समान दिखाई दे रही हो,
हे लड़की तुम मुसका रही हो ।

अत्युक्ति

मुण्डा-गीतकार ने कहीं-कहीं व्यंग्य-विनोद वश सुन्दर अत्युक्तियों का प्रयोग किया है । एक 'गेना गीत' में एक लड़की ने इतना बड़ा खोंपा बनाया है जिसको फाड़कर हल बनाया जा सकता है । और इतना बड़ा आँचल फहरा रक्खा है जिसमें गाड़ी-भर लकड़ी बाँधी जा सकती है ।

अमागा सुपिद् दोना माई
बन्डा नयलो पड़ा गोवा
अभागा पैला दोना माई
सगिड़ी सान थोलोवा ।

हे लड़की, तुमने इतना बड़ा खोंपा बनाया है जिसे फाड़कर हल बनाया जा सकता है । और इतना बड़ा आँचल फहराया है जिसमें गाड़ी भर लकड़ी बाँधी जा सकती है । लेकिन साधारणतः ऐसी कृत्रिम योजनाएँ मुण्डा-गीतकार के स्वभाव के अनुकूल नहीं हैं ।

अभिव्यंजना—मुण्डा-गीतों में बड़ी सुन्दर व्यंजनाओं का प्रयोग किया गया है । लेकिन उनमें उन्नत भाषाओं के अभिव्यंजना-वादी कवियों की कविता की तरह उलझन और रहस्यमयता नहीं है, सरल सौन्दर्य है ।

एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से जीवन की मझधार में सम्बन्ध तोड़ रहा है और उसे कठिन-विपत्तियों में डाल रहा है । वह जवानी के रंगीन दिनों की याद दिलाती है । फिर युवक उत्तर देता है ।

युवती—जीवन की कठिनाइयाँ और विपत्तियाँ ।

आटा माटा विरको तलारे
अलोहोम निरजा वागिङा
रा मे को मा रे चा रे
अलोहोम निरजा रड़ाइञा ।

"इस घने जंगल में तुम मुझे छोड़कर मत भागो । इस कंटक-भरे मैदान में तुम मुझे छोड़कर मत भागो ।

जवानी के रंगीन दिनों की याद--

काचीहोम लेलेलेदीङा
सेंगेल लेकाइं जुलेतन रे
काचीहोम चिना लेंङा
दः—लेकाइं लिंगीतन रे ।

"क्या तुमने मुझे नहीं देखा था जब मैं आग के समान चमक रही थी ?
क्या तुमने मुझे नहीं पहिचाना था जब मैं पानी की तरह उमड़ रही थीं ?
युवक--प्रेम अन्धा होता है ।

कागे चोवाइं लेलेलेदेमा
दिसुमादो दुदुगर जन
कागे चोवाइं लेलेलेदेमा
गमय दो कोवांसी जन ।

"मैंने नहीं देखा था, (क्योंकि) दुनिया आँधी की धूल से भरी थी ।
मैंने नहीं पहिचाना था, (क्योंकि) दुनिया में कुहासा छाया हुआ था ।

× × ×

एक लड़की किसी युवक द्वारा ठगी गई है ।

होड़ो को तला-आते
इदि कीङम गड़ाते
आतु कीङम गतिं
आतु कीङम गतिं
इकिर दअः तला रे ।

"तुम मुझे आदमियों के बीच से नदी में ले गये ।
हे प्रिय, तुमने मुझे बहा दिया !
तुमने मुझे गहरे पानी में बहा दिया !

× × ×

एक लड़की प्रेम के उन्माद में माँ-बाप की मर्यादा को बरबाद कर रही है। माँ चेतावनी दे रही है।

बुरू रे-दो सेंगेल
निरे मइना निरेमे
खनची गड़ा होयो दुदुगर
नोजोर मइना नोजोरे-मे।

निरे मइना निरे मे
नेगाम चोवा लो-तना,
नोजोर मइना नोजोरे मे
अपुम ओड़ा बले तना।

नेगाम-चोवा लो तनरे
होरा-होराम नकी सुपिदा
अपुम ओड़ा बलेतन रे
डारे-डारेम हुदमा पएला।

"पहाड़ पर आग है। भागो बेटी, भागो! काँची नदी में आँधी आ रही है भागो बेटी, भागो! भागो बेटी, भागो! तुम्हारी माँ का घर जल रहा है! भागो बेटी, भागो! तुम्हारे बाप का घर उड़ा जा रहा है!

तुम्हारी माँ का घर जल रहा है (और) तुम रास्ते-रास्ते बाल सँवारती फिरती हो! तुम्हारे बाप का घर उड़ रहा है (और) तुम रास्ते-रास्ते आँचल फहराती फिरती हो।"

विम्ब-ग्राहिता या गुणात्मकता

मुण्डा गीतों की एक बड़ी विशेषता जो उन्हें अन्य साहित्यों से अलग कर देती है, उनका विम्ब-ग्रहण है। यह प्रकृति के साथ इनकी निकटता और तादात्म्य सम्बन्ध का ज्वलन्त प्रमाण है। यह विशेषता प्रकट करती है कि वाह्य प्रकृति के नैसर्गिक सौन्दर्य के साथ इनकी इन्द्रियों का कितना सहज सम्बन्ध है। और इनकी ज्ञानेन्द्रियों के 'लेंस' पर वाह्य प्रकृति का कैसा स्पष्ट चित्र उभरता है। आज की सभ्य-भाषाएँ रूप, रस, गन्ध आदि के प्राकृतिक स्वाद को भूल चुकी हैं और जिस प्रकार अपने अप्राकृतिक आहार से स्वाद की शक्तियों को खोकर मनुष्य जीभ को छलने के लिए मिर्च-मसाला का प्रयोग बढ़ाता जा रहा है, उसी प्रकार सरल अनुभूतियों के अभाव में अभिव्यक्ति को प्राणवान् बनाने के लिए सभ्यता ने कृत्रिम विशेषणों और अलंकारों का प्रयोग किया है।

मुण्डा-गीतों में वस्तुओं का यथातथ्य-गुणात्मक चित्रण बड़े सुन्दर ढंग से किया गया है। यदि अपनी आदत से लाचार होकर हम उनके इन गुणों का नामकरण करें तो उन्हें दृश्यात्मकता; ध्वन्यात्मकता, रसात्मकता, गन्धात्मकता, स्पर्शात्मकता, क्रियात्मकता, स्वभावात्मकता आदि नाम दे सकते हैं। मुण्डा-कविता के इन भाव-चित्रों को देखकर उन्नत भाषाओं का विधवापन समझ में आ जाता है।

दृश्य के लिए—

१. मरं बुरु दिया सेंगेल **जिलिब केन जिलिब केन**
हुड़ि बुरु मादि मारेसाल **जोलोब केन जोलोब केन**
बड़े पहाड़ पर दिया झिलमिला रहा है।
छोटी पहाड़ी पर ज्योति टिमटिमा रही है।

२. मरं गाड़ा दो **गुले गुलेया,**
हुड़ि गाड़ा दो **लेबे लेले,**
बड़ी नदी उफनाई हुई है।
छोटी नदी लबालब भरी है।

३. कुटी-बा रीबी-रीबो,
नरो-वा गासा-गासा।
घनाघन कुटी फूल!
गहगहाया हुआ नरी-फूल!

४. रिगि मिगी जोलो मोलो···
चमचमाता हुआ, झिलमिलाता हुआ।

ध्वनि के लिए—

१. सेके सेके रोलो रोलो
सक-सक की ध्वनि—रल-रल की आवाज।

२. रिबो रिबी तना,···गासा गासा तना····
टपटपा रहा है, झरझरा रहा है।

३. किता दारु सिले सिले—
लिटिया चेड़े टियुल-टियुल
मरमर करता खजूर का वृक्ष!
फुरफुराता हुआ लिटिया पक्षी!

४. ···पिसिर पिसिरा—जड़म जड़ामा।
(पानी) फिसफिसा रहा है,··झमझमा रहा है।

स्पर्श के लिए—

···चिरि बिरिया—

(काँटा) परपरा रहा है।

गन्ध के लिए—

१. गितिल गितिल सोवाना,
सेरेंग सेरेंग सिंडिया,
धुलियाया हुआ महकेगा
पथराया हुआ गमकेगा।

२. मोगो मोगो सुगड़ा-बा बुगिन-सोवन
महं-महं करती हुई, सुन्दर फूल की महक।

स्वभाव के लिए—

···गिपाल गोपोला,···केरो केचो।

···मनमौजी (मुर्गा)···कुड़कुड़ी (मुर्गी)।

क्रिया के लिए—

१. ···रुकुवलं मे,···दंसियलं मे—

···झरझरा दो,···भरभरा दो।

२. जिलिब जिलिबा—

चमका रहा है।

३. ···दिले दोगोबा,···तिंजर तोंजोरा—

···झमझमा कर फूल रहा है···गहगहा कर फूट रहा है।

पुनरावृत्ति—

अब हम उस प्रधान विशेषता की छटा देखें जो सारी मुण्डा-काव्यकला का आधार है। मुण्डा गीतों की प्रत्येक पंक्ति बड़ी सुन्दरता के साथ दुहराई गई है[1] जो गीत के सौन्दर्य में चार चाँद लगा देती है। अगर इस पुनरावृत्ति को हटा दिया जाय तो सारी मुण्डा-कविता परिमाण में आधी रह जाय और सौन्दर्य में उतनी भी शेष न रहे।

किन्तु यह पुनरावृत्ति कोरी और सीधी-सादी पुनरावृत्ति नहीं है। यह एक पंक्ति के प्रत्येक शब्द के लिए कभी समानार्थक और कभी विपरीतार्थक जोड़ा प्रस्तुत करती है। कभी पंक्ति के एक-दो शब्द को और कभी पूरी पंक्ति को मनोहर जोड़ों से बदल देती है। इस आवृत्ति में एक लय है, उसके कदमों में एक समगति है। मानो किसी वृक्ष की टहनी पर दो पक्षी सट-सटकर बैठे हुए चोंच मिला रहे हों या जंगल की झाड़ियों के बीच हिरनों की जोड़ी एक साथ छलांगे मार रही हो। किसी साँचे में ढले हुए समान रूप-रंग के उन

---

१. पुनरावृत्ति की समीक्षा छंद-विधान शीर्षक के अन्तर्गत देखें।

शब्दों के प्रयोग को देखकर मुण्डा-गीतकार की सुरुचि और प्रतिभा तथा मुण्डा-भाषा की शक्ति के सामर्थ्य का एक ही साथ पता चल जाता है।

यह आवृत्ति कर्त्ता, कर्म, क्रिया, क्रिया-विशेषण, विशेषण सबमें है। और जैसा ऊपर बताया गया है समानार्थक और विपरीतार्थक दोनों प्रकार की है। 'पहाड़' के साथ 'घाटी', टाँड़' के साथ 'जंगल', 'गति' के साथ 'संगम', 'हरिवा' के साथ 'सिसिवा', 'सेके सेके' के साथ 'रोलो रोलो', 'रिबी रिबी' के साथ 'गासा गासा', 'लेलेमेया' के साथ 'चिनामेया' आदि अनेक रूपों में यह आई है। छवि की इस मनोहर छटा के जो प्रत्येक गीत में देखी जा सकती है, यहाँ कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

१. हिजु सेनो राजा लेलेमेया—
गोसो गोसो राजा लेलेमेया,
वियुर नचुर राजा चिनामेया—
मोरसो मैला राजा चिनामेया,
हे राजा तुमको आते-जाते देखती हूँ,
हे राजा तुमको सूखा-सूखा देखती हूँ,
हे राजा तुमको घूमते-फिरते देखती हूँ,
हे राजा तुमको उदास-उदास देखती हूँ।

२. एलारे जुड़िरेन मिरुकिं—
एलारे हड़ागुन बेन,
एलारे जोतारेन कारेकिं—
एलारे नोसोरेन बेन।
हे मीरू की जोड़ी उतर आओ।
हे कारे की जोड़ी उतर आओ।

३. मरं गड़ा चिरपी लेका मइनम्—
बिजिरा विजिरामइना।
नुड़िं गड़ा नयरा लेका मइनम्—
वियान, वोयोना मइना।
हे बेटी, (तुम) बड़ी नदी की चिरपी
(एक मछली) के समान फुदकती फिरती हो।
हे बेटी, (तुम) छोटी नदी की 'नयरा'
(एक मछली) समान उछलती फिरती हो।

४. सोमय सेनो जन देयम कुबा जन
नुसड़ा विरद जन जोवाम रेपो जन

समय चला गया, कमर झुक गई।
दिन बीत गये, गाल पिचक गये।

कथनोपकथन—

लगभग सारे मुण्डा गीत वार्तालाप के रूप में प्रस्तुत किये गये हैं। जो प्रकृति के रंगमंच पर जीवन-नाटक के सजीव अभिनय के समान जान पड़ते हैं। वास्तव में इनका सृजन रंगमंच के लिए ही हुआ है। अधिकांश गीत नृत्य गीत हैं, नृत्य का अखाड़ा उनका रंगमंच है और गीतों में आकुल हृदय का विकल-निवेदन भरा हुआ है और अन्य गीत भी पठन-पाठन या अध्ययन के लिए नहीं, वरन् गाने के लिए बने हैं, जिनमें जीवन के विस्तृत रंगमंच पर दूर या पास के किसी संगी के प्रति पुकार भरी हुई है। इस सामाजिकता-प्रिय जाति के ये गीत न तो आध्यात्मिक आत्म-निवेदन हैं और न दूर के किसी 'अन्य पुरुष' के प्रति नीरस उपदेश हैं। ये सीमित जीवन की सीमाओं में क्षण क्षण उपस्थित होनेवाले भावावेग हैं, जो स्वाभाविक रूप से मध्यम पुरुष पर ही आश्रित हो सकते हैं और वहीं पर अपने मन का भार हलका कर देते हैं। मुण्डा के हृदयाकाश के इन बादलों को न समुन्दर का पता पूछना है न 'आक्सिजन हाइड्रोजन' का भेद समझना है, वे केवल सामने की धरती को पहचानते हैं।

ये गीत 'गति-संगम' (प्रिया प्रियतम), माँ-बेटी, पिता पुत्र, दादा-भाई, दीदी-बहन, किन्हीं दो व्यक्तियों के वार्त्तालाप हैं, इनमें 'हरिबा' और 'सिसिबा', 'मीरु' और 'कारे', 'तिसी' और 'चाडू' कभी प्रकृति रूप में और कभी सहेली, मित्र या प्रेमी के रूप में बातचीत करते हैं। मित्र और प्रेमी गोपनीय अभियानों के लिए फूलों और पक्षियों के रूप में ही अधिकतर आये हैं। प्रायः सारे मुण्डा-गीतों में प्रश्न और उत्तर की सम्मिलित गत बज रही है।

इस प्रकार मुण्डागीत या तो पारिवारिक सम्बन्धों के मनोहर दृश्य हैं, या नर-नारी की शाश्वत प्रणय कहानी हैं या प्रकृति और पुरुष के चिरन्तन सम्मिलन हैं।

प्रधान-विशेषता—

मुण्डा-गीतों में यद्यपि प्रेम के भावों की प्रचुरता है; किन्तु जैसा पहले कहा जा चुका है, उसमें संयम और मर्यादा का यथेष्ट पालन किया गया है। गीतों के इस पारदर्शी स्वरूप में मुण्डा-जीवन का संयम और अनुशासन स्पष्ट रूप में दिखाई पड़ता है। यद्यपि इस समाज में बहुत दूर तक उन्मुक्त प्रेम की स्वीकृति है; किन्तु इतना होते हुए भी गीतों में यौन भावों या यौन शब्दावली का एक दम अभाव है। सभ्य और संस्कृत कहे जानेवाले सारे साहित्यों में हम जिन नख-शिख अंगों, उद्दीपक चेष्टाओं और कभी-कभी तो निर्लज्ज क्रियाओं आदि के शब्दों की भरमार पाते हैं, उनका इस पिछड़ी कही जानेवाली जाति के गीतों में अभाव देखकर आश्चर्य होता है और उससे भी बढ़कर आश्चर्य तब होता है जब हम अन्य आदिवासियों के गीतों को उनसे वंचित नहीं पाते! बहुत-सी आदिवासी जातियों की कविता में इन शब्दों और भावों की छूट है। कभी-कभी तो प्रत्यक्ष रूप में और कभी-कभी प्रच्छन्न रूप में यौन कहावतों आदि के द्वारा इन शब्दों, भावों और क्रियाओं का प्रयोग किया गया है। एलविन ने अपनी 'दी बैगा' पुस्तक में बैगाओं द्वारा यौन भावों के लिए ऐसी कहावतों

के प्रयोग के बहुत-से उदाहरण प्रस्तुत किये हैं और गीतों के उस स्वरूप में उनके सामाजिक जीवन का प्रतिविम्ब दिखलाया है।

किन्तु जब हम मुण्डा की सामाजिक व्यवस्था की दृढ़ता देखते हैं, तब न केवल यह रहस्य समझ में आता है, वरन् हमारा आश्चर्य भी श्रद्धा में परिणत हो जाता है।

नृत्य के अखाड़े में जहाँ अन्य आदिवासियों में लड़के लड़कियों की कतारें आपस में मिल जाती हैं, वहाँ मुण्डा-अखाड़ों में दोनों के बदन का स्पर्श वर्जित है। जहाँ लड़कियाँ केवल आपस में जुटकर नाचती हैं और वहीं लड़के उनको अछूता रख उछल-कूद मचाते हैं। जहाँ उच्छृंखल युवक अव्यवस्थित रूप में उछलते-कूदते हैं, वहाँ लड़कियाँ एक समगति से पैरों को उठातीं-गिरातीं और नारी की मर्यादा के अनुकूल अपनी आवाज को और भी बारीक बना लेती हैं। मानों स्वर की लजौली दुलहिन घूंघट की ओट से झाँक रही हो। विवाहिता युवतियाँ केवल पर्व के दिन नृत्य में सम्मिलित होती हैं; किन्तु तभी तक जबतक नाच देखने के लिए गाँव-भर के बूढ़े-बूढ़ियाँ वहाँ एकत्र होते हैं। और, वे उस समय से पहले ही अखाड़ों से विदा लेती हैं जब वृद्धजन अन्य लड़के-लड़कियों को रात भर उन्मुक्त रूप से नाचने के लिए छोड़कर घर लौट आते हैं।

मुण्डा गीतों पर इस संयम और मर्यादा के जातीय संस्कार का प्रभाव है, जिसके कारण उनमें यौन और अश्लील भावों का कोई स्थान नहीं है।

छंद-विधान—

मुण्डा-गीतों में काव्य और संगीत के तत्त्व मिलजुलकर इस प्रकार एकाकार हो गये हैं कि उनकी अलग विवेचना नहीं हो सकती। ये रस से भरे हुए गीत संगीत के साँचे में ढले हैं और संगीत के 'चाक' पर ही इनका सृजन हुआ है।

फिर भी इन गीतों में काव्योचित छंद और लय है और इनके चरणों में पद्यात्मक यति और गति है। मुण्डा-गीत साधारणतः तीन पदों के होते हैं। जैसे रेकार्डों पर नपे-तुले गीत ही चढ़ाये जा सकते हैं, वैसे स्वाभाविक रूप से ही मुण्डा-गीत इतने बड़े बनाये गये हैं, जो नृत्य के एक ताल में समाप्त हो जायँ। वास्तव में ये नृत्य-गीत हैं और परम्परा ने बहुत दिनों तक प्रयोग करके यह निर्धारित किया है कि इन्हीं तीन पदों की अवधि में नृत्य के उतार-चढ़ाव समाप्त होते हैं, भाव और उमंग 'क्लाइमेक्स' पर चढ़ते हैं और पैरों की गति क्षण-भर विश्राम लेने के लिए बन्द हो जाती है।

कुछ गीत जो बहुत कम हैं, चार-पदों के भी हैं, और एक आध पाँच पदों के भी।

इन गीतों में तुकान्त का विधान है और केवल तुकान्त में ही नहीं, वरन् गीत के प्रत्येक प्रधान शब्द में ऊपर और नीचे की पंक्तियों में एकरूपता होती है जैसा कि काव्य-कला के विश्लेषण में बताया गया है—दूसरी पंक्ति के अधिकांश शब्द पहली पंक्ति के शब्दों के समानार्थक या विपरीतार्थक प्रत्युत्तर होते हैं।

पंक्तियों की लम्बाई समान होती है और उनमें एक गति होती है। यद्यपि यह लम्बाई हिन्दी के मात्रिक या संस्कृत के वार्णिक छंदों के अनुसार नहीं होती, और अरबी, फारसी तथा उर्दू के छंदों की वजन की पद्धति भी इनमें नहीं होती, फिर भी काव्य की प्रधान वस्तु जो पद्य को गद्य से पृथक् करती है, इनमें बहुत अधिक होती है। और यद्यपि गीतों के लिए वृत्त की किसी निश्चित मात्रा या वर्ण का विधान नहीं है, किन्तु वाद्यों के

तालों और वाद्य-वृत्तों का विधान निश्चित बोलों द्वारा निर्धारित किया गया है। वाद्यों के यही बोल संगीत को निर्देशित करते हैं। गीतों की पदावली संगीत में बाजे के बोलों के ही समानान्तर चलती है और संकोच, प्रसार, ह्रस्व-दीर्घ और प्लुत के द्वारा अपने आकार-प्रकार घटा-बढ़ा लेती है।

पद बहुधा दो पंक्तियों के होते हैं और ध्यान से देखने पर इनमें भी संगीत का ही हाथ दिखाई देता है। भावों के स्पष्टीकरण के लिए स्वर को मर्यादा भर चढ़ाने के लिए, वाणी में सन्तुलन स्थापित करने के लिए और गीत की दूसरी डाल को उचक कर पकड़ने के लिए प्रत्येक गायक को पंक्तियों को दुहराने की आवश्यकता पड़ती है। मुण्डा-गीतों में पंक्तियों की पुनरावृत्ति का रहस्य यही है। किन्तु अन्य गीतों में जहाँ यह पुनरावृत्ति कविता से अलग केवल गाने में ही स्थान पाती है—गीत से अलग संगीत में ही, वहाँ मुण्डा ने अपनी कविता में ही इसको स्थान दिया है। बहुधा दूसरी पंक्ति का कोई अलग अर्थ नहीं होता। साथ ही आवृत्ति के सिवा उसके प्रयोग की और कोई उपयोगिता नहीं है; किन्तु उसके परिवर्तित शब्द संगीत को बड़े कलात्मक ढंग से प्रभावशाली बना देते हैं और सुननेवाले पर एक बड़ा मोहक प्रभाव डालते हैं। वे एक ऐसे झंकार का वातावरण उपस्थित कर देते हैं कि पंक्तियों की कोरी-आवृत्ति में श्रोताओं को घबरा देनेवाला एक मनहूस दृश्य बन कर रह जाता है।

और, मुण्डा-गायक बड़े संयम और अनुशासन के साथ मौसम ताल और लय की मर्यादा का पालन करता है। वह समय-असमय उच्छृंखल ढंग से भैरवी, असावरी और विहाग की खिचड़ी नहीं पकाता।

बाजों में मुख्यतया माँदर, ढोल और नगाड़े बजाये जाते हैं जिनके बोल उनकी ध्वनियों के अनुरूप बनाये गये हैं। माँदर धीरे-धीरे अब कम हो रहा है और उसका स्थान ढोल ले रहा है।

इन बाजों और संगीतों के लय-ताल का विकास बहुत दिनों तक प्रकृति के वातावरण में, एकान्त और शून्यता की परिस्थितियों में, पक्षियों, नदी-निर्झरों आदि के स्वरों में स्वर मिलाकर मुण्डाओं ने किया है। एकान्त राह में राही की ऊँची टेर के समान वन के एकान्त में इन गीतों की टेर भी ऊँची चढ़ती है और फिर वनों-पर्वतों को ध्वनित प्रति-ध्वनित करके दिगन्त में खो जाती है।

गीतकार—

बहुधा लोकगीतकार का परिचय प्राप्त करना बड़ा कठिन होता है। लोकगीत कोई 'रचना' नहीं होते, और उनके पीछे कोई व्यक्तित्व नहीं होता। वे किसी व्यक्ति को केवल निमित्त बनाकर लोकमानस के स्वाभाविक भावों की अभिव्यक्ति होते हैं। 'साधारणीकरण' का सरल भाव अपने बड़े मनोहर रूप में लोकगीतों में व्याप्त होता है। लोकगीत में किसी व्यक्ति-विशेष के विशेष चिन्तन और भिन्न दृष्टिकोण नहीं होते, उनमें वही भाव होते हैं, जो सबके हैं और जिनमें अधिक-से-अधिक समानता है। अपने इस गुण के कारण लोकगीत बिना किसी प्रयत्न या प्रकाशन के सामान्यता के 'ईथर' में लहराकर लोकमानस के उन्मुक्त आकाश में फैल जाते हैं।

दूसरे, लोक गीतकार किसी यश, नाम, अर्थ आदि की कामना के बिना ही गीतों में अपने स्वाभाविक उद्‌गारों को प्रकट करता है। उसे अपनी रचनाओं को किसी पत्र या पुस्तक में प्रकाशित नहीं कराना है। उसे इसकी भी चिन्ता नहीं है कि उसके गीतों को जनता ने अपनाया या नहीं। गीतों के पीछे गीतकार के सब जगह मौजूद रहने की स्थिति की कल्पना भी वह नहीं करता। लोक-गीतकार अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष, किसी भी प्रकार की आकांक्षा से मुक्त, व्यक्तित्व, नाम और रूप से रहित होकर, गीतों में खो जाता है और फिर गीतों के साथ जन-मन में घुलकर सर्वदा के लिए लुप्त हो जाता है।

तीसरे, गीतों के टिकने का सहारा मौखिक परम्परा है। लोकगीत अपने सरल-आकर्षण और गेयता के पंखों पर उड़ते हुए मौखिक परम्परा के आकाश में फैलते जाते हैं। अपने पंखों पर परिचय और इतिहास का बोझ बाँधकर उड़ना उनके लिए सम्भव नहीं है। गीत की मधुर लहरों के अतिरिक्त जो स्वयं बोझ बनने की जगह जीवन का बोझ हलका करने में सहायता करती हैं, जन-मन और किसी बोझ को ढोना पसन्द नहीं कर सकता। समीक्षक जिनके लिए माथा-पच्ची करता है, वे बातें जनता के लिए न तो सम्भव हैं न उनमें उसकी कोई दिलचस्पी हो सकती है। किन्तु अपने गीतकारों के प्रति जनता की मौत कृतज्ञता से बढ़कर और कोई कृतज्ञता नहीं हो सकती और हजारों गीतों को अपने कंठ में सुरक्षित रखने और इतनी तन्मयता से गाने से बढ़कर गीतकारों के प्रति श्रद्धांजलि और क्या हो सकती है?

अस्तु, सभी लोकगीतों की तरह मुण्डा-गीतकारों के भी परिचय का कोई साधन नहीं है। कहना मुश्किल है कि इनके हजारों की संख्या में बिखरे हुए गीत, जो अब जातीय धन बन चुके हैं, किनके-किनके और कब कब के सिरजे हुए हैं। गीतों में कुछ ऐतिहासिक संकेतों के आधार पर समय का अनुमान किया जा सकता है; पर गीतकार का पता लगाना सम्भव नहीं है।

शिक्षा के प्रचार के साथ कुछ नाम मिलने लगे हैं। वे या तो उन गीतकारों के हैं, जो शिक्षित रहे और जिन्होंने गीतों में नाम का सिक्का चालू करने का फैशन दूसरों से सीख लिया। नहीं तो फिर, जिनका शिक्षित लोगों से सम्पर्क रहा और उन्होंने उन नामों को याद रखा और थोड़ा बहुत प्रचारित किया। मगर ये नाम आधुनिक युग के व्यक्तियों के ही हैं।

मुण्डा-गीतों की यह परम्परा उतनी ही पुरानी है, जितनी मनुष्य के हृदय में अनुराग और मस्ती! इस आदिम जाति ने मानव इतिहास के आदिम युग से ही गीत सिरजे और गाये हैं। इसके गीतकारों का इतिहास इस जाति के समान ही प्राचीन है। दो-चार परिचित नाम उस इतिहास-शृंखला की केवल अन्तिम कड़ियाँ हैं। ऐसी दशा में उन अनाम और अरूप गीतकारों की आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के सिवा उन्हें याद करने का और साधन नहीं है। मुझे केवल चार-पाँच नामों का ही पता मिला, जो निम्नलिखित हैं—

१. श्री बूढ़न सिंह— खूँटी से १४ मील पूर्व बूढाडीह के मानकी थे और खूँटी थाने के प्रसिद्ध सार्वजनिक कार्यकर्त्ता (आज थाना-काँग्रेस कमिटी के सभापति) मानकी जूरन सिंह के पितामह थे। उनका गाँव बुन्डू, तमाड़ और खूँटी के बीच सबसे ऊँचे

पहाड़—'सुकन वूरू' की गोद में स्थित है। वे प्रकृति प्रेमी और मस्त आदमी थे। मानकी थे ही, उनके रसिक स्वभाव के कारण उनके घर पर नवजवानों की जमघट लगी रहती थी और वे अपने रचे हुए गीत सुनाया करते थे। अपने मित्रों के साथ वे उत्साहपूर्वक अखाड़े में भी उतरते थे।

२. श्री विनन सिंह—इनका नाम श्री विनय सिंह है। ये तमाड़ इलाके के निवासी थे। इनके अधिक गीत नहीं हैं और इनके गीतों की पहचान भी कठिन है।

३. बुधू बाबू—बुधू बाबू मुण्डा-साहित्य को अपनी रचनाओं से समृद्ध करनेवाले सबसे बड़े गीतकार थे। तमाड़ से ढाई मील की दूरी पर 'बबाई कुण्डी' नामक ग्राम में इनका निवास था, जहाँ इनके दो पौत्र अपने परिवार के साथ रहते हैं।

बुधू बाबू के पूर्वज काशीपुर के महाराज से सम्बंधित और उनके आश्रित थे और इनके प्रपितामह तमाड़ के राजा द्वारा लाये गये थे। बबाई कुण्डी में उन्हें जागीर मिली। उनकी उपाधि 'साय' थी; किन्तु शिखर भूमि के निवासी होने के कारण उन्हें शिखर की उपाधि मिली। बुधू बाबू के पितामह का नाम 'माधव शिखर' और पिता का नाम 'गौर शिखर' था। गौर शिखर बलवान गुणी और मंत्र-तंत्र के ज्ञाता थे। कहते हैं कि उन्हें देवी की कृपा प्राप्त थी।

बुधू बाबू का पूरा नाम बुधनाथ शिखर था। इनका जन्म १८३० ईसवी के लगभग और मृत्यु १९१० और १९०० ईसवी के बीच में हुई थी। ये लगभग ८० वर्ष जीवित रहे। इनकी शिक्षा केवल बाल-वर्ग तक हुई थी। ये बड़े भक्त आदमी थे। नृत्य और गीत के बचपन से ही प्रेमी थे। इनके गीतों के वे भक्त, जो इनके जीवन की अन्तिम अवस्था में इन्हें देख चुके हैं, बड़ी श्रद्धा से इन्हें याद करते हैं। वे कहते हैं कि बुधू बाबू भावावेश में अखाड़े में नाचते समय नये गीत बनाकर गाया करते थे। बबाई कुण्डी ग्राम में एक बूढ़े ने, जिसने अखाड़े में बुधू बाबू के बूढ़े-कदमों के साथ अपने बचपन के कदम मिलाये थे, बड़ी भक्ति के साथ मुझे बताया कि वह जो कुछ बोल गया सो गीत बन गया।

पाँच-परगने की संस्कृति पर चैतन्य देव के कथा-कीर्त्तन का बड़ा व्यापक प्रभाव है। वहाँ के पाँच परगनिया लोकगीतों में वह प्रभाव व्याप्त है। बुधू बाबू ने रामायण नाम से १९ और प्रीतपला नाम से ६४ गीतों की रचना की थी, जो प्रायः सबके सब पाये जाते हैं। ये सभी करमा गीत हैं। 'रामायण' में सीता की खोज के लिए बन्दरों की लंका-यात्रा की कथा है। उनका पुल बनाने का उत्साह, अंगद का दूत-कर्म हनुमान का नेतृत्व, जामवन्त की सिखावन तथा राम-लक्ष्मण की झाँकी आदि विषय इन गीतों में आये हैं।

'प्रीत-पला' में कृष्ण का बचपन, यशोदा का प्यार, कदम्ब, मुरली, गोपियाँ, राधा का प्रेम, रासलीला आदि विषय हैं।

बुधू बाबू के भावपूर्ण और दर्द भरे गीत पाँच परगना के क्षितिज से काली घटा के समान उठकर अब सारे मुण्डा संसार पर छा गये हैं। ये ऐसी सरल और स्वाभाविक शैली में लिखे गये हैं और इनमें इतना प्रभाव है कि उन्होंने लोकमानस को अपनी हरियाली से भर दिया है। मुण्डा न होने पर भी बुधू बाबू का मुण्डा भाषा, शैली और अभिव्यक्ति की कला पर इतना व्यापक अधिकार देखकर स्वयं मुण्डाओं को भी आश्चर्य होता है। बुधू बाबू के गीतों ने मुण्डा-कंठ, राग, भाव और शैली सबको समान रूप से प्रभावित

किया है और करमा गीतों को अपनी कला और विशेषता में अन्य गीतों से बढ़कर बना दिया है।

कहते हैं कि हरी बाबू नामक एक पंचपरगनिया भाषा का गीतकार बुधू बाबू का साथी था। वह मुण्डा भाषा भी अच्छी तरह जानता था। बुधू बाबू ने अन्तिम समय में उससे अपनी 'रामायण' पूरी करने का अनुरोध किया था; किन्तु उनकी इच्छा पूरी न हो सकी।

गाँजा पीना, शतरंज खेलना और रातदिन गुनगुनाते रहना, बुधू बाबू की यही दिनचर्या थी और कहते हैं, मृत्यु के समय किसी अनजान शक्ति की आराधना में उनका सिर झुका हुआ था।

किष्टोमोहन शिखर उनके पुत्र थे। बबाई कुण्डी में बुधू बाबू के दो पौत्र जनार्दन शिखर और रुद्र शिखर अपने परिवार के साथ मौजूद हैं।

बुधू बाबू के गीतों में 'चिटिद्' करमा गीतों की विशेषता पाई जाती है। उनमें बड़ी लम्बी टेर और ऊँची पुकार है। यद्यपि पुनरावृत्ति कथनोपकथन आदि मुण्डा-गीतों की परम्परागत शैली वहाँ नहीं है; किन्तु गीतों की लहरों में वही करुणा और कम्पन मौजूद है, जो मुण्डा प्राणों को आन्दोलित करनेवाली बन-रागिनी की निजी विशेषता है। निम्नलिखित प्रसिद्ध गीत बुधू बाबू का ही है—

उरी गुपियाते गोपाल
हिजु: लेना अकल-वकल
अमनगेन दोवाकना
रोका तोवा लोटा रे—
चोओ—लेमा—
नामा सुगड़ मिरु मोचा रे—
चोओ लेमा—

राम—ये आधुनिक मुण्डा-भाषा के सबसे प्रमुख गीतकार थे। इनका घर रांगरोंग में था, जो खूँटी-तमाड़ रोड पर—थोड़ा बायें हटकर—खूँटी से १४ मील पर है। सन् १९४७ ईसवी में लगभग साठ वर्ष की अवस्था में लम्बी-बीमारी से इनकी मृत्यु हुई। ये शिक्षित थे और प्राइमरी स्कूलों में इन्होंने अध्यापन का कार्य किया था।

इनका गाँव रांगरोंग प्रकृति की मनोरम रंगस्थली है। गाँव से सटा हुआ उत्तर की ओर ऊँचा पहाड़, पहाड़ के ऊपर घनघोर जंगल, ऊपर की झाड़ियों और चट्टानों से घिरा हुआ एक स्मरणीय सरोवर, सरोवर से पानी की एक धारा बहाई गई है, जो एक ओर तो पहाड़ की मिट्टी को बहाकर लाती है और नीचे के खड्डों को भरकर उन्हें खेत बना रही है। दूसरी ओर नीचे कई धाराओं में बँटकर प्रत्येक आँगन में और सब्जी के प्रत्येक खेत में पहुँचती है। प्रत्येक घर के लोग उसी पानी से धोने-माँजने का सारा काम करते हैं। गाँव की दूसरी ओर धान के खेत होते हैं, जिनमें बरसात का पहाड़ी पानी सदा कुलबुलाता रहता है।

राम प्रकृति के बड़े प्रेमी थे। वे बहुधा पहाड़ के ऊपर सरोवर के किनारे जाकर बैठा करते थे और वन-देवता के चरणों में अपने मधुर कंठ से गीतों के फूल चढ़ाया करते थे।

वे स्वभाव के बड़े मधुर, कोमल और मिलनसार थे। इन पंक्तियों के लेखक को भी उनके घर पर उनसे मिलने और दो दिनों तक उनके सत्संग में रहने का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। वह साहचर्य मेरे जीवन की सबसे मधुर स्मृतियों में है।

उनके गीतों में प्रकृति का प्रेम और विरह की पुकार भरी हुई है। मानों फूलों के झुरमुट में कोयल कूक रही हो।

"कीताहातू-होरा रे..." (कोताहातू की सड़क पर...) नामक उनके प्रसिद्ध गीत की वनदेवी अब दुनिया में अकेली है और उसकी अर्चना में आकुल रहनेवाला ऋतुराज उसे छोड़कर सदा के लिए चला गया है।

इनके अतिरिक्त मुण्डा-गीतों के कोष में अन्य आधुनिक गीतकारों ने भी अपने गीत जोड़े हैं। विषय शैली आदि की दृष्टि से उनकी नवीनता और आधुनिकता स्पष्ट हो जाती है; पर उनमें कोई नाम विशेष उल्लेखनीय नहीं है।

वाह्य-प्रभाव—

अन्य जातियों के सम्पर्क से दूसरी सारी बातों की तरह मुण्डा-गीतों के विषय-शैली आदि पर भी वाह्य प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। यों तो रामकृष्ण-सम्बन्धी गीत-मुण्डा भाषा में पहले से थे; किन्तु करमा गीतों में रामकृष्ण-सम्बन्धी गीतों की प्रचुरता चैतन्य महाप्रभु के उस प्रभाव से है, जो पाँच परगने की संस्कृति, भजन-कीर्त्तन आदि पर छाया हुआ है।

शैली में कई तरह के वाह्य प्रभाव परिलक्षित होते हैं। रामायण और कृष्ण-सम्बन्धी गीतों के लिए और ऐसे ही अन्य करमा गीतों के लिए नये सिरजे हुए छंदों, उपमाओं आदि का प्रयोग हुआ है।

आधुनिक युग के उन गीतों में जो शिक्षित गीतकारों द्वारा सिरजे गये हैं, आवृत्ति या जोड़ा मिलाने की प्रवृत्ति का पूर्णतया अभाव है। यह शैली न तो मुण्डा गीतों के श्रेष्ठ गीतकार बुधू बाबू के हैं; और न वैसे ही श्रेष्ठ मुण्डा-कवि राम के गीतों में है। कथनोपकथन भी प्रायः कम ही मिलते हैं। आधुनिक गीत शुद्ध 'लीरिक'-से जान पड़ते हैं, जिनमें एक ही केन्द्रीय भाव तीन-चार पदों में पिरोया गया है। यह शैली बहुधा विवरणात्मक हो गई है। किन्तु यह शुभ लक्षण है। इससे मुण्डा-कविता को विभिन्न भावों के प्रकाशन की शक्ति प्राप्त हो रही है। और जीवन की व्यापक अनुभूतियों से मुण्डा-साहित्य का कोष भरा जा सकता है।

विभिन्न कृत्रिम विशेषणों को अपनाकर आज का मुण्डा-गीतकार अपनी चित्रात्मक और गुणात्मक अभिव्यक्तियों को छोड़ रहा है।

यद्यपि इस प्रकार की नई कविताएँ अपनी भावना में, उन परम्परागत विश्वासों और मान्यताओं से तथा अपनी कला में उन परम्परागत अभिव्यक्तियों से कभी-कभी अलग पड़ जाती हैं, जिनके कारण कोई साहित्य लोक-साहित्य या लोकवार्त्ता के अन्तर्गत आता है। किन्तु वे अब भी शिक्षित हो रहे लोक-मानस के सामान्य धरातल से अलग

नहीं हो सकी हैं और फिर, मुण्डाओं के जीवन में अभी वह समय नहीं आया है जिसमें उनके साहित्य का 'लोक' और 'अभिजात' वर्गों में वर्गीकरण किया जाय तथा उनकी अलग-अलग विवेचना प्रस्तुत की जाय ! वहाँ लोक और अभिजात वर्ग की वार्ताएँ अलग-अलग नहीं हैं। वहाँ तो जो कुछ है लोक-वार्त्ता ही है। फिर भी लोकवार्त्ता की मर्यादा को बनाये रखने के लिए और इस जाति की मौलिक प्रवृत्तियों को समझने के लिए गीतों की विवेचना में इनके मौलिक और परम्परागत भावों पर ही ध्यान दिया गया है। और, जैसा कि पाठकों को स्मरण होगा, काव्य-कला आदि की विवेचना में ये नये और सुन्दर गीत भी समीक्षा-क्षेत्र से बाहर छोड़ दिये गये हैं। किन्तु ये गीत मुण्डा के प्राणों में इस प्रकार समा गये हैं कि इनकी मूल-प्रवृतियों पर ध्यान रखने के अतिरिक्त समीक्षा से उन्हें अलग रखने का और कोई औचित्य नहीं है।

राम और कृष्ण-सम्बन्धी गीत बड़े स्वाभाविक रूप से मुण्डा प्राणों में समाये हैं। ये गीत मुण्डा-जीवन के आदर्शों और अभिरुचियों के अनुकूल हैं। कृष्ण-सम्बन्धी गीतों में साँवले-सलोने, घने घुंघराले बालोंवाले, मोर-पंख खोंसे, और बाँसुरी बजानेवाले कृष्ण की मनोहर छवि ; गोचारण, (वृन्दा) वन और गाड़ा (यमुना नदी) का किनारा, राधा की प्रेम-विह्वलता, और करुण पुकार, ये दृश्य मुण्डा के लिए नये नहीं हैं। आप इन जंगलों में जाकर देखें, हजारों कृष्ण अपनी मधुर बाँसुरी से स्वर्गीय अमृत की वर्षा कर रहे हैं और हजारों राधाएँ उन विह्वल रागिनियों पर अपना तन-मन न्यौछावर कर नृत्य-निरत हैं।

और, राम-कथा भी इनके आदर्शों के अनुकूल है। उसमें हनुमान, अंगद तथा जामवन्त की आई हुई कहानी, वीरों का लंका पर चढ़ाई करने का उत्साह, रावण-राज्य को मिटाकर राम-राज्य की स्थापना में सहयोग देना, इनके अपने ही पुर्वजों का इतिहास है। यद्यपि ये जिन्हें प्रत्यक्षतः भूल गये हैं ; तथापि उन चरित्रों की सूक्ष्म-सत्ता इनके प्राणों में अनजान रूप से विद्यमान है। उस अनजान प्रेरणा से राम-सम्बन्धी गीतों की ओर प्रेरित हो जाना इनके लिए बिलकुल स्वाभाविक है।

लेकिन मुण्डा भाषा में पाये जानेवाले ईसाई भजनों की बात अलग है। इस भाषा में सैकड़ों की संख्या में ईसाई भजन भी गाये जाते हैं ; किन्तु ये मुण्डा लोक-साहित्य के कोष से स्वाभाविक रूप से ही अलग हो जाते हैं। ये मुण्डा-लोक-मानस में खिले हुए कमल नहीं हैं। ये ईसाई बन जानेवाले मुण्डाओं पर धर्म-प्रचार के लिए ऊपर से लादे हुए भजन हैं। लोक-मानस की हत्या करके उसके खँड़हर पर स्थापित होनेवाले इस माया-भवन को हम लोक साहित्य की संज्ञा नहीं दे सकते, ईश्वर की महिमा में गाये जानेवाले इन सुरीले भजनों के सृजन में, मिशनरियों के बाएँ कन्धे पर सवार पृथक्करण का षड्यंत्र रचनेवाले शैतान का हाथ है ! ईश्वर की खोज में भटकनेवाले ये भजन स्वयं अपने ही घर का पता नहीं जानते। इन भजनों में छंद, लय, बाजों की ताल आदि सारी बातें बल-पूर्वक अलग कर दी गई हैं। और सब-कुछ कृत्रिम रूप से नई बनाई गई हैं। यह परिवर्त्तन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि धर्म-प्रचार के पीछे इन भोले-भाले आदिवासियों को अपनी वास्तविक वार्त्ताओं से अलग करके विदेशी रंग में ढालने का कितना घृणित उद्देश्य छिपा हुआ था।

धर्म-निरपेक्षता की दुहाई देनेवाले भारतीय शासन की समझ में अब जाकर मिशनरियों की यह विदेश-सापेक्षता आने लगी है।

ईसाई बन जानेवाले मुण्डाओं को उनके हृदय में उठनेवाले नाना भावों को मिटाकर केवल धार्मिक भाव सिखाये गये। और इस अप्राकृतिक व्यापार द्वारा उन्हें बगुला भगत बनाने की कोशिश की गई। क्रिश्चियन भी मनुष्य हैं और प्रेम, विरह, मिलन, हर्ष, विषाद आदि भावों के बादल मानव-मात्र की तरह उनके हृदयाकाश में भी अपनी छटा दिखाते हैं। प्रकृति के सौन्दर्य और जीवन के घात-प्रतिघात उनके हृदय-सरोवर में भी लहरें पैदा करते हैं। किन्तु उन्हें केवल धर्म के 'बाइबलिकल' गीत ही गाने पड़ते हैं। इन धर्म-प्रचारकों की इस घृणित मनोवृत्ति की चर्चा करते हुए श्री आर्चर ने लिखा है कि "उस इंगलैंड की लोक-कविता में भी, जहाँ शतप्रतिशत क्रिश्चियन हैं, 'बाइबलिकल'-भाव कुछ ही प्रतिशत हैं।"

और यहाँ की हालत यह है कि अपने जीवन में मानव की सभी भावनाओं के घात-प्रतिघात से भरे हुए क्रिश्चियन गीतों में केवल भक्त हैं।

और यही हाल शैली का भी है। उनसे वे राग, ध्वनियाँ और लय-ताल छुड़ा दिये गये जिन्हें उनके पूर्वजों ने हजारों वर्षों में भारत के पक्षियों के मधुर कलरव से, यहाँ के जंगलों की गाती हुई वायु से, यहाँ के नदी-निर्झरों के अविरल प्रवाह से सीखकर तथा उनके सरगम से गति लेकर बनाया था, जिनके मधुर हिंडोलों पर इनकी जाति ने बचपन की लोरी सुनी थी, जवानी की बाँसुरी बजाई थी, और बुढ़ापे के सुख-दुःखों की सनातन कहानी सुनी-सुनाई थी और उन्हें यूरोप की अपरिचित, कर्ण कटु और अप्राकृतिक रागिनियाँ जबरदस्ती सिखा दी गईं।

इस प्रकार प्रचार के उद्देश्य से बनाये गये इन कृत्रिम भजनों का लोक-साहित्य में कोई स्थान नहीं है।

प्रभाव और उपयोगिता--

मुण्डाओं के जीवन पर इन गीतों का बड़ा व्यापक और गहरा प्रभाव है। ये गीत उनके जीवन की सूखी धरती पर हरियाली की तरह छाये हुए हैं। इतने दुःखों और विपत्तियों के जीवन में गीत-नृत्य का होना इनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है। ये गीत-नृत्य इनके प्राणों में शक्ति और हाथ पैरों में काम करने का बल भरते हैं।

सच पूछिए तो जीवन में जितना महत्त्व बुद्धि, कर्म तथा अन्य साधनों का है, उससे अधिक महत्त्व आनन्द और मनोरंजन का है। जैसे आध्यात्मिक जगत में साधन रूप सत् और चेतना रूप चित् से युक्त होकर भी प्राणी आनन्द के बिना पूर्णता नहीं प्राप्त करता, वैसे ही भौतिक जीवन में भी विभिन्न साधनों तथा मानसिक शक्तियों से पूर्ण होने पर भी आनन्द और मनोरंजन के बिना मनुष्य अपूर्ण है। जीवन को रसमय और सुखी बनाने के लिए मनुष्य की रागात्मक वृत्तियों की तृप्ति आवश्यक है। मनुष्य चाहे जितना भी ज्ञानी और कर्मठ हो; किन्तु इस तृप्ति के बिना उसमें जीवन के प्रति श्रद्धा और अनुराग नहीं पैदा होते। मनुष्य अपनी इस प्यास के लिए लाचार है। अच्छे साधनों के अभाव

---

१. डब्ल्यू. जी. आर्चर—मुण्डा-सांग्स्-भूमिका—पृ० २

में वह या तो बुरे साधनों से ही इस प्यास को बुझाता है या जीवन की डाल से मुरझाकर गिर जाता है। जब यह प्यास सात्विक होती है और पवित्र गंगाजल से बुझाई जाती है तब मनुष्य ब्रह्मानन्द को प्राप्त करता है और जब यह गन्दी प्यास पनालों में मुँह लगाती है तब तरह-तरह के अनैतिक व्यभिचारों का जन्म होता है। बीच की मंजिल मानवता की है।

मुण्डाओं के आनन्द और मनोरंजन की मंजिल यही है। यद्यपि यह मनुष्य की उच्चतम वृत्तियों का आत्मिक आनन्द नहीं है, किन्तु यह आनन्द निकृष्ट कोटि का भी नहीं है। यह मानवता का सामाजिक आनन्द है। यह ऐसा उत्तम मनोरंजन है जो समाज की मर्यादा के भीतर रहकर चलता है, जो किसी से छिपाने की वस्तु नहीं और जिसके लिए लज्जित होने की आवश्यकता नहीं।

मुण्डाओं के गीत-नृत्य की, भारत के अन्य सभ्य समाजों के गीत्य-नृत्य से, तुलना कीजिए। अन्य समाजों में गायक, नर्त्तक और अभिनेता समाज के समझे ही न जाते हैं। तात्पर्य यह है कि हमारे मनोरंजन के साधन वे वस्तुएँ हैं जिन्हें हम हीन समझते हैं और जिन्हें स्वयं करने में मर्यादा-भंग होने और लज्जित होने की बात है। वह मनोरंजन कितना निकृष्ट है जो घृणित समझी जानेवाली वेश्या के नृत्य से प्राप्त किया जाता है। किन्तु मुण्डा उन गीत-नृत्यों से मनोरंजन करता है जिन्हें अपनी बहन-बेटी के सामने भी छिपाने की आवश्यकता नहीं समझता और जिनमें उनको भी सम्मिलित करता है। यह मुण्डाओं की जातीय संस्कृति उनके लिए गौरव की बात है।

यह ठीक है कि इस संस्कृति में कुछ विकृति के अंश में सम्मिलित हो गये हैं। 'हँड़िया' और शराब वैसी ही प्रवृत्ति है। इनके प्रभाव उनके आनन्द और मनोरंजन को निम्नकोटि का बना देते हैं। किन्तु इसे मुण्डाओं ने जान-बूझकर नहीं किया है। अज्ञानता और गरीबी ने इन नशाओं का अवलम्ब लेने के लिए उन्हें वाध्य किया है। ये बुराइयाँ जिनके लिए मुण्डा निरीह और निर्दोष है और जिनका उत्तरदायित्व सभ्य समाजों पर है, उनके आनन्द और मनोरंजन के सांस्कृतिक तत्त्व की महत्ता को घटा नहीं सकतीं। जीवन में आनन्द और मनोरंजन के तत्त्वों को स्वीकार कर लेने के बाद हमें यह समझने में आसानी होनी चाहिए कि स्वस्थ और कल्याणकारी मनोरंजन वही है जो विकेन्द्रित और स्वावलम्बी हो। जीवन में यदि स्वावलम्बन का महत्त्व है तो यह नहीं हो सकता कि हम कुछ बातों में स्वावलम्बी और कुछ बातों में परावलम्बी रहें। और उससे भी खतरनाक बात यह होगी कि आनन्द के तत्त्वों का केन्द्रीयकरण हो जाय। कुछ लोग आनन्द का उत्पादन करें और बाकी लोग उपभोग करें। तुम 'काम करने का' कार्य करो और हम 'खाने' का कार्य करें, यह कार्य-विभाजन (डिवीजन ऑफ लेवर) मानव-संस्कृति की आत्मा को ही खतरे में डाल देगा। गीत-नृत्यों ने मुण्डाओं को स्वस्थ, स्वावलम्बी और विकेंद्रित आनन्द प्रदान किया है।

तात्पर्य यह कि मुण्डाओं के गीत-नृत्य उनकी मानसिक शक्तियों की कमी और जीवनयापन के साधनों के अभाव में भी उनके उस आनन्द को बनाये रखने में समर्थ रहे हैं, जिसके विना उनकी जाति की जिन्दगी खतरे में पड़ गई होती।

अध्येताओं के लिए--

इनके जीवन के अध्येताओं के लिए इन गीतों की उपयोगिता दूसरी ही है। हम इनके गीतों में इनके सामाजिक जीवन, मानसिक अभिरुचि, और भावनाओं-आकांक्षाओं को स्पष्ट रूप में देख सकते हैं। इन गीतों के माध्यम से हम जितना इनके निकट जा सकते हैं, उतना अन्य किसी साधन से नहीं; अन्य साधनों से हम इनका इतिहास जान सकते हैं। इनका जातीय, सामाजिक या धार्मिक विश्लेषण कर सकते हैं; इनके चरित्र और स्वभाव को पहिचान सकते हैं; किन्तु गीतों से हम इनकी अनुभूतियों को पहिचानते हैं। हम मुण्डा गीतों में मुण्डा का हृदय देखते हैं। मगर इन कविताओं का केवल साहित्यिक मूल्य ही नहीं ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व भी है।

किन्तु सबसे बड़ा उपयोग इन कविताओं का यह है कि जाति-धर्म-रूप-रंग आदि की भिन्नताओं को भेद कर छोटे-बड़े और सभ्य-असभ्य कहे जानेवाले विभिन्न मानव समुदायों के भीतर जो एक आत्मा और एक हृदय है, ये उसका दर्शन कराती हैं। इन लोक कविताओं से हमें पता चलता है कि रूप-रंग की ऊपरी चट्टानों के भीतर जीवन की एक ही निर्मल धारा बह रही है। और विभिन्नता के ऊपरी छिलकों के भीतर एक ही रस छलक रहा है। गीतों की आँच में पड़कर हमारे घृणा, नफरत और अलगाव-विलगाव के संस्कार जलकर भस्म हो जाते हैं और गीतों के गंगाजल में हमारे मन की मैल धुल जाती है। जिन वाह्य और कृत्रिम आवरणों के कारण हमें प्रकृत मनुष्य दिखाई नहीं देता, उन्हें भेदकर ये गीत मानव के वास्तविक रूप का दर्शन कराते हैं। गीत वह तीर्थ-स्थल है जहाँ युगों के बिछुड़े हुए मानव-मानव का मिलन होता है।

श्री रवीन्द्र नाथ ठाकुर के शब्दों में यदि सभी देशों के लोक-गीत संकलित किये जायँ और उनका तुलनात्मक अध्ययन हो तो यह प्रत्यक्ष होगा कि उनमें एक ही मन और एक ही हृदय छिपा है, जो मनुष्य मात्र में समान है।

और श्री वासुदेवशरण अग्रवाल के शब्दों में—"इन असंख्य लोकगीतों की आत्मा अभिन्न है। भाषा का भेद होते हुए भी गीतों में व्याप्त भारतीय मानव का हृदय उसके सुख-दुःख की अनुभूति, उसकी आशा और निराशा एक जैसी ही है।"

उपसंहार—

मुण्डाओं के ये प्रकृत-गीत उनकी जाति के लिए गौरव की वस्तु है। उन्हें इस बात का अभिमान होना चाहिए कि इतने महान दुःखों और विपत्तियों को भी उत्साहपूर्वक काट लेने के लिए उनकी जाति ने इतने निश्छल, निरीह और पवित्र साधनों का निर्माण किया है। सभ्यता के भड़कीले आवरणों की चकाचौंध में पड़कर उन्हें इन नैसर्गिक और निर्दोष परम्पराओं के लिए लज्जित नहीं होना चाहिए। यह लज्जित होने की प्रवृत्ति एक निकृष्ट कोटि की गुलामी है, जो अनेक अनर्थों को जन्म देती है और दूसरों की बहुधा बुरी बातों में ही रुचि पैदा कराती है। मनुष्य को ऐसी मानसिक स्थिति में डाल देनेवाली मार्मिक घड़ी एक प्रबल धारा के समान है, जिसमें उसके पैर जम नहीं पाते और एक आँधी के समान है, जिसमें पड़कर उसे दिग्भ्रम हो जाता है। शिक्षित हो रहे मुण्डाओं और उनके सच्चे शुभ-चिन्तकों को इस बात में सावधान होना चाहिए।

तेजी से बदलते हुए इस वैज्ञानिक युग में जहाँ कुछ लोगों का यह कहना ठीक नहीं है कि आदिवासियों को अपने-आप प्राकृतिक रूप से सुधरने दिया जाय, वहाँ अन्धाधुंध सुधार के नाम पर अप्राकृतिक प्रणालियों को अपना लेना भी ठीक नहीं। इससे जो सुधार होगा, वह कृत्रिम और अस्वस्थ होगा। निस्सन्देह वह हर सुधार अस्वस्थ होगा, जिसमें आदिवासियों के अपने स्वभाव, अपनी पृष्ठभूमि और अपनी मनोदशा का ख्याल नहीं करके सुधारक अपनी इच्छाओं और आदर्शों को अधिक महत्त्व देंगे।

अज्ञानता और गरीबी ये दो आदिवासियों के सबसे बड़े शत्रु हैं। निश्चय ही इन्हें मिटना चाहिए। किन्तु वे कैसे मिटें? क्या यह मानकर कि जंगल और पहाड़ ही इसके लिए जिम्मेवार हैं, इसलिए सारे आदिवासी तथाकथित शिक्षा और सभ्यता के लिए शहरों में बस जायँ? क्या इन जंगलों और पहाड़ों की सारी बातों को घृणित समझकर छोड़ दिया जाय और शहरों की सारी बातों को अपना लिया जाय या सभ्यता और शिक्षा की ज्योति इन जंगलों-पर्वतों में जलाई जाय? आखिर आदिवासियों को क्या चाहिए, ज्ञान और विद्या या नगरों की सभ्यता का मादक नशा—जिसे पीकर मानव आज अपनी नैसर्गिक अभिरुचियों को कृत्रिम सभ्यता के बाजार में बेच रहा है? और मानवता दूसरों से स्वतंत्र होकर भी अपने ही बनाये हुए गुलामी के माया-जाल में दम तोड़ रही है या विद्या की वह पावन ज्योति जिसमें उनके जंगल रसमय हो जायँ, पहाड़ों में प्रेम की वंशी गूँज उठे, और उनके खेत-खलिहान जीवन की समृद्धियों से भर जायँ?

आदिवासियों के पिछड़ेपन के लिए ये जंगल और पहाड़ दोषी नहीं हैं और गाँवों तथा खेत-खलिहानों में विकेन्द्रित इनकी सभ्यता पर इसका उत्तरदायित्व नहीं। इन्होंने तो बहुत दूर तक इनकी रक्षा ही की है। वन-पर्वतों के प्राकृतिक जीवन में सभ्यता और संस्कृति के ऐसे नैसर्गिक तत्त्व निहित हैं, जिनको लेकर ही भविष्य की सारी मानवता निर्मित होगी। यह ठीक है कि वे तत्त्व-ज्ञान की किरणों के अभाव में विकसित नहीं होने पाये। अज्ञानता के हिम-तिमिर में उनके अंकुर दुबके पड़े रहे; किन्तु अब समय आ गया है कि ज्ञान की उष्ण किरणें उन्हें विकसित और पल्लवित-पुष्पित करेंगी, उनकी शीतल छाया में मानवता प्यार की वंशी बजायेगी और उनकी पावन गन्ध में सुख-चैन की साँस लेगी।

आज की सभ्यता को अपने इन विकृत प्रयोगों के रास्ते, बेकार बड़ी लम्बी दूरी तय करने के बाद, फिर पीछे लौटकर संसार को मिटने से बचाने के लिए मानवता की जिस मंजिल पर पहुँचना पड़ेगा, वह पवित्र मंजिल आदिवासियों के लिए अपेक्षाकृत निकट है। जंगलों और पहाड़ों की संस्कृति को जहाँ केवल आगे बढ़ना है, वहाँ शहरों की सभ्यता को अपने भ्रष्ट-पथ को छोड़कर ठीक राह पकड़ने के लिए काफी पीछे लौटना भी है। एक दिन हमें जिस मंजिल पर जाना है, मानवता का वह अनागत स्वप्न ऐसी व्यवस्था का सृजन करेगा, जिसमें शासन, न्याय, अर्थ-व्यवस्था, कला, संस्कृति, आनन्द और मनोरंजन सारी बातें विकेन्द्रित और स्वावलम्बी होंगी। जहाँ वायु में आज शोषण और प्रपीड़न की विषाक्त ज्वाला भरी हुई है, वहाँ सबके समान परिश्रम के स्वेद-कण उसे शीतल बनाकर रक्खेंगे। मानव-मुक्ति के उसी रामराज्य में एक दिन मानवता को पहुँचना है।

आदिवासियों ने आनन्द और मनोरंजन के विकेन्द्रित और स्वावलम्बी तत्त्व को गीत-नृत्य के रूप में पहले से ही पा लिया है। उनके जीवन का स्तर जैसे-जैसे ऊपर उठेगा, इन मनोरंजनों का स्तर भी उठेगा। और यदि, वे कहीं इस तत्त्व को भूल गये तो जंगलों की पत्तियाँ मुरझा जायँगी, पहाड़ों के झरने सूख जायँगे, वनों में पंछियों के पंख झड़ जायँगे और वृक्षों की छाया में बाँसुरी के स्वर मौन हो जायँगे। जब आदिवासियों के जीवन से प्यार का स्रोत सूख जायगा और उनके कंठों में गीत की टेर सो जायगी तब इन जंगलों-पहाड़ों में क्या शेष रह जायगा?

नया युग मुण्डाओं को ज्ञान-कर्म और आनन्द के स्वर-लोक में जगा रहा है!

द्वितीय खण्ड

गीत

[सानुवाद]

जदुर-गीत

•

सुड़ाकन दारू चिगो
अलाकन - बा
अलाकन - बा लेका
डिंडा सोमय—

नव-पल्लवित वृक्ष अथवा खिला हुआ फूल !
जवानी का समय खिले हुए फूल के समान है।

*

होरा रे साराजोम बा
लेसेकेन·····लेसेकेन !
डारे रे हेन्दे नपायुं
मोचोकेन मोचोकेन !

रास्ते में साखू का फूल लहरा रहा है !
मार्ग में कुँवारी लड़की मुस्कुरा रही है !

१

सिंगी लेका सिरिमारे जुलेतन प्रभु
ओते सिरिमाहोम मरेसल तदा
ओतेरे हुड़िङ मरंग सोबेन को
अमगा नुतुमको हियातिंगतना

कजी मेने गेहो मेनः मेया
मेन्दो हो कइङ ले ले दड़ी
दिसुम होड़ो को अयर तयोम
अमगः मंडागे को जारे तन

बुरु दिरी हटा हुटु
अइङ होइङ दंदागिड़ीजन
बुरु जनर सुड़ा संगेन
अइञाः जी राड़े जन

अयर रेदो अयरिङ में
गड़ा परोम दिसुम टुण्डू ते
दोला दो दोलाइङ में
इचा बा रासी चेपेः ते ।

हे सूरज के समान आकाश में चमकनेवाले प्रभो !
तुमने पृथ्वी और आकाश को प्रकाशित कर दिया है ।
धरती के सभी छोटे-बड़े (जीव) तुम को याद करते हैं ।
तुम केवल कहने भर के लिए हो (लेकिन), आँख से दिखाई नहीं देते ।
दुनिया के सभी आदमी कतार बाँधकर तुम्हारे ही पदचिह्नों पर चल रहे हैं ।
हमको पहाड़ के ऊबड़-खाबड़ पत्थरों को (देखकर) आश्चर्य होता है ।
घाटी के पेड़ों की कोमल पत्तियों को (देखकर) मेरा मन सन्तुष्ट होता है ।
अगर हमें ले चलना है तो नदी के उस पार, देश की सीमा तक, ले चलो ।
अगर हमें ले चलना है तो ईचा फूल का रस चूसने के लिए ले चलो ।

२

सोतो जुगु कले जुगु
सोतो जुगु तँकेना
सोतो जुगु कले जुगु
कले जुगु दवरदकन

सोतो जगु तँकेनरे
बयर होको टोण्डोमकेन
कले जुगु दवरदकन
सिका होको नोले तन

बयर होको टोण्डोमकेन
दिसुम हो को टेकन लेद्
सिका होको नोले तन
दिसुम होको चेच: केद

सतयुग और कलियुग !
(पहले) सतयुग था ।
सतयुग और कलियुग !
(अब) कलियुग आ गया ।
(जब) सतयुग था (उस समय) लोग
रस्सी बाँधा करते थे । (रस्सी की
गाँठों से हिसाब जोड़ा करते थे ।)
(अब) कलियुग आ गया ।
(अब) लिखकर हिसाब करते हैं ।
(जब तक लोग) रसी बाँधा करते थे ।
(तब तक) दुनिया को टिकाये हुए थे ।
(जब लोग) लिखने लगे,
(तब) देश को बरबाद कर दिया ।

३

सुड़ा कान दारु चिगो अलाकान बा
अलाकान बा लेका डिन्डा सोमाएं

सुअम जान कोतो चिगो इसिनजान इली
सुअम जान कोतो लेका बुड़िया हड़ाम

अलाकान बा लेका डिन्डा सोमाए
एनाची सुगाड़ोमम रासिका तना
सुअम जान कोतो लेका बुड़िया हड़ाम
एनाची अबेनेबेन उड़ुः तना

एनाची सुगाड़ाम रासिका तना
काचीम लेले जदा गोसो तना
एनाची अवेनेबेन उड़ुः तना
कारेबेन नमेयारे सीदा जोनोम

नई कोंपलोवाला वृक्ष अथवा खिला हुआ फूल ! जवानी का समय खिले हुए फूल के समान है। वृक्ष पर उगा हुआ बंझा अथवा पकी हुई हड़िया[1] बुढ़ापा वृक्ष के बंझे के समान है।

जवानी का समय खिले हुए फूल के समान है। हे सुन्दरी, इसीसे क्या तुम प्रसन्न हो रही हो ! बुढ़ापा वृक्ष के बंझा के समान है। हे बूढ़े-बूढ़ियो, इसीसे क्या तुम चिन्ता करती हो !

तुम उसके लिए क्यों प्रसन्न हो रही हो ? क्या नहीं देखती कि फूल मुरझा रहा है ! तुम लोग उसके लिए क्यों चिन्ता कर रही हो ? पहिले का समय फिर नहीं आता !

४

अइंआगः सोमय बोले तइ केन रेदो
पीतल टटी रेदो मानी सुनुम
अइञागः नुसाड़ा परिया रे
गमछा किचिरिरे ताबेन पीटोम

अइञागः सोयम सेनोः जना
पीतल टटी दोरे पोवः जना
अइञागः नुसाड़ा परिया चबा जना
गमछा किचिरि बोले केचः जना

१. हड़िया—चावल की शराब।

ह्यातिगं मोनिङारे चकातिगं सनाइं
पीतल टटी बोले पोवः जना
ह्यातिगं मीनिङारे चकातिगं सनाइं
गमछा किचिरि बोले केचः जना

ह्यातिंगरेओ बोले चकातिंग रेओ
कारे नमेयारे सीदा सोमय
ह्यातिंग रेओ बोले चकातिंग रेओ
कारे नमेयारे डिण्डा सोमए

जब मेरा समय था तब (मैं)
पीतल के कटोरे में सरसों का तेल लिये फिरता था।
जब मेरी जवानी थी तब (मैं)
कपड़ों की गठरी बनाये फिरता था।
जब मेरा समय बीत गया (तब)
पीतल का कटोरा फूट गया।
जब मेरी जवानी समाप्त हो गई (तब)
सब कपड़े लत्ते फट गये।
मेरे मन में अफसोस और दुःख हो रहा है (कि)
पीतल का कटोरा फूट गया।
मुझे सोच और चिन्ता हो रही है
(कि : कपड़े लत्ते फट गये।
तुम दुख या अफसोस जो कुछ करो,
बीता हुआ समय लौटकर नहीं आयगा।
तुम सोच या चिन्ता जो करो,
गई हुई जवानी फिर वापस नहीं होगी।

५

निकु दोगा मोदे चण्डुः होने कोचि
निकु दोगा बराबरी गेया
निकु दोगा बरे चण्डुः गाड़ा कोचि
निकु दोगा सरासरी गेया

निकु दोगा मोदे चण्डु, होने कोगे
निकु दोगा बराबरी गेया

निकु दोगा बरोचण्डु: गाड़ा कोगे
निकु दोगा सरासरी गेया
निकु दोगा मोदे पिड़ी हुन्दी बादो
निकु गेगा बा चबा केदा
निकु दोगा बरे पिड़ी साराजोम बा
निकु गेगा डाली नियर केदा

क्या ये एक ही महीने के बच्चे हैं
कि (सब के सब) बराबर हैं ?
क्या ये एक ही महीने के लड़के हैं
कि (सब के सब) एक समान हैं ?
(हाँ) ये एक ही महीने के बच्चे हैं
(इसलिए सब) बराबर हैं ?
हाँ ये एक ही महीने के लड़के हैं
(इसलिए सब) एक समान हैं ?
इन्होंने एक समूचे मैदान के हुन्दी फूल
(तोड़कर-खोंसकर) समाप्त कर डाले ।
इन्होने दो पूरे मैदानों के साखू फूल,
(खोंसकर) खतम कर दिये ।

६

चिमिन चिमिन गोम डिण्डा लेदा
असकल लेका गोम खदीड़ीन जन
चिमिन चिमिन गोम डंगुवा लेदा
किकिर लेका गोम डबुरान जन
असकल लेका गोम खदीड़ीन जन
जुलेतन सेंसेगेल टेम खदीड़ीन जन
किकिर लेका गोम डबुरान जन
इकिर दगे रेमे डबुरान जन
एगम अपुम बंको लेका
जुलेतन सेंगेलरेम खदीड़ीन जन
होनेम बारेम बंको लेका
इकिर दगेरेम डबुरान जन

एगइं अपुइं मेना कोरे बोले
उःरि लेका चिको हरे बेड़ाइं
होने बारें मेनः कोरे बोले
मेरोम लेका चिकी तिगेबेड़ाइं

"तुम्हारी जवानी कितनी-कितनी थी
(कि तुम) आसाकल पक्षी की तरह कूद पड़े !
तुम्हारी तरुनाई कितनी-कितनी थी
(कि तुम) पनडुब्बी की तरह डूब चले !
तुम आसाकल (पक्षी) की तरह कूद पड़े,
तुम धधकती हुई आग में कूद पड़े !
तुम पनडुब्बी की तरह डूब चले !
तुम गहरे पानी में डूब चले ।
तुम बिना माँ-बापवाले की तरह
धधकती आग में कूद पड़े !
तुम बिना भाई-बहन वाले के समान
गहरे पानी में डूब चले !"
"अगर माँ बाप होते तो भी क्या वे
हमको बैल के समान हाँकते फिरते !
अगर भाई-बहन होते तो भी क्या वे
बकरी की तरह (हमारे गले में) रस्सी बाँधे फिरते ?

७

नेया दोगा चिकन मँदुकम
नेया दोगा चोपा सिदा जन
नेया दोगा चिकन सराजोम
नेया दोगा मोय तयोम जान

नेयादोगा फागु मँदुकन
नेयादोगा चोपा सिदा जन
नेयादोगा चैती सराजोम
नेयादोगा मोय तयोम जान

नेयादोगा चोपा सिदा जन
नेयादोगा पुसी कटाते

नेयादोगा मोय तयोम जम
नेयादोगा पुतम लचोते

"माँ यह कैसा महुआ है जो पहले ही फूल गया ?
माँ यह कैसा साखू है जिसमें देर से कली निकली ?"
"बेटा, यह फागुन का महुआ है, इसीलिए यह पहले फूला।
बेटा, यह चैती साखू है, इसीलिए इसमें पीछे से कली निकली"
"माँ, यह पहले फूला है (इसलिए) यह बिल्ली की पैर के समान दिखाई देता है।
माँ, इसमें पीछे से कली निकली है, (इसलिए) यह पेडुकी के ठोर के समान है।

८

बा बादी रे नाले
बा बादी रे हो
सुड़ा बादी रे नाले
सुड़ाबादी रे

बा बादी रे नाले
मीरुबा हो
सुड़ा बादी रे
नाले कारे डाली

मीरु बा नाले
ओटाडोः लेका
कारे डाली नाले
दोपालियो लेका

हे मित्र। फूलों की वाटिका में (और) कोपलों के वन में,
फूलों की वाटिका में मीरु फूल (हैं) (और) कोपलों के वन में कारे की कोंपलें (हैं)
मीरु फूल मानों उड़ रहे हैं और कारे की कोंपलें मानो लहरें मार रही हैं।

९

होरा रे जुड़ी दारु लूदमबा
ओकोए मईना बा पेटेः केद्

डारे रे पन्ती दारु अटल बा
चिमय मइना डाली चंगाड़ा केद्
सेन्देरा को जिलिब जिलिबा
सेन्देरा को बा पेटेः केद्
कारेंगा की जोलोव जोलोबा
कारेंगा को डाली चंगाड़ा केद्
सेन्देरा को बा पेटेः केदा मईना
चुटि रेकी पेटेः केदा
कारेंगा को डाली चंगाड़ा केदा मईना
सुबा रेको चंगाड़ा केद्
सेन्देरा को पेटेः केदा मईना
चुटि कोतौ गोसो जान
कारेंगा को डाली चंगाड़ा केदा मईना
सुबा धाड़ा मैला जान

रास्ते में एक जोड़ा जो लूदम फूल है, (उस फूल को) ऐ बेटी, किसने तोड़ लिया ?
रास्ते में अटल फूल की जो कतार है (उसके फूल को) हे बेटी, किसने छिनगा लिया ?
(फूल को) चमकते हुए शिकारियों ने तोड़ लिया !
(फूल को) चमकते हुए अहेरियों ने छिनगा दिया ?
शिकारियों ने जो फूल को तोड़ा, हे बेटी ! चोटी ही से तोड़ लिया ।
अहेरियों ने जो डाल को छिनगा दिया,
सो हे बेटी ! नीचे से ही छिनगा दिया !
शिकारियों ने (जो फूल को) तोड़ा,
हे बेटी ! उसकी फुनगी मुरझा गई ।
अहेरियों ने जो छिनगा दिया,
हे बेटी, उसका तना कुम्हला गया ।

१०

हतु तलारे गातिङ हुन्दी वा
हय गातिङ सोना हुन्दी वा
दिसुम तलारे संगइं जम्बिरा
हय संगइ रुपा जम्बिरा

गुतु लेकामे गातिङ हुन्दी बा
हय गातिङ सोना हुन्दी बा
गलङ लेकामे संगइं जम्बिरा
हय संगइं रूपा जम्बिरा

मोदे चरिः दो गातिङ हुन्दी बा
गातिङ-ओमइङ मे
बरे सुलम दो सगइं जम्बिरा
सगाइंङ-चेदइङ में

हे प्रिय, गाँव के बीच में हुन्दी फूल है,
हुन्दी फूल सोना के समान है।
हे प्रिये, देश में जम्बिरा फूल है,
जम्बिरा फूल रूपा के समान है।
हे प्रिय, सोना के समान हुन्दी फूल !
हुन्दी फूल को गूथ लो।
हे प्रिय, रूपा के समान जम्बिरा !
जम्बिरा का हार बना लो।
हे प्रिय, हुन्दी फूल का एक गुच्छा
(हमको) अवश्य देना।
हे प्रिय, जम्बिरा फूल का दो हार
(हमको) अवश्य देना।

११

बा बदीरे हले बा बदी रे हो।
डाली बदीरे हले डाली बदीरे ॥
बा बदीरे चीकन बा।
डाली बदीरे हले मेरे कोन डाली ॥
बा बदीरे हले सराजोम बा हो।
डाली नदीरे हले सुड़ा संगेन ॥

हे (मित्र) ! फुलवारी में···!
हे (मित्र) ! बागीचे में··· !
हे (मित्र) ! फुलवारी में कौन-सा फूल है ?

हे (मित्र) ! बागीचे में कौन-सा प्रसून है ?
हे (मित्र) ! फुलवारी में साखू का फूल है ?
हे (मित्र) ! बागीचे में (नई) कोंपलें हैं !

१२

होरा-होराते-सोना हुन्दी बा
दइगोरेंइ-सेन्देरा नमा ना
डारे-डारेते रूपा जम्बिरा
दइगोरेइं करेंगा न माना

दइगोरे मोदे सुताम बारे सुताम
दइगोरे गुतु लेकामे
दइगोरे-मोदे चरिः बारे चरिः
दइगोरे-गलङ-लेकामे

कइंआ हो गतिङो बंगाइया
कइआः हो कइं गुतु आ
कइआः हो सगाङो बंगाइया
कइआः हो ककइं गलङा

रास्ते में सोना के समान हुन्दी फूल है,
हे बहन, मैं (उसको) तोड़ दूँगा ।
मार्ग में रूपा के समान जम्बिरा फूल है,
हे बहन, मैं उसको गिरा दूँगा ।
हे बहन, एक दो हार
हे बहन, गूथ लो !
हे बहन एक दो गुच्छा,
हे बहन, गुच्छा बना लो !
नहीं मैं नहीं गूथूँगी,
नहीं, (क्योंकि) मेरा प्रेमी नहीं है ।
नहीं मैं गुच्छा नहीं बनाऊँगी
नहीं (क्योंकि) मेरा साथी नहीं है ।

१३

हाय गातिङरे गातिङ हुन्दी बा
हाय गातिङ सोना हुन्दो बा
हाय सगाइं रे सगाइं जम्बिरा
हाय सगइं रूपा जम्बिरा

हाय गतिङ उराय बरायः
हाय गातिङ सोना हुन्दी बा
हाय सगाइं तारे तासेया
हाय सगइं-रूपा जम्बिरा

हाय गतिङ गुतु लेका मे
हय गतिङ सोना हुन्दी बा
हय सगाइं गलङ लेका में
हय सगइं रूपा जम्बिरा

हे सखी, हुन्दी फूल (को देखो)
हे सखी, सोना के समान हुन्दी फूल !
हे सखी, जम्बिरा फूल (को देखो)
हे सखी, रूपा के समान जम्बिरा फूल !
हे सखी, ताजा फूला है,
हे सखी, सोना के समान हुन्दी फूल !
हे सखी, नया खिला है,
हे सखी, रूपा के समान जम्बिरा फूल !
हे सखी, हुन्दी फूल को गूथो
हे सखी, सोना के समान हुन्दी फूल !
हे सखी, जम्बिरा फूल को गूथो,
हे सखी, रूपा के समान जम्बिरा फूल !

१४

बुरु रेदो सेंगेल
निरे मइना निरेमे
खनची गड़ा होयो दुदुगार
नोजोर मइना नोजोर मे

निर मइना निरे मे
नेंगाम चोवा लो तना
नोजोर मइना नोजोर मे
अपुम ओड़ा बले तना

नेंगाम चोवा लो तना रे
होरा होराम नकी सुपिदा
अपुम ओड़ा बले तनरे
डारे-डारे हुदूमा पएला

पहाड़ पर आग (जल रही) है,
भागो बेटी, भागो !
काँची नदी में आँधी (आ रही) है,
भागो बेटी, भागो !
भागो बेटी, भागो !
तुम्हारी माँ का घर जल रहा है,
भागो बेटी, भागो !
तुम्हारे बाप का घर आँधी उड़ा रही है,
तुम्हारी माँ का घर जल रहा है,
(और तुम) रास्ते-रास्ते बाल सँवारती फिरती हो।
तुम्हारे बाप का घर बरबाद हो रहा है,
और तुम रास्ते-रास्ते आँचल फहराती फिरती हो।

१५

दः अगु तुड़ी रे ललिता
लेलाद मेया या ललिता
तीरे दो सबाना ललिता
रंगा रे-रुतु

तिरे दो सबाना ललिता
रंगा रे रुतु ललिता
कोदोम सुबा रे ललिताम्
ओरोङ - तना

हे ललिता, पानी लाते समय
हे ललिता, उसने (तुमको) देखा था।
अपने हाथ में हे ललिता !
वह लाल वंशी पकड़े हुए हैं !
हे ललिता, उसके हाथ में,
हे ललिता, लाल वंशी है।
हे ललिता, कदम्ब वृक्ष के नीचे
वंशी बजा रहा है।

१६

अलङा दिसुम रेलं हरा मता लेना
मोदे रे गतिङ्केलङ इनुङ केना
जुड़ी जुड़ी होलं सेने बेड़ाए
पन्ती रे सगाइङ्केलङ दूबे केना

चिकन काजी बोलेम आयुम लेदा
हड़ेद सुकु लेकम हड़देन जना
अमागा मण्डा गेहोइं चपद् तनिः
मेन्दो दुबीरः दुम्बू लेकम रिकाकिङा

चम्पा बा तिम्बुरुब जी रड़ेः तनिः
काहोइं हड़दाइं सिबिल गैया
चिलका ए मेन्ते होइं नेका केना
मेन्दो जीरेम केटेः केदा

हम लोग अपने देश में एक साथ बढ़े।
और एक साथ हे प्रिय, हम लोग खेले।
साथ-साथ हमलोग घूमें-फिरे,
(और) साथ-साथ बैठते रहे।
(लेकिन) अब तुमने ऐसी कौन-सी बात सुनी
(जो) तीते कद्दू के समान कड़ुवे बन गये।
मैं तुम्हारे ही पीछे चलनेवाली हूँ।
(लेकिन) तुमने (मुझे) कतवार की तरह कर दिया,
(मुझ से घृणा की)।

हे चम्पा ! फूल की गन्ध की तरह हृदय को
आनन्द देनेवाली,
मैं कड़ुआ नहीं हूँ मीठा हूँ।
तुम पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यही देखने के लिए मैंने बहाना किया था,
लेकिन तुम सब-कुछ जान लेती हो।

१७

राबंग-तयो मेतेम-हिया कना
राजा-रानी-लेकम सम्पोड़ा कना
इसु दिना-तेइंङ उड़ु केना
मेन्दोम-मुलु: लेना बाँहा चण्डु:

पुरना पण्डु-सकम नोचो केते
नवा-सुड़ा-साड़ेम नोमे तदा
बिरते दारु कोइंङ लेलउ केना
मोएं-तना-वातना जोओतना

हरीयली अर: सुड़ा-पोड़ि: लेका
चिकान-सुनुमेगोम-गोसोवा कदा
बिरकोरे-बा बुगिन-सुगड़ा सोअम
कुड़म-बितारेरे-गुम्बराव तना

बिर दारु सुबारे राम सोम्बदाकना
सिरीमारे सिंग बोंगा जोवर तना
बा-भले-मेन्ते गोड़े रासिका-तना
तरा-कोतो-सराजोम वा असीतना

जाड़े के बीत जाने पर तुम आये हो।
तुम राजा-रानी के समान सजे हो।
मैं बहुत दिनों से (तुम्हारी) चिन्ता (प्रतीक्षा) कर रहा था।
मगर आज (जाकर) चैत का चाँद उगा।
पुरानी पीली पत्तियाँ झाड़कर—(तुमने)
नई कोपलों की साड़ी पहन ली।
मैं जंगल के वृक्षों की कली लगते,
फूलते और फलते हुए देखता आया।

(तुम्हारी) हरी और लाल कोंपलें चमक रही हैं।
तुमने कौन-सा तेल लगा लिया है ?
जंगल के सुन्दर फूलों की सुगन्ध
(मेरी) छाती में घूम रही है।
'राम' वन के वृक्ष के नीचे झुका हुआ है
(और) आकाश के देवता को प्रणाम कर रहा है।
सरहुल मनायेगा, यह सोचकर प्रसन्न हो रहा है।
और साखू के फूलों की एक डाली माँग रहा है।

१८

एलारे जुड़ीरेन मिरुकिन,
एलारे हड़ा गुन बेन।
एलारे जोतारेन कारे किन,
एलारे नोसोरेन बेन ।।

एलारे निलेमा सुतामेते,
एलारे हड़ा गुन बेन।
एलारे बदीना बयारते,
एलारे नोसो रेन बेन ।।

मरेहो टोन्डोम-टोन्डोमेते,
मरेहो हड़ा गुन बेन।
मरेहो कुतम कुतमेते,
मरेहो नोसोरेन बेन ।।

एलारे निलेमा गुतामे दो,
एलारे सिदे जजन।
एलारे बदिमा बयरे दो
एलारे रोचोद जन ।।

हे मीरु की जोड़ी, उतर जाओ।
हे कारे की जोड़ी, उतर जाओ।
हे (मीरु की जोड़ी), नीले सूत की सहायता से उतर जाओ।
हे (कारे की जोड़ी), वादामी रस्सी की सहायता से उतर जाओ।

हे (!) उतरते-उतरते नीला सूत टूट गया ।
हे (!) उतरते-उतरते बादामी रस्सी टूट गई ।
चलो नीले सूत को फिर से जोड़ लो ।
चलो बादामी रस्सी को फिर से जोड़ लो ।

१६

सोना लेकन दिसुमा लिपी
ओकोरेम लेलादा लिपी
रूपा लेकन गमाया करे
चिमयरेम चिनाद्

सोना लेकन दिसुमा लिपी
बियुर तनाया लिपी
रुपा लेकन गमाया करे
सेकोर तना

चारेका लेकाया लिपी
बियुर तनाया लिपी
रेमटा लेकाया करे
सेकोर तना

हे लिपी, सोना के समान देश
हे लिपी, तुमने कहाँ देखा ?
हे कारे, रूपा के समान देश
हे कारे, तुमने कहाँ देखा ?
हे लिपी, (जो) सोना के समान देश (है)
घूम रहा है ।
हे कारे (जो) रूपा के समान देश (है)
घूम रहा है ।
हे लिपी ! सोना के समान देश
चरखा के समान घूम रहा है ।
हे लिपी, रूपा के समान देश
रहट के समान घूम रहा है ।

२०

जेटे सिंगी ओते लोलोरे
ओको दारु कगे उरुड़
जरगीदः जुरुकुण्डु रे
ओको चेड़े कगे ओटांङो

जेटे सिंगी ओते लोलोरे
किता दारु कगे उरुड़
जरगीदः होयो गमारे
लिटिया चेड़े कगे ओटांङो

किता दारु सिले सिले
किता दारु कगे उरुड़ु
लिटिया चेड़े टियुल टियुल
लिटिया चेड़े कगे ओटांङो

जेठ की गर्मी में (जब) धरती तप जाती है,
(तब) कौन पेड़ नहीं झड़ता ?
बरसात की मूसलधार वर्षा में
कौन पक्षी (हवा के झोंके में) उड़ नहीं जाता ?
जेठ की गर्मी में (जब) धरती तप जाती है,
(तब) खजूर का पेड़ (है जो) नहीं झड़ता।
बरसात के तेज आँधी-पानी में,
लिटिया पक्षी नहीं उड़ता !
मरमर करता हुआ खजूर का पेड़,
नहीं झड़ता।
फुरफुर करता हुआ लिटिया पक्षी
नहीं उड़ता।

२१

मोकोरेम लेलादा लिपी दिसुमादो बियुर तना
चिमय रेम चिनादा लिपी गमाया दो सेकोर तना

डड़ी दः रेइ लेलादा दिसुमादो बिपुर तना
सिद् दः रेइ चिना लेदा जमाया दो सेकोर तना

दिसु मादो बियुरे तना चर्खा लेका गे
गमाया दो सेकोर तना रेमटा लेकागे

हे लिपी, तुमने कहाँ देखा है कि देश घूमता है ?
हे लिपी, तुमने कहाँ देखा है कि देश चक्कर करता है ?
हे लिपी, मैंने देश को डाड़ी के पानी में
घूमते देखा है।
हे लिपी, मैंने देश को झरने के पानी में
चक्कर काटते देखा है।
देश चर्खा के ही समान घूमता है।
देश रहट के ही समान चक्कर काटता है।

२२

हाय गातिङ रे गतिङ हुन्दी बा
हाय गातिङ सोना हुन्दी बा
हाय सगाइंग रे सगाइंग जम्बिरा
हाय सगाइंग रूपा जम्बिरा

हाय गातिङ उराय बरायाः
हाय गातिङ सोना हुन्दी बा
हाय सगाइङ तड़े तासेया
हाय सगाइङ रूपा जम्बिरा

हाय गतिङ गुतु लेकामे
हाय गातिङ सोना हुन्दी बा
हाय सगाइँग गलंङ लेकामे
हाय सगाइँग रूपा जम्बिरा

हे प्रिय, यह हुन्दी फूल।
हे प्रिय, हुन्दी फूल सोना के समान है।
हे प्रिय, यह जम्बिरा,
हे प्रिय, जम्बिरा रूपा के समान है।
हे प्रिय, यह सोना के समान हुन्दी,

हे प्रिय, फूलों से लदा है।
हे प्रिय, यह रूपा के समान जम्बिरा,
हे प्रिय, फूलों से भरा है।
हे प्रिय, (यह, जो) सोना के समान हुन्दी फूल है
हे प्रिय, (उसे) गूँथ लो।
हे प्रिय, (यह जो) रूपा के समान जम्बिरा
हे प्रिय, (उसका) गजरा बना लो।

२३

उलाटी-पलाटी गोसाई
उलाटी-बहाया गोसाइ
उलाटी पलाटी या गोसाइ
पालाटी-डालीया गोसाइ

ओकोरेम-लेलादा गोसाइ
उलाटी बहाया गोसाइ
चिमयरेम-चिनादा गोसाइ
पालाटी डालीया गोसाइ

उलाटी बहाया गोसाइं
बिउर तनाया 'गोसाइं
पालाटी डालीया गोसाइ'
सेकोर तनाया गोसाइं

हे गुसाई ! वह अलाटी और पलाटी !
हे गुसाई ! वह अलाटी का फूल !
हे गुसाई, वह अलाटी और पलाटी
हे गुसाई ! वह पलाटी का फूल !
हे गुसाई ! अलाटी का फूल तुमने कहाँ देखा है ?
हे गुसाई ! पलाटी का फूल तुमने कहाँ देखा है ?
हाँ गुसाई ! वह घूमनेवाला अलाटी का फूल
हाँ गुसाई ! वह घूमनेवाला पलाटी का फूल !

२४

नेया दोगा नेया दो
चिकान दारू
नेया दोगा नेया दो
मेरे कौम नाड़ी
नेया दोगा नेया दो
सिंदुरी दारू
नया दोगा नेया दो
कजोड़ा-नांड़ी
आलोपे उदुबेया
सिंदुरी-दारू
आलोपे चुण्डुलेया
कजोड़ा-नांड़ी
अलं जोका जुड़ी रेलं
सिंदुरी तेया
अलंङ जोता रेलंङ
कजोड़ा तेया

यह कौन-सा वृक्ष है ?
यह कौन-सी लता है ?
यह सिन्दूर का वृक्ष है !
यह काजल की लता है !
इस सिन्दूर के वृक्ष को
(किसी को) नहीं बतावें !
इस काजल की लता को
उंगली नहीं दिखावें !
जब हम दोनों शादी करेंगे
तो सिन्दूर लगावेंगे !
जब हमारा विवाह होगा
तब (इसी से) काजल करेंगे ।

२५

बुर रेमा चिरे टिकुरारेमा
काजि तेगे होइं आयुममेया
गाड़ा रेमा चिरे जोबेला रेमा
बांकड़ा तेगे होइं आतेनमेया

काजि तेगे होइं आयुम मेया
गातिङ लेका होइं आयुममेया
बांकड़ा तेगे होइं आतेन मेया
सोंगोती लेका होइं आतेन मेया

सोंगोती लेका होइं आयुम मेया
एलारे गतिङ रेलं जगर कोआ
पिरीत लेका होइं आतेन मेया
एलारे सांगाइंग रेलं लापन्दा कोआ

एलारे रे गातिङ रेलं जगर कोआ
गति सोंगोतिलं जगर कोआ
एलारे सगाइं एलं लापन्दा कोआ
हिरिती पिरीतिलं लापन्दा कोआ

तुम पहाड़ पर हो या किसी टीले पर हो
(वहाँ से केवल) तुम्हारी आवाज ही सुनाई देती है।
तुम नदी में हो या किसी दलदल में हो
(वहाँ से केवल) बोली ही सुनाई देती है।
(उससे तुम) प्रियतम के समान जान पड़ते हो।
तुम प्रियतम जैसे लगते हो
हे प्रिय, आओ हमलोग बातचीत करें
तुम प्रिय, जैसे जान पड़ते हो
हे प्रिय, आओ हम लोग हँसें-बोलें
आओ प्रिय, हमलोग प्रिया और प्रियतम
के समान बातें करें।
आओ प्रिय, हमलोग प्रिय और प्रियतम की
तरह हँसें-बोलें।

२६

पिड़ी पिन्दार कोदोम बा चेड़े
ओको कोरे बोलेम अड़ागुन जन
गाड़ा जोवेला रे गाहड़ा पुतम
चिमय कोरे बोलेम नोसोरेन जन

हातु लतर रे डाड़ी दगे रे
डाड़ी दगे रे हड़ागून जन
झरिमा रेदो हो सुइलं दगे
सुइले दगे रे नोसोरेन जन

डाड़ी दगेरेम अड़ागून रेदो
मूसिग रे ओ चेड़ेइं आटामेया
सुइले दगे रेम नोसोरेन रे दो
वरासींग रे ओ चेड़ेइं जुड़ा अमेया

हे टांड़ में रहने वाले दोवा पक्षी !
तुम कहाँ पर उतरते हो ? (गरुड़ा)
हे नदी की तराई में रहने वाले गरुड़ा पंडुक !
तुम कहाँ पर उतरते हो ?
क्या तुम गाँव के नीचे डाड़ी के पास के पानी में उतरते हो ?
क्या तुम झरने के पास के साफ पानी में उतरते हो ?
(अगर) तुम डाड़ी के नीचे के पानी में उतरोगे तो एक दिन
तुमको लासा से पकड़ लेंगे ।
अगर तुम झरने के पानी में उतरोगे तो दो दिन में तुमको
फँसा लेंगे ।

२७

हेन्दे गुले गुले दो
नोकोए सदोमते
चौंरिया सदोमते
चिमय बीरिदे तन

हेन्दे गुले गुले दो
गातिम सेनोः तन
चौंरिया सदोमते
संगाम बीरिदे तन

मोयोद काजिते
गातिम् हरतिङ जन
वारिया बंकड़ा ते
संगाम हियातिड जन

यह काला-काला कौन जा रहा है ?
यह चौंरिया घोड़े पर कौन जा रहा है ?
यह काला-काला तुम्हारा प्रियतम जा रहा है।
यह चौंरिया घोड़े पर तुम्हारा प्रियतम जा रहा है।
तुम्हारा प्रिय एक ही बात से हार गया
तुम्हारे प्रियतम की दो ही बातों से हार हो गई
(उसने अपने को समर्पित कर दिया।)

२८

चुटी मुली सराजोम रे
आलो मीरुम इयमा
बादी लतर ताड़ायेरे
आलो सगइंम कुदुमा

काची तेरड़ेइं इयमा
सुड़ा दोरे गोसो जान
काची तेरङेइं कुदुमा
सांगेन दोरे मोरसो जान

सुड़ा दोरे गोसो जान
काची तेरा सुड़ावा
सांगेन दोरे मोरसो जान
काची तेरा सांगेनो

सुड़ा दौरे सुड़ावा
सिदा सुड़ा लेकाचि
सांगेन दौरे सांगेनो
मुनु सागेन लेकाचि

'हे मित्र, (एक पक्षी) साखू की चोटी पर (बैठकर) सोच न करो।
दोन की तराई में—
ऐ मित्र, तुम मत बिलखो।"
'हम सोच क्यों न करें (जब कि)—हमारी नई कोंपल मुरझा गई।
हम क्यों न बिलखें (जब कि), हमारी नई पत्तियाँ सूख गईं ?"
'कोंपल मुरझा गई, पर क्या फिर नहीं निकलेगी ?
पत्तियाँ सूख गईं, पर
क्या फिर नहीं पनपेंगी ?"
"नई कोंपल तो निकलेगी।
(पर) क्या वह पहिले के समान (होगी)।
पत्तियाँ तो फिर पनपेंगी,
(पर) क्या वे पहिले के समान (होंगी)।"

२६

समाड़ोम लेका गेको जोगाव लेद् मेया
बले-ए मुलु चण्डु: लेकम माता जना
पुर्नीमा चण्डु: लेकम मेद मुवड़जना
तुरे जान सिंगी लेकम मरेसाल केदा

किता हातु तला तेदो हटिया होरा
पाल: पाल: गेगोम सेने बेडाए
हातुवाते सिंगी तुरो गागरी डड़ी
चेले चेपेले गोम बुरा गेया

लंदा जगर आद होनोर नेड़ा
सिदा रेया टयदगो उड़ु: लेमे
गागरी डड़ी दोरे आमे रगा
अमागा बदाला दो ओकोए बुरागेया

गोड़मे दिने दोगो तेबः लेना
डिण्डा रेअः सुकु सोबेन सेनोः जना
अमागा मोनेरेआ उड़ुः आर मोने
सोबेन हासा रे जमा जना ।

तुमको सोने के समान जुगोकर रक्खा
तुम दूज के चाँद के समान बड़ी हुई ।
पूर्णिमा के चाँद के समान तुम्हारा मुख सुन्दर हुआ
(और) उगते हुए सूरज के समान तुम्हारी ज्योति फैली
'किता हातू' गाँव के बीच रास्ते से
तुम घूमती-फिरती रहीं
(और) गाँव के पूरब की गागरी डाड़ी से
तुम पानी भरती रहीं ।
पहले का हँसना-बोलना और घूमना-फिरना
तुम याद करो ।
गागरी डाड़ी तुमको पुकारती है
(अब) तुम्हारे बदले कौन (वहाँ से) पानी लेगा ?
अब तुम्हारी शादी का दिन निकट आ गया
और बचपन का सारा सुख चला गया,
अब तुम्हारे मन की सारी बातें
मिट्टी में मिल गईं ।

३०

हिजुः सेनोः राजाइं लेले मेया
गोसो गोसो राजाइं लेले मेया
वियुर नचुर रानी चिना मेया
मोरोसो मैला रानी चिना मेया

ओते लोलो आद् सिरिमा जेटे
एना तेचि राजाम् गोसो तना
रेंगेः तेतं आर जीरेयः दुकु
एना तेचि रानीम मैला तना

ओते लोलो आद् सिरिमा जेटे
एना कोदो सोबेन रानीम सातितदा

रेगेः तेतङ आर जीरेयः दुकु
एना कोदो राजा सांतितदा
निदा सिंगी रानी प्रेम उङुः
कुम्बार हवा लेकाइं लो तना
होड़ो कोलो काजीबोंका बापई रानी
एना कोदोम टोरेया सेड़ां कानरानी

"हे राजा, मैं (जब) तुमको आते-जाते देखती हूँ,
हे राजा, (तब) मैं तुमको मुरझाया हुआ देखती हूँ।
हे राजा, (जब) मैं तुमको घूमते-फिरते देखती हूँ,
हे राजा, (तब) मैं तुमको सूखा-सूखा और मलिन देखती हूँ।
"धरती की आँच और आकाश की ज्वाला से
हे राजा, क्या तुम इस तरह मुरझा रहे हो ?
भूख-प्यास और हृदय की व्यथा से
हे राजा, क्या तुम इस तरह मलिन हो रहे हो ?
"धरती की आँच और आकाश की ज्वाला
हे रानी, मैं ने सबको झेल लिया है।
भूख-प्यास और हृदय की व्यथा
हे रानी, मैंने सबको झेल लिया है।
हे रानी, प्रेम की आग रात-दिन
मुझे कुम्हार के आँवें (भट्ठी) की तरह जला रही है।
हे रानी, हृदय की बात और मन की चिन्ता
किसीसे कहते नहीं बन रही है।

३१

होरा रे सराजोम बा
लेसेकेन लेसेकेन
डारे रे हेन्दे नपाडुँ
मोचोकेन मोचोकेन

लेसेकेन लेसेकेन
तीते हो कागे तेबागो
मोचोकेन मोचोकेन
मोचाते हो कागे जगारो

तीते हो कागे तेबागो
बकोः हो बाइयाईपे
मोचाते हो कागे जगारो
लिकाहो ओलाई पे

बकोः होले बाइयाईया
बकोः हो हुलाः जान
लिका होले ओलाईया
लिका हो चेचाः जान

रास्ते में साखू का फूल लहरा रहा है।
रास्ते में कुँवारी लड़की मुसकरा रही है।
(जो फूल) लहरा रहा है
(वहाँ तक) हाथ नहीं पहुँचता।
(जो लड़की) मुसकरा रही है
(उससे) मुँह से कुछ (कुछ) कहते नहीं बनता।
(जहाँ) हाथ नहीं पहुँचता (उसके लिए) अंकुश बना दो।
(जिससे) कहते नहीं बनता (उसके लिए) चिट्ठी लिख दो।
अंकुश बना दिया (परन्तु)
वह भी टूट गया।
चिट्ठी लिखी गई (परन्तु)
वह भी नष्ट हो गई।

३२

अटा मटा बिरको तला रे
अलो होम निरजा बागिञा
रामे को मारेचा रे
अलो होम निरजा रड़ाइञा

काची होम लेले दीञा
सेंगेल लेकाइं जुलेतानरे
काची होम चिना लेदीञा
दः लेकाइं लिगी तान रे

कागे चोवाइं लेलेलेदेमा
दिसुमादो दूदुगार जान
कागे चोवाइं चिना लेदेमा
गामाय दो कोवाँसी जान

इस घने जंगल में—
तुम मुझे छोड़कर मत भागो !
इस काँटा भरे मैदान में—
तुम मुझे छोड़कर मत भागो !
क्या तुमने मुझे नहीं देखा था,
(जब) मैं आग के समान चमक रही थी ?
क्या तुमने मुझे नही पहिचाना था
(जब) मैं पानी की तरह उमड़ रही थी ?
हाँ, मैं ने नहीं देखा था
(क्योंकि) दुनिया में आँधी (की धूल) भरी थी।
हाँ मैं ने (तुम्हें) नहीं पहिचाना था,
(क्योंकि) दुनिया में कुहासा छाया हुआ था।

३३

मागे फागुनरे जदुर सुसुन को
आसड़ सावन रे करम कोजोड़ो को
जदुर सुसुन को लिटिः लोपोङा
करम कोजोड़ो को लटं कोयङा

लिटिः लोपोङा सेनोगे मोनिङा
लंट कोयाङा बिरिदेगे सनाइङा
सेनो-रेदो सेनो मे सेनोः गेम काजीआ
बिरिदे रेदो बिरिदे मे बिरिदेगेम बंकाड़ा

अम बड़े सेनो जान रे तोवा बाइङ बा जोमा
अम बड़े बिरिद जनरे अटल बाइङ डली जोमा
तोवा बाइङ बा तारे सयतेम लेलिङा
अटल बाइङ डली तारे मोचो लेकम लन्दाया

माघ और फागुन में जदुर नाचते हैं
आसाढ़ और सावन में करम नाचते हैं।
जदुर नाचनेवाले लथ पथ हो गये,
करम नाचने वाले अस्त-व्यस्त हो गये।
मैं लथ-पथ हो गया, (अब) जाना चाहता हूँ।
मैं अस्त-व्यस्त हो गया, (अब) जाने की इच्छा होती है।
बार-बार जाने को कहते हो तो चले जाओ।
बार-बार भागना चाहते हो तो भाग जाओ।
(लेकिन) जब तुम चले जाओगे तब मैं दूधी फूल लगाऊँगी।
(लेकिन) जब तुम भाग जाओगे तब मैं अटल फूल खोसूँगी।
जब मैं दूधी फूल लगाऊँगी तब तुम कनखियों से (मुझे) देखोगे।
जब मैं अटल फूल खोसूँगी तब तुम मुसकाओगे।

३४

हाय धोनी सोना मुनी रे
ने लेकाइञ बलय तान
हाय धोनी रुपा मुनी रे
ने लेकाइञ कोसोटो तान

कचि होम लेले जदिञा
ने लेकाइञ बलय तान
कचि होम चिना जदिञा
ने लेकाइञ कोसोटो तान

हियातिञ हियातिञ ते
गोसो चबा तान
चकातिञ चकातिञते
मोरो सो मैला तान

हाय प्रिये, सोना मुनी,
मैं इस तरह दुःख सह रहा हूँ।
हाय प्रिये, रूपा मुनी
मैं इस तरह दुःख-विपत्ति भोग रहा हूँ।
क्या तुम नहीं देखती कि मैं
किस तरह दुःख भोग रहा हूँ?
क्या तुम नहीं देखती कि मैं

किस तरह विपत्ति भोग रहा हूँ ?
सोच करते-करते
मेरा शरीर सूख गया
चिन्ता करते-करते
मैं मुरझा गया ।

३५

अलङ दिसुमरेलं जोनोम जना
पुतम लेका होलं जुड़ी जना
अलङ गमयरेलं माता जना
पारय लेका होलं माता जना

पुतम लेका होलं जुड़ी जना
मोदेर गतिङ रेलं सुसुन करम
पारय लेका होलं जोता जना
अलङ जी सोबेन मोदे जना

मोदे रे गतिङ रेलं सुसुन करम
कारे गतिङ रेलं बापा गेया
अइङ जी सोबेन मोदे जना
जिदन सुनुमलं आपा सुला

हम दोनों ने अपने देश में जन्म पाया
हम दोनों की पण्डुक के समान जोड़ी हुई ।
हम दोनों अपने देश में बढ़े
(और) हम दोनों कबूतर के समान साथी हुए ।
हम दोनों की (जो) पण्डुक के समान जोड़ी हुई
तो हम एक साथ नाचे-गायेंगे ।
हम दोनों जो कबूतर के समान साथी बने
(तो) हम दोनों का हृदय एक हो गया ।
हम दोनों एक साथ नाचे गायेंगे,
(और) कभी अलग नहीं होंगे ।
हम दोनों का मन एक हो गया है
(और) जीवन पर्यन्त एक दूसरे का पालन-पोषण करेगा ।

३६

गड़ा गितिल कोदम सुबा रे
तिरी रिरी रुतु साड़ी तान
हाय गतिङ हाय संगाइ रे
जेतारेओ कमे लेलोआ

तरा तिते रचाइं जोगा
तरा तिते मेदाइं गोसोः ना
हाय गतिङ हाय संगाइं रे
जेता रेओ कमे लेलोआ

नदी के किनारे की रेत पर, कदम्ब वृक्ष के नीचे,
तिरिरिरि की आवाज में बाँसुरी बज रही है।
(किन्तु) हे प्रिय, हे मित्र।
तुम कहीं भी दिखाई नहीं देते।
मैं एक हाथ से आँगन बुहारती हूँ
(और) दूसरे हाथ से आँसू पोंछती रहती हूँ।
हे प्रिय, हे मित्र !
तुम कहीं भी दिखाई नहीं देते।

३७

दो तइङ सालुरे दो तइङ सुगा
चेतन टोला रे जोमे लङ हेसः
दो तइङ सालु रे दो तइङ सुगा
लतर टोला रे नबे लङ बड़े

कलङ सालु रे कलङा सुगा
जोमे लङहेसः रेको अटा तदा
बलेः बलेः रे सालु को अटा तलं गेया
लिङ्ु लिङ्ु रे सुगा को जुड़ः तलं गेया

हे सालू चलो, हे सुग्गा चलो ?
ऊपर टोले में पीपल (का फल) खाने चलें !
हे सालु चलो, हे सुग्गा चलो।

नीचे टोले में बड़ (का फल) खाने चलें।
नहीं सालू , नहीं सुग्गा, हम लोग नहीं जायेंगे
जिस पीपल को खाने चलना है (उसमें) कम्पा रख दिया है ।
हे सालू , छुटपन में ही हम दोनों को (लोग) बझा लेंगे।
हे सुग्गा बचपन में ही हम दोनों को (लोग) फँसा लेंगे।

३८

अमागः सुपिद् लेलेते
सोंगोतीन मोनिङा
अमागः पैला चिनाते
पिरितीन सनाइञा

सोंगोतीन मोनिङा
सोंगोती कमे मोसाइञा
पिरितीन सनाइञा
पिरितीन कमे सेले दिङा

हियातिंगे मोनिङा
सोंगोती कमे मोसाइञा
चकातिंगे सनाइञा
पिरिती कमे सेले दिङा

तुम्हारी चोटी देखकर
तुमसे प्रेम करने की इच्छा होती है।
तुम्हारा आँचल देखकर तुमको प्यार करने का जी चाहता है।
तुम्हारा साथी बनने की इच्छा होती है
(लेकिन) तुम लोग साथी नहीं बनातीं।
तुमसे प्रेम करने की इच्छा होती है
(लेकिन) तुम लोग अपना प्रेमी नही बनातीं।
मुझे बड़ा दुःख होता है
(कि) तुम लोग साथी नहीं बनातीं।
मुझे बड़ा अफसोस होता है
(कि) तुम लोग प्रेमी नहीं बनातीं।

३९

बाले: बाले: रेलं सोंगोती लेना
सोंगोती गतीङेरेम बागे किङा
लीङुं लीङुं रेलं पिरोती लेना
पिरिती संगइरेम राड़ा किङा

हियातिङ मोनिङा
सोंगोती गतिङरेम बागे किङा
चकातिङे सना इञा
पिरिती संगइंरेम राड़ा किङा

हियातिङ हियातिङ ते
जीराटी हायाद् जना
चकातिङ चकातिङ वे
कुड़म राटी ओड़े: जना

बचपन में ही हम लोगों की दोस्ती हुई,
(लेकिन) तुमने उस दोस्ती को तोड़ दिया।
छुटपन में ही हम लोगों ने प्रेम किया.
(लेकिन) तुमने उस प्रेम को छोड़ दिया।
मुझे बड़ा दुःख है
कि तुमने (बचपन की दोस्ती को) तोड़ दिया।
मुझे बड़ा खेद है
कि तुमने (बचपन के प्रेम को) छोड़ दिया।
सोच-सोचकर
मेरा हृदय सूख गया है।
चिन्ता करते-करते
मेरी छाती टूक-टूक हो गई है।

४०

लम: जाङ गतिङ चिरे बड़ुजु जाङ संगाइं
साँगिन दिसुमे रेम पाण्डिल जना
लम: जाङ्ग गातिङ्ग चिरे बुड़ुजु जाङ्ग सगाइं
जिलिङ गमयरेम चोलङ जना

सांगिन दिसुमेरेम पाण्डिल जना
ओको कोरे हौलङ लेपेल रुड़ा
जिलि गमयरेम चोलङ जना
चिमय कोरे होलंङ चिपना रुड़ा

हसा बुरु होको बुरुइ रेदो
हसा बुरु रेलङ लेपेल रुड़ा
बामनी यात्रा-होको यात्राए रेदो
बामनी यात्रा रेलङ चिपना रुड़ा

हसा बुरु रेलङ लेपेल रेदो
तीरे मुदामेलङ ओमामेया
बामनी यात्र रेलङ चिपना रेदो
होटोः रे काड़े मालालङ चदामेया

तीरे मुदामे दोइं ओमामेया
तीरे मूदामेइं जागारामेया
होटोः रे काड़े मालाइं चेदामेरे
होटोः रे कड़े मालाइं लापन्दा मेया

हे प्रिय, लामा (एक फल) के बीज की तरह अथवा
हे प्रिय, बुड़जू के बीज की तरह
तुम बहुत दूर चले गये
तुम बहुत दूर जा पड़े,
फिर अब कहाँ मुलाकात होगी
तुम बहुत अलग चले गये
फिर अब कहाँ हम (एक दूसरे को) देखेंगे।
जब हासा का जतरा होगा
तब फिर हमारी मुलाकात होगी
जब बमनी का मेला होगा
तब फिर हम (एक दूसरे को) देखेंगे।
अगर हासा जतरा में मुलाकात होगी
तो मैं तुम्हें एक अँगूठी दूँगा।
यदि बमनी मेले में मुलाकात होगी
तो मैं तुम्हें गले में पहनने के लिए काँसी की माला दूँगा।

मैं तुम्हें अँगूठी दूँगा
(और) वहीं हमारी बातचीत भी होगी
मैं तुम्हें माला पहनाऊँगा
(और) हम वहीं हँसे-बोलेंगे
[लामा एक फल जो पकने पर फट जाता है और
बुड़जू (कचनार) जिसका बीज पकने पर दूर छिटक जाता है]

४१

बुरु आतेइं लेले मेरे गातिङ
कम लेलो: लेलोगा गातिङ
बेड़ातेइं चिना मेरे संगाइं
कम चिनावो चिनावा संगाइं

हुन्दी बाइं गुतु लेदा गातिङ
कम लेलो: लेलोगा गातिङ
बगड़ी बाइं गलं लेदा संगाइं
कम चिनाव चिनावा संगाइं

कम लेलो: लेलोगा गातिङ
चरि: रेगे गोसो जान
कम चिनाव चिनावा संगाइं
सुतम रेगे मैला जान

चरि: रेगे गोसो जना गातिङ
अइआ जीवो गोसो जान
सुतम रेगे गोसो जना संगाइं
अइआ कुड़ामो मैला जान

हे प्रिय, मैं तुमको पहाड़ पर से देखती हूँ,
(किन्तु) हे प्रिय, तुम दिखाई नहीं देते।
हे प्रिय, मैं तुमको तराई में से देखती हूँ,
(किन्तु) हे प्रिय, तुम दीख नहीं पड़ते।
हे प्रिय ! मैंने (तुम्हारे लिए) हुन्दी के फूल गूँथे हैं
(परन्तु) तुम दिखाई नहीं देते।
हे प्रिय मैंने (तुम्हारे लिए) बगड़ी (बकुल) का हार बनाया है।

(परन्तु) तुम दीख नहीं पड़ते ।
हे प्रिय ! तुम दिखाई नहीं देते
और (हुन्दी का फूल) गुच्छा मुरझा रहा है ।
हे प्रिय ! तुम नजर नहीं आते ।
(और, वकुल का गुच्छा) सूत में ही सूख रहा है ।
(इधर) फूलों का गुच्छा मुरझा रहा है
(और उधर) मेरा हृदय (भी) मुरझा रहा है ।
(इधर) सूत का हार सूख रहा है
(और उधर) मेरा दिल (भी) उदास हो रहा है

४२

अमगः नगेन तेइं
बोदोनाम जना दो
अमगः नगेन तेइं
सुबा नाम जना दो

मोचा जगर तेइं
बोदोनाम जना दो
मेदे लेपेल तेइं
सुबानाम जना दो

हियातिङ मोनिङ
बोदोनाम जना दो
चकातिङ सना इआ
सुबा नाम जना दो

तुम्हारे ही कारण हम बदनाम हुए ।
तुम्हारे ही कारण हम दोषी ठहराये गये ।
(केवल) बात करने के कारण हम बदनाम हुए
(केवल) आँख मिलाने के कारण हम दोषी बने
मुझे दुःख है कि हम बदनाम हुए
मुझे अफसोस है कि हम दोषी बने ।



मुण्डा-किसान—खेत की ओर

मुण्डा-युवती



कुछ वाद्य-यंत्र

४३

बाले: वाले: रेलं सोंगोतो गातिङ
मोदेरे गातिङ रेलङ इनु केना
जुड़ी जुड़ी होलं सेने बेड़ाय
पन्ती रे गातिङ रेलं दुबे केना

मोयोद काजी गेलङ काजी केना
मोयोद काजी तेलङ बपागड़ाव जना
पन्ती रे संगाइ रेलङ दुबे केना
दुबी र: दुम्बु लेकाम रिकान जना

जीरेन उड़: चण्डाल का बुगिन तनि:
जुले, तान संगेलेरे खदीड़िन लेका
निदा सिंगी बोलेइ उड़: तना
अइञा ग: नसीब राम बंका जना

बहुत बचपन से ही हे प्रिय,
हम लोग एक साथ रहते और खेलते थे।
साथ-साथ चलते-फिरते थे
(और) हे प्रिय, एक साथ उठते-बैठते थे।
हम दोनों एक ही बात बोला करते थे
(लेकिन) एक ही बात के लिए हममें अनबन हो गई
हम दोनों एक ही साथ बैठते थे
(लेकिन) खर-कतवार की तरह हम लोग अलग हो गये।
दिलका दु:ख बहुत बुरा होता है
जी चाहता है कि जलती आग में कूद पड़ें
हम रात-दिन सोचा करते हैं
'राम' कहता है कि हमारा भाग्य बिगड़ गया।

४४

अम: रे जीदो बोले अइञारे कुड़ाम
दीदी लेका गेगोम जलातिङ तना
अइञारे जीदो बोले अमारे कुड़ाम
कुड़ीद लेका गेगोम बुलातिङ तना

दीदी लेका गेगोम जलातिङ तना
हातु हातु बोलेम् जलातिङ तना
कुड़ीद लेका गेगोम बुलातिङ तना
दिसुम दिसुम बोलेम बुलातिङ तना

हातु हातु बोलेम जलातिङ तना
जेता रे गतिङ्रे कइङ लेलेमेया
दिसुम दिसुम बोलेम बुलातिङ तना
चिमय रे संगइंरे कइड़ चिना मेया ।

हमारी छाती केवल यहाँ है, लेकिन दिल तुममें लगा है
(और) मैं गीध की तरह उड़ता फिरता हूँ ।
हमारा हृदय जब वहाँ है तब मन तुम्हारे पास है
(और) मैं चील की समान घूमता-फिरता हूँ,
मैं गीध के समान उड़ता फिरता हूँ ।
(और) गाँव-गाँव उड़ता फिरता हूँ ।
मैं चील के समान घूमता-फिरता हूँ
और देश-देश घूमता-फिरता हूँ
मैं गाँव-गाँव उड़ता फिरता हूँ
किन्तु हे प्रिय ! तुमको नहीं देखता
मैं देश-देश घूमता फिरता हूँ
किन्तु हे प्रिय ! तुम दिखाई नहीं देते ।

४५

चिकान काजो बोलेम आयुम लेदा
पेटेः गोसो पतड़ा लेकम गोसो तना
मेरे को बकड़ा बोलेम अतेन लेदा
गेरा गो-ए दरु लेकम् मैला तना ।

सिदा रेन गतिमचिको नेयान जना
पेटेः गोसो पतड़ा लेकम गोसो तना
तयोम सगम चि बोरेन तना
गेरा गोए दरु लेकाम मैला तना ।

बुलुङ सुनुम चिगोम ओमे लेदा
पेटेः गोसो पतड़ा लेकाम गोसोतना,
गोनोड़ सती चिगोंम-चेदे-लेदा
गेरा गो-ए दरु लेकाम मैला तना ।

तुमने कौन-सी बात सुन ली है ?
(जो) तोड़ी हुई डाली की पत्तियों के समान मुरझा गये !
तुमने कौन-सी चर्चा सुन ली है
(जो) छीले हुए पेड़ के समान सूख गये ?
क्या तुम्हारे पहिले के प्रेमी की शादी हो गई ?
(जो तुम) तोड़ी हुई डाल की पत्तियों की तरह मुरझा गये ।
क्या तुम्हारे पीछे के प्रेमी का विवाह हो गया ?
(जो तुम) छीले हुए पेड़ के समान सूख गये ।
क्या तुमने (उसके लिए) नमक-तेल खर्च किया था ।
(जो) तोड़ी हुई डाल की पत्तियों की तरह मुरझा गये
क्या तुमने (उसके लिए) दाम चुकाया था ?
(जो) छीले हुए वृक्ष के समान सूख गये ।

४६

कोदोम दारु बंका दड़ा रे
किष्टो जी रुतुई ओरोङे
ओ गातिङ ओ संगाइं
जेता रेओ कमे लेलोगा

ओङा तेइङ उडुङ लेना
बोः रे तोइङ आगु केद
ओ गातिड ओ संगाइं रे
जेता रेओ कमे लेलोगा

तरा तीते मण्डी जोमेया
तरा तीते मेदःइं गोसोः ना
ओ गातिङ ओ संगाइं रे
जेता रेओ कमे लेलोगा

कदम्ब वृक्ष की टेढ़ी डाल पर
कृष्ण वंशी बजा रहे हैं ।

हे प्रिय, हे संगी !
तुम (कहीं) नहीं दीखते हो ।
मैं घर से निकली
और सिर पर हाथ रक्खा
हे प्रिय, हे मित्र !
तुम कहीं नहीं दीखते हो ।
मैं एक हाथ से खाना खाती हूँ
और दूसरे हाथ से आँसू पोंछती हूँ
हे प्रिय हे मित्र !
तुम कहीं नहीं दिखाई देते हो ।

४७

आयर रे गातिङ रेम
तुंगुर-मुंगुरा
बापारे संगम-रेम
डाले कालेया
तुगुरे मुगुरा
दासी तलाङ में
डाले कालेया
गुतीन तलाङ में
दासिन दासिन दो
लेपेल सडिमारे
गुतीन गुतीन दो
चिपना चंदाए रे
सेंगेल असी रेइङ
असी नमे मा
सकम मंगानी रेइङ
मंगानी खोजरमा
सेंगेल असी रे
ती तेइङ चुण्डु लामा
सकम मंगानी रे
मेद तेइङ रपीदामा

हे प्रिय, (तुम तो) पहले ही आगा-पीछा कर रहे हो !
हे प्रिय, (तुम तो) आगे ही इधर-उधर हो रहे हो !
तुम जो आगा-पीछा कर रहे हो, (सो) कहीं चाकरी कर लो।
तुम जो इधर-उधर भटक रहे हो, (सो) कहीं धाँगर बन जाओ।
तुम चाकरी करो तो ऐसी चाकरी करो (जिससे एक दूसरे को देखें।
तुम धाँगर बनो तो ऐसी जगह (जिससे) एक दूसरे को पा सकें।
आग माँगते हुए मैं तुमको खोज लूँगी,
पत्ती माँगते हुए मैं तुमको पा लूँगी,
आग माँगते हुए मैं तुमको उँगली से इशारा कर दूँगी।
पत्ती माँगते हुए मैं तुमको कनखी मार दूँगी।

४८

बिरे सेंगेल दो
जिलिब जिलिबा
राजा पुकुरी दो
गुले गुलेया

जिलिब जिलिब रे
सतीन मोनिङा
गुले गुले रे
डबुरान सनाइङा

अलोगोम सतीना
गातिम हिजुः तान
अलोगोम डबुरान
संगाम सेटेर तान

गातिम हिजुः तान
डुगु मुगु चौडलते
संगाम सेटेर तान
गज़ा बजा बजुडियाते

"जंगल में धाँय-धाँय आग जल रही है।
राजा का तालाब लबालब भरा हुआ है।
धाँय धाँय जलती हुई (आग) में

जल भरने की इच्छा होती है।
लबालब भरे हुए (पानी) में
डूब मरने का जी चाहता है।"
"तुम मत जल-मरो
(तुम्हारा) प्रिय आ रहा है।
तुम मत डूब मरो
(तुम्हारा) प्रेमी पहुँच रहा है।
(तुम्हारा) प्रिय डुग-मुग डोली पर
आ रहा है।
(तुम्हारा) प्रेमी गाजा-बाजा के साथ
पहुँच रहा है।"

४६

सण्डी सिम गिपाल गोपोल
ओकोती जना
कलुटी सिम केरो केचो
चिमय ती जना

सण्डी सिम गिपाल गोपोल
चेड़ें टोटे तीया
कलुटी सिम केरी केचो
ए-को हलङ तिया

उतु तले- बनोगा
चेंड़े टोटे तीया
बुलुङ तले बनोगा
ए-को हलङ तीया

वह मनचला मुर्गा कहाँ चला गया।
वह कुड़कुड़ाती हुई मुर्गी किधर गई।
वह मनचला मुर्गा चुपके-से चिड़िया मारने गया।
वह मनचली मुर्गी लाह बटोरने गई।
सालन नहीं है, (इसलिए) चिड़िया मारने गया।
नमक नहीं है, (इसलिए) लाह बटोरने गई।

५०

सिदा सिमको रनः
अयुमलङ गातिङ
तयोम मरः नेयोन
अतेन लङ—संगाइङ

सिदा सिमको रनः रे
ओको कोते लङा
तयोम मरः नेयोन रे
चिमय कोते लङा

सिदा सिम को रनः रे
एंगम कोते लङा
तयोम मरः नेयोन रे
अपुम कोते लङा

एंगम कोते मेनेरे
जीगे लिटिब-लिटिबा
अपुम कोते मेनेरे
कुड़ाम दोपोल-दोपोला

हे प्रिय, हम मुर्गे की पहली बाँग सुन लें।
हे प्रिय, हम मोर की पिछली आवाज पहिचान लें।
मुर्गे की पहली बोली सुनकर हम कहाँ चलें?
मोर की पिछली आवाज जानकर हम कहाँ जाँय?
मुर्गे की पहली बाँग सुनकर हम माँ के घर (चलें)।
मोर की पिछली आवाज जानकर हम बाप के घर (जायें)।
'माँ का घर' कहने से जी धक-धक करने लगता है।
'बाप का घर' का नाम सुनकर छाती काँपने लगती है।

५१

नेते दुङा नेते जिली मिलिया
दिसुमेदो लेसे लेसे या

नेते दुड़ा नेते जिली मिलिया
गमाय दो जिरिपी जलङा

दिसुमेदो लेसे लेसेया
दिसुमेदो बागे जदा
गमाय दो जिरिपी जलङा
गम य दोम राड़ा जदा

मोदे किया सिन्दुरी ते
दिसुमेदो बागे जदा
बार थाड़ी सासङ्गते
गमाय दोम राड़ा जदा

दिसुम दो बियुर तान
अमः जीदो बियुर तान
गमाय दो सेकोर तान
अमः जीदो सेकोर तान

यहाँ की धूल चमकीली है
यह देश बड़ा सुन्दर है !
यहाँ की मिट्टी चमकीली है
यह इलाका बड़ा मनोहर है !

ऐसा सुन्दर देश !
ऐसे सुन्दर देश को तुम छोड़ रही हो !
ऐसा मनोहर इलाका ।
ऐसे मनोहर इलाके से तुम अलग हो रही हो !

तुम एक 'कीया' (सिन्धोरा) भर सिन्दूर से
यह देश छोड़ रही हो
तुम केवल दो थाली हल्दी से
इस इलाके से अलग हो रही हो ।

देश घूम (बदल) रहा है
(और) तुम्हारा हृदय (भी) घूम रहा है ।
इलाका घूम (बदल) रहा है
(और) तुम्हारा दिल (भी) घूम रहा है ।

५२

बा चण्डु: मुलु: लेना माई
सिम होन दोए चियब-चियबा
लोगोन दोको तोले केदा माई
कुड़ी होन दोए चलु दुबा कना

सिम होन दोए चियब चियबा माई
खलोम केन खलोम केन
कुड़ी होन दोए चुलु दुबा कना माई
सतोम केन सतोम केन

अइं जुड़ी मेनाईयाना माई
तयर नड़ी दिले दोंगोब
अइं जुड़ी मेनाईयाना माई
सुकु बरे सेपेड़ेद्

चैत का चाँद उग गया
मुर्गी का बच्चा चीं-चीं बोल रहा है।
लग्न (निश्चित) हो गया
लड़की सिकुड़ी बैठी है।
मुर्गी का बच्चा चीं-चीं बोल रहा है
कि हमारा बलिदान अगले वर्ष हो।
छोटी लड़की बैठी हुई सोच रही है
कि हमारी शादी तीसरे वर्ष हो
हमारा जोड़ा ककड़ी की लता के समान—
खिला हुआ एक जवान है।
हमारा जोड़ा कद्दू के फूल के समान—
प्रफुल्लित एक युवक है।

५३

तीरे दो तोले उली सकम
तीरे दो कईङ तोलेना
मोलों रे टिका सिन्दूरी
मोलों रे काइङ टिका ना

अइङ लो:ते जुड़ी बंगाइया
अइङ दो हो काइङ तोलेना
अइं लो:ते जोता बंगाइया
अइं दो हो काइङ टिकाना

अइङ लो:ते जुड़ी किनि:
जूड़ीन जना दो
अइङ लो:ते जोता किनि:
जोतान जान दो

हाथ में बाँधी जानेवाली आम की पत्ती
मैं हाथ में नहीं बाँधूँगी।
माथे पर लगाया जानेवाला सिन्दूर
मैं माथे पर नहीं लगाऊँगी।

मेरा जोड़ा नहीं है
मैं नहीं बाधूँगी
मेरा साथी वही है
मैं नहीं लगाऊँगी।

मेरे साथ जोड़ा होने वाला
दूसरे के साथ हो गया।
मेरा साथी बननेवाला
दूसरे का साथी बन गया।

५४

होरा दुड़ाव को सेने केदा
चिरे गातिङ चिलङ मेने
राइसी बोरोसो को साला केदा
मेरे रे मोचो कुली मेरे लङ मेने

मोदे अराँड़ाँ उरि: ओड़ो बारो टका
मोड़े होड़ो तला रेको लेका केदा
सुकु रेओ मैना दूकु रेओ
अमाग: नुतुम तेको साकी केदा

धोरोजा ओञ रेदो इसिटि कुटुम्ब
मोड़े होड़ो तला रेदो बमाड़े गोसाइ
सुकु रेओ मैना दुकु रेओ
अड़ान्दी लोगो ने को तोले केदा

मेरेल पताड़ा को बकिड़ी तदा
गितिल मण्डोवाको दुला केदा
सुकु रेओ मैना दुकु रेओ
नेवो तरी कोदो रेको हिजुआ कना

मण्डोवा तला रेदो किया सिन्दुरी
अमाग: नागेन गे दोरोपोन नकी:
सुकुरेओ मैना दुकु रेओ
एला रे नकि: लेमा समड़ोम सोना

रास्ते की धूल पार की जा चुकी (शादी की) बात तय हो चुकी
हे प्यारी बेटी, अब क्या कह सकते हैं ?
राशि-लगन सब चुन लिया गया
हे मुसकानेवाली, अब हम लोग क्या कह सकते हैं ?
एक जोड़े बैल और बारह रुपये
पाँच-पंचों के बीच गिने जा चुके हैं।
तुम राजी हो या न हो
तुम्हारा नाम लिया जा चुका है।
धर्म के घर में इष्ट, मित्र, कुटुम्ब (सब आ गये हैं)।
पंचो के बीच ब्राह्मण और गोसाईं बैठे हैं।
तुम चाहो या न चाहो
शादी की लगन ठीक हो चुकी है।
आँवले की पत्ती का मण्डप बन गया है
और बालू का मड़वा (वेदी) बनाया जा चुका है।
तुम्हे सुख हो या हे बेटी, दुःख हो
निमंत्रित व्यक्ति भी आ चुके हैं
मंडप के नीचे सिंधोरा और सिन्दूर रख दिया गया है
(और) तुम्हारे लिए आईना और कघी भी रख दी गई है।
हे बेटी, अब तो चाहे तुम्हें सुख हो या दुःख हो
हे सोने सी बेटी, आओ तुम्हारे बालों को संवार दें।

५५

बुरू दोको बुरू चबा केदा माई
अमदो माई कम जुड़ीन जान
जतरा दोको जतरा चेबा केदा माई
अमदो माई कम जोतान जान

अमाते दुपुड़ीं कोनामाई
अमाते मपारं को
सोबेन को जूड़ीन जना माई
सोबेन को जोतान जान

सभी बुरू (पर्वत पर लगनेवाले मेले) बीत गये,
हे लड़की तुमने अभी तक अपना साथी नहीं चुना !
सभी जतराएँ खतम हो गईं (किन्तु)
हे बालिका, तुमने अभी तक (किसी को) अपना मित्र नहीं बनाया ।
तुमसे सारी छोटी लड़कियों ने भी
तुमसे सभी बड़ी लड़कियों ने भी,
सब ने अपना साथी चुन लिया ।
सब ने अपना संगी बना लिया ।

५६

नेना माई डुबा लेका तोवा बा
नेना माई बा लेका मे
नेना माई ताड़ी लेका अटल बा
नेना माई डाली लेका लेमे

नेना माई जुगुतु जुगुतु ते
नेना माई को गोड़े मेया
नेना माई बिचारे आचारे ते
नेना माई को चले जाद मेया

नेना माई को गोड़े मेरे
नेना माई काकी ओमामा

नेना माई चले केमाते
नेना माई कको चेदामा

हेला माई मोदे पिड़ी गतिमेको
हेला माईम बागे जाद् कोआ
हेला माई बारे सेकारी संगामे को
हेला माईम राड़ा जाद् कोआ

हे बेटी, यह कटोरा के समान दूधी फूल है !
हे बेटी, यह फूल पहन लो !
हे बेटी, यह थाली के समान अटल फूल है।
हे बेटी, यह फूल पहन लो !
हे बेटी, तुम्हारी शादी की
बातचीत चल रही है
हे बेटी, तुम्हारे विवाह के बारे में
सोच-विचार हो रहा है।
हे बेटी, यह फूल ले लो
हे बेटी, शादी के बाद यह कोई नहीं देगा।
हे बेटी, यह फूल ले लो !
हे बेटी, विवाह के बाद कहीं नहीं मिलेगा
हे बेटी, तुम अपने बहुत-से साथियों को
हे बेटी छोड़ रही हो।
हे बेटी, तुम अपनी बहुत-सी सहेलियों से
हे बेटी, अलग हो रही हो।

५७

हातु तलेम मेनेया मइना
हातु दोम बगे जदा
दिसुम तलेम मेनेया मइना
दिसुम दोम रड़ा जदा

मोदे किया सिन्दुरी ते
हातु गोम बगे जदा
बरे थड़ी ससांङ ते
दिसुम गोम रड़ा जदा

हातु गोम बगे जदा
हातु गो ले ले रुड़ा लेम
दिसुम गोम रड़ा जदा
दिसुम गो हेता रुड़ा लेम
हातु गो ले ले रुड़ा लेम
अम: जुड़ी गातिमेको लेल कुलतन
दिसुम गो हेता रुड़ा लेम
अमः जोता संगा मेको चिना कुलतन

हे बेटी, तुम जिसको अपना गाँव कहती थी,
उस गाँव को (तो) छोड़ रही हो।
हे बेटी, तुम जिसको अपना देश कहती थी,
उस देश से (तो) अलग हो रही हो।
तुम एक कीया (सिंधोरा) सिन्दूर से
अपना गाँव छोड़ रही हो।
तुम दो थाली हल्दी से
अपने देश से अलग हो रही हो।
गाँव को (तो) छोड़ रही हो
(लेकिन, उस) गाँव को मुँह फेरकर एक बार देख लो।
देश तो छोड़ रही हो,
(लेकिन) देश को घूम कर फिर एक बार देख लो।
तुम गाँव को फिर एक बार देख लो
तुम्हारी सहेलियाँ (तुमसे) मिलने के लिए आई हैं
तुम देश को फिर लौट कर एक बार देख लो।
तुम्हारी सखियाँ (तुमको) देखने के लिए आई हैं।

५८

बा तइङ मेगा नेयङ बा तइङ मे हो
डाली तइङ मेगा नपंङ डाली तइङ मे
बा दोरेइङ बा मेया चिकन बा
डाली दोरेइङ डाली मेया मेरेकन डाली
बा तइङ मेगा नेयाङ सराजोम बा
डाली तइङ मेगा नपङ सूड़ा सांगेन

हे मा, मुझे फूल पहना दो !
हे पिता, मुझे कोमल पल्लवों से सजा दो।
फूल तो पहनाऊँगी किन्तु कौन-सा फूल ?
कोंपलों से तो सजा दूँगा, किन्तु किन कोंपलों से ?
हे मा. मुझे साखू का फूल पहना दो
हे पिता, मुझे साखू की नई कोंपलों से सजा दो।

५९

आरे-चण्डू: आते-उड़ु: केना
मेन्दो हिजु: लेना बा लेका
जी रेया: दुकु सोबेन राड़े: जना
अमगे तइञ: माई जीरेय: लन्दा

बा लेक.-मईनाम् हिजुआ-कना
पुर्निमा चण्ड: लेकाम मेद-मुड़ा कना
पुर्निमा चण्डु: लेकाम-मेद-मुड़ा कना
तुरे तान सिगीं लेकाम मरे साल केदा

इसी चाँद की (के दर्शन की) मैं प्रतीक्षा कर रहा था,
लेकिन अब यह फूल के समान आया है।
(इसे पाकर) मेरे हृदय की सारी ज्वाला शान्त हो गई,
हे चाँद, तुम्हीं मेरे हृदय की सारी प्रसन्नता हो।
हे बालिका, तुम फूल के समान आई हो
और पूर्णिमा के चाँद के समान तुम्हारा मुख है।
तुम उगते हुए सूरज के समान
अपना प्रकाश फैला रही हो।

६०

गोङ मे दिने मुण्डी तेबा लेना
डाड़ी दगे रेगेम इयम तना
चले मे बोचोर नेंडा पूरा लेना
सुइले दगे रेगेम सयाद तना

डाड़ी दगे रेगेम इयम तना
एंगम आपुम कोम उड़ु: तना

सुइले दगे रेगेम सयाद तना
होनेम बारेम कोम सायद तना

एंगाम आपुम कोम उड़ुः तना
उरिः लेका गेको आकरिङ मेया
होनेम वारेम कोम सयाद तना
आड़ाअः लेकागे गेको खेजा मेया

उरिः लेका गेको आकरिङ मेया
बारो टका तेको आकरिङ मेया
आड़ाअः लेका गेको खेजा मेया
काँड़ाँ पोयसा तेको खेजा मेया ।

तुम्हें देने (शादी करने) का दिन पहुँच गया,
तुम डाड़ी के पानी में रोती रहती हो
तुम्हें भेजने का वर्ष पूरा हो गया,
तुम झरने के पानी में आह भरती रहती हो ।
तुम जो डाड़ी के पानी में रोती रहती हो
(सो) माँ बाप को सोचती रहती हो,
तुम जो झरने के किनारे आह भरती रहती हो
(सो) अपने भाई-बन्धुओं के लिए कलपती रहती हो
(तुम जिन) माँ-बाप को सोच रही हो
(वही) गाय-बैल की तरह तुम्हें बेच देंगे
(तुम जिन) भाई बन्धुओं के लिए कलप रही हो
(वही) साग-पात के समान तुम्हें बेंच देंगे ।
बारह रुपये पर गाय बैल के समान
तुम्हें बेंच देंगे ।
दो-चार पैसों के लिए साग-पात के समान
तुम्हें बेच देंगे ।

६१

सोमय बारी होम
दिले दोंगोबा
नुसड़ा बारी होम
लङ चेंड़े बोंड़ोला

सोमय सेनो जान
देयम कूबः जान
नुसड़ा बिरिद जान
जोवाम रेपो जान

जोजो लेकागे
देयम कूबा जान
सोसो लेकागे
जोवाम रेपोजान

जब तक समय था
(तब तक तुम्हारे) दिल में उमंग थी।
जब तक दिन थे
(तब तक) लं-पक्षी के समान तुम्हारा पिछौटा था।
समय चला गया
(और) पीठ झुक गई।
दिन बीत गये
(और) गाल पिचक गये।
इमली के समान
(तुम्हारी) कमर झुक गई
भेलवा के समान
(तुम्हारी) गाल पिचक गये।

६२

अमागाः कजिया सिसिबाइञ
आयुम लेदाया सिसिबा
अमागाः बकँड़ाया हरीबाइञ
आतेनलेद

चेतन टोलारे सिसि बाईञ
आयुम लेदाया सिसिबा
लतर टोला रे हरीबाइञ
आतेन लेद

गोङ मेयाको सिसिबाईङ
आयुम लेदाया सिसिबा
चले मेया को हरीबाइं
आतेन लेद

साँगोन दीशुमेरे सिसिबा को
गोङ मेयाको सिसिबा
जोलिं गमयरे हरीबा को
चले मेया

ऐ सिसिबा, मैंने तुम्हारे बारे में एक बात सुनी है।
ऐ हरिबा, मैंने तुम्हारे बारे में एक चर्चा सुनी है।
ऐ सिसिबा, मैंने (उस बात को) ऊपर टोले में सुना है।
ऐ हरिबा, मैंने (उस बात को) नीचे टोले में सुना है।
ऐ सिसिबा, मैंने सुना है कि तुम्हें विवाह कर ले जाएँगे।
ऐ हरिबा, मैंने सुना है कि तुम्हें (दूसरे को) दे देंगे।
ऐ सिसिबा, तुम्हें दूर देश में विवाह देंगे।
ऐ हरिबा, तुम्हें दूर देश में देंगे।

६३

एते सोम्बारी, ओकोरेको बाईताना
एते सोम्बारी, सोना समड़ोम
एते बुधनी, चिमयरेको बड़ ई ताना
एते बुधनी बुदूकूमुनी
एते सोम्बारी बुण्डूरेको बाई ताना
एते सोम्बारी सोना सामड़ोम
एते बुधनी टमाँड़ा रेकोबड़ुई ताना
एते बुधनी बुदूकुमनी

ऐसे सोम्बारी सोना (का गहना) कहाँ बनाते हैं!
ऐसे बुधनी बुदू कुमनी (बुदू मछली को पकड़ने की कुमनी) कहाँ बनाते हैं!
ऐसे सोम्बारी सोना का गहना बुण्डू में बनाते हैं।
ऐसे बुधनी बुदूकूमनी टमाड़ में बनाते हैं।

नोट—इसमें सोम्बारी तथा सोना समड़ोम में और बुधनी और बुदूकूमनी में में अनुप्रास की छटा प्रदर्शित की गई है।

६४

लेलेसी सिसिपीड़ी हो
लेलेसी लो ताना ।
लेलेसी तिलाई बादी हो
लेलेसी बलेतना ।।

सिसिपिड़ी लो तना मनाजू
ओकोरेम आतिङा मनाजू ।
तिलई बादी बलेतना असकल
चिमयरेम सुमुना ।।

तरा तेदो लो ताना मनाजू
तरा रेम आतिङा मनाजू ।
तरा तेदो बबले तना असकल
तरा रेम सुमुना ।।

[एक बार राँची के पास मुण्डाओं की किसी से लड़ाई हुई थी, वही सिसिपिड़ी और तिलई बादी के मैदान हैं। नाच-गानवाले अपने आनन्द की चिन्ता कर रहे हैं।]

हे मैना, सिसिपिड़ी तो जल रही है।
हे मैना, तुम कहाँ चरोगे ?
हे आसाकल तिलई बादी तो बर्बाद हो रही है
कहाँ नाचोगे ?
हे मैना, सिसिपिड़ी आधा जल रही है
(तो) तुम आधे में चरना !
हे आसाकल, तिलईबादी आधा बरबाद हो रही है,
(तो) तुम आधे में नाचना ?
सिसिपिड़ी धधक कर जल रही है
तिलईबादी तेजी से बर्बाद हो रही है।

६५

बुरु रे बुरु रे मनीदोगो
बेड़ारे बेड़ारे राई
ओकोए हेरलेद् मनीदोगो
चिमय पसिर लेदराई

मुण्डा कोगे हेरे लेद् मनीदोगो
सन्ता कोगे पसिर लेदराई,

लिंम लोम मनीदोगो
गिदर गोदोर गई

सिदे लेगे मोनिंग्ा मनी दोगो
टोटाः लेगे सनाइञा राई

अलोकुड़ी किंग् वेनसिदेयामनी दो
आलोकोड़ा किंग् बेन टोटाः राई

तिरे मुदम गोनों ते मनी दो
जंगरे पोला सतीतेराई

पहाड़-पहाड़ पर सरसों है
(और) घाटी-घाटी में राई
सरसों को किसने लगाया है ?
राई को किसने बोया है ?
सरसों को मुण्डाओं ने लगाया है
कोमल-कोमल सरसों को ।
राई को सन्तालों ने लगाया है,
नरन-नरम राई को ।
कोमल-कोमल सरसों बढ़ रही है
सरसों को तोड़ने की इच्छा होती है ।
नरम-नरम राई खिल रही है,
राई को तोड़ने का जी चाहता है ।
हे लड़कियो, इस सरसों को मत तोड़ो,
इस सरसों का दाम हाथ की अँगूठी के बराबर है ।
हे लड़को, इस राई को मत तोड़ो
इस राई का मोल पैर के अँगूठियों के समान है ।

६६

सिरमारे सिमबोंगा राजा
चिकन जोनोमेदोम ओमादिञा
ओतेरे बोसोमोती विधाता रानी
मेरे कन लिखानेदोय लिखादिञा ।।



धान की रोपनी

धान की कटाई

सिरमारे सिम बोंगा राजा
मनोवा जोनो मेदोम ओमाद दियाँ
ओतेरे बासो मोती बिधाता रानी
नोरे लिखाने दोम् लिखाद्दियाँ ।

मनोवा जोनो मेदोम ओमाद्दियाँ
साँगिन दिशुमेरेम ओमाद दियाँ
नोरे लिखानेदोम लिखाद्दियाँ
जीलीं गामा एरेम लिखाद्दियाँ ।

हे आकाश के देवता राजा,
तुमने हमको क्या जन्म दिया ?
हे पृथ्वी की वसुमती रानी (देवी),
तुमने हमारे भाग्य में क्या लिख दिया ?
हे आकाश के देवता,
तुमने मुझे मनुष्य का जन्म दिया ।
हे पृथ्वी की देवी,
तुमने हमारे भाग्य में
मनुष्य जन्म लिख दिया ।
तुमने मनुष्य का जन्म तो दिया,
लेकिन दूर देश में भेज दिया ।
तुमने भाग्य में नर-जन्म तो लिखा,
पर दूर इलाके में (भेजकर) लिख दिया ।

६७

गंगा तला चिरे समुदार तला
गेले बार गोसाईं को दुबाकना
गंगा तल. चिरे समुदार तला
हिसी बार बामाँड़े को जारु अकना ।

चिरे गतिङ को चिकातना
गेले बार गोसाईं को दूबाकाना
मेरे रे संगाईं को रिकातना
हिसी बार वा माँड़े को जारु अकना ।

काची गातिडरे को उदूबाद्मेया
सिदा रेन गाति में को हरि बोलतना
काची संगाईं को चाण्डूलाद मेया
तायोमरेन संग में को रामे राम तना ।

गंगा के बीच या समुद्र के बीच
बारह गोसाईं बैठे हुए हैं ।
गंगा के बीच या समुद्र के बीच
बाईस बाह्मण पहुँचे हुए हैं ।
हे मित्र, वे बैठे हुए बारह गोसाईं
क्या कर रहे हैं !
हे साथी, वे आये हुए बाह्मण (बाईस)
क्या कर रहे हैं ?
क्या तुमको नहीं बताया गया है ?
(कि वे) तुम्हारे पहले के साथी की अन्त्येष्टि
क्रिया कर रहे हैं !
क्या तुमको नहीं बताया गया है
कि वे तुम्हारे पीछे के संगी का
अन्तिम संस्कार कर रहे हैं ?

६८

जिली मिली सेरेंरे किचिरी नुरा कुड़ी किं
चपा चूड़ी साड़ागीररे गमछा सोबोद कोड़ाकिं

किचिरी नुरा कुड़ी किङाः किचिरी आतु तान
गमछा सोबोद कोड़ा किंङा गमछा बुअलतान

किचिरी आतु ताना विंग को ईकीर ते
गमछा बुअलताना तयन मंडोवाते ।

चमकती हुई चट्टान पर
कपड़ा धोनेवाली दो लड़कियाँ हैं ।
चमचम डाबर में,
गमछा साफ करनेवाले दो लड़के हैं ।

हे कपड़ा धोनेवाली लड़कियो,
(तुम्हारा) कपड़ा बह रहा है।
हे गमछा साफ करनेवाले लड़को,
(तुम्हारा) गमछा उतरा रहा है।
(तुम्हारा) कपड़ा (जो) बह रहा है
(वह) साँप की गहराई में बह रहा है।
(उस गहराई में जहाँ साँप रहते हैं)
(तुम्हारा) गमछा (जो) उतरा रहा है
(वह) घड़ियाल के दह में चला जा रहा है।

६६

बा बासी तदा-चिको बुरु बासी तदा
कुपुल चेतन कुपुल दोको हिजुः तना
हेसः जरोम तना चीरे बाड़े गदरतना
चेंड़े चेतन चेंड़े दोको हाड़ा गुन तना।

चिका नंगेन गे कुपुल चेतन (कुपुल)
कुपुल दोको हिजुः तना
मेरे को नंगेनगे चेंड़े चेतन
चेड़े दो को हड़ागुन तना।

बा बासीओ का गेबुरु बासीओ का
हिजुः मे ना गे कोहिजुः तना
हेसः ओ का गे बाड़ेओ का गे
हाड़ा गुन मेना गेको हड़ागुन तना।

सरहुल के बासी का दिन है या किसी यात्रा के बासी का दिन है
मेहमान पर मेहमान आ रहे हैं।
पीपल पक रहा है या बड़ गदरा रहा है
पंछी पर पंछी उत्तर रहे हैं।

(ये) मेहमान पर मेहमान किस
लिए आ रहे हैं ?
(ये) पंछी पर पंछी
किस लिए उतर रहे हैं ?

सरहुल का बासी भी नहीं है, जतरा का बासी भी नहीं है
आना है (इसलिए) आ रहे हैं (योंही आ रहे है)
पीपल भी नहीं; बड़ भी नहीं (गदराया है)
उतरना है (इसलिए) उतर रहे हैं।

७०

अलंग् सोंगोती दो दाई का:ए उड़ूँ जना
अलंग पोरिती दो ढाई क:ए पयरजना
चिका मेन्ते दाई क:ए उड़ूँ जना
मेरे को मेन्ते दाई क:ए पयर जना।

अलंग सोंगोती दो दाई सेन्देरा जना
अलंग पीरिती दो दाई कारेंगा जना
एकासी को पीड़ी रे दाई सेन्देराजना
तेरा सी को बादी रे दाई कारेंगा जना।

अलंग् सोंगोती दाई सिदा गुलीजना
अलंग्: पीरिती दो दाई तयोम सरजना।

हे दीदी, हमलोगों का साथी नहीं निकला,
हे दीदी, हमलोगों का प्रेमी नहीं आया।
हे दीदी, (साथी) किस कारण नहीं निकला ?
हे दीदी, (प्रेमी) क्यों नहीं आया ?
हे दीदी, हम दोनों के साथी को शिकार कर लिया गया,
हे दीदी, हम दोनों का प्रेमी मार डाला गया।
हे दीदी, एकासी के मैदान में शिकार किया गया,
हे दीदी, तेरासी के मैदान में मार डाला गया।
हे दीदी, हमारे साथीको पहली गोली लगी,
हे दीदी, हमारे प्रिय को पिछला तीर लगा।

७१

चिमिन सिरमागोम डिंडा लेदा
कोकोर लेका निदाम् आतींजना
चिमिन खलोमगोम डंगुआलेदा
हापु: लेका सिंगिम दुङ्गुमजाना।

हिसीबार सिरमागोम डिंडालेदा
कोकोर लेका निदाम आतींगजाना
गेले बार कलोमेगोम डंगुआलेदा
हापुः लेका सिंगिम दुड़ुम जना ।

हियातिंगों मोनीं रे चकातीं गोसानाई
कोकोर लेका निदाम आतीं जना
हियातिंगो मानींरे चकातींगोसाँनाईं
हापुः लेका सिंगीमगीतीः जना ।

कितने वर्षों तक कुँवारी रही
कि उल्लू पक्षी की तरह रात में चरने निकलती हो ?
कितने वर्षों तक तुम अविवाहित रही
कि तुम हापूः पक्षी की तरह दिन में सोया करती हो ?
बाईस वर्ष कुँवारी रही
(जिसके कारण) उल्लू के समान रात में जागती रहती हो
बारह वर्ष तक अविवाहित रही
(जिस कारण)हापू के समान दिन में सोती हो ।
मुझे आश्चर्य होता है कि तुम
रात में उल्लू के समान चरने जाती हो
मुझे दुःख होता है कि तुम
दिन में हापू की तरह सोया करती हो ।

७२

चिमिन-चिमिन चेंड़ेंम चिरिगालतेमा
मुसिंग रेओ चेंडेंइंग् आटा मेया
चिमिन—चिमिन चेंड़े बनिता तेमा
मुसिंग रेओ चेंड़ेंइंग् जूड़ाः मेया ।

मुसिग रेओ चेंड़ेंईंग् आटा मेया
चूटी अपरोब रेगेईंग आटा मेया
मुसिंगरेओ चेंड़ेईंग् जूड़ाः मेया
सुबा कनसुल रेईंग् जूड़ा मेया ।

आईंया: सोमय-बोले ताई केन रेदो
आपिर तान चेंडें सोबेनिं आटा केना
आईंगा नोसड़ा बोलेताई केन रेदो
ए-या- बुरुपारोम रेन मरा: कोईं दाअ: केना ।

हे पक्षी, तुम कितनी चतुराई करोगे ?
एक दिन तुमको बझा ही देंगे !
हे पक्षी,तुम कितनी चालाकी करोगे ?
एक दिन तुमको फँसाही लेंगे !

हे पक्षी, एक दिन बझा लेंगे ,
तुम्हारे पंखों को बझा ही लेंगे ।
हे पक्षी, एक दिन फँसा ही लेंगे,
तुम्हारे पंखों को फँसा ही लेंगे ।

जब मेरा समय था
(तब मैं) उड़ती चिड़ियों को बझा लिया करता था ।
जब मेरी जवानी थी
(तब मैं) सात पहाड़ पार के मोरों को पकड़ लिया करता था ।

७३

ओते लिटी लिटी चिरे सिर्मा लोपों लोपों
सुतम रेको गुतुतदा सराजोम बा
ओते लिटी-लिटी चिरे सिरमा लोपों-लोपों
चरि: रेको गलं तदा सुड़ा साँगेन

मोदे सुतम बारे सुतम
सुतम रको गुतु तदा सराजोम वा
मोदे चारि: बारे चारि:
चारि: रेको-गला तदा सुड़सांगेन ।

सुतम रेको गतु तदा सराजोमबा
सुतम रेगे गोसोजना सराजोमबा
चरि: रेको गलंतदा सुड़ा साँगेन
चारि: रेगे मैला जना सुड़ा साँगेन,

धरती गीली-गीली है और आकाश दग-दग जल रहा है
लोग साखू के फूल गूँथे हुए हैं।
धरती भींगी-भींगी है और आकाश धाँय-धाँय तप रहा है
लोगों ने कोमल पल्लवों के गुच्छे बनाये हैं।
एक सूत दो सूत
सूत में साखू के फूल गूथे हुए हैं।
एक तीली दो तीली
तीली में गुच्छे बनाये हुए हैं।
सूत में जो साखू के फूल गूँथे हैं
(वे) सूत में ही सूख गये।
तीली में जो कोमल पल्लवों का गुच्छा बनाया है
वह तीली में ही कुम्हला गया।

७४

उरि: गुपी बुगिनाचि मेरोम गुपी बुगिन
मंदुकाम पीड़ी तेको नीरेमेया
उरि: गुपी बुगिनाचि मेरोमगुपी बुगिन
सराजोमबेड़ा तेको दौड़ी गेया।

मंदुकमपिडी तेको निरे गेया
मंदुकम होरा कुड़ी एँरातना
सरजोम बेड़ा तेको दौड़ी गेया
सराजोम जाँगी कोड़ा सेगेद तना।

मंदुकम होरो कुडी: एराँतना
जाति पाति हो:ए एराँतना
सरजोम जाँगी कोड़ा सेगेद् तना
किली-किली हो:ए से गेदतना।

बैल चराना अच्छा है या बकरी चराना
बकरियाँ महुए के टाँड़ में दौड़ रही हैं।
बैल चराना अच्छा है या बकरी चराना
बैल,तराई के साखू की ओर भाग रहे हैं।
(बकरियाँ जो) महुए के टाँड़ की ओर दौड़ रही हैं
(इसके लिए) महुए की रखवालिन स्त्री गाली दे रही है।

(बल जो) साखू की ओर भाग रहे हैं
साखू का रखवाला आदमी गाली दे रहा है।
महुआ की रखावालिन स्त्री
जाति-पाति का नाम लेकर गाली दे रही है।
साखू का रखवाला आदमी
कुल-गोत्र का नाम लेकर गाली दे रहा है।

७५

देनादाई अमलेका चुकुबुरु
देना दाई सुपिद ताई में
देना दाई अमलेका जिरपी जलड़
देना दाई पैला ताईं में।

देना दाई अम ले काईं लेलोर दो
देना दाई सुपिद् तईं में
देना दाई अमलेकाईङ चीना ओर दे
देना दाई पैलातई में।

देना दाई कइंङ हिरुमेना
देना दाई सुपिद तई मे
देना दाई कंइङ गोड़ो मेना
देना दाई पैला तईङ में।

आईंगाओ मेनः इयानादाई
सुकूवारे सेपेड़ेद
आइंगाओ मेनः आना दाई
तयर नाड़ी विजिर बलं।

हे दीदी, तुम भी मुझे अपने समान ऊँचा खोपा बना दो
हे दीदी, तुम मुझे भी अपने समान फहराता हुआ आँचल
(वाली साड़ी) पहना दो।
हे दीदी, तुम मुझे भी खोंपा बना दो
(जिससे) मैं भी तुम्हारी तरह दिखाई दूँ!
हे दीदी, तुम मेरा भी आँचल फहरा दो

(जिससे) मैं भी तुम्हारी तरह फबूँ !
हे दीदी, मैं तुम्हारी सौत नहीं बनूँगी (ऐसा न सोचो)
मुझे खोंपा बना दो।
हे दीदी, मैं तुम्हारी सौत नहीं बनूँगी,
मेरा भी आँचल सँवार दो।
हे दीदी, मेरा (प्रेमी) भी कद्दू के फूल के समान सुन्दर जवान है।
हे दीदी, मेरा (प्रेमी) भी खीरे की लता के समान
सुन्दर जवान है।

७६

जौ जदूर आखाड़ा रे मैना
फिरे फिरे बियूरेन मे,
जौ रुड़ंग सेरेङ रे मैना
रिले गुमें खेलाड़ी मे ।

ने डिण्डा सोमयरे मैना
फिरे फिरे बियुरेन में,
वे डंगूआ नुसाड़रे मैना
रिले गुमे खेलाड़ी मे ।

अम मैनाम् जुड़ी जान रे
डाड़ी दःरे अद् दःम् जोराया
अम मैनाम जोता कानरे
सुइदः रेम रः गेराङ ।

राः ए रेओ मैनाम गेराङ रेओ
कारेम नमायारे एंगा दुलाड़ा
उड़ः रेओ मैनाम फिकिर रेओ
कारेम नामेयारे आपू दुलाड़ा ।

हे बेटी, जदुर के अखाड़े में
घूम-घूमकर नाच लो !
हे बेटी, चट्टान की ढेकी में
फटक-फटककर खेल लो !

इस कुँवारी समय में हे बेटी,
घूम-घूमकर नाच लो !
जबतक अविवाहित हो हे बेटी,
फटक-फटककर खेल लो !

(जब) तुम विवाह दिये जाओगी
(तब) डाड़ी के पानी में आँसू गिराओगी,
(जब) तुम्हारी शादी हो जायगी
(तब) झरने के किनारे (बैठकर) रोओगी

(लेकिन) तुम चाहे जितना भी आँसू गिराओ
माँ का प्यार नहीं पाओगी ।
(लेकिन) तुम चाहे रोओ- कलपो
पिता का प्यार नहीं मिलेगा ।

७७

रबङ तान रेदो बोले रेड़ा तान रेदो
मरे होइंङ बोलो आरे कुदा सुड़ा
रबङ तान रेदो बोले रेयाड़ा तान रेदो
मरे होईङ सोड़ोवारे बारुसुड़ा ।

मरे होईङ बोलो आरे कुदा सुड़ा
डुबा लेका सुपिद ने इकूईङ मेहो
मरे होइङ सोड़ोवारे बारु सुड़ा
जिरपि जलं पैलाते दनांईङ मेहो ।

डुबा लेका सुपिद तेहो उकुईङ मेहो
सांगिन दिशुम तेलंग सेनोवा
जिरपि जलं पैलाते दनाईङ मेहो
जीलीङ गमय तेलगू बीरोदा ।

जाड़ा लग रहा है, ठंड लग रही है
हे जामुन की कोंपल (के समान सखी)
मैं (घर में) घुसना चाहता हूँ
जाड़ा लग रहा है ठंड लग रही है ।

हे कुसुम की कोंपल (के समान संगिनी)
मैं (घर में) घुसना चाहता हूँ।
हे जामुन की कोंपल, मैं घर में घुस रहा हूँ
आँचल में छिपा लो।
हे कुसुम की कोंपल, मैं आ रहा हूँ
कटोरे के समान खोपा से ढँक दो।
मुझे आँचल में छिपा लो
हमलोग दूर देश में चले जाएँगे।
मुझे खोंपा से ढँक दो (लो)
हमलोग दूर देश में चले जाएँगे।

७८

ददाया बुण्डू हातु दो
ददाया दिकुकाजी गेया।
ददाया सरगेया दो
ददाया बंगालिया गेया।

ददाया दीकू काजी दो (कईङ)
ददाया कईङ इतुवना
ददाया बंगालिया दो
ददाया कईङ सरियान।

बाबू रे मैनों लेका गे
बाबू रे काजी इतुन में
बचा रे शालु लेका गे
बचा रे बकॅड़ा सरिन में।

हे दादा,बुण्डू गाँव में तो
हे दादा, सदानी बोली बोली जाती है,
हे दादा, सरगेया गाँव में तो
हे दादा, बंगाली बोली बोली जाती है।
हे दादा, सदानी बोली तो मैं
हे दादा, नहीं जानता !
हे दादा, बंगाली भाषा तो
मैं नहीं जानता !

हे भाई, तुम मैना के समान (बोल-बोलकर)
सदानी बोली सीख लो !
हे भाई तुम सुग्गा के समान (बोल-बोलकर)
बंगाली बोली सीख लो !

७६

अमना माई बले: कनरे
बुण्डु बिर विरे लेना
अमना माइ लीन्डू कनरे
कुकुरु डड़ी दापेरे: लेन ।

अमना माई मता जना
बुण्डु बिर उजड़ा जना
अमना माई सेंड़ा जना
कुकुरु डाडी द: अन्जेदजना ।

अमना माई को गों केदेमा
बुण्डु बिर रुआड़ जना
अमना माई कोचले के देमा
कुकुरु दाड़ी दा: पेरुंजना

हे बेटी, जब तुम छोटी थी
(तब) बुण्डू में घना जंगल भरा हुआ था ।
हे बेटी, जब तुम छोटी थी
(तब) कुकरु डाड़ी का पानी भरा हुआ था ।

हे बेटी, जब तुम बड़ी हो गई
(तब) बुण्डू का जंगल उजड़ गया ।
हे बेटी, जब तुम बुद्धिमान हो गई
(तब) कुकरु डाड़ी का पानी सूख गया ।

हे बेटी, जब तुम्हरी शादी हो गई
तब) बुण्डू का जंगल फिर से घना हो गया ।
हे बेटी, जब तुम्हारा विवाह हुआ
(तब) कुकरु डाड़ी में फिर पानी भर गया ।

८०

बियुरेन मे जा सालू
बियुरेन मेहो
सेकोरेने मे जा सालु
सेकोरेन मे हो ।

हेसः सकम लेका सालू
बियुरेन मेहो
वडे सकम लेका सालू
सेकोरेन मेहो ।

हेसः सकम दो जा सालू
जीजि लाद गेया
बड़े सकम दोजा सालू
बोबो रोड़ो गेया ।

सुनुम चिको दुले तदा
बोबो रोड़ गेया
गोतोम चिकों अरेः तदा
बोबो रोड़ गेया ।

हे सालू, घूम-घूमकर नाचो
हे सुग्गे, फिर-फिर कर नाचो !
हे सालू, पीपल की पत्ती की तरह
घूम-घूम कर नाचो !
हे सालू, बरगद की पत्ती की तरह
फिर-फिर कर नाचो ।
हे सालू, पीपल की पत्ती (कितनी)
चिकनी है !
हे सुग्गे, बरगद की पत्ती
(कितनी) पिच्छल है ।
हे सालू, पीपल की पत्ती इतनी चिकनी है
(मानो) उसपर तेल, उढेल दिया गया हो !
हे सुग्गे, वरगद की पत्ती ऐसी पिच्छल है
(मानो) उसपर घी छिड़क दिया गया हों ।

८१

एँगाम को बा कटव तना माई
कुँडम रेम तींगुआकान
अपुमेको गीड़ि तोरो:ए तना माई
सलन्दी रेम जापागा काना ।

कुडाम रेम तींगुआ कना माई
कुडाम हसा हान्दिड़ी तान
सलिन्दी रेम जापागा काना माई
चंदय दः दो जोरो तान ।

हिया तिगो मोनिञा
कुड़ाम हासा हान्दिड़ीतान
चका तींग सनाञा
चन्दय दः जोरो तान ।

हे बेटी, तुम्हारी माँ सरहुल का उपवास कर रही है
और तुम पिछवाड़े खड़ी हो ।
हे बेटी, तुम्हारा बाप गिड़ी तोरो:ए कर रहा है
(और) तुम ओरी के नीचे सटी हो !

हे बेटी, तुम पिछवाड़े खड़ी हो
और पिछवाड़े की मिट्टी धस रही है ।
हे बेटी, तुम ओरी के नीचे सटी हो
(और) ओरी का पानी चू रहा है ।

मुझे चिन्ता हो रही है
कि पिछवाड़े की मिट्टी धस रही है ।
मुझे दुःख हो रहा है
कि ओरी चू रही है ।

कटव = सरहुल का उपवास ।
गीड़ि तोरो:ए = दूसरे दिन का उत्सव जिसमें मछली पकड़ी जाती है ।

८२

मरंड गड़ा चिरपी लेका मईनाम
बिजिर बिजिरा मइना
हुड़िङ गड़ानयरा लेका मई नाम
बीयना बोयोना मइना ।

एंगम मेनाःइ सुनमाँगे मईनाम
बिजिर बिजिरा मइना
अपूम मेनाःइ परियागे मईनाम
बीयाना बोयोनौं मइना ।

एंगाम बड़े गोःए जानरे मइना
दिकु कमिड़ीना दो मइना
अपुम बड़े सेरजानरे मईनाम
सरगा टेका-डिना दो मईना

हे बेटी,तुम बड़ी नदी की चिरपी मछली के समान चमकती फिरती हो !
हे बेटी, तुम छोटी नदी की अयरा मछली के समान फुदकती फिरतीहो !
हे बेटी, जबतक तुम्हारी माँ है
(तभी तक) चमकती फिरती हो ।
हे बेटी, जबतक तुम्हारा बाप है
(तभी तक) फुदकती फिरती हो ।
हे बेटी, जब तुम्हारी माँ मर जायगी
तब तुम किसी दीकू की दासी बन जाओगी ।
हे बेटी, जब तुम्हारा बाप मर जायगा
तब तुम किसी सरगा की दासी बन जाओगी ।

८३

हाय रबङ जू रबङ
हाय रबड़ सेनोः मे
हाय रेयाड़ मरे रेयाड़ा
मरे रेयाड़ विरिद मे ।

जू रबड़ सेनो मे
बैपारिको जुड़ी कमाड़ा
मरे रेयाड़ा विरिद मे
लाबेना को जुड़ी चाँवर ।

सेनोः दोइङ सेनोआ
वामप्डी जोम लेयाते
बिरिदे दोइंङ बिरिदा
टेण्डाः इली नू केयाते ।

हाय जाड़ा,तुम चले जाओ ।
हाय ठंड,तुम उठ जाओ ।

हे जाड़ा, तुम उन व्यापारियों के पास जाओ
जिनके पास जोड़ी कम्बल है ।
हे ठंड, तुम उन सौदागरों के पास जाओ
जिनके पास मोटे कपड़े हैं

जाने को तो जायेंगे,
पर सरहुल का भात खा लेने बाद !
उठने को तो उठेंगे,
पर सरहुल का हंड़िया पी लेने के बाद !

८४

अङ नाम रेंगे चिगितिः नाम गोनोःए
चिमिन चिमिन लं हिया तिङा
अङ नाम रेंगेःचि गितिःनाम गोनोःए
चिमिन चिमिनलङ चकातिङ ।

हियातिङ मोनिङारे चकातिङ सनइङ
चिमिन चिमिनलङ हिया तिङा
हियातिङ मोनिङारे चकातिङ सनइङ
चिमिन चिमिन लंङ चका तिङा ।

चिमिन चिमिन लङ हिया तिङा
बन्दी बाबाओ चबा तना
चिमिन चिमिन लंङ चकातिङा
मण्डी मेरोमे को टुण्डु ताना ।

भूखे-प्यासे (सवेरे) उठना और भूखे-प्यासे (रात में)
मुर्दे के समान सो जाना !
हाय, हमलोग कबतक दुःख काटें ?
भूखे-प्यासे उठना और रात में मर जाना !
हमलोग कबतक कष्ट झेलें ?

अचरज की बात है कि हमलोगों को
इतना इतना दुःख काटना पड़े !
आश्चर्य है कि इतना-इतना
कष्ट भोगना पड़े !

हमलोग कितना-कितना सोचें,
बन्धा हुआ 'मोरा' भी खत्म हो रहा है ।
हमलोग कबतक हाय-हाय करें,
भेड़ बकरियाँ भी खत्म होती जा रहीं हैं ।

मोरा—पुवाल से बन्धा हुआ धान का गट्ठर

८५

एकासी पीड़ी चिरे तेरासी बादी
बालेः होन दोको तो तोले किया
एकासी पीड़ी चिरे तेरासी बादी
लिन्डुङ गन्ड़ा दोको नेवाड़ा किया ।

बालेः होन दोको तोले किया
चनाः मेन्ते को तोले किया
लिण्डु गँडा दोको मेंवड़ा किया
चनः मेन्ते को नेवड़ा किया ।

एंगाते जोमे लेदा:ए जेटे रिंड़ी
जेटे रिंड़ी तेको तोले किया
अपुते लेदा:ए जरगी काड़ी
जरगी कड़ी तेको नेवड़ा किया ।

एकासी के टाड़ (और) तेरासी के चंवरा में
नादान लड़के को पकड़ रखा है,
छोटे बच्चे को जो बाँध लिया है
(सो) किसलिए बाँध लिया है ?
नादान लड़के को जो पकड़ रखा है
(सो) क्यों पकड़ रखा है ?
उसकी माँ ने जेठ में ऋण लिया था
उसी ऋण के कारण बाँध लिया है ।
उसके बापने बरसात में कर्ज लिया था
उसी कर्जे के कारण पकड़ रखा है ।

[माँ बाप का कर्जा चुकाने के लिए छोटे बच्चे को नौकर बनकर खेत में काम करना पड़ रहा है]

८६

इसु दुकू सुकु तेबू तेब: नाम तदा
सोना लेकन बा चण्डु: मुलू:अकना
कामी उदम दुकुतेबू सेटेर नाम तदा
रुपा लेकन बाचण्डु: सेटेराकना: ।

सोना लेकन वाचण्डु: मुलु: आकना
मुनु पोटोम बन्दी बाबा होदोड़ो जाना
रूपा लेकन बा चण्डु: सेटेरा कना
केरे बोर कलुटी डुवाओ जना ।

हियातिंड मोनिञारे चकातिंङ सनाईं
मुनु पोटोम बन्दी बाबा होदोड़ो जाना
हियातिंङ मोनिञारे चकातिङ सनई
केरे बारे कलुटो डुवाओजना ।

बहुत दिनों के सुख-दुख के बाद सरहुल पहुँचा है
और सोना के समान सरहुल चाँद निकल गया है
बहुत उद्यम काम और सुख दुःख के बाद (यहाँ तक)
हम पहुँचे हैं। और रूपा के समान चैत का चाँद उगा है
सोना के समान सरहुल का चाँद उग गया है
(लेकिन) नये बाँधे हुए धान के मोरे खत्म हो गये।
रूपा के समान चैत का चान्द आ गया है
(लेकिन) कुड़कुड़ाती हुई मुर्गी खत्म हो गई।
हमें चिन्ता हो रही है कि नये मोरे का
सब धान खत्म हो गया।
हमें विस्मय हो रहा है कि
कुड़कुड़ाती हुई मुर्गियाँ खत्म हो गई।

८७

बुरु मदुकामे हले बुरु मदुकामे हो
बेड़ा सरजोम हले बेड़ा सरा जोम
बुरु मदुकामे हले रिबीरिबी तना
बेड़ा सरजोम हले गसा-गसातना।

हलाँङ-ला गातिङ रिबि-रिबी तना
तुम्बाला संगईङ गसा गसा तना
रिंगा कोरे लङ तिको जोमेतेया
अकल कारे लंङ तं नबे तेया।

हे मित्र, यह पहाड़ी महुआ है
हे मित्र यह तराई का साखू है।
हे मित्र, यह पहाड़ी महुआ
टपाटप गिर रहा है।
हे मित्र, यह तराई का साखू
झरझराकर झर रहा है।
(महुआ जो) टपाटप गिर रहा है,
(उसे) हमलोग बटोरने चलेंगे।
साखू जो झरझराकर झर रहा है,
(उसे) हम दोनों चुनने चलेंगे।

गरीबी के दिनों में हमदोनों
(उस महुआ को) उबाल कर खाएंगे।
अकाल के दिनों में हम दोनों
(उस साबू को) पकाकर खायेंगे।

८८

साँगिन दिशुमेरे सोंगूती गातिङ
बुरु सोसो लेकाईङ लेले मेया
ज़िलिंग गमायरे पिरिती संगईङ
हतुरः जो जो लेकाईङ चिनामेया।

हियातिङ मोनिङा रे चकतिङ सनइङ
बुरुराः सोसो लेकाइङ लेले मेया
हियातिंग मोनिङारे चकातीं सनइङ
हातुर जो जो लेकाइङ लेले मेया।

अमारे हियातिंग दोना माईं
दिरी लेका अटल जान
अमारे चकातींग दोना माईं
सकम लेका दोपाली जान।

हे प्रिय, तुम दूर देश में
पहाड़ी मेलवा के समान दिखाई देते हो।
हे प्रिय, तुम दूर देश में
गाँव की इमली के समान दिखाई देते हो।
मुझे बड़ा दुःख है कि
तुम पहाड़ी मेलवा के समान दिखाई देते हो।
मुझे बड़ा अफसोस है कि
तुम गाँव की इमली की तरह दिखाई देते हो।
मुझे बड़ा दुःख है कि
तुम चटान के समान बिखर गये हो।
मुझे बड़ा अफसोस है कि तुम
पत्ती के समान हवा में उड़ रहे हो।

८९

एला हो कुम्पाट मुण्डा को
एला हो दुबान पे
एला हो नाग वंशी राजा को
एला हो जारुआन पे ।

एला हो ने किता पाटी रे
एला हो दूबान पे
एला हो ने पपाड़ा गण्डुरे
एला हो जारु आनपे ।

एला हो ने चूना तमाकु
एला हो जो मान पे
एला हो ने इली सवः
एला हो नु आनेप ।

हे कुम्पाट (शुद्ध) मुण्डा लोगो,
आओ बैठो ।
हे नागवंशी राजाओ,
आओ - बैठो !
आओ और खजूर की चटाई पर
बैठो !
आओ और पपड़ा के पीढ़े पर बठो ।
आओ (बैठो) और चूना तम्बाकू खाओ
आओ (बैठो) और हंड़िया इत्यादि पियो !

९०

तिसों दों सोंजोको, जोजो रेगेहाई को
गपा दो सोंजोको गोंटा रम्बड़ा

चिको मेनेगे जोजो रेगेहई को
मेरे को मेनेगे गोटा रम्बड़ा ।

सरजोम बा नंगेन गे जो जो रेगे हई को
सूड़ा संगेन नंगेनगे गोटा रम्बड़ा ।

आज सौभाग्य से इमली के रस में मछली
(और) कल संयोगवश (पूरे) उड़द की दाल
(पकाई जायगी)
किसलिए इमली के रस में मछली
और (पूरे) उड़द की दाल (पकाई जायगी) ?
साखू के फूल के लिए (उपलक्ष्य में)
इमली के रस में मछली और
नर्म कोंपलों के लिए (उपलक्ष्य में)
पूरे उड़द की दाल पकाई जायगी
[सरहुल पर्व के उपलक्ष्य में मछली बनती है और दूसरे दिन
उड़द की दाल पकती है]

९१

बादोपे वातना मुण्डा को
बा कपे ओमया मुण्डा को
डाली दोपे डाली तना सन्ताको
डाली कापे चेंदे ।

बा तेपे रिंगा तना मुण्डा को
बा कपे ओमेया मुण्डा को
डाली तेपे अकलतना सन्ता को
डाली कापे चेंदे ।

अलेयः दीशुम तेपे सेनोः रेदौ
सुपिद चुटि रेले बाकुलपेया
अलेयः गमय तेपे वीरिद रेदो
रोपोद सुबा रेले डाली कुल पेया ।

सुपिद चुटि रेले बाकुल पेया
लो दोब लेका गेले बाकुल पेया
रोपोद् सुवारे ले डाली कुल पेया
तिंजर तोन्जोर ले डाली कुल पेया ।

हे मुण्डा लोगो, तुमलोग सरहुल तो मना रहे हो,
लेकिन फूल नहीं देते हो।
हे पाहुन लोगो, तुमलोग सरहुल तो मना रहे हो,
लेकिन फूल नहीं देते हो।

ऐ मुण्डाओ, तुमलोग फूल के भूखे हो,
इसलिए फूल नहीं देते हो।
ऐ पाहुनो, तुमलोगों को फूल की कमी है,
इसलिए फूल नहीं बाँटते हो,

ऐ मुण्डाओ, यदि तुमलोग हमारे देश में चलो
(तो) हमलोग फूल देकर बिदा करेंगे।
ऐ पाहुन लोगो, यदि हमारे देश में जाओ
तो हमलोग बिदाई के समय फूल देंगे।

ऐ मुण्डाओ, हमलोग तुम्हारी चोटी के ऊपर
फूल खोंस देंगे।
ऐ पाहुनो, हमलोग तुम्हारी चोटी के नीचे
फूल खोंस देंगे।

९२

सराजोम बारे कुइलीम
हड़ागू लेनाया कुइली
सुड़ा साँगने रे कुइलीम
नो सोर लेना।

इली माण्डीनगेनगे कुइलीम
हाड़ागू लेनाया कुइली
सिमकाटा नगेन कुइलीम
नोसोर लेना।

इलीमण्डी चबाजना कुइलीम
सेनो: जनाम कुइलीम
सिमकाटा टुण्डूजाना कुइलीम
रुआड़ा लेन।

हे कोयल, तुम साखू के फूलों में उतरी थी
हे कोयल, तुम नई कोंपलों में आई थी।

हे कोयल, तुम भात और हड़िया के लिए उतरी थी
हे कोयल, तुम मुर्गी की टाँग के लिए आई थी।

हंड़िया और भात खत्म हो गया
(इसलिए) तुम चली गई।
मुर्गी की टाँग समाप्त होगई
(इसलिए) तुम लौट गई।

६३

बा दोगा एयङ
बा तेबा:तना
डाली दोगा अपुइँग
डाली सेटेर तान।

बोंगा बुरु एयङ
कईङ इतुआना
सेवा सुसार आपुइङ
कईङ सरियान।

इसु हेड़ेम जगरते
इतु ताइङ मे
इसु हेंडेम वाकँडाते
सारिताईङ मे।

हे माँ, बा-पर्व पहुँच रहा है
हे पिता, फूलों का बा पर्व पहुँच रहा है;

हे माँ, मैं पूजा करना नही जानता हूँ
हे पिता, मै सेवा करना नहीं जानता हूँ।

अत्यन्त मीठी बातों से सिखा दो
(हे पिता) बहुत मीठे ढंग से मुझे बता दो।

६४

बा चन्डू: मुलु: लेना
सरजोम बा बा तना
सुड़ा सांगेन बाले ओपद् नवा दड़ारे
सुड़ा साँगेन सुड़ा तना ।

सरजोम बा बा तना
दिले दोंगोबा
सुडा सांगेन सुड़ा तना
तिंजर तोंजोरा ।

दिले दोंगोबा
बा तेगे तोपाकना
तिंजर तोंजोरा
सुड़ा तेगे दोलोबा कना ।

चैत का महीना आ गया
साखू का फूल, फूल रहा है
नई डालों पर नई कोपलें
पल्लवित हो रही हैं ।

साखू झूम-झूमकर फूल रहा है
नई कोपलें गहगहाकर फूट रही हैं ।

साखू जो झूम-झूमकर फूल रहा है
(उससे) डालें ढक गई हैं ।
पत्तियाँ जो गहगहाकर फूट रही हैं
उनसे टहनियाँ ढक गई हैं ।

६५

सांगिन दीसुमतेईंग हिजु:कना
सोन्जोको होरा रेपे जदूरतना
गूने ज्ञान कङ सोबेन होड़ो
हड़म बुड़िया को लेलेतना ।

बुगिन लेकागे होईंङ दूरंगलेदा
गुना तदलेका गेको गुदाआ जिआ
रूतन को दो हां निकू दो निकू
बोरे:ए लेका गेको बोतों जिञा ।

गुना तद्लेका गेको कूदव जिआ
पैला किचिरी को दोन्दो वाइन्ताना
बोरो:ए लेका गेको बोतों जिञा
दीरेन तना ओकाए दोमोंयेन तना ।

मैं बहुत दूर देश से आया हूँ
संयोगवश तुमलोग रास्ते में जदूर नाच रहे हो
सभी ज्ञानी और गुणवान,
बूढ़े और बूढ़ियाँ देख रही हैं ।
मैंने यहाँ अच्छे भाव से ही गाया
(लेकिन) तुमलोग अपराधी की भांति मुझे दौड़ा रही हो
और तो और, बाजा बजानेवाले भी डरा रहे हैं,
मानो हम डर जायँगे ।
अपराधी की भाँति मुझे दौड़ा रही हो
और अपना आँचल तान रही हो
और (बाजा बजाने वाले) छाती तानकर इस प्रकार डरा रहे हैं,
मानो, हम डर जायँगे ।

९६

ओको कोरे होको सुसुन तना
बुरु रे लम: जो दो चटा: गो लेका
चिमय कोरे होको करम तना
वेड़ारे तिरिल तारोब गदारी लेका ।

बुण्डु कोरे होको सुसुन तना
बुरु रे लम: जो दो चट: गो लेका
तमाड़ा कोरे हो को करम तना
बेंड़ारे तिरिल तरोब गदारो लेका ।

हिया तिङ मोनिङ रे चका तिङ सनाइं,
बरु रे लमः जो दो चटः गो लेका
हियातिङ मोनिङः रे चकातिङ सनाइं,
बेड़ारे तिरिल तरोब गदारो लेका ।

लोग कहाँ पर नाच रहे हैं (जिसके प्रभाव से)
पहाड़ पर लामा (एक फल) फटने-जैसा हो गया है ?
कहाँ पर लोग करमा नाच रहे हैं (जिसके कारण)
घाटी में 'तिरिल और तारोब' गदरा गये हैं ।
(लोग) बुगड्डू में जदुर नाच रहे हैं (जिससे)
पहाड़ पर लामा फटने लगा है ।
(लोग) ताड़ में करमा नाच रहे हैं (जिससे)
'तिरिल और तौरोब' गदरा रहे हैं ।
मुझे आश्चर्य हो रहा है (कि कैसे) पहाड़ पर
लामा फल फटने लगा है ।
मुझे आश्चर्य हो रहा (कि कैसे) घाटी में
तिरिल और तौरोब गदराने लगे हैं ।

६७

सलुरे सुगाम नकीगेन तना
सलुरे सुगाम् जुरुड़ुन तना
सलुरे सुगा ओको तेम तना
सलुरे सुगा चिमय तेम तना ।
सलुरे सुगा सुसुन तेचिम सेनो तना
सलुरे सुगा करम तेचिम विरिद् तना
सलुरे सुगा को कुड़मु तम गेया
सलुरे सुगा को तिड़िसा तम गेया ।।

हे सालू सुग्गा, तुम कंघी लगा रहे हो ।
हे सालू सुग्गा, तुम शरीर को सँवार रहे हो ।
हे सालू सुग्गा, तुम कहाँ जा रहे हो ?
हे सालू सुग्गा, तुम कहाँ चल रहे हो ?
हे सालू सुग्गा, तुम क्या नाचने जा रहे हो ?
हे सालू सुग्गा, क्या तुम करम खेलने जा रहे हो ?
हे सालू सुग्गा, (वहाँ पर तुमको) लात जमा देंगे ।
हे सालू सुग्गा, (वहाँ पर तुमको) गिरा देंगे ।

९८

पाडिया रिगि मिगि हो
पाड़िया तम जलातिङ तान
डुरिया जोलो मोलो हो
डुरिया तम बुलातिङ तान ।

पाड़िया ओको कोरे हो
पाड़िया तम जला तिङ तान
डुरिया चिमय कोरे हो
डुरिया तम बुलातिङ तान ।।

पाड़िया मुसुन कोरे हो
पाड़िया तम जलातिङ तान
डुरिया करम कोरे हो
डुरिया तम बुलातिङ तान ।।

तुम्हारा कपड़ा चितकबरा है
तुम्हारा कपड़ा उड़ रहा है ।
तुम्हारा फीता झलमला है
तुम्हारा फीता फरफरा रहा है ।
तुम्हारा कपड़ा कहाँ पर उड़ रहा है ?
तुम्हारा फीता कहाँ पर फहर रहा है ?
तुम्हारा कपड़ा नाच में उड़ रहा है ।
तुम्हारा फीता करम में फहर रहा है ।

९९

दोलङ हिसी दोलङ चड़ूरे
सुसुन को लेले आगुते ।

दोलङ हिसी दोलङ चड़ूरे
करम को चिना आगुते
कइआ हिसी कइआ चाड़ूरे
गतिङो बंग इया ।

कइआ हिसी कइआ चाड़ूरे
संगाइङो रे बंगइया
दोलङ हिसी दोलङ चड़ूरे
सुसुन रेलङ नामीया ।

दोलङ हिसी दोलङ चड़ूरे
करम रेलङ चिनाइया
कुरी हिसी कुरी चाड़ूरे
काए लेलो लेलोः आ ।

कुरी हिसी कुरी चाड़ूरे
काय चिनाओ चिनावा ॥

हे 'निसी' चलो, और हे 'चाड़ू' चलो,
(चलो) हम लोग नाच देख आवें ।
हे निसी, चलो और हे चाड़ू, चलो ।
(चलो) हम लोग करम देख आवें !

हे निसी, मैं नहीं जाऊँगी ।
(क्योंकि) मेरा प्रिय नहीं है ।
हे चाड़ू, मैं नहीं जाऊँगी ।
(क्योंकि) मेरा प्रिय नहीं है ।

हे निसी, चलो, जहाँ नाच होगा ।
वहीं हम प्रिय को पा जायेंगे ।
हे चाड़, चलो जहाँ करम होगा ।
वहीं हम प्रिय को देख लेंगे ।

हे निसी, प्रिय नहीं दिखाई देता है
हे चाड़ू, प्रिय नहीं मिल रहा है ॥

१००

इमु होबु सुसुन जान
काली होबु करम जान
दोला होबु सेनो गा
मरे होबु बिरिदा ।

दोला होबु सेनोगा
होरा—सांगिना
मरे होबु बिरिदा
डारेन—जिलिङा ।

होरा—सांगिना
मण्डी रेंगे गा
डारेन जिलिङा
दगे तेतांङा ।

हे भाई, हम लोग बहुत नाच चुके ।
हे भाई, हम लोग, करमा खेल चुके ।
हे भाई, चलो, चलें
हे भाई, चलो, अब जायँ ।

हे भाई, चलो, रास्ता बहुत दूर है ।
हे भाई, चलो, रास्ता बहुत लम्बा है ।
रास्ता दूर है (इसलिए) भूख लग जायगी
रास्ता लम्बा है (इसलिए) प्यास लग जायगी ।

१०१

दोलङ हो हुन्दी बा
दोलङ सुसुन कोते लङ
दोलङ हो डाबाय बा
दोलङ हो करम कोते लङ ।

कइञा हो गतिङों बंगाइया
कइञा हो सुसुन कोते दो
कइञा हो संगइङो बंगाइया
कइञा हो करम कोते दो ।

दोलङ हो सुसुन रेलङ नामियाँ
दोलङ हो सुसुन कोते लङ
दोलङ हो करम रेलङ चिनाइयाँ
दोलङ हो करम कोते लङ ।

कुरी हो अयर रेचि तायोमरे
कुरी हो काए लेलो: लेलो:
कुरी हो तलारेचि माला रे
कुरी हो काय चिनाव चिनवं ।

कचि होम लेले जदिया
अयर रेगे-ए-गतिया कना
कचि होम चिना जादिया
तयोमरे-ए जपागा कना ।

कचा रोइञ— लेले जदिया
आते रेदो ओते दुदुगार
कचा होइञ चिन्ना जदिया
सिरमा रेदो सिरमा कोंवासी ।

हे हुन्दी फूल, चलो नाचने के लिए चलें ।
हे डबाय फूल, चलो करम खेलने के लिए चलें ।
नहीं, मैं नहीं जाऊँगा, मेरा प्रिय नहीं है ।
नहीं, मैं नहीं जाऊँगा, मेरा प्रेमी नहीं है ।

चलो, नाचने चलें, हम लोग उसे वहीं पा जायेंगे ।
चलो, करम खेलने चलें, हम लोग वहीं देख लेंगे ।
कहाँ है ? आगे पीछे कहीं तो दिखाई नहीं देता ।
किधर है ? (नाच के) बीच में कहीं तो नजर नहीं आता ।

क्या तुम नहीं देखते हो ? आगे (किसी के साथ) जुड़ा हुआ है ।
क्या तुम नहीं देखते ? पीछे (किसी के साथ) मिला हुआ है ।
नहीं, मैं नहीं देखता, जमीन से धूल उड़ रही है ।
नहीं, मैं नहीं देखता, आकाश में कुहासा छा गया है ।
(धुँआधार नाच हो रहा है)

१०२

सागिन दिसुम तेइञ हिजु: कना
सोंजोको नमानारे जदुर सुसुन ।
जिलिञ गमाय तेइञ सेटेर लेना,
सोजोको नमानारे करम कोजोड़ों ।

सोंजोका नमानारे जदुर सुसुम,
एंगा सिम फना दपे फदा जदिञा
सोंजोको नमानारे करम कोजोड़ों
रुली मुई तुनुङुपे इचः जदिञा ।

एना मोसाइङ हिया तिङ जना,
एंगा सिम फनादपे फदा जडिञा
एना मोसाइङ चका तिङ जना
रुली मुई तुनुड़ूपे इचः जदिञा ।

अइंगारे हिया तिङ दो
सिरमा रेगे टेकद जान
अइंगारे चकातिङ दो
ओते रेगे दालोब जान ।।

मैं बहुत दूर से आया हूँ ।
संयोग से मैं जदुर नाच पा गया ।
मैं बहुत दूर देश से पहुँचा हूँ
संयोगवश मुझे खेल मिल गया ।
संयोगवश जदुर नाच पा गया ;
लेकिन तुम लोग गदबदाई हुई मुर्गी की तरह मार रही हो ।
संयोगवश मुझे करम खेल मिला ;
लेकिन तुम लोग लाल चींटी के डँसने की तरह मुझे कोंच रही हो ।
इसके लिए मुझे दुख है कि तुम लोग
मुर्गी की तरह लात मार रही हो ।
इसके लिए मुझे चिन्ता हो रही है
कि तुम लोग लाल चींटी की तरह बींध रही हो ।
हमारी चिन्ता आकाश में अटक गई ;
हमारा सोच जमीन में गिर गया ।
(सोच-चिन्ता किसी काम नहीं आये ।)

१०३

दोलङ हिसी दोंलङ चड़रे
सुसुन को आयुम नमते

दोलङ हिसी दोङड़ चड़ूरे
करम को पयर नमते ।

कइआ हिसी कड़आ चड़ूरे
कुंड़म रे रिचि तोला कना
कइआ हिसी कइआ चड़ूरे
सलंदीरे बेंसेरा नेवड़ा कना ।

कइआ हिसी कइआ चड़ूरे
रिचि गुगुरा जोडोए केना
कइआ हिसी कइआ चड़ूरे
बेसेरा टिड़िङ रिड़िङ केना ।

कइजः हिसी कइआः चड़ूरे
कुडमरे एंगाइङ दुबा कान
कइआः हिसी कइआः चड़ूरे
सलन्दीरे आपुइङ जपा कान ।।

हे निसी, चलो, हे चाड़ू, चलो ।
जदुर गीत सुनने चलो ।
हे निसी, चलो, हे चाड़ू, चलो ।
करम का गीत याद करने चलो ।

हे निसी, मैं नहीं चलूँगा, हे चाड़ू, मैं नहीं चलूँगा,
पिछवाड़े सिकरा (बाज) बँधा हुआ है ।
हे निसी, नहीं चलूँगा, हे चाड़ू, मैं नहीं चलूँगा,
ओरी में बाज बँधा हुआ है ।

हे निसी, नहीं, हे चाड़ू, नहीं ।
बाज के पैर का घुँघरू बज रहा है
हे निसी नहीं, हे चाड़ू नहीं ।
बाज की घंटी आवाज कर रही है

हे निसी, मैं नहीं, हे चाड़ू, मैं नहीं ।
घर के पीछे माँ बैठी हुई है ।
हे निसी, मैं नहीं, हे चाड़ू, मैं नहीं ।
घर के आगे बाप भीत से उठँगा हुआ है ।

१०४

रासाल क्यो जरी बन्दु गुटु साटा साटी क्यों
रासाल क्यों जरी टेम्बासर जाड़ाम् जाड़ाम्
रासाल क्यों जरी ओकोरे को मापा तना
रासाल क्यों जरी चिमय रे को तुपुइङ तना ।
रासाल क्यों जरी बुण्डू रे कौ मापा तना
रासाल क्यों जरी टमाड़ रे को तुपुइङ तना
रासाल क्यों जरी बुण्ड़ राजा सिदा सार जना
रासाल क्यों जरी टमाड़ राजा तयोन गुली जना ।
रासाल क्यों जरी बुण्डू राउड़ू जना
रासाल क्यों जरी टमाड़ राजा लंदुब जना
रासाल क्यों जरी दिशुम दो दुदुगार जना
रासाल क्यों जरी गमय दो कोंवासी जना ।।

हे रासाल, क्यों जरी बन्दु गुटु की तरह गुत्थम-
गुत्थी हो रही है। (और)
टेम्बासरी के समान झर-झर हो रहा है।
कहाँ पर मार-काट कर रहे हैं ?
कहाँ पर तीर छूट रहे हैं ?
बुण्डू में मार-काट हो रही है।
तमाड़ में तीर छूट रहे हैं ?
बुण्डू का राजा पहले तीर से मारा गया।
तमाड़ के राजा को पीछे की गोली लगी।
बुण्डू का राजा गिर गया।
तमाड़ का राजा धराशायी हो गया।
देश में (लड़ाई के कारण) आँधी आ गई।
दुनिया में कुहासा छा गया।

१०५

हाय नाराङ गंगा नाराङ
हेड़े लेकम जलातिङ ताना
हाय नाराङ गंगा नाराङ
डुलु लेकम बुलातिङ तान ।।

हेड़े लेकम जला तिङ तान
कण्डा ताम जुले तान
डुलु लेकम बुलातिङ तान
पिरी ताम लिंगी तान ।

कण्डा ताम जुले तना
सेंगले लेका जुले तना
पिरी ताम लिंगीं तना
दअः लेका लिंगी तना ।

सेंगेल लेका जुले तना
तरा दिशुम लो तना
दअः लेका लिंगी तना
तरा गमय बुअल तना ॥

हे गंगा नारायण, तुम
हेड़े पक्षी की तरह उड़ रहे हो !
हे गंगा नारायण, तुम
डुलू पक्षी के समान चक्कर काट रहे हो !
तुम (जो) हेड़े पक्षी के समान उड़ रहे हो
तो तुम्हारी तलवार चमक रही है ।
तुम जो डुलू पक्षी के समान चक्कर काट रहे हो
तो तुम्हारी ढाल बह रही है ।
तुम्हारी तलवार जो चमक रही है
आग के समान चमक रही है ।
तुम्हारी ढाल जो बह रही है
पानी के समान बह रही है ।
(तुम्हारी तलवार) जो आग के समान चमक
रही है (उससे) आधा देश जल रहा है
(तुम्हारी ढाल) जो पानी के समान बह रही है
(उससे) आधा देश बह रहा है ।

१०६

सासांग हातु हले सासाँग हातु हो
बिण्डा गोर-नगोर हले विण्डा गोर-नगोर

सासांग हातु रेको मापा तना
विण्डा गोर नगोर रेको तुपुइङ तना ।

मुरूद बा कापी तेको मापा तना
इचः बा सार तेको तुपुइङ तना
हागा हागा रेको मापा तना
कुमा-गेड़े रेको तुपुइङ तना ।

तोबा लेकन पिडी रेको मापा तना
दही लेकन बादी रेको तुपुइङ तना
तोवा-लेकन पिड़ी रेको मायोम जना
दहीं लेकन वादी रेको दोड़े वियुर जना ।।

सासांग (नामक) गाँव है
(और) विण्डागोर (नामक) नगर है ।
सासांग गाँव में मार-काट हुई ।
विण्डागोर गाँव में तीर चला ।
पलास के फूलों के समान फरसों से मार-काट हुई
और ईचा फूल के समान तीर से लड़ाई हुई ।
भाई-भाई में मार-काट हुई
(और) मामा-भगिना में तीर चला ।
दूध के समान (साफ) मैदान में मारकाट हुई,
दही के समान (साफ) मैदान में तीर चला ।
वह दूध के समान मैदान लहूलुहान हो गया,
वही दही के समान मैदान गेरुवा रंग का हो गया ।
(इतनी मार काट हुई—खून बहा ।)

१०७

डण्डा गुले गुले चिहो
होड़ो टेसा टासी
काचि गतिङ एम बोरो तेया

कापी बिजिर बलं चिहों
सार सिड़ाय सोड़ोए
काचि सांगांडेम चिना तेया ।

एगाइ सें आपुइञ को सेंगेल लेका
काचि गातिञ ऐम बोरो तेया
होने बारे को दः गे लेका
काचि सागाइड़ेम चीरी तेया ।

एगाइञ आपुइञ को सेंगेल लेका
सेंगेल लेका गेको जुले तना
होने बारे को दः गे लेका
दः गे लेका गेको लिंगो तना ।

सेंगेल लेका गेको जुले तना
सेंगेल लेका गेको गोएः कोआ
दःगे लेका गेको लिंगी तना
दःगे लेका गेका अंजेद कोआ ।।

भयानक डंडे लिये लोगों की जहाँ पर ठसा-ठस भीड़ है
हे प्रिय, उसे देखकर क्या तुम्हें डर नहीं लगता ?
जहाँ चमचमाते हुए बलुवे और सन-सनाते हुए तीर हैं ।
हे प्रिय, उसे देखकर क्या तुम नहीं डरते ?
मेरे माँ-बाप आग के समान हैं ;
हे प्रिय, क्या तुम्हें भय नहीं लगता ?
मेरे भाई-बन्धु पानी (की धारा) के समान हैं ।
क्या तुम्हें डर नहीं लगता ?
जो आग के समान जल रहे हैं
वे आग ही की तरह बुझ जायेंगे ।
जो पानी के समान बह रहे हैं
वे पानी के समान सूख जायेंगे ।
मेरे माँ-बाप आग के समान हैं
और आग ही के समान चमक रहे हैं ।
मेरे भाई-बन्धु पानी के समान हैं
और पानी के समान ही बह रहे हैं ।

१०८

दिरी पनारोम
सेन्देरा कोदो

जलाकारी टोण्डाँनरे
कारेंगा कोदो

लीहा-लीहा गुटुरेको
लीहा लीहा गोरा किया
मारे धार बेड़ा ड़ा रेको
मारे धार किया ।

तुयु चिको नमा: कअ: इया
लीहा लीहा जदा
सराम चिको नमा कअ: इया
भारे धार जदा ।

सेन्देरा कोदो रेको
लोहा लीहा जदा
कारेंगा कोदो रेको
मारे धार जदा ।।

पथरीली नदी के उस पार शिकार खेलनेवालों ने,
(और) झुरमुटवाली झाड़ियों में शिकार खोजने-
वालों ने लीहा-लीहा करते हुए झाड़ी में
(उसको) मार डाला ।

धरो-पकड़ो कहते हुए पहाड़ की तराई में
उसे मार डाला ।
क्या उनलोगों ने सियार पाया है कि
लीहा-लीहा करके चिल्ला रहे हैं ?

क्या उनलोगों ने कोई बारहसिंघा पाया है
जो धरो-मारो कहकर शोर मचा रहे हैं ?
शिकारी लीहा-लीहा करके चिल्ला रहे हैं ।
शिकारी धरो-मारो-पकड़ो कहकर शोर
मचा रहे हैं ।

१०६

लं लं लङ चेड़े दो बोयो
ओको रेम आटा लिया
बेंगा बंगी गड़ा किकिर दो बोयो
चिमय रेम जुङ लिया ।

लं लं लङ चेड़ें दो बोयो
ककसा रेइङ आटा लिया
बेंगा बंगी गड़ा किकिर दो बोयो
रोरोंगा रेइङ जुड़: लिया ।

ककसा रेइङ आटा लिया हो
चिलंचिका इया
रोरोंगा रेइङ जुड़: लिया हो
मेरे लाङ चिका इया ।

ककसा रेइङ आटा लिया हो
मनी लाङ सुसुमिया
रोरोंगा रेइङ जुड: लिया हो
राई लाङ सासङीआ ।

मनी लाङ सुसुमिया हो
इसु होए सिवीला
राई लाङ सासाङीआ हो
कारे होए हेड़े मा ।।

हे बेटा, (इस) लं-चिड़िया (लम्बी पूँछवाली)
को कहाँ बभाया ?
हे बेटा, इस चितकबरे किकिर पक्षी को कहाँ फँसाया ?
इस लं-चिड़िया को ककसा (एक झाड़ी) में बभाया ।
इस किकिर-पक्षी को रोंरोंगा (एक झाड़ी) में फँसाया ।
(यह चिड़िया जिसे) ककसा में बभाया,
उसे हम लोग क्या करेंगे ?

(यह पक्षी जिसे) रोंरोंगा में फँसाया,
उसे हमलोग क्या करेंगे ।
(जिसे) ककसा में बभ्रु या, उसमें सरसों का तेल देंगे
(जिसे) रोंरोंगा में फँसाया, उसमें राई का मसाला डालेंगे ।
सरसों का तेल डालने से वह (मांस बड़ा) स्वादिष्ट होगा ।
राई का मसाला लगाने से (वह मांस) बड़ा मधुर होगा ?

११०

हरे राजा नाग बसी को
कजी होपे बाइ लेदा
दिशुम राम भुइयरी को
कारे होपे उठाव लेदा ।

कजी होपे वाई लेदा
दिशुम पे चेच केदा
कारे होपे उठाव लेदा
गमय होपे तम्बुर केद ।

निन्दाते नुम्बाते
कजी होपे बाइ लेदा
सिंगी ते मारे सालते
कारे होपे उठाव लेदा ।।

हे नागवंशी राजाओ, तुम लोगों ने
बात बनाई थी ।
ऐ भुइयारी राजाओ, तुम लोगों ने ठान
लिया था ।
तुम लोगों ने जो बात बनाई थी
(उससे) दुनिया को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया ।
तुम लोगों ने जो ठान लिया था
(उससे) सारी दुनिया में उथल-पुथल मच गई ।
रात के अँधियाले में तुमने बात बनाई थी,
दिन के उजियाले में तुमने ठान लिया था ।

१११

नाइ दोगा ओकोरेन बण्डा सेता ।
नाइ दोगा टकाए टोण्डोमनः ।।
नाइ दोगा ओकोरेन डुण्डा सुकुरी ।
नाइ दोगा सिकाए चिपुदन ।।

नाइ दोगा बुण्डू रेन वण्डा सेता ।
नाइ दोगा टकाए टोण्डोमनः ।।
नाइ दोगा टंमाड़ रेन डुण्डा सुकुरी ।
नाइ दोंगा सिकाए चिपुदन ।।

मा ! यह जिसने रुपया बाँधा है
वह बंडा कुत्ता कहाँ का है ?
मा ! यह जिसने सिक्का पकड़ रक्खा है
यह बड़े सिर वाला सूअर कहाँ का है ?
मा ! यह रुपया बाँधे हुए बण्डा कुत्ता
बुण्डू का है ।
मा ! यह सिक्का पकड़े बड़े सिर
वाला सूअर तमाड़ का है ।

११२

बुरुआते हडागुन कोहो सोन्दारी
नाराते नोसोरेन को
सेकेः सेकेः हाड़ा गुन कोहो सोन्दारी
रोलोः रोलोः नोसोरेन को

निकु चिको तुला बुलुङा हो सोन्दारी
निकु चिको गंडा रासुड़ी
तुलाया को तुला बुलुङा हो सोन्दारी
गंडाया को गंडा रासुंड़ी

जोजो सुबा डेरा तेकोआ हो सोन्दारी
उली सुबा बसाने की आ ।

हे सोन्दारी,पहाड़ से उतरनेवाले,
(और) तराई से आनेवाले (ये राही)
हे सोन्दारी, ये सेके-सेके उतरनेवाले,
(और) रोलो-रोलो आनेवाले (राही)

हे सोन्दारी, क्या यही लोग नमक
तौलनेवाले हैं ?
क्या यही लोग लहसुन बेचनेवाले हैं ?

हाँ, यही लोग नमक तौलनेवाले हैं।
हाँ, यही लोग लहसुन बेचनेवाले हैं।
हाँ सोन्दारी, ये इमली के पेड़ के नीचे
डेरा डालनेवाले हैं।
ये आम के पेड़ के नीचे बास करनेवाले हैं।

११३

कलीकता तेलेंगा की राकब लेना
ओकोरे नाजिनाको डेरा केदा
सारगाटी सायोव को ऊपर लेना
चिमय रे नाजिनाको वासा केदा

मेनः मेनः दो राँची पिड़ी
राँची पिड़ी रेको डेरा केदा
मेनः मेनः दो डुरुन्डा बादी
डुरुंडा बादी रेको वासा केदा

राँची पिड़ी रेको डेरा केदा
राँची पिड़ी बोले एकेला जना
डुरुंडा वादो रेको वासा केदा
डुरुंडा वादी बोले तायुर जना।

राँची पिड़ी बोले एकेला जना
दिशुम रटी एकेला जना
डुरुंडा बादी बोले तायुर जना।
गमय रटी तायुर जना॥

कलकत्ता के तिलंगे जो आये
हे आजी, उन लोगो ने कहाँ डेरा डाला है ?
शेरघाटी से जो साहब लोग आये थे,
हे आजी, उन लोगों ने कहाँ निवास किया ?

राँची में जो मैदान है (उस)
राँची मैदान में डेरा किया
डुरंडा में जो मैदान है (उस)
डुरंडा मैदान में बास किया ।

राँची में जो डेरा किया
राँची मैदान काँप गया ।
डुरंडा में जो बास किया
डुरडा मैदान हिल गया

राँची मैदान जो काँप गया (उससे)
सारा देश काँप गया
डुरंडा मैदान जो हिल गया
(उससे) सारी दुनिया हिल गई ।

११४

अट्ठारह् सौ छैयानबे सालरे
जोर्जो बादशाह् हुकुम केनारे
टभाड़ा थाना, खूँटी डिबिजन
हातु हातु उमिन सोऊ केदा

डोण्डो लोभ हागा होन को
रेपे-ए तना को ओते आड़ी को
तनाजा रेपे-ए घूस ओम ते
काबु जनाबु टाका ओम ते

दंगड़ा हाड़ाम होड़ो को
उड़ु: तनाबु आते आड़ी को
निदा सिंगी बु उड़ु: तना
सुकुते काबु दुड़ुम तना ।।

अठारह सौ छियानबे साल में
जार्ज बादशाह ने हुकुम किया ।

खूँटी सबडिवीजन के तमाड़ थाने के
गाँव-गाँव में अमीन पहुँचे।
(हमारे) मूर्ख तथा लोभी भाई लोग
दूसरों के खेत लूट रहे हैं।
घूस दे कर (अमीनों का) तनाजा किया और लूटा।
और हम लोग रुपया देने से थक गये।
हम सभी बूढ़े और जवान
खेत के विषय में चिन्ता में पड़ गये हैं।
दिन रात चिन्ता में रहते हैं।
और सुख से नींद नहीं आती है।

११५

तमाड़ परगना गरेड़े उली हातु
विरसा भगवान-ए जीनोम लेना
आटा माटा विरको तला चलेकाद रेदो
चलेकाद हातु रे उल गुलां लेदा

सारवादा गिरजारेसार थुइए लेना
खूँटी हातु रेदो हिल हिलाब लेना
डिपुटी कमिश्नरेन हिजु: लेना
विरसा भगवान ए पोचा केना

डोम्वारी बुरु रेको रकब लेना
गुणो ज्ञाना कन सोबेन होड़ो
बुरु चेतान रेको हिबी हिबी केदा
बेड़ा लतराते टोटे केद कोवा

गोंयआ कान एंगा तोवा होन नुनु केना
मेम सायोव इनि: ए लेलते जो विलक: किया
हों हों चिका जना-नेया दो का कटीकि जना

तमाड़ परगने के देरेड़ा उली हातु गाँव में
विरसा भगवान का जन्म हुआ।

घोर घने जंगल के बीच चलकद् गाँव में
हलचल मच गई।
सरवदा गिरजा में तीर चलाया।
और खूँटी गाँव में हलचल मच गई।
(तब) डिप्टी कमिश्नर आये
(और) बिरसा भगवान का पीछा किया
(तब) गुणी ज्ञानी सभी मनुष्य-
डुम्बारी पहाड़ पर चढ़ गये
(बिरसा के दलवाले) पहाड़ के ऊपर चिल्लाये
(डिप्टी कमिश्नर दल ने) पहाड़ के नीचे से
गोली चलाई।
(ऐसी गोली चली कि) एक बच्चा मरी हुई माँ
का दूध पी रहा था।
यह देख कर मेम साहब को अच्छा नहीं
लगा।
हाय, हाय, क्या हो गया। यह तो ठीक नहीं हुआ।

११६

अट्ठारह सौ निन्नबेरे मारे होको रकब लेन
तेलेंगा चपरासी को
मारे होको ऊपर लेन बिरसा भगनान को ॥

मारे होको डेरा केद सलगा सपरुम रे।
मारे होको बासा केद सोयको गुटुहातु रे ॥

मारे होको टोपोटेतन ठाले ठुले बन्दुकते
मारे होके हुरुदांग तन हरे हुरे हुरुदाँग ते।

तारा होको राउड़ू जन डोम्बारी बुरु चेतन रे
तारा होको निरे जन सिंगी तुरो होराते ॥

अठारह सौ निनाबे साल में अँग्रेज का चपरासी
यहाँ आया।
उसी समय बिरसा भगवान के दलवाले भी आये।

उन्होंने सलगा सपरोम में डेरा डाला।
उन्होंने बन्दूक से ठांय-ठांय गोली चलाई,
उन्होंने ढेलकुसी से दनादन ढेले फेंके।
आधे आदमी डुम्बारी पहाड़ के ऊपर ही गिर पड़े
आधे आदमी पूरब के रास्ते से भाग गये।

११७

छोटानगपुर बिरसाम एकेला केदाया विरसा
चुलु बुकुरा बिरसाम तायुर केदाया विरसा
कुन्दुरु गुटुरे बिरसा उकु केनाय। विरसा
बुदु बाबुवा बिरसा लेल केद मेयाया विरसा

राँची होराते बिरसा को इदि केद मेयाया विरसा
मेड़ेद गाड़ी रे बिरसा को लेने केद मेयाया विरसा
अमगः मयोमा बिरसा को अकरिङ केदाया बिरसा
सुनुम मेन्ते बिरसा को किरिङ केदाया बिरसा ॥

हे बिरसा, तुमने छोटानागपुर को हिला दिया।
हे बिरसा, चुलु बुकुरा (गाँव को) हिला दिया।
बिरसा कुन्दरु गुटू गाँव में छिपा था।
बुदु बाबू कहते हैं कि शत्रुओं ने बिरसा को
देख लिया।
हे बिरसा, राँची के रास्ते पर तुम को वे ले गये।
लोहे की गाड़ी से बिरसा को छिपे-छिपे
मार डाला
हे बिरसा, उन्होंने तुम्हारा खून बेंच दिया।
और तेल (समझ कर) लोगों ने खरीद लिया।

११८

अबुवः दिशुम रेन जोनोम लेन गाँधो बाबा
होन चुटु सोबेन को इतुवान।

अमगः काजी नियम उनाव जना
अंग्रेज सरेकार बोले एकेलाजाना

गाँधी बाबा काजी काको बुझाव जना
डोण्डो तेगे दिशुम अकाल जना

कांग्रेस दल बाइ केदा
निन्दा सिंगी तेको निन्दा तना

हमारे देश में गाँधी जी का जन्म हुआ
उनको छोटे-से-छोटा बच्चा तक जान गया।
उनकी बात सब जगह फैल गई।
अंग्रेज सरकार भी हिल गई।
(लेकिन) लोग गाँधी जी की बात ठीक से समझ नहीं सके
और लोगों की मूर्खता से अकाल पड़ गया।
कांग्रेसवालों ने दल बनाया।
लोग रात-दिन उसकी निन्दा करते रहे।

११६

होरा हेसा दो सालु
ओकाय रोवा लेदा
डारे बड़े दो सालु
चिमय पोवा लेदा

होरा हेसा दो सालु
गातिम रोवा लेदा
डारे बड़े दो सालु
संगाम पोवा लेद्

तरा कोतो दो सालु
हातु हातु तेया
तरा दड़ा दो सालु
दिशुम तलारे।

तरा कोतो रे सालु
सादोम तोला काना

तरा दड़ा रे सालु
पैकी नेयोड़ा काना

हे सालू (मैना) ! रास्ते के पीपल को किसने रोपा था ?
हे सालू (मैना) ! रास्ते के बड़ को किसने लगाया था ?
हे सालू ! रास्ते के पीपल को (किसी) प्रेमी ने लगाया था ।
हे सालू ! रास्ते के बड़ को (किसी) प्रिय ने रोपा था ।
हे सालू ! उस (पीपल) की एक डाल गाँव के बीच चली गई है ।
हे सालू ! उस (बड़) की एक डाल देश के बीच चली गई है ।
एक ओर की डाल में एक घोड़ा बँधा हुआ है ।
एक ओर की डाल में पैकी सजा हुआ खड़ा है
बन्धे हुए घोड़े को कहाँ ले जा रहे हैं ?
सजे हुए पैकी को कहाँ ले जा रहे हैं ?
उस बन्धे हुए घोड़े को मारकाट में ले जा रहे हैं ।
उस सजे हुए पैकी को तीर-तलवार में ले जा रहे हैं ?

१२०

राजा दीसोरोथ राजाम
इया तना
रानीम कोसोइला रानीम
सायाद तान

राजाम इयाम तान
चिको में—ने—ते
रानीम सायाद् तान
मेरे को में ने ते

राम लोखोन किङ टोडाङ बासी जान
राजाम सायाद तान—
लोको कुवारी बिदेश जान
रानीभ सा—या तान ।

राजा दशरथ चिन्ता कर रहे हैं
(और) रानी कौशल्या अफसोस कर रही हैं ।
राजा किस लिए चिन्ता कर रहे हैं ?

रानी किस लिए अफसोस कर रही है।
राम-लखन चले गये, (इस लिए) राजा चिन्ता कर रहे हैं।
सीता विदेश चली गई (इस लिए) रानी अफसोस कर रही है।

१२१

रामे लाखोन साय लोंका लो तना।
रानी श्री सीता अयोध्या बालेः तना
ओकोए गे ओंडोर लेदा लोंका लो तना
चिमय गे जुडी लेदा अयोध्या वालें तना
हनुमान ओंडोर लेदा लोंका लो तना
कइकइ रानी जुडी लेदा अयोध्या वाले तना।

राम-लखन के कारण लंका जल रही है।
सीता के लिए अयोध्या जल रही है।
किसने आग लगा दी—कि लंका जल रही है
किसने आग सुलगा दी—कि अयोध्या जल रही है;
हनुमान ने आग लगाई (जिससे) लंका जल रही है
कैकेयी ने आग सुलगाई (जिससे) अयोध्या जल रही है।

१२२

राँची जिला चिरे सेलदअः हातु
भैया राम मुण्डा दो-ए जोनोमा कना
खूँटी थाना चिरे जोजो हातु
मान की सिंहराय दो-ए उपजान कना
भैयाराम मुण्डा दो-ए जोनोमा कना
हागा जाति कोअः सेवा नगेंन
मान की सिंहराय दो-ए उपजान कना
हागा जाति कोअः सुसर नगेंन
सेवा नंगेन गेए जोनोमा कना
आलोरे हागा कोपे येराइया
सुसर नंगेन गेए उपजान कना
आलोरे हागा कापे सेगे दिया।

आलोरे हागा, कोपे येराइया
मुसियाँ दिन होराए उदुबा बुआ
आलोरे हागा कोपे सिगे दिया
मुसिआँ दिन डारे चुण्डु ला बूआ ।

राँची जिले के सेलदा गाँव में
श्री भइयाराम मुण्डा का जन्म हुआ
खूँटी थाने के जोजोहाव गाँव में
श्री सिंहराय सिंह मानकी का जन्म हुआ
श्री भइयाराम मुण्डा का जन्म
जाति-भाइयों की सेवा के लिए हुआ
श्री सिंहराय मानकी का जन्म
जाति-भाइयों की सुश्रूषा के लिए हुआ ।
हे भाई, उन्हें गाली मत दो
वे सेवा के लिए ही पैदा हुए हैं
हे भाई, निन्दा मत करो
सुश्रूषा के लिए ही पैदा हुए हैं ।
भाई, गाली मत दो
एक दिन वे हमें रास्ता बतायेंगे
भाई, निन्दा मत करो
एक दिन पथ-प्रदर्शन करेंगे ।

१२३

पिडगीरे पितल रुतु
अलो जुगीम ओरोङेया
चौरा रे रंगा बनम
अलो सन्ताम बनामेया
अलो जुगीम ओरङे या
अम लो:ते सेनो: मोनिङा
अलो सन्ताम बनामेया
अम लों: ते विरीदे सनाइआ
अइं दोरे जुगी जाति
अइं लो: चि सेनो मोनेमा

अम दोरे मुण्डा होन
अइं लो: चि बिरीद सनामा
अइंङ दोरे टोड़ोम बोतोए
अइंङ लो: चि सेनो मोनेमा
आम दोरे पाड़िया किचिरी
अइंङ लो: चि बिरीद सनामा
आलो जुगीम ओरोङेया
पिड़गीरे ले तुकुई सकामा
आलो सन्ताम बनामेया
चौरा रेले चरि: चढा:गा ।

बरामदे में पीतल की बाँसुरी है ।
हे जोगी, मत बजाओ ।
चबूतरे पर रंगा की सारंगी है ।
हे संताल, मत बजाओ ।
हे जोगी, मत बजाओ ।
तुम्हारे साथ चले जाने की इच्छा होती है ।
हे संताल, मत बजाओ ।
तुम्हारे साथ चल देने का जी चाहता है ।

मैं तो करया (कोपीन) पहननेवाला हूँ
और तुम लहँगावाली हो
हमारे साथ क्यों जाना चाहती हो ?
हमारे साथ क्यों उठना चाहती हो ?
हे जोगी, बाँसुरी मत बजाओ
हमलोग बरामदे में दोना-पत्तल बना लेंगे ।
हे सन्ताल, सारंगी मत बजाओ
चबूतरे पर हमलोग खरिका चीरने का काम करेंगे ।

ओर जदुर

✤

हेसः सुबा लेसे लेसे

अमे चि मइना तिंगु केना ।

बड़े सुबा जिरपी जलं

अमे चि मइना जपः केन ।

पीपल की झिलमिल छाया में

हे बालिके, क्या तुम्हीं खड़ी थी ?

बरगद की झिरमिर छाँह में

हे बालिके, क्या तुम्हीं उठेंगी थी ?

१२४

बुरु सोंगा सोंगा ते दो
होयो चिगा सरजोम बा
नारा जोड़ेन जोड़ेन ते दो
रम्पी चिगा सुड़ा साँगेन

दोला तेबु लेले लेया
होयो चिगा सरजोम बा
मेरे रेबू चिना लेया
रम्पी चिगा सुड़ा साँगेन

बुरु सोंगा सोंगा ते दो
होयो गेगो सरजोम बा
नारा जोड़ेन जोड़ेन ते दो
रम्पी गेगो सुड़ा साँगेन

अले दोले ले ले लेदा
होयो चिगा सरजोम बा
अले दोले चिना लेदा
रम्पी चिगा सुड़ा साँगेन

पहाड़ की घाटियों में हवा बह रही है
या साखू झड़ रहा है ?
ढलवानों के जोड़ पर आँधी चल रही है
या पत्तियाँ खड़खड़ा रही हैं ?
चलो तो देख आवें, हवा है या साखू का फूल ?
चलो तो देख आवें, आँधी है या पत्तियों का खड़खड़ाना ?
पहाड़ की घाटियों में हवा ही है जिसमें साखू झड़ रहा है।
ढलवानों पर आंधी ही है कि पत्तियाँ खड़खड़ा रही हैं ?
हमने तो देखा कि हवा ही है जिसमें साखू झड़ रहा है।
हमने तो देखा आँधी ही है जिससे पत्तियाँ खड़खड़ा रही हैं।

१२५

बुरु मागो चेतन रेदो
कुदा सुड़ा दोगोब् केना
नारा मागो लतर रेदो
बारु सुड़ा जिपिड़ी केना

कुदा सुड़ा दोंगोब केना
लइअः जीदो लिटिब केना
बारु सुड़ा जिपिड़ी केन
अइअः जीदो दीपो केना

हियातिञ मोनिञारे चकातिञ सनाइं आरे
अंइ अः जीदो लिटिब केना
हियातिं मोनेञारे चकातिं सनाइंआरे
अइअः जीदो दीपोल केन

पहाड़ के ऊपर तो
जामुन की घनी कोपलें निकलती हैं।
ढलवान के नीचे
बारु के घने पत्ते लगे हैं।
जामुन में जो सघन कोपलें निकली हैं,
उनसे हमारा हृदय धक्-से हो गया।
बारु में जो घनी कोपलें फूटी हैं,
उन्हें देखकर तो हमारा हृदय दहल गया।
हम को आश्चर्य होता है कि
हमारा हृदय धक्-से हो गया!
हमको आश्चर्य होता है कि
हमारा हृदय दहल गया।

१२६

सेरेञ चेतन चेतन तेदो अमे चिमई सेने लेदा
अमे चिमई सेने लेद्
नाराए रुगुड़ी डडी तेदो अमे चिमई मण्डा लेदा
अमे चिमई मण्डा लेदा

अइङ गेचा सेने लेदा-एंगाइं कोइंङ दाँड़ातना
एंगाइं कोइंङ दाँड़ा तान

अइंङ गेया मण्डा लेदा-अपुइं कोइङ खोजार केना
अपुइं कोइङ खोजार केन्

कोरे मइनम नाम कोआ-दिरी तेको तेनेन जना
दिरी तेको तेनेन जान्

चिमय रे मइनम खोजार कोआ-जानुम तेको रमेन
जाना जानुम तेको रमेन जान्

मोदे अटल बारे अटल-दिरी-तेको तेनेन जाना
दिरी तेको तेनेन जान्

मोदे कोतो बारे कोतो जनुम तेको रामेन जाना
जनुम तेको रामेन जान्

हे लड़की, पहाड़ के ऊपर ऊपर क्या तुम्हीं चल रही थी ?
पथरीली डाडी के नीचे-नीचे क्या तुम्हीं जा रही थी ?
हाँ, मैं ही चली थी, अपनी माँ को खोज रही थी।
हाँ, मैं ही गई थी, अपने बाप को ढूँढ रही थी।
हे बेटी, उनको तुम कहाँ-कहाँ पाओगी ? वे पत्थर के नीचे चले गये।
हे बेटी, उनको तुम कहाँ खोजोगी ? वे कांटे के नीचे ढँक गये।
एक तह – दो तह पत्थर के नीचे चले गये।
एक डाल-दो डाल, काँटों से ढँक गये।

१२७

हेसा सुबा लेसे लेसे अमे चिमइना तिंगु केना
बड़े सुबा जिरपी जलं अमे चिमइना जपःकेन्

अइङगे चोबा तिंगु केना तीरे मुन्दाम उयुः जना
अइङगे चोवा जपः केना-जंगार पोला नो सोरजान

नेका नेका सेंड़ा तेमा-तीरे मुन्दाम चिटातना
नेका नेका बुद्धि तेमा जगारे पोलाम सुवा तान

पीपल की हिलती छाया में
हे लड़की, क्या तुम्हीं खड़ी थी ?
बरगद की चमकीली छाँह में
हे लड़की, क्या तुम्हीं उठँगी थी ?
हाँ, मैं ही (खड़ी) थी, हाथ की अँगूठी गिर गई !
हाँ, मैं ही थी, पैर की अँगूठी फिसल गई।
ऐसी बुद्धिमान हो कि हाथ की अँगूठी का
बहाना बना रही हो !
ऐसी समझदार हो कि पैर की अँगूठी का
बहाना कर रही हो।

१२८

सेयाड़ीरे सेयाड़ीरे, सेयाड़ीरे हुन्दो बादो
बकाइनीरे वकाइनीरे, बकाइनीरे वाँगुरबा

सेयाड़ीरे हुन्दी बादो, ओकोय मइरे पोटे केदा
बकाइनी रे बाँगुर वादो, चिमाय मइरे चंगड़ा केद

सेन्देरा को जिलीब जिलीब, सेन्देरा को-बा पेटे केदा
कारेंगा को जोलोब जोलोबा, करेंगा को डाली
चंगड़ा केद

सेन्देरा को पेटेः केदा
चुटी रेको पेटेः केदा
कारेंगा को चंगड़ा केदा
सुबा रेका चंगड़ा केद

सेयाड़ी में (एक प्रकार का कँटीला पौधा) हुन्दी फूल था।
बकाइन में बाँगुर-फूल था।
सेयाड़ी में काला हुन्दी फूल किसने तोड़ लिया ?
बकाइन में काले बंगुर फूल को किसने छिनगा दिया ?
चमकीले शिकारियों ने फूल को तोड़ लिया ?
झमझमाते हुए शिकारियों ने फूल को छिनगा दिया।
शिकारियों ने जो तोड़ लिया सो ऊपर से ही तोड़ लिया
शिकारियों ने जो छिनगा दिया सो जड़ से ही छिनगा डाला।

१२९

डाड़ी लंङ दो डाड़ी लङ दो नौ नगर डाड़ी लंदो
चुवाँ लङ दो चुवाँ लङ दो रतन पुरे चुवाँ लं

ओकोय माइरे गेलेः लेदा नौनगरडडी लङ दो
चिमय माइरे सोड़ा लेदा रतनपुरे चुवाँ लङ

दिरी लेका कुड़ाम तिया इनी माइरे गोलेः लेदा
पड़ंगा लेका सुपु तिया इनी माइरे पोड़ा लेद

हेलो गेया, पोन्डे गेया, नौ नगर डडी लङ दो
लोसोद गेया, गादेद् गेया रतनपुरे चुवांलङ

हम लोगों की डाँड़ी, (नहर) नव नगर की डाँड़ी !
हम लोगों का चुँवा (सोता), रतनपुर का चुँवा ।
हे बेटी, हम लोगों के नवनगर की डाँडी को किसने खोदा है ?
हे बेटी, हम लोगों के रतनपुर के चुँवें को किसने कोड़ा है ?
हे बेटी, पत्थर के समान छातीवाले (किसी आदमी) ने खोदा है
हे बेटी, मोटी डाल के समान बाँहवाले (किसी आदमी) ने कोड़ा है।
नव नगर की डाँड़ी हिलकोर दी गई और गँदली हो गई ।
रतनपुर का चुँवा कीचड़ से भर गया, सेवार से भर गया ।

१३०

कुंम् सिसीपिड़ी दो हले कुँम लोतना
कुँम् तिलाए बादी दो हले कुम बलेतना
ओंकोए गे जण्डी तदा कुँम लोतना
हले कुम् चिमयगे अतर तदा
कुँम बाले तना

कुँम महरा कोड़ा जुण्डी तदा
कुँम लो तना
कुँम चेंडेया कोड़ा अतर
तदा कुँम बाले तना

कुँम काड़े गोड़ा राटा पाटा
कुँम लो तना
कुँम लुपुतियम चिटीपिटी
कुँ बाले तना

सिसिपिड़ी धुआँधर जल रही है।
(और) तिलइबादी जोर-जोर से धधक रही है।
किसने आग सुलगा दी कि धाँय-धाँय जल रही है
किसने आग लगा दी कि जोर-जोर से धधक रही है।
यह जो धुआँ है, महरा के लड़के ने सुलगाया।
(जिससे) धाँय-धाय जल रही है।
यह आग ग्वाला छोकरे ने लगाई (जिससे)
जोर-जोर से धधक रही है।
काँसी का खेत रटपट की आवाज में
धुँआधार जल रहा है।
लुपुतियम (एक घास) चरपट की
आवाज में धधक रहा है।

१३१

वरुदः दो सेके सेके,
काचि गाडिम नुवा-नादो
काचि गाडिम नुवाना
नारादःदो रोलो रोलो
काचि सरम जेम्बेदान दो,
काचि सरम जेम्बेदान ।।
कागे चोवाइङ नुवा-नादो,
बुरु लिण्डुँग आतुतना,
बुरु लिण्डुँग आतु तना।
कागे चोवाइङ जेम्बे दान दो,
बेड़ा मरमर बुवाल तना,
बेड़ा मरेमर बुवाल तान ।।
नाका नाका सेड़ा तेमा
बुरु लिण्डुम चिटा तना,

बुरु लिण्डुम चिटा तना,
नाका नाका बुद्धि तेना
बेड़ा मरमरम सुवा तना
बेड़ा मरमरेम सुवा तना ।।

पहाड़ से टलमल-टलमल बहते हुए पानी को
हे बन्दर, क्या तुमने नहीं पिया है ?
ढाल के रिलमिल-रिलमिल पानी को
हे बन्दर, क्या तुमने नहीं पिया है ?
मैं ने नहीं पिया है, (क्योंकि उसमें)
पहाड़ी कीड़ा बह रहा है ।
मैं ने नहीं पिया है, (क्योंकि उसमें)
ढलवान का गोंजर उतर रहा है ।
तुम्हें ऐसी बुद्धि है कि
पहाड़ी कीड़े का बहाना कर रहे हो ।
तुम्हें ऐसी समझ है कि
ढाल के गोजर का बहाना कर रहे हो ।

१३२

बुरु रे बुरु रे मनी दो
बेड़ारे वेडारे राई
लिमङ लोमोङा मनींदो
किदार कोदोरा राई

सिद लेगेमोनिङा मनी दो
टोटः लेगे सनाइङ राई

अलो कुड़ी-किंबेन सिदेमा मनी दो
अलो कुड़ी किंबेन टोटःया राई

तीरे मुन्दम गोनोङते मनी दो
जगा रे पोला साही ते राई

पहाड़-पहाड़ पर सरसो है
और घाटी-घाटी में राई है।
सरसों गहगहाई हुई है।
(और) राई गनगना रही है।
मैं सरसो (साग) खोंटना चाहती हूँ
मैं राई (का साग) तोड़ना चाहती हूँ।
हे स्त्रियो, सरसो मत खोंटो।
हे स्त्रियो, राई मत तोड़ो।
सरसो हाथ की अँगूठी की कीमत की है।
राई पैर की अँगूठी के मूल्य की है।

१३३

पिड़ी पिड़ी पिड़ी मेरा लिंदो
गाड़ा गाड़ा गाड़ा कुदा लिंदा

लिमाङ लोमोङा पिड़ी मेरा लिंदो

पिड़ी मेरा लिं
गिदार कोदोरा गाड़ा कुदा लिंदा

गाड़ा कुदा लिं

ओकोएगे रोवा लेदा पिड़ी मेरा लिंदो

पिड़ी मेरा-लिं
चिमयगे पोवा लेदा गाड़ा कुदा लिंदो

गाड़ा कुदा-लिं

दासी कोड़ा रोवा लेदा पिड़ी मेरा लिं दो

पिड़ी मेरा लिं
कमिड़ी कुड़ी पोवा लेदा गाड़ा कुदा लिं दो

गाड़ा कुदा-लिं

प्रत्येक टाड़ में आँवला है
और प्रत्येक नदी में जामुन है।
टाड़ का आँवला हरा-भरा है
(और) नदी का जामुन खूब गहगहाया हुआ है।
टाड़ के आँवले को किसने रोपा था ?
नदी के जामुन को किसने लगाया था ?
धांगर लड़के ने टाड़ के आँवले को रोपा था
धंगरिन स्त्री ने नदी के जामुन को लगाया था।

गेना

•

आकोरे तमः मई रासिका

चिमय रे तमः मई चएला ।

बाबा-बा तमः मई रासिका

कसोम-बा तमः मई चएला ।

हे बेटी, तुम्हारी प्रसन्नता किस बात मे है ?
हे बेटी, तुम्हारा शृंगार किस बात में है ?
हे बेटी, आनन्द तो धान के फूल में है !
हे बेटी, शृंगार तो कपास के फूल में है !

१३४

श्री जाटी ओड़: रेमा गतिङ
पट: गोड़ा रोसोम रे
बालेकाम डड़ुं लेना गतिङ
डाली लेकाम पयार लेन

बा लेकाम उड़ुङ लेना गतिङ
बा लेकाम गोसो जान
डाली लेकाम पयार लेना गतिङ
डाली लेकाम मैला जान

ओते लोलो तेचि गतिङ
सिरुमा सितुम ते
बा लेकाम गोसो जान
डली लेकाम मैला जान

ओते लोलो तेमो का
सिरमा सितुम तेयो का
सोमय सेनो: तना गतिङ
नुसाड़ा बिरिद जान

हे प्रिये, तुम झाड़ी से घिरे हुऐ घर में हो।
हे प्रिये, तुम पटरी से बन्द किये हुए घर में हो।
हे प्रिये, तुम फूल के समान निकली
और फूल के ही समान सूख गईं।
हे प्रिये, तुम फूल के समान खिली
और फूल के ही समान मुरझा गईं।
हे प्रिये, तुम फूल के समान विकसी
और फूल ही के समान सूख गईं।
हे प्रिये, तुम जमीन की गर्मी से
फूल के समान मुरझा गईं?
या आकाश की ठंड से
फूल के समान सूख गईं?

जमीन की गर्मी से नहीं
हे प्रिये, समय बीत गया (इसलिए मुरझा गई)।
आकाश की ठंड से नहीं,
हे प्रिये, जवानी चली गई (इसलिए कुम्हला गई)।

१३५

ओको मुली रेया हो मेतम
जुड़ी दारु गोलाँची
चिमय मुली रेयाहोमेतम
पाँतिदारु अटल बा

सिंगी तुरोः रेया हो मेतम
जुडी दारु गोलाँची
चण्डुः मुलुःरेया हो मेतम
पाँति दारु अटल बा

सिंगी तुरतन लेका हो मेतम
गुडी दारु गोलाँची
चण्डु मुलु तन लेका हो मेतम
पाँति दारु अटल बा

हे प्रिये, गुलइची का जोड़ा पेड़ किस तरफ है ?
हे प्रिये, अटल-फूल के पेड़ों की पंक्ति किधर है ?

गुलइची का जोड़ा पेड़ पूरब की ओर है।
अटल-फूलों की कतार पच्छिम ओर है।

गुलइची का जोड़ा पेड़ उगते हुए सूरज के समान है।
अटल फूलों की कतार चमकते हुए चाँद की तरह है।

१३६

सिसी बा कोतो कोतो ते
सिसी नाम चालेन तान
नारी बा दड़ाय दड़ाय ते
नारी बाम (हरीवाम) हिगाड़ान तान



मुण्डा-युवांतयां



कुछ मुण्डा छात्र—'दा-सोम' प्रपात के नीचे

सिसीवा ओकोए काजी ते
सिसीबाम चालेन तान
नारीबाम चिमय बकाँड़ाते
नारी बाम हिगाड़ान तान

सिसी बा गातिम काजी ते
सिसी बाम चालेन तान
नारीबासंगाम बकाँड़ाते
नारी बाम हिगाड़ान तान

सिसी बा गातिम काजी दो
सिसी बा रनुवान गे
नारीवा संगामा संकाँड़ा दो
नारी बा जियाड़ानगे

हे सिसिबा, तुम डाल-डाल चल रहे हो।
हे हरिबा, तुम टहनी-टहनी पर बिखर रहे हो।
हे सिसिबा, किसके कहने से चल रहे हो।
हे हरिबा, किसके कहने से तुम बिखर रहे हो।
हे सिसिबा, संगी के कहने से चल रहे हो।
हे हरिबा, प्रिय के कहने से बिखर रहे हो।
हे सिसिबा, तुम्हारे साथी की बात तो दवा खाने जैसी है।
हे हरिबा, तुम्हारे प्रिय की बात तो जान डाली हुई सी है।

१३७

दः पिसिर पिसिरा
दः जड़ाम जड़ाम
कुडुम्बा बुरु रे दः दो
माइल बुरु दनँगरे

चिबु चिकाए दः दो
दः पिसिर पिसिरा
मेरेबु रिकाए दः दो
दः जड़ाम जड़ाम

कुड़ुम्बा बुरु रे दः दो
माइला बुरु दनँग रे
चौली चापी तेदः दो
